GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-28-09-2024

# प्रधान से हुई मारपीट दोनो पक्ष पर केस दर्ज

**GORAKHPUR (27 Sept):** क्षेत्र के बैरियाखास गांव के प्रधान सुरेन्द्र यादव उर्फ बैरिस्टर यादव से मारपीट करने और वीडियो वायरल करने के नाम पर पैसे मांगने का मामला सामने आया है. प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने अजय सिंह व एक अन्य पता अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. वहीं दूसरे पक्ष ने मामले में केस दर्ज कराया है.प्रधान ने पुलिस को बताया कि 25 अगस्त की शाम अजय सिंह ने गांव में नियम के अनुरुप काम न होने के बात कहने लगा. इसके बाद सामने बातचीत करने के लिए मिलने का समय तय हुआ. पिड़हनी चौराहे पर अजय एक और व्यक्ति के साथ मिलने पहुंचा. वह वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पांच हजार की मांग करने लगा. 1500 सौ लेने के बाद वह 3500 सौ और मांगने लगा. विरोध करने पर मारपीट की. वहीं, दूसरे दिन अजय सोनकर ने पुलिस को तहरीर देकर कहा वह बैरियाखास गांव के ग्रामीणों के बुलावे पर अपने सहयोगी मोनू सोनकर के साथ पहुंचा. आरोप है कि प्रधान सुरेन्द्र यादव व उसके भतिजे ने मारपीट की. पुलिस ने दोनों पक्षों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है.

# एसएसपी से शिकायत के बाद जागी हरपुर बुदहट पुलिस

**GORAKHPUR (27 Sept):** क्षेत्र के देवड़ारतुला गांव में महिलाओं का समूह बनाकर उनके नाम से अलग-अलग फाइनेंस कंपनियों से एक महिला ने ठगी की. करीब एक करोड़ से अधिक का लोन लेकर वह फरार हो गई थी. फरार महिला और उसके पति के खिलाफ बीते गुरुवार को देवड़ारतुला समूह की महिलाओं ने एसएसपी गोरखपुर से शिकायत की, जिसके बाद हरपुर बुदहट पुलिस हरकत में आई. शुक्रवार को ठगी की शिकार हुई महिलाओं को थाने बुलाया और थानाध्यक्ष महेश कुमार चौबे ने बारी -बारी से महिलाओ का बयान लिया गया.आरोप है कि रूपा देवी पत्नी दिनेश गांव के उदयभान के मकान में करीब 20 वर्षो से किराए पर रहती थी, उसने गांव की दो दर्जन से अधिक महिलाओं का पहले समूह बनवाया, फिर एक दर्जन से अधिक फाइनेंस बैंकों से एक करोड़ से अधिक का लोन महिलाओं के नाम कराकर रुपये लेकर फरार हो गई. थानाध्यक्ष महेश कुमार चौबे ने कहा कि जांच कर मुकदमा दर्ज कर किया जाएगा.

# डॉक्टर्स की फर्जी डिग्री मामले में भगोड़ा घोषित हुआ अलाउद्दीन

**GORAKHPUR (27 Sept):** सिविल कोर्ट ने डॉक्टरों की फर्जी डिग्री मामले में फरार चल रहे अलाउद्दीन को शुक्रवार को भगोड़ा घोषित करते हुए एनबीडब्ल्यू जारी कर दिया. अलाउद्दीन पर गुलरिहा थाने में मई माह में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया. तभी से वह फरार चल रहा है. एनबीडब्ल्यू जारी होने के बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए अब इनाम रखने की भी तैयारी चल रही है.




### सरेंडर करने की मांगी थी मोहलत

कुशीनगर जिले के तमकुहीराज निवासी अलाउद्दीन 19 सितंबर का सरेंडर करने वाला था, इसकी सूचना पुलिस को पहले ही लग गई. इसके बाद उसे गिरफ्तार करने के लिए सिविल कोर्ट के चारो तरफ पुलिस और क्राइम ब्रांच टीम तैनात हो गई. भनक लगते ही अलाउद्दीन ने सरेंडर करने का इरादा बदल दिया था. सोमवार को उसने एक और प्रार्थना पत्र देकर वायरल फीवर होने का हवाला देते हुए कोर्ट से सात दिन के अंदर सरेंडर करने की मोहलत मांगी थी.

फर्जी डिग्री मामले में अलाउद्दीन के साथ ही प्रयागराज के राम पांड्य पर भी गुलरिहा थाने में केस दर्ज है. गुलरिहा थाने की एक पुलिस टीम प्रयागराज राम पांड्य को ढूंढने गई थी, लेकिन उसका पता नही लगा पाई. राम की तलाश के लिए पुलिस एक बार फिर प्रयागराज जाएगी. उसके घर का पता चलते ही राम पांड्य का भी पुलिस एनबीडब्ल्यू लेगी. गुलरिहा के डॉ. राहुल नायक की डिग्री पर राम पांड्य प्रयागराज में डाग्यनोस्टिक सेंटर चला रहा था. एफआईआर लिखे जाने के बाद से ही वह फरार हो गया. गुलरिहा थाने में डॉ. राहुल नायक की तहरीर पर 17 मई को कुशीनगर के अलाउद्दीन और प्रयागराज के राम पांडेय के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया था. इस केस में गुलरिहा पुलिस ने एक सितंबर को गाजीपुर के भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के पदुमपुर मैगर राय निवासी बृजेश लाल, वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र के दीनापुर चिरईगांव निवासी ओमप्रकाश गौतम और वाराणसी के चौबेपुर इलाके के बराई निवासी दीपक विश्वकर्मा को जेल भेज चुकी है.



फर्जी डिग्री में फरार चल रहे अलाउद्दीन का एनबीडब्ल्यू कोर्ट ने जारी कर दिया है. उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगी हैं. बहुत जल्द उसपर इनाम घोषित किया जाएगा.

अभिनव त्यागी,
एसपी सिटी

# दहेज न मिलने पर घर से निकाला

**GORAKHPUR (27 Sept):** करमहां बुजुर्ग की रहने वाली सरिता देवी को उसके ससुरालियों ने घर से निकाल दिया. सरिता की शादी सीएम सामूहिक विवाह योजना के तहत चंपा देवी पार्क में 28 नवंबर, 2022 को हुई थी. ससुराल पहुंचने पर पति समेत अन्य दहेज की मांग करने लगे. नहीं देने पर उसे घर से निकाल दिया. तहरीर मिलने पर शुक्रवार को गुलरिहा पुलिस ने सीतापुर के रेउसा थाना क्षेत्र के मंगलपुर निवासी पति रमाशंकर वर्मा, ससुर श्रवन, सास सोनी देवी, जेठ राजीव कुमार व दो ननद पर केस दर्ज किया.

# रेनकोट व मास्क पहनकर पहुंचे चोर, जागने पर भागे

**GORAKHPUR (27 Sept):** के भटहट कस्बे में गुरुवार की रात वर्षा के बीच मोबाइल फोन के शो रूम में चोर चोरी करने पहुंचे थे. वह दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश कर ही रहते थे कि दुकानदार की नींद खुल गई. इसके बाद चोर फरार हो गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसी कैमरे में फुटेज देखा. जिसमें रेनकोट और मास्क पहने युवक ताला तोड़ते दिखे. फुटेज के आधार पर गुलरिहा पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है.

दुकानदार धर्मकेश जायसवाल ने बताया कि रात दो बजे उनकी दुकान का ताला तोड़े जाने की आहट मिली. जब वह बाहर निकलकर देखे तो दो युवक बैरियर तिराहे की तरफ भाग निकले. सीसी कैमरे के फुटेज में रेनकोट व मास्क पहनने के साथ पीठ पर एक बैग लेकर पहुंचे चोर सरिया से दुकान का ताला तोड़ते दिख रहे हैं. इसके बाद एक चोर दूसरे चोर को कंधे पर उठाता है और सीसी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर दिया. इसी बीच घर वालों के जगने पर चोर भाग निकले. दोनों चोर का एक साथी सड़क पर खड़ा था.

**"मौके की जांच की गई है. फुटेज में दिखे युवकों की पहचान करते हुए पुलिस उनकी तलाश में जुटी है.**

**रवि कुमार सिंह,** सीओ गोरखनाथ

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म के जुर्म में 20 साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** चार वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट गोविंद मोहन ने सिकरीगंज थाना क्षेत्र के बढ़यापार निवासी अभियुक्त बबलू बारी को 20 साल के कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रद्धानंद पाण्डेय एवं विशेष लोक अभियोजक उमेश मिश्र का कहना था कि घटना 5 जून 2018 की रात करीब नौ बजे की है। अभियुक्त वादी की चार वर्षीय नाबालिग बच्ची को चाकलेट खिलाने के बहाने घर से ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# दुष्कर्म के जुर्म में एक को दस साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** दुष्कर्म करने के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश विपिन कुमार ने हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के हरपुर बुदहट निवासी अभियुक्त राजेश को दस साल के कठोर कारावास व 28 हजार अर्थदंड से दण्डित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत शाही का कहना था कि वादी की कक्षा 12 की छात्रा है। वह बारहवीं की परीक्षा देने के लिए अपने मौसा के घर रुकी थी। 31 मार्च 2010 की दोपहर 4 बजे अभियुक्त वादी की लड़की को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# ठगी की शिकार महिलाओं का पुलिस ने दर्ज किया बयान

**हरपुर-बुदहट (एसएनबी)।** समूह की महिलाओं से डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की ठगी का मामले को एसएसपी द्वारा संज्ञान में लिए जाने के बाद ही हरपुर बुदहट सक्रिय हो गयी। स्थानीय पुलिस ठगी का शिकार महिलाओं को थाने बुलाकर शुक्रवार को उनका बयान दर्ज किया। थाना क्षेत्र के देवड़ारतुला गांव में महिलाओं का समूह बनाकर उनके नाम से अलग-अलग फाइनेंस कम्पनियों से डेढ़ करोड़ से ऊपर का लोन लेकर फरार हुई महिला और उसके पति के खिलाफ गुरुवार को देवड़ारतुला समूह की महिलाओं ने एसएसपी से मिलकर विधिक कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद हरकत में आयी हरपुर बुदहट पुलिस ने शुक्रवार को ठगी की शिकार हुई महिलाओं को थाने बुलाया। थानाध्यक्ष महेश कुमार चौबे ने बारी-बारी से महिलाओं का बयान लिया।

महिलाओं ने बताया कि आरोपिनी रूपा देवी पत्नी दिनेश गांव के उदयभान के मकान में विगत 20 वर्षों से किराए पर रहती थी, उसने गांव की दो दर्जन से अधिक महिलाओं का पहले समूह बनवाया फिर एक दर्जन से अधिक फाइनेंस बैंकों से डेढ़ करोड़ से ऊपर का लोन समूह की महिलाओं के नाम पर फर्जी तरीके से कराकर रुपये लेकर इसी माह की 8 सितंबर को कमरे में ताला लगाकर फरार हो गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि जांच पूरी कर केस दर्ज कर आगे की अन्य कार्रवाई की जाएगी।

# हत्याभियुक्त ने बरामद कराया आलाकत्ल कुदाल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** खोराबार थाना क्षेत्र के सनहा गांव में गत दिनों हुए आजाद निषाद सनसनीखेज हत्याकांड में आरोपित मुख्य अभियुक्त विजय निषाद को खोराबार पुलिस ने कस्टडी रिमांड पर लेकर उसकी निशानदेही पर आलाकत्ल कुदाल बरामद किया है। आलाकत्ल उसी स्थान से बरामद हुआ जिस स्थल पर हत्या के बाद आजाद निषाद का शव पानी भरे गड्ढे में ठिकाने लगाया गया था।

खोराबार प्रतिनिधि से मिली जानकारी के मुताबिक 13 सितंबर शुक्रवार को खोराबार थाना क्षेत्र के सनहा गांव निवासी 20 वर्षीय आजाद निषाद पुत्र बेचू निषाद की हत्या कर शव को ठिकाने लगा दिया गया। आजाद अपने घर से पांच सौ मीटर दूर मछली पालन स्थल पर रोज भोर में 4 बजे जाता था और सात बजे तक घर लौट आता था। उस दिन सुबह 8 बजे तक जब घर नहीं लौटा। परिजन उसका पता लगाने में जुटे थे तभी गांव के कुछ लोगों ने एक चरी के खेत में एक पुरुष और एक महिला का खून से सना चप्पल देखा। परिजन पहुंचे और चप्पल को देखकर पहचान की कि यह चप्पल आजाद निषाद का है। मुख्य आरोपित विजय निषाद और उसकी भाभी की तलाश में पुलिस जुटी थी तभी विजय ने पुलिस को चकमा देते हुए न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। विजय की भाभी अभी भी फरार चल रही है। शुक्रवार को पुलिस मुख्य अभियुक्त विजय निषाद को कोर्ट से पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर गांव पहुंची और उसी पानी भरे गड्ढे से विजय की निशानदेही पर आलाकत्ल कुदाल बरामद किया जहां से आजाद का पुलिस ने शव बरामद किया था।

■ मुख्य अभियुक्त ने विजय निषाद कोर्ट में सरेंडर कर चला गया था जेल

गुडवर्क टीम में थानाध्यक्ष नीरज राय के अलावा एसआई मनीष कुमार त्रिपाठी, आरक्षी कालीचरन, आरक्षी ब्रिगेडियर चौहान एवं आरक्षी अमित यादव शामिल रहे। इस संबंध में थाना प्रभारी नीरज राय ने बताया कि अभियुक्त विजय निषाद को पुलिस कस्टडी पर लेकर हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल कुदाल बरामद किया गया है। पुलिस आरोपित को विभिन्न धाराओं के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है। फरार चल रही एक अन्य अभियुक्ता की गिरफ्तारी भी शीघ्र कर ली जाएगी।

## चार पर जानलेवा हमले का केस

**भटहट (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो के सुचितपुर में खतना मसनून कार्यक्रम में डीजे के धुन पर नाच रहे छोटे बच्चों को गालीगुप्ता देने को लेकर मारपीट हो गया। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल की तहरीर पर पुलिस चार के विरुद्ध जानलेवा हमले के प्रयास के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

पिपराइच थाना क्षेत्र नैय्यापार निवासी कमरुद्दीन पुत्र इस्माईल ने गुलरिहा थाने में तहरीर देकर बताया कि 25 सितंबर को सुचितपुर उसके बहन के घर खतना मसनून कार्यक्रम में शिरकत करने गया था। 11 बजे रात में डीजे के धुन पर बच्चे थिरक रहे थे। गांव के सज्जाद, रियाजुद्दीन, समीम गुड्डू बच्चों को गाली गुप्ता दे रहे थे। बीच-बचाव करने गया तो उक्त लोग मेरे ऊपर लाठी-डंडा पंच एवं अन्य धारदार हथियार मारने लगे। जिससे सिर में गंभीर चोटें आने से खून से लथपथ हो कर जमीन पर गिर पड़ा। डायल 112 पर सूचना देने के बावजूद संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस सज्जाद, रियाजुद्दीन, समीम गुड्डू के खिलाफ धारा 115(2) 352, 110 बीएसएस के तहत मुकदमा दर्ज कर ली है।

## मामूली बात पर इनोवा चालक को किया लहूलुहान

**गोरखपुर (एसएनबी)।** कैंट इलाके के रेलवे स्टेशन स्टेशन रोड स्थित गेट संख्या दो पार्किंग के बाहर शुक्रवार की रात एक इनोवा चालक को एक अन्य इनोवा व स्कूटी पर सवार तीन लोगों ने लात-घूसा तथा पंच से मारकर लहूलुहान कर दिया।

■ हमलावर युवक अपनी स्कूटी मौके पर छोड़कर अपनी इनोवा से हुए फरार

स्थानीय लोगों के जुटने पर उक्त लोग स्कूटी को मौके पर छोड़कर अपनी इनोवा कार से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची रेलवे कालोनी चौकी पुलिस ने स्कूटी को अपने कब्जे में लिया है। पीड़ित ने कैंट पुलिस को तहरीर दी है।


घायल इनोवा चालक सुनील यादव।

सिद्धार्थनगर जिले के ग्राम, पोस्ट व थाना जोगिया उदयपुर निवासी सुनील यादव पुत्र स्व. चंद्रगुप्त यादव ने कैंट पुलिस को दी गयी तहरीर में लिखा है कि वह पेशे से वाहन चालक है। वह शुक्रवार को कैंट थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के गेट संख्या दो पार्किंग के पास बाहर अपने वाहन में बैठा था। रात 9 बजे के आसपास इनोवा संख्या (यूपी 53 बीसी 6666) व वहीं बगल मे एक्टिवा (यूपी 53 एसी 2340) भी खड़ी थी। उसी इनोवा पर समीर और उसके दो अन्य अज्ञात साथी भी सवार थे। सभी बार-बार अपनी इनोवा का फाटक खोल रहे थे। उक्त इनोवा का फाटक मेरे वाहन से आकर टच कर रहा था। मैंने इतना ही कहा कि आप लोग बार-बार फाटक खोल रहे है जो हमारे इनोवा वाहन में लग रहा है। स्क्रेच आ जाएगा तो मैं मालिक को क्या जवाब दूंगा। इतना कहते ही समीर अपने दो अन्य साथियों के साथ अपने इनोवा वाहन से नीचे उतरा और मुझे मेरी गाड़ी से खींचकर बाहर निकाला और एकराय होकर गाली देते हुए हाथ व लात से मारने पीटने लगे। एक ने अपने हाथ में पंच भी लिया था। जिससे मैं लहूलुहान हो गया। घटना को सुनील कुमार तिवारी आदि ने देखा और बीच बचाव किया। जिससे मेरी जान बच सकी। उक्त हमलावर जाते समय जान से मारने की धमकी भी दिये और अपनी इनोवा से फरार हो गये। उक्त लोग अपनी एक्टिवा गाड़ी मौके पर छोड़ गए जिसे रेलवे कालोनी चौकी पुलिस ने अपनी कस्टडी में लिया है। पीड़ित ने कैंट पुलिस से हमलावरों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई की मांग की है।

## दुकान पर बैठे व्यक्ति पर जानलेवा हमला, केस

**पिपराइच (एसएनबी)।** पिपराइच थाना क्षेत्र के बैलों चौराहे के एक दुकान पर बैठे व्यक्ति पर स्थानीय युवक डंडा से हमला कर दिया। आरोप है कि सिर फटने से व्यक्ति लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस स्थानीय एक युवक पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। पीड़ित अब्दुल रहमान पुत्र नासिर के मुताबिक 24 सितंबर के दिन में 11बजे चौराहे पर एक फल विक्रेता की दुकान पर बैठा था।

स्थानीय निवासी सोनू डंडा लेकर घर से आया और हत्या की नीयत से सिर पर हमला कर दिया जिससे मेरा सिर फट गया। अधिक खून बहने के कारण मैं वहीं बेहोश हो कर गिर पड़ा। जानकारी मिलने पर परिजन इलाज के लिए सीएचसी भटहट ले जाकर दवा इलाज कराए। घटना के एक दिन पहले युवक से कहासुनी के दौरान जान से मारने की धमकी भी दिया था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक पिपराइच पुरुषोत्तम आनन्द सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर सोनू पुत्र ताहिर पर दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# गैंगस्टर एक्ट में जमीन जब्त हुई मनबढ़ों ने कर दी उसकी प्लाटिंग

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गैंगस्टर एक्ट में जिस भूमि को प्रशासन ने जब्त कर अपना बोर्ड लगाया था मनबढ़ों ने उस जमीन की प्लाटिंग कर दी। कोई आपत्ति या शिकायत न करे इसके लिए उन्होंने तहसील प्रशासन की ओर से लगवाए गए बोर्ड को भी हटवा दिया। जेल से छूटने के बाद गैंगस्टर एक्ट के आरोपित ने जब इसकी शिकायत अधिकारियों से की तो हड़कंप मच गया। डीएम मामले की जांच करा रहे हैं।

मोहद्दीपुर में रहने वाले ओमप्रकाश पांडेय पर भूमि बेचने का झांसा देकर ठगी करने के कई मुकदमें दर्ज होने के बाद कैंट थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। थानेदार की रिपोर्ट पर डीएम ने ओमप्रकाश के मकान व भूमि के साथ ही सभी संपत्ति को जब्त करने का आदेश दिया था। मोहद्दीपुर स्थित मकान को सील करने के बाद तहसीलदार सदर ने एक मई 2023 को महादेव झारखंडी टुकड़ा नंबर दो में स्थित ओमप्रकाश के हिस्से की 54 डिस्मिल भूमि को भी जब्त किया था।

कस्टोडियन बनाए गए तहसीलदार सदर ने डुगडुगी पिटवाकर आसपास के लोगों को कार्रवाई की जानकारी देने के साथ ही मौके पर बोर्ड भी लगवाया था। बताया जा रहा है कि बोर्ड हटाकर मोहल्ले में रहने वाले छह लोगों ने प्लाटिंग कर दी।

जमानत पर छूटे गैंगस्टर के आरोपित ओमप्रकाश पांडेय को इसकी जानकारी हुई तो उसने इसकी शिकायत तहसील प्रशासन से करने के साथ ही डीएम को प्रार्थना पत्र भेजकर दी। मामले की जांच शुरू हुई तो आरोपितों ने निर्माण कार्य बंद कर दिया। प्रशासन के कब्जे में होने के बाद भी भूमि पर कैसे कब्जा हो गया डीएम इसकी जांच करा रहे हैं।

- जमानत पर बाहर आए गैंगस्टर की शिकायत पर मचा हड़कंप, मामले की जांच शुरू
- तहसील प्रशासन की ओर से जांच शुरू होने के बाद मनबढ़ों ने बंद करा दिया निर्माण कार्य

“ जमीन की प्लाटिंग करने की शिकायत मिली है। इस मामले की जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

- कृष्णा करुणेश, जिलाधिकारी



हरपुर बुदहट थाने पर बयान दर्ज कराने पहुंची महिलाएं।

# डेढ़ करोड़ लेकर भागी महिला के पति पर मुकदमा दर्ज

हरपुर बुदहट,हिन्दुस्तान संवाद। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के देवराडतुला गांव में महिलाओं का समूह बनाकर उनके नाम से अलग-अलग फाइनेंस कंपनियों से डेढ़ करोड़ रुपये का लोन लेकर गायब हुई महिला और उसके पति के खिलाफ पुलिस ने शुक्रवार को देर शाम को केस दर्ज कर लिया। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने दिनभर मामले की जांच की। महिलाओं को थाने बुलाकर जानकारी के साथ ही बैंक सहित अन्य जगहों पर जाकर पुलिस टीम ने सबूत जुटाए। सीओ गीडा प्रशाली गंगवार भी मौजूद रहीं। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी दंपत्ति और उसके सहयोगियों की तलाश शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार देवराडतुला गांव के उदयभान के मकान में करीब 20 साल से किराये पर रहने वाली एक महिला महिलाओं के समूह का संचालन करती थी। आरोप है कि उसने अपने पति संग मिलकर समूह की महिलाओं के नाम से अलग अलग फाइनेंस कंपनियों से करीब डेढ़ करोड़ रुपये का लोन लिया। इसकी जानकारी महिलाओं को तब हुई, जब फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी कर्ज वसूलने के लिए पीड़ित महिलाओं के घर पहुंचने लगे। गुरुवार को एसएसपी कार्यालय पहुंची संध्या, सुमन, नीलम सहित करीब 40 महिलाओं ने कप्तान को पत्र देकर गुहार लगाई। एसएसपी के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

## बंगाल की रहने वाली है आरोपी महिला

पुलिस की जांच में सामने आया है कि आरोपी महिला बंगाल की रहने वाली है। लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो पा रही है। उसने समूह का संचालन करते हुए महिलाओं का भरोसा जीता। इसके बाद लाभ का लालच देकर उनके दस्तावेज लेकर लोन निकलवाया। फिर अपनी बेटी की पढ़ाई का झांसा देकर सबके रुपये लेकर भाग गई। उसके भागने के बाद ही सबको सच्चाई का पता चल सका।

"तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सभी पीड़ितों को थाने बुलाकर जानकारी ली गई है।

-प्रशाली गंगवार, सीओ गीडा

# दुष्कर्म के आरोपित को दस साल की सजा

गोरखपुर। दुष्कर्म करने के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश विपिन कुमार ने हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के हरपुर बुदहट निवासी अभियुक्त राजेश को दस साल के कठोर कारावास एवं 28 हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत शाही का कहना था कि वादी कक्षा 12 की छात्रा है। वह बारहवीं की परीक्षा देने के लिए अपने मौसा के घर रुकी थी। 31 मार्च 2010 की दोपहर 4 बजे अभियुक्त वादी की लड़की को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# प्रधान से मारपीट, दोनों पक्ष से केस दर्ज

**बड़हलगंज (एसएनबी)**। थाना क्षेत्र के बैंरियाखास गांव के प्रधान सुरेन्द्र यादव उर्फ बैरिस्टर यादव से यूट्यूब पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पांच हजार रुपए मांगने व मारपीट करने के आरोप में पुलिस अजय सिंह व एक अन्य पता अज्ञात के खिलाफ 115, 352, 351 व 308 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में लगी है। तहरीर में प्रधान श्री यादव ने कहा है कि 25 सितंबर की शाम 05 बजे अजय सिंह नामक व्यक्ति ने फोन पर पत्रकार कहकर गांव में मानक के अनुरूप काम न करने की बात कहते हुए वीडियो बनाने की बात कह कर मिलने की बात कही। पिड़हनी चौराहे पर मिलने की बात तय हुई। इस बीच टावर के पास बाइक पर अजय व एक अन्य व्यक्ति मिला। और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पांच हजार की मांग किया। मैंने 1500 सौ दे दिया। इस बीच दोनो 3500 सौ की और मांग करते हुए गाली-गलौज व मारपीट करने लगे। जिससे मुझे व मेरे भतीजे को काफी चोट लगी। उधर, दूसरे दिन मऊ जनपद के दोहरीघाट निवासी अजय सोनकर ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि वह बैंरियाखास गांव के ग्रामीणों के बुलावे पर अपने सहयोगी मोनू सोनकर के साथ बैंरियाखास गांव के विद्यालय पर गया था। अजय ने प्रधान सुरेन्द्र यादव व उनके भतीजे पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। जिसपर पुलिस ने सुरेन्द्र यादव व आजाद यादव के विरुद्ध 115, 351, 324, 3(1) द, 3(1)ध के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# विजय को रिमांड पर लेकर बरामद की कुदाल

फॉलोअप

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। खोराबार के सनहा गांव में 13 सितम्बर को हुई आजाद निषाद की हत्या में मुख्य आरोपित विजय निषाद को शुक्रवार को खोराबार पुलिस ने रिमांड पर लेकर आला कत्ल बरामद किया। शुक्रवार को करीब 11.30 बजे विजय निषाद को लेकर पुलिस सनहा गांव पहुंची।

सनहा गांव के सामने नौवा अव्वल से मिर्जापुर जाने वाले मलौनी बांध के किनारे गहरे पानी में उसने हत्या में इस्तेमाल कुदाल फेंका था। खोराबार के सनहा गांव निवासी 20 वर्षीय आजाद निषाद की 13 सितम्बर की भोर में हत्या करने के बाद कुछ दूर पर बाढ़ के पानी में लाश फेंक दी गई थी। आजाद भोर में अपने पोखरे पर मछली देखने निकला था। उसके बाद से ही वह लापता हो गया था।

घर के पीछे खेत में उसकी चप्पल मिलने और वहां भारी मात्रा में खून गिरा होने पर आजाद के घरवालों को अनहोनी की आशंका हुई और उन्होंने पुलिस में खबर किया। पुलिस की छानबीन शुरू हुई इस बीच शनिवार की सुबह आजाद की लाश पानी में उतराती हुई दिखी थी।

कोर्ट से मिला कुशीनगर के अलाउद्दीन के खिलाफ एनबीडब्ल्यू

# अलाउद्दीन भगोड़ा घोषित हुआ, अब इनाम की तैयारी

**फर्जी डिग्री प्रकरण**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। डॉक्टरों की फर्जी डिग्री मामले में फरार चल रहे अलाउद्दीन की गिरफ्तारी के लिए अब इनाम रखने की तैयारी शुरू हो गई है। इससे पहले शुक्रवार को सिविल कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित करते हुए उसके खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी कर दिया है। अलाउद्दीन पर गुलरिहा थाने में मई महीने में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया। तभी से वह फरार चल रहा है।

कुशीनगर जिले के तम्कुहीराज निवासी अलाउद्दीन 19 सितंबर को सरेंडर करने वाला था, इसकी सूचना पुलिस को पहले ही लग गई। इसके बाद उसे गिरफ्तार करने के लिए सिविल कोर्ट के चारों तरफ पुलिस और क्राइम ब्रांच टीम तैनात हो गई। भनक लगते ही अलाउद्दीन ने सरेंडर करने का इरादा बदल दिया था। सोमवार को उसने एक और प्रार्थना पत्र देकर वायरल फीवर होने का हवाला देते हुए कोर्ट से सात दिन के अंदर सरेंडर करने की मोहलत मांगी थी।



फर्जी डिग्री मामले में फरार अलाउद्दीन।

> फर्जी डिग्री में फरार चल रहे अलाउद्दीन पर कोर्ट से एनबीडब्ल्यू जारी कराया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगी हैं। बहुत जल्द इनाम घोषित किया जाएगा।
>
> – अभिनव त्यागी, एसपी सिटी

## गुलरिहा थाने में 17 मई को दर्ज हुआ था मुकदमा

गुलरिहा थाने में डॉ. राहुल नायक की तहरीर पर 17 मई को कुशीनगर के अलाउद्दीन और प्रयागराज के राम पांडेय के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया था। इस केस में गुलरिहा पुलिस ने एक सितंबर को गाजीपुर के भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के पदुमपुर मैगर राय निवासी बृजेश लाल, वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र के दीनापुर चिरईगांव निवासी ओमप्रकाश गौतम और वाराणसी के चौबेपुर इलाके के बराई निवासी दीपक विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

**प्रयागराज के राम का पता नहीं ढूंढ पाई पुलिस :** फर्जी डिग्री मामले में अलाउद्दीन के साथ ही प्रयागराज के राम पांडेय पर भी गुलरिहा थाने में केस दर्ज है। गुलरिहा थाने की एक पुलिस टीम प्रयागराज राम पांडेय को ढूंढने गई थी लेकिन उसका पता नहीं लगा पाई। राम की तलाश के लिए पुलिस एक बार फिर प्रयागराज जाएगी।

# हत्या के आरोपित की होगी मानसिक जांच

गोरखपुर। बांसगांव के भैंसा रानी गांव में डेढ़ वर्ष के मासूम दिव्यांश की ईंट से कूंचकर हत्या करने के आरोपित रंजीत की मानसिक जांच होगी। उसे वर्तमान में जेल के मिलेनियम बैरक में रखा गया है। जेलर अरूण कुमार ने बताया कि उसकी हर गतिविधियों पर जेल प्रशासन की नजर है। बहुत जल्द उसकी मानसिक जांच कराई जाएगी।

जांच में मानसिक बीमारी साबित होने पर उसे वाराणसी के मानसिक अस्पताल भेजा जा सकता है। जानकारी के मुताबिक, बांसगांव के भैंसा रानी गांव में सोमवार को डेढ़ साल के दिव्यांश की ईंट से मारकर हत्या कर दी थी। बच्चा घर से कुछ दूरी पर खेल रहा था इस बीच आरोपी रंजित आया और उसे गोद में लेकर उसके सिर में ईंट से मारने लगा। मंगलवार को रंजीत को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजवा दिया। जेलर अरुण ने बताया कि आरोपित की मानसिक जांच कराई जाएगी।

# चार साल की बच्ची से दुष्कर्म में 20 साल की सजा

## कार्रवाई

गोरखपुर, निज संवाददाता। चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट गोविंद मोहन ने सिकरीगंज थाना क्षेत्र के बढ़यापार निवासी अभियुक्त बबलू बारी को 20 साल के कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रद्धानंद पांडेय एवं विशेष लोक अभियोजक उमेश मिश्र का कहना था कि घटना 5 जून 2018 की रात करीब नौ बजे की है। अभियुक्त वादी की चार वर्षीय नाबालिग बच्ची को चाकलेट खिलाने के बहाने घर से ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# जेल जाने के डर से की शादी, अब पति खोज लाया पत्नी के 4 शिकार

- खुद को भोजपुरी फिल्म की अभिनेत्री बताती है, चार लोगों से कर चुकी है वसूली
- दुष्कर्म का आरोप लगाकर करती है वसूली, नहीं देने पर एक को भिजवा दिया था जेल
- इंट्राग्राम पर दोस्ती के बाद एक अन्य युवक से मांगे रुपये, भाग गया हैदाराबाद

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। खोराबार के रहने वाले एक युवक ने जेल जाने के डर से युवती से शादी तो कर ली लेकिन पत्नी के कारनामे जानकर हैरान हो गया। युवती पति के साथ तो कभी नहीं रही लेकिन शादी के तीन महीने बाद ही दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज करा दिया और फिर दस लाख रुपये की मांग की। इसके बाद युवक ने छानबीन की तो पता चला कि चौरीचौरा इलाके की रहने वाली युवती ने इसी तरह से चार अन्य लोगों को भी निशाना बनाया है। एक युवक ने रुपये नहीं दिए तो उसे दुष्कर्म में जेल जाना पड़ा तो एक युवक तहरीर थाने में जाने के बाद हैदराबाद भाग गया।



अब पीड़ित पति की शिकायत पर एसपी सिटी ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

खोराबार इलाके के एक मोहल्ले में रहने वाले युवक ने एसपी सिटी को प्रार्थना पत्र दिया। उसके साथ दो अन्य लोग भी पहुंचे थे जो खुद को पीड़ित बता रहे थे। बताया कि 2023 में वह अपने एक दोस्त के जन्मदिन पार्टी में गया था। वहीं पर एक युवती आई थी। उसने खुद को भोजपुरी फिल्म की अभिनेत्री बताया। फिर इंस्ट्राग्राम पर दोस्ती हो गई। बातचीत के दौरान उसने अप्रैल 2024 में सिक्टौर में मिलने के बुलाया। वहां पर जाने पर उसने अपने एक परिचित के रूप में बुलाया और प्यार का नाटक करते हुए खुद निर्वस्त्र होकर वीडियो बना ली। फिर इसी वीडियो को दिखाकर वह एक लाख रुपये की मांग करने लगी। मना करने पर उसने शादी का दबाव बनाया। जेल जाने के डर से 25 मई 2024 को बुढ़िया माई मंदिर में शादी कर ली। फिर बोली की अभी मैं अपने घर ही रहूंगी। कुछ समय बाद आऊंगी। इसके बाद उसने आने से इनकार कर दी और उसकी मां रुपये मांगने लगी। फोटो वायरल करने की धमकी दी। 13 सितंबर को मां के साथ आई पत्नी ने दस लाख रुपये की मांग की। फिर उसने दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज करा दिया। बाद में पता चला कि वह इसी तरह काम ही करती है। उसके साथ दो अन्य लोग भी आए। इसमें से जन्मदिन में बुलाने वाला युवक है, जो दुष्कर्म के झूठे आरोप में जेल जा चुका है। दो अन्य नंबर दिए जिनसे एसपी ने बात की तो उन्होंने भी फंसाए जाने की जानकारी दी।

### पहले भी सामने आ चुका है ऐसा ही गिरोह

इसके पहले भी इस तरह का गिरोह सामने आ चुका है। महिलाओं का वह गिरोह भी फर्जी दुष्कर्म का केस दर्ज कराकर रुपये ऐंठता था और पीड़ित कैंपियरगंज के खालिद के सामने आने के बाद गिरोह पर केस दर्ज कर पुलिस ने पर्दाफाश किया। वर्तमान में मामला कोर्ट में विचाराधीन है।



पीड़ित पति ने प्रार्थना पत्र दिया है। उसके साथ कुछ अन्य लोग भी आए तो जो फर्जी केस में फंसाए जाने की जानकारी दिए हैं। मामले की जांच की जा रही है। जांच व साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
– अभिनव त्यागी, एसपी सिटी

# मोबाइल दुकान में चोरी की कोशिश

**भटहट।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के भटहट कस्बे में मोबाइल दुकान में चोरी की कोशिश की गई। चोरों ने दुकान में लगे एक सीसीटीवी कैमरे को पहले तोड़ दिए, जबकि दूसरा कैमरा उन्हें नजर नहीं आया। इसके बाद शटर में लगे ताला एक चोर तोड़ने लगा। ताला तोड़ने की आवाज से दुकान के पीछे ही बने घर में सो रहे धर्मकेश जायसवाल की नींद खुल गई। उन्होंने अंदर से ही शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर चोर वहां से भाग निकले। जबकि उनकी हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया

**भटहट।** पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम बैलों में मामूली बात को लेकर युवक पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज की है। थाना क्षेत्र के बैलों निवासी अब्दुल रहमान ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि 24 सितंबर को करीब साढ़े ग्यारह बजे दिन में गांव के ही सोनू डंडा से उसके सिर पर हमला कर दिया। पीड़ित का सर फट गया जिससे वह बेहोश हो गया। परिजन उसका भटहट सीएचसी पर इलाज कराए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच पड़ताल कर रही है।

# चोरी का आरोपित तमंचा के साथ गिरफ्तार

**उरूवा बाजार।** क्षेत्र के नकोझा में बुधवार की रात हुई चोरी के मामले में पुलिस ने एक चोर को जेवर नकदी और तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस बाबत थानाध्यक्ष विकास नाथ ने बताया कि उरुवा के नकोझा में बिहार प्रांत के दंपत्ति रहते है। उनके कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखा नकदी व जेवर की चोरी हुई थी। इस घटना की जांच की जा रही थी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर मीना देवी इंटर कॉलेज के पास से एक आरोपित को पकड़ा। पूछताछ में उसकी पहचान बेलघाट के शाहपुर निवासी योगेश साहनी के रूप में हुई। उसके पास से 51 हजार रुपये नकद, जेवर, एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

# जमीन के नाम पर 44 लाख हड़पने के आरोप में केस

भटहट। गुलरिहा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने जमीन दिलाने के नाम पर आठ लाख नकद सहित 44 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी के साथ ही अन्य धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के आयुष विवि चौकी क्षेत्र के ग्राम पिपरी निवासी प्रमोद सिंह ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी मुलाकात आफताब आलम, अकरम खान एवं जंगल जैनुल आबदीन बरवां निवासी महदेव गुप्ता से हुई थी। आरोप है कि आरोपितों के कहने पर विजयी यादव पुत्र शेषनाथ निवासी रुदलापुर के खाते में 17 जनवरी 2024 को पांच लाख एवं 19 जनवरी को पांच लाख रुपये आरटीजीएस कर दिया।

# भू-माफिया ओमप्रकाश से जब्त की जमीन पर मनबढ़ों ने कर दी प्लॉटिंग...जांच शुरू

## भू-माफिया की शिकायत पर मचा हड़कंप, प्रशासन ने उसकी 54 डिसमिल जमीन की थी जब्त

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गैंगस्टर एक्ट में डीएम के आदेश पर तहसील प्रशासन ने जिस भूमि को जब्त कर बोर्ड लगाया था, मनबढ़ों ने उसपर प्लॉटिंग कर दी। यही नहीं, तहसील प्रशासन की ओर से लगवाए गए बोर्ड को भी हटवा दिया।

जेल से छूटने के बाद गैंगस्टर एक्ट में पाबंद आरोपी भू-माफिया ओमप्रकाश पांडेय ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की तो हड़कंप मच गया। डीएम ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।जानकारी के मुताबिक, मोहद्दीपुर के रहने वाले ओमप्रकाश पांडेय पर भूमि बेचने का झांसा देकर ठगी करने का कई केस दर्ज होने के बाद कैंट थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की।

थानेदार की रिपोर्ट पर डीएम ने ओमप्रकाश के मकान और भूमि के साथ ही सभी संपत्ति को जब्त करने का आदेश दिया था। मोहद्दीपुर स्थित मकान को सील करने के बाद तहसीलदार सदर ने एक मई 2023 को महादेव झारखंडी टुकड़ा-2 दो में स्थित ओमप्रकाश के हिस्से की 54 डिसमिल भूमि को जब्त किया था।

कस्टोडियन बनाए गए तहसीलदार सदर ने डुगडुगी पिटवाकर आसपास के लोगों को कार्रवाई की जानकारी देने के साथ ही मौके पर बोर्ड भी लगवाया था।


गैंगस्टर ओमप्रकाश पांडेय की संपत्ति कुर्क

15 मई 2022 को प्रकाशित खबर।

जमानत पर छूटे ओमप्रकाश पांडेय ने तहसील प्रशासन से शिकायत की कि बोर्ड हटाकर मोहल्ले छह मनबढ़ों ने वहां प्लॉटिंग कर दी। तहसील प्रशासन के जरिए शिकायत डीएम तक पहुंची।

*मामले की जांच कराई जा रही है। एक ही चौहद्दी पर दो लोगों को जमीन बेचने का मामला सामने आया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।*
*- कृष्णा करुणेश, डीएम*

इसके बाद मामले की जांच शुरू हुई तो आरोपियों ने निर्माण कार्य बंद कर दिया।

अब तक जांच में पता चला कि ओमप्रकाश ने जमीन खरीदने में जो चौहद्दी दिखाई थी, उसी चौहद्दी पर दूसरे को भी जमीन बेची गई है।

## डीजे पर डांस के लिए मारपीट, चार पर केस

गुलरिहा। जंगल डुमरी नंबर दो में बुधवार की रात खतना प्रोग्राम में डीजे बजने के दौरान मारपीट हो गई। जिसमें एक का सिर फट गया और दो लोग घायल हो गए। घायल की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस चार के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमले का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

पिपराइच थाना क्षेत्र के सरन्डा निवासी कमरुद्दीन ने तहरीर देकर बताया कि गुलरिहा के जंगल डुमरी नंबर दो टोला सुचितपुर स्थित बहन के घर बुधवार को भांजे के खतना का प्रोग्राम था। रात करीब 11 बजे डीजे बज रहा था, जिस पर छोटे बच्चे डांस कर रहे थे। आरोप है कि घर के बगल के सज्जाद, रिवाजुद्दीन, शमीम व गुड्डू छोटे बच्चों को गाली देकर डीजे बंद करवा रहे थे, मना करने पर लाठी डंडा व धारदार हथियार से हमला कर दिए, जिससे मेरा सिर फट गया। ब्यूरो

## अदालत से

# बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद

गोरखपुर। चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट गोविंद मोहन ने सिकरीगंज थाना क्षेत्र के बढ़यापार निवासी आरोपी बबलू बारी को 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर आरोपी को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। ब्यूरो

# दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

गोरखपुर। दुष्कर्म करने के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश विपिन कुमार ने हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के हरपुर बुदहट निवासी दोषी राजेश को दस साल के कठोर कारावास एवं 28 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। 31 मार्च 2010 की दोपहर चार बजे पीड़िता को बहला फुसलाकर कर आरोपी भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। ब्यूरो

# फर्जी डिग्री प्रकरण: कुशीनगर का अलाउद्दीन भगोड़ा घोषित

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। सिविल कोर्ट ने डॉक्टरों की डिग्री का फर्जी ढंग से इस्तेमाल करने के मामले में फरार चल रहे अलाउद्दीन को भगोड़ा घोषित करते हुए शुक्रवार को एनबीडब्ल्यू जारी कर दिया। अलाउद्दीन पर गुलरिहा थाने में मई माह में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया था। तभी से वह फरार चल रहा है। एनबीडब्ल्यू जारी होने के बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अब इनाम रखने की तैयारी कर रही है।



अलाउद्दीन।

कुशीनगर जिले के तमकुहीराज निवासी अलाउद्दीन 19 सितंबर को सरेंडर करने वाला था, इसकी सूचना पुलिस को पहले ही लग गई।

इसके बाद उसे गिरफ्तार करने के लिए सिविल कोर्ट के चारों तरफ पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम तैनात हो गई। भनक लगते ही अलाउद्दीन ने सरेंडर करने का इरादा बदल दिया था।

सोमवार को उसने एक और प्रार्थना पत्र देकर वायरल फीवर होने का हवाला देते हुए कोर्ट से सात दिन के अंदर सरेंडर करने की मोहलत मांगी थी।

### पुलिस को कोर्ट से मिला एनबीडब्ल्यू, गुलरिहा थाने से वांछित है अलाउद्दीन



25 सितंबर को प्रकाशित खबर।

### प्रयागराज के राम पांडेय का पता नहीं लगा पाई पुलिस

फर्जी डिग्री मामले में अलाउद्दीन के साथ ही प्रयागराज के राम पांडेय पर भी गुलरिहा थाने में केस दर्ज है। गुलरिहा थाने की एक टीम उसे प्रयागराज ढूंढने गई थी, लेकिन उसका पता नहीं लगा पाई। उसकी तलाश के लिए पुलिस एक बार फिर प्रयागराज जाएगी। उसके घर का पता चलते ही पुलिस एनबीडब्ल्यू के लिए कोर्ट में अर्जी देगी। गुलरिहा के डॉ. राहुल नायक की डिग्री पर राम पांडेय प्रयागराज में डायग्नोस्टिक सेंटर चला रहा था। एफआईआर लिखे जाने के बाद से ही वह फरार हो गया।

> फर्जी डिग्री में फरार चल रहे अलाउद्दीन के मामले में कोर्ट ने एनबीडब्ल्यू जारी कर दिया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगी हैं। बहुत जल्द उस पर इनाम घोषित किया जाएगा।
> **- अभिनव त्यागी,** एसपी सिटी

### गुलरिहा थाने में 17 मई को दर्ज हुआ था केस

गुलरिहा थाने में डॉ. राहुल नायक की तहरीर पर 17 मई को कुशीनगर के अलाउद्दीन और प्रयागराज के राम पांडेय के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने एक सितंबर को गाजीपुर के पदुमपुर मिल राय निवासी मुकेश लाल, वाराणसी के दीनापुर चिरईगांव निवासी ओमप्रकाश गौतम और वाराणसी के बराई निवासी दीपक विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है।

# हत्या कर जिस गड्ढे में फेंका शव, वहीं छिपाया था फावड़ा

अमर उजाला ब्यूरो

खोराबार (गोरखपुर)। चचेरी बहन के प्रेमी की हत्या करने वाले आरोपी को खोराबार थाना पुलिस ने शुक्रवार को कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ की। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा सनहा गांव में बांध किनारे गड्ढे से बरामद हुआ। इसी गड्ढे में आरोपी ने बहन के प्रेमी की हत्या कर शव को ठिकाने लगाया था। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर यहां से जेल भेज दिया गया।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि सनहा गांव के रहने वाले आजाद निषाद की 13 सितंबर की भोर में फावड़े से हमला कर हत्या कर दी गई। छानबीन में पता चला कि गांव में रहने वाली आजाद की प्रेमिका ज्योति ने अपने चचेरे भाई विजय निषाद, दीपक और भाभी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। आजाद की मां ने आरोपियों के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कराया था। ज्योति व दीपक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। पुलिस के घेराबंदी करने पर विजय ने न्यायालय में समर्पण कर दिया। विवेचक ने न्यायालय में अर्जी देकर पूछताछ के लिए विजय का कस्टडी रिमांड मांगा था। न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार की सुबह रिमांड पर लेकर पूछताछ हुई तो उसने सनहा गांव में बांध किनारे गड्ढे में छिपाकर रखा फावड़ा बरामद कराया।

**13 सितंबर की भोर में प्रेमिका ने चचेरे भाइयों संग मिलकर की थी हत्या**

# ऑटो से जा रही महिला की चेन चोरी, केस दर्ज

गोरखपुर। एम्स इलाके में ऑटो से जा रही महिला के गले से सोने की चेन चोरी हो गई। पीड़िता को संदेह है कि रास्ते में सवार हुई महिला ने ही उसकी चेन चोरी कर ली है। एम्स पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, मेडिकल कॉलेज के पास रहने वाली मनीष सिंह की पत्नी अनामिका सिंह ने केस दर्ज कराया है। अनामिका ने पुलिस को बताया कि 24 सितंबर की सुबह वह अपने मायके रुस्तमपुर से ऑटो में बैठकर एम्स गोरखपुर के लिए बैठी। रास्ते में कूड़ाघाट (गुरुंग चौराहा) के पास कुछ महिलाएं एक लगभग 10 साल की बच्ची के साथ ऑटो में बुढिया माता के स्थान पर जाने की बात कह कर बैठ गईं।

बच्ची बार-बार मेरा पैर कुचल रही थी, मैं अपना पैर देखने के लिए झुकी कि बच्ची क्या कर रही है। बच्ची वहीं काम बार-बार दोहरा रही थी। जब मैं रुस्तमपुर से चली तो ऑटो चालक कुडाघाट तक किसी अन्य सवारी को नहीं बैठाया। जबकि वह कूड़ाघाट पर आते ही पांच औरत व एक बच्ची को ऑटो में बैठाया। संवाद

# पत्नी से झगड़ा कर तेज रफ्तार में बाइक चलाने लगा पति, पुलिस ने रातभर थाने पर बैठाया

**झंगहा इलाके की घटना हादसा न हो इसलिए थाने में बैठाया गया**

गोरखपुर। पुलिस की सक्रियता ने गुस्से में घर से निकले एक युवक को बड़े हादसा से बचा लिया। पत्नी से झगड़ा होने के बाद नाराज होकर निकला युवक रफ्तार में बाइक लेकर कुशीनगर की ओर जाता दिखा, बाद में सड़क किनारे रुक गया। रात के अंधेरे में हेलमेट लगाए युवक को देखकर गश्त पर निकले एसपी नार्थ जितेंद्र श्रीवास्तव ने पूछताछ की तो उसने बताया कि पत्नी से झगड़ा हो गया है, उसे जाने दिया जाए। उसका गुस्सा देख पुलिस ने उसे थाने पर बैठाया। सुबह पत्नी आकर उसे ले गई।

कुशीनगर के हाटा के रहने वाले एक युवक की झंगहा इलाके में ससुराल है। पत्नी से विवाद होने की वजह से वह मायके चली आई थी। पत्नी को मनाने के लिए आए पति का फिर से विवाद हो गया।

बृहस्पतिवार की रात में वह गुस्से में निकला और कुशीनगर जाने लगा। रास्ते में पुलिस की चेकिंग देखकर वह हेलमेट पहने ही वह सड़क किनारे शौच की मुद्रा में बैठ गया। संदेह होने पर एसपी ने गाड़ी रोकी और पूछताछ के बाद उसे थाने भिजवा दिया। एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार ने बताया कि व्यक्ति की सुबह पत्नी आई और उसकी बात सही निकली, इसके बाद पुलिस ने समझाते हुए छोड़ा।

# बहन के प्रेमी की हत्या कर जिस गड्ढे में फेंका शव, वहीं छिपाया था फावड़ा

## खोराबार थानेदार की अर्जी पर मिला था विजय निषाद का कस्टडी रिमांड

खोराबार (गोरखपुर)। चचेरी बहन के प्रेमी की हत्या करने वाले आरोपी को खोराबार थाना पुलिस ने शुक्रवार को कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ की। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा सनहा गांव में बांध किनारे गड्ढे से बरामद हुआ। इसी गड्ढे में आरोपी ने बहन के प्रेमी की हत्या कर शव को ठिकाने लगाया था। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर यहां से जेल भेज दिया गया।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि सनहा गांव के रहने वाले आजाद निषाद की 13 सितंबर की भोर में फावड़े से हमला कर हत्या कर दी गई। छानबीन में पता चला कि गांव में रहने वाली आजाद की प्रेमिका ज्योति ने अपने चचेरे भाई विजय निषाद,

**13 सितंबर की भोर में प्रेमिका ने चचेरे भाइयों संग मिलकर कर दी थी हत्या**

दीपक और भाभी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। आजाद की मां ने आरोपियों के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कराया था। ज्योति व दीपक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। पुलिस के घेराबंदी करने पर विजय ने न्यायालय में समर्पण कर दिया। विवेचक ने न्यायालय में अर्जी देकर पूछताछ के लिए विजय का कस्टडी रिमांड मांगा था।

न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार की सुबह रिमांड पर लेकर पूछताछ हुई तो उसने सनहा गांव में बांध किनारे गड्ढे में छिपाकर रखा फावड़ा बरामद कराया।

# पीएचसी के डाक्टर पर जालसाजी का केस

**गोरखपुर** : हड़हवा फाटक में रहने वाले सूर्य प्रताप सिंह ने खोराबार के बेलवार पीएचसी पर तैनात डा. राजेश कुमार पर जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि डीफार्म में एडमिशन के नाम पर उन्होंने रुपये लिए हैं। खोराबार थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूर्य प्रताप सिंह ने तहरीर में लिखा है कि डा. राजेश कुमार से गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर 20 नवंबर, 2022 को मुलाकात हुई थी। शिकोहाबाद स्थित कालेज में डीफार्म में एडमिशन करवाने का झांसा देकर दो बार में 80 हजार रुपये लिए थे। जनवरी, 2023 को उन्होंने कालेज का पहचान पत्र, 13 मार्च, 2023 को एडमिट कार्ड व रिजल्ट दे दिया। आठ सितंबर, 2023 को उस विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष का रिजल्ट लेकर पहुंचे तो फर्जी होने की जानकारी मिली।

# पति-पत्नी के बीच मारपीट छह के खिलाफ मुकदमा

हरपुर-बुदहट : थाना क्षेत्र के बैदौली गांव में पति-पत्नी के बीच मारपीट हो गई। दोनों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पत्नी काबेरी उपाध्याय का आरोप है कि 20 सितंबर की शाम पति विकास उपाध्याय, ससुर विजय नाथ उपाध्याय, जेठ नरेन्द्र उपाध्याय व जेठानी अनिता उपाध्याय ने घर में घुसकर लाठी-डंडा से पिटाई की। पुलिस ने पति, ससुर, जेठ व जेठानी के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, पति विकास उपाध्याय ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 20 सितंबर को बड़े भाई की दवा लेकर आए तो पत्नी काबेरी उपाध्याय व भाभी रेनू उपाध्याय ने मिलकर मुझे लाठी-डंडा से पीटकर घायल कर दिया।

# गैंगस्टर एक्ट में जब्त भूमि पर कर दी प्लाटिंग

- कैंट थाना पुलिस की रिपोर्ट पर डीएम ने की थी ओमप्रकाश के विरुद्ध कार्रवाई
- तहसीलदार प्रशासन को बनाया गया था कस्टोडियन, शुरू हुई मामले की जांच



मामले की जांच कराई जाएगी। शिकायत सही मिली तो जो भी लोग जमीन कब्जाने, प्लाटिंग करने में शामिल मिले, सभी पर कार्रवाई की जाएगी। उन पर एफआइआर दर्ज कराई जाएगी।
- कृष्णा करुणेश, जिलाधिकारी

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गैंगस्टर एक्ट में जिलाधिकारी के आदेश पर तहसील प्रशासन ने जिस भूमि को जब्त कर बोर्ड लगाया था मनबढ़ों ने उसकी प्लाटिंग कर दी। कोई आपत्ति या शिकायत न करे इसके लिए तहसील प्रशासन की ओर से लगवाए गए बोर्ड को भी हटवा दिया। जेल से छूटने के बाद गैंगस्टर एक्ट के आरोपित ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की तो हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी मामले की जांच करा रहे हैं। मोहद्दीपुर में रहने वाले ओमप्रकाश पांडेय पर भूमि बेचने का झांसा देकर ठगी करने का कई मुकदमा दर्ज होने के बाद कैंट थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। थानेदार की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने ओमप्रकाश के मकान व भूमि के साथ ही सभी संपत्ति को जब्त करने का आदेश दिया था। मोहद्दीपुर स्थित मकान को सील करने के बाद तहसीलदार सदर ने एक मई, 2023 को महादेव झारखंडी टुकड़ा नंबर दो में स्थित ओमप्रकाश के हिस्से की 54 डिस्मिल भूमि को जब्त किया था। कस्टोडियन बनाए गए तहसीलदार सदर ने डुगडुगी पिटवाकर आसपास के लोगों को कार्रवाई की जानकारी देने दिलवाने के साथ ही मौके पर बोर्ड भी लगवाया था। जिसे हटाकर मोहल्ले में रहने वाले छह लोगों ने प्लाटिंग कर दी। जमानत पर छूटे गैंगस्टर के आरोपित ओमप्रकाश पांडेय को इसकी जानकारी हुई तो उसने इसकी शिकायत तहसील प्रशासन से करने के साथ ही जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र भेजकर जानकारी दी। मामले की जांच शुरू हुई तो आरोपितों ने निर्माण कार्य बंद कर दिया। भूमि पर कैसे कब्जा हो गया जिलाधिकारी इसकी जांच करा रहे हैं।

## बच्चों के विवाद में मारपीट, 12 पर केस

**कैंपियरगंज।** क्षेत्र के चांदीपुर गांव के टोला नयेगांव में दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ कैंपियरगंज थाने में केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार नयेगांव में बच्चों को लेकर 24 सितंबर को कामेश्वर और अनिरुद्ध के परिवार में विवाद हुआ था। कामेश्वर ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस पहुंची दोनों पक्षों को थाने बुलाया। एक पक्ष थाने पहुंचा दूसरा पक्ष थाने नहीं गया। बृहस्पतिवार शाम छह बजे दोनों पक्ष फिर भिड़ गए। ब्यूरो

## बुलेट की बुकिंग के नाम पर हड़पे 52 हजार रुपये

**गुलरिहा।** मोगलहा स्थित एक एजेंसी से बुलेट की बुकिंग और फाइनेंस के नाम पर कर्मचारी ने 52 हजार रुपये हड़प लिए। कमिश्नर के निर्देश पर शुक्रवार को गुलरिहा पुलिस ने शिवपुर शहबाजगंज निवासी सौरभ दुबे के विरुद्ध केस दर्ज किया। कैंट के बेतियाहाता निवासी गिरजा भारती ने प्रार्थना पत्र में बताया था कि 28 अप्रैल 2024 को मोगलहा स्थित बाइक एजेंसी पर पांच हजार रुपये जमा कर बुलेट मोटरसाइकिल बुक की थी। संवाद

# दुकानदार के जगने पर भाग गए चोर

जागरण संवाददाता, भटहट : गुलरिहा के भटहट कस्बे में गुरुवार की रात वर्षा के बीच मोबाइल फोन के शो रूम में चोर चोरी करने पहुंचे थे। वह दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश कर ही रहते थे कि दुकानदार की नींद खुल गई। इसके बाद चोर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसी कैमरे में फुटेज देखा। जिसमें रेनकोट और मास्क पहने युवक ताला तोड़ते दिखे। फुटेज के आधार पर गुलरिहा पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।

दुकानदार धर्मकेश जायसवाल ने बताया कि रात दो बजे उनकी दुकान का ताला तोड़े जाने की आहट मिली। जब वह बाहर निकलकर देखे तो दो युवक बैरियर तिराहे की तरफ भाग निकले। सीसी

- भटहट कस्बे का मामला, सीसी कैमरे में कैद हुआ फोटो
- तोड़ चुके थे दुकान का ताला पुलिस कर रही जांच

कैमरे के फुटेज में रेनकोट व मास्क पहनने के साथ पीठ पर एक बैग लेकर पहुंचे चोर सरिया से दुकान का ताला तोड़ते दिख रहे हैं। इसके बाद एक चोर दूसरे चोर को कंधे पर उठाता है और सीसी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसी बीच घर वालों के जगने पर चोर भाग निकले। दोनों चोर का एक साथी सड़क पर खड़ा था। सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह ने बताया कि मौके की जांच की गई है। युवकों की पहचान करते हुए पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।



सीसी कैमरे में कैद घटना को अंजाम देते चोर●

# तमंचे के साथ चोरी का आरोपित गिरफ्तार

जासं, उरुवा बाजार : पुलिस ने शुक्रवार को उरुवा से बेलघाट थाना क्षेत्र के शाहपुर जिगिनिया निवासी योगेश साहनी को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। योगेश के पास से चोरी के 51,000 हजार रुपये नकद, सोने व चांदी के गहने के साथ एक 12 बोर का तमंचा व एक कारतूस भी बरामद किया गया। उरुवा बेलासपुर में किराये के मकान में रहने वाले राहुल दास के घर में 25 सितंबर को चोरी हुई थी।

## डीजे पर डांस को लेकर मारपीट

जासं, गोरखपुर : जंगल डुमरी नंबर दो में बुधवार की रात एक प्रोग्राम में डीजे बजने के दौरान मारपीट हो गई। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। घायल की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस चार के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमले का केस दर्ज कर मजांच कर रही है।

# दुष्कर्म के आरोपित को 20 वर्ष का कारावास

गोरखपुर : चार वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट गोविंद मोहन ने सिकरीगंज थाना क्षेत्र के बढ़यापार निवासी अभियुक्त बबलू बारी को 20 साल के कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा।



अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रद्धानंद पांडेय एवं विशेष लोक अभियोजक उमेश मिश्र का कहना था कि घटना पांच जून, 2018 की रात करीब नौ बजे की है। अभियुक्त वादी की चार वर्षीय नाबालिग बच्ची को चाकलेट खिलाने के बहाने घर से ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उक्त निर्णय दिया।

दुष्कर्म के आरोपित को दस वर्ष का कठोर कारावास : गोरखपुर : दुष्कर्म करने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश विपिन कुमार ने हरपुर बुदहट निवासी अभियुक्त राजेश को दस साल के कठोर कारावास एवं 28 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत शाही का कहना था कि वादी की लड़की उस समय कक्षा 12 की छात्रा थी। वह बारहवीं की परीक्षा देने के लिए अपने मौसा के घर रुकी थी। 31 मार्च, 2010 की शाम चार बजे अभियुक्त वादी की लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# अलाउद्दीन भगोड़ा घोषित, इनाम घोषित करने की तैयारी

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : डाक्टरों की डिग्री चुराकर फर्जी तरीके से पैथोलाजी खुलवाने वाले गिरोह के सरगना अलाउद्दीन को न्यायिक मजिस्ट्रेट ने शुक्रवार को भगौड़ा घोषित (गैर जमानती वारंट जारी) कर दिया। 17 मई, 2024 को गुलरिहा थाने में मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही कुशीनगर जिले का रहने वाला जालसाज फरार है। उसकी तलाश में विवेचक के साथ ही क्राइम ब्रांच की टीम छापेमारी कर रही है।

कुशीनगर जिले के तमकुहीराज में रहने वाला अलाउद्दीन 19 सितंबर को न्यायालय में समर्पण करने वाला था। इसकी जानकारी होने पर पुलिस ने घेराबंदी की तो वह कचहरी नहीं आया। सोमवार को उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसे वायरल फीवर है एक सप्ताह के भीतर न्यायालय में समर्पण कर देगा। एसएसपी के निर्देश पर गुलरिहा थाना पुलिस ने न्यायालय में गैर जमानती वारंट जारी करने के लिए अर्जी दी थी। शुक्रवार को अर्जी पर सुनवाई करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अलाउद्दीन के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि जालसाज को न्यायालय ने भगौड़ा घोषित कर दिया है। उसके विरुद्ध इनाम घोषित कराने की तैयारी चल रही है।

यह है मामला : फर्जी डिग्री मामले में अलाउद्दीन के साथ ही प्रयागराज के राम पांडेय के विरुद्ध गुलरिहा थाने में मुकदमा दर्ज है। दोनों आरोपितों की तलाश चल रही है। मेडिकल रोड स्थित जेमिनी अपार्टमेंट में रहने वाले डा. राहुल नायक की शिकायत पर गुलरिहा थाना पुलिस ने 17 मई को मुकदमा दर्ज किया था। वाराणसी व गाजीपुर के रहने वाले तीन आरोपितों को पुलिस ने इस मामले में जेल भेजा है। आरोपितों से पूछताछ व जांच में पता चला कि कुशीनगर जिले का रहने वाला अलाउद्दीन ही गिरोह का सरगना है।

# रुपये लेकर भागने वाली बंगाली महिला पर केस दर्ज

जासं, हरपुर-बुदहट : देवइशरतुला में समूह की महिलाओं के रुपये लेकर भागने वाली बंगाली महिला रूपा देवी पर हरपुर-बुदहट पुलिस ने शुक्रवार को केस दर्ज किया। आरोपित 20 वर्ष से गांव के उदयभान के मकान में किराए पर रहती थी। रुपये लेने के बाद वह कमरे में ताला लगाकर परिवार समेत फरार हो गई। कार्रवाई के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। देवइशरतुला की रहने वाली संध्या, सुमन, नीलम, जैनुल खातून, हीरावती, पुष्पा, किरन, मनीषा समेत अन्य महिलाओं ने 11 सितंबर को थाने पर और गुरुवार को एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया। आरोप लगाया कि उनके गांव में किराए पर रहने वाली रूपा देवी समूह बनाकर संचालन करती थी। रुपये के लेनदेन के लिए वह सबके आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज अपने पास रखी थी। जिसका फायदा उठाकर आरोपित ने कई माइक्रो फाइनेंस कंपनियों से 25 से 30 महिलाओं के नाम से एक करोड़ से अधिक का लोन निकाल लिया। जब फाइनेंस कंपनियों के कर्मचारी कर्ज वसूली के लिए उनके घर पहुंचने लगे तो उन्हें लोन की जानकारी हुई। छह सितंबर को आरोपित के घर पहुंचकर लोन लेने के बारे में पूछताछ की तो उसने बताया कि बेटी को मेडिकल कालेज में प्रवेश दिलाना है। रुपये कम होने से लोन लिया। कुछ दिन बाद पता चला कि आरोपित रूपा देवी परिवार के साथ फरार हो गई।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-28-09-2024

# एक एसआई व तीन कांस्टेबल लाइन हाजिर

देवरिया(एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने एक सब इंस्पेक्टर और तीन कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया है। साथ ही पुलिस लाइन में तैनात तीन कांस्टेबल को अलग-अलग थानों पर तैनाती दी है। जबकि दो महिला कांस्टेबल के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। एसपी श्री शर्मा ने भाटपाररानी थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर ज्ञान सिंह पटेल तथा लार थाना में तैनात हे. कां उमेश चंद्र यादव, कांस्टेबल अंकित यादव, व कांस्टेबल कुश कुमार गोंड को लाइन हाजिर कर दिया है। इसके अलावा पुलिस लाइन में तैनात कां विनोद कुमार यादव को थाना खुखुंदू , हे. कां. शीतला प्रसाद को थाना महुआडीह, तथा हे. कां. नरेंद्र कुमार यादव को सदर कोतवाली में तैनाती दी है। साथ ही सलेमपुर में तैनात म. कां. स्मिता दुबे को मईल थाना भेजा है। क्षेत्राधिकारी कार्यालय सलेमपुर में तैनात कां. सोनू यादव को अभियोजन कार्यालय भेजा है। थाना सलेमपुर में तैनात म. कां. अंजनी तिवारी को थाना सुरौली में तैनाती दी है।

# संगम हत्याकांड के दो आरोपी भेजे गए जेल

खुखुन्दू(एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के मुंडेरा बुजुर्ग गांव के संगम मल्ल हत्याकांड में दो आरोपियों को पुलिस ने अहिल्यापुर मंदिर गेट के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दर्ज मुकदमे के तहत दोनों को जेल भेज दिया। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

थाना क्षेत्र के मुंडेरा बुजुर्ग गांव निवासी अखिलेश सिंह (24) बीते दो दिन पहले गांव के अनिल पांडेय के घर बाइक मांगने पहुंचा था। अनिल बाइक देने से इंकार कर दिए। इसके बाद बुधवार शाम को अनिल पांडेय बाइक लेकर गांव के चौराहे पर गए थे, इसी बीच अखिलेश भी संगम मल्ल (26) को लेकर पहुंचा और फिर वहां बोला बाइक दो अभी आ रहा हूं। जब अनिल बाइक नहीं दिए तो अखिलेश ने बाइक का शीशा तोड़ डाला। अनिल बाइक लेकर घर आ गए। अखिलेश और संगम मल्ल भी पीछे से घर आ गए। हालांकि अखिलेश फिर संगम के घर जाकर उसे बुलाकर लेकर चौराहे पर चला गया। चौराहे से लौटते समय फिर दुबारा विवाद हो गया। इसके बाद संगम के घर वाले अनिल पांडेय के घर जाकर विवाद होने पर सुलह-समझौता भी कर लिए। हालांकि फिर करीब 10 बजे रात को जमकर विवाद हो गया। अनिल पांडेय पक्ष का आरोप है कि अखिलेश संगम के साथ दरवाजे पर चढ़कर कार का शीशा तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद लोगों ने अखिलेश को मारने के लिए दौड़ा लिया। हालांकि अखिलेश बचकर सामने तालाब में कुदकर अपनी जान बचा लिया। मगर संगम की पिटाई होने से हालत गंभीर हो गई। मेडिकल कालेज देवरिया में इलाज के दौरान संगम ने दम तोड़ दिया। संगम की मौत की खबर लगते ही गांव का माहौल गरमा गया। हालांकि पलभर में ही गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गई। पुलिस ने मृतक संगम के बड़े भाई श्याम बहादुर मल्ल की तहरीर पर तत्काल गांव के अनिल पांडेय उर्फ दीपू, अमित उर्फ राहुल पांडेय और पंकज पांडेय उर्फ आनंद तीनों भाईयों और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो भाईयों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना की रात ही अनिल पांडेय और पंकज पांडेय उर्फ आनंद को गिरफ्तार कर लिया था। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए रातभर दबिश देती रही। गिरफ्तार दोनों भाईयों को पुलिस ने शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया। जहां से दोनों जेल चले गए।

थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को दर्ज मुकदमा के तहत जेल भेज दिया गया अन्य की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अनुशासन व कर्तव्यबोध कराता है स्काउट-गाइड

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर स्थित विजयम पब्लिक हाईस्कूल में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया।

प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशुमान श्रीवास्तव ने स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट एवं गाइड बच्चों के भीतर अनुशासन व कर्तव्य का बोध कराता है। इस तीन दिन के प्रशिक्षण शिविर में बच्चे समाज सेवा व देश सेवा की सीख लेते हैं। उन्होंने बच्चों को सीख देते हुए कहा कि आगे बढ़ने के लिये शिक्षा बेहद जरूरी है। एक शिक्षित व्यक्ति समाज को नई दिशा देता है और परिवार के जीवन स्तर में सुधार लाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने शिक्षकों को भी संबोधित किया और कहा कि बच्चों को शिक्षित करना भी एक कला है। उन्हें गहन अध्ययन कराया जाये और उनको आगे बढ़ने के लिये शिक्षा के माध्यम से प्रेरित करें, जिससे वे आगे चलकर जिम्मेदार नागरिक बन सके।


संबोधित करते सीओ अंशुमान श्रीवास्तव।

उन्होंने वर्तमान समय में विभिन्न प्रकार के डिजीटल क्राइम के बारे में विस्तार से बताया और उससे बचने की सलाह दी।

इस दौरान सरस्वती वंदना व स्वागत गीत आयुषी शुक्ला, प्रगति यादव, जागृति त्रिपाठी, निशु यादव आदि ने प्रस्तुत किया। इस दौरान जिला संगठन आयुक्त नरसिंह कुमार, प्रधानाचार्य अश्विनी द्विवेदी, सुखसागर शुक्ला, सुप्रिया पाण्डेय, अंजली पाण्डेय, पवन साहनी, बसंत यादव, राम यादव, आदर्श साहनी, स्नेहलता यादव, राज यादव, मधु मिश्रा, सुमित राव सहित स्काउट एवं गाइड के शिविरार्थी उपस्थित रहे।

# शासन के गाइड लाइन के तहत मनावें त्योहार : सीओ

रुद्रपुर (एसएनबी)। आगामी दुर्गा पूजा त्योहार के मद्देनजर शुक्रवार को रुद्रपुर कोतवाली के नवनिर्मित भवन में पीस कमेटी के बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर एवं क्षेत्र के संभ्रान्त व्यक्ति उपस्थित रहे। पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर अंशुमान श्रीवास्तव ने कहा कि दुर्गा पूजा का त्योहार मां दुर्गा के आस्था का केन्द्र बिन्दु है। शासन के गाइड लाइन के तहत समिति के आयोजक त्योहार मनावें। मूर्ति स्थापित से विसर्जन तक आयोजक कमेटी शांतिपूर्ण तरीके से कार्य करें। किसी भी नये परम्परा की शुरूआत नहीं होगी। सड़कों पर मार्ग को अवरुद्ध नहीं किया जायेगा। मूर्ति पाण्डाल में अप्रिय घटना से बचाव हेतु ड्रम में बालू व पानी की व्यवस्था रखे। मूर्ति स्थल पर महिलाओं के लिये विशेष व्यवस्था की जाये। विवादित स्थल पर कोई प्रतिमा न रखे। थाना प्रभारी रतन कुमार पाण्डेय ने कहा कि सभी मूर्ति आयोजक पूर्व की भांति संयम से मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चन करे। डीजे को ऊँचा न बांधे अश्लील गाना न बजावें। साउण्ड को धीमा रखें। इस दौरान आयोजकों ने मूर्ति विसर्जन दो दिन में कराने की बात कही। इसके साथ ही इमामबाड़ा से चौक तक नीचे लटके विद्युत तार को ऊँचा कराने, रुद्रपुर पिड़रा मार्ग पर लटक रहे टहनियों को कटवाने व तहसील के कब्रिस्तान के तरफ टहनियों को कटवाने की बात कही। इस दौरान अधिशासी अधिकारी नितेश गौरव, नायब तहसीलदार अनिल तिवारी, महेश वर्मा, राजन चौधरी, रमेश जायसवाल, शिवहरि त्रिपाठी, राहुल पाण्डेय, ई. सुशील चन्द्र गुप्त, टिंकू पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# गलती पर किशोर को शालीनता से समझाएं व उनसे अच्छा व्यवहार करें पुलिसकर्मी

जागरण संवाददाता, देवरिया: पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में शुक्रवार को विशेष किशोर पुलिस इकाई की बैठक हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि ओमप्रकाश तिवारी ने कहा कि थानों पर किशोर के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए, अगर कोई गलती भी किशोर करता है तो उसे शालीनता से समझाएं। किशोर के सामने बिना वर्दी के पुलिसकर्मी जाएं और उन्हें किसी भी दशा में हथकड़ी न लगाएं। बैठक में ग्राम व ब्लाक स्तर पर बाल संरक्षण समितियों, देख-रेख संरक्षण एवं विधि का उल्लंघन करने वाले किशोरों को लेकर चर्चा की गई। एएचटीयू के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने विशेष किशोर पुलिस इकाई के कार्य व जिम्मेदारियों की जानकारी दी। कहा कि हर थाने पर किशोरों के लिए विशेष इंतजाम है, पहले किशोर को ठीक से समझाएं, अगर बात ज्यादा बिगड़ चुकी है तो उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर निर्णय लें।

# दीवान समेत तीन पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

- थाने में पिटाई करने की संघ कार्यकर्ता की शिकायत पर हुई कार्रवाई
- सीओ सलेमपुर मामले की जांच कर एसपी को सौंपेंगे रिपोर्ट

जागरण संवाददाता, देवरिया: लार थाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता की पिटाई मामले में एसपी संकल्प शर्मा ने दीवान समेत तीन पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। साथ ही प्रकरण की जांच सीओ सलेमपुर दीपक शुक्ला को सौंपी गई है। रिपोर्ट एसपी को सौंपने के बाद विभागीय कार्रवाई भी हो सकती है।

तीन दिन पूर्व एक गांव के रहने वाले दो पट्टीदारों के बीच मारपीट हो गई। इसमें से एक पक्ष राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का सक्रिय कार्यकर्ता है। दोनों पक्ष थाने में भी विवाद किए थे। एक पक्ष ने एसपी से शिकायत की। आरोप लगाया है कि हम बताए कि हम आरएसएस का कार्यकर्ता है। उनकी बेटी के साथ थाने में तैनात दीवान व दो सिपाहियों ने अश्लील हरकत की। विरोध करने पर उनको कमरे में ले जाकर पिटाई की।

शिकायत को संज्ञान में लेते हुए एसपी ने थाने में तैनात दीवान उमेश चंद यादव, सिपाही अंकित यादव व कुश कुमार गोंड को लाइन हाजिर कर दिया। उधर भाटपाररानी थाने में तैनात उप निरीक्षक ज्ञान सिंह पटेल को भी एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है।

इसके अलावा पुलिस लाइन से सिपाही विनोद यादव को पुलिस लाइन से खुखुंदू, शीतला प्रसाद को म्हुआडीह, नरेन्द्र यादव को सदर कोतवाली, महिला सिपाही स्मिता दुबे को सलेमपुर से मईल, सलेमपुर से सोनू यादव को अभियोजन कार्यालय, महिला सिपाही अंजनी तिवारी को सलेमपुर से सुरौली थाने में तैनाती दी गई है।

# दुकान का सील तोड़कर कीटनाशक दवाओं के लिए गए नमूने

जासं पकड़ी बाजार: एक सप्ताह पहले सील किसान कृषि सेवा केंद्र का शुक्रवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सील तोड़कर जांच की गई। जिला कृषि रक्षा अधिकारी कुमारी इरम ने सात कीटनाशक दवाओं के नमूने लिए।

सुरौली थाना क्षेत्र के पकड़ी बाजार में किसान कृषि सेवा केंद्र के नाम से कीटनाशक, खाद व बीज की दुकान है। दुकानदार को कीटनाशक बेचने का लाइसेंस नहीं मिला है। 20 सितंबर को जिला कृषि रक्षा अधिकारी जांच करने दुकान पर पहुंची थी। उनके आने पर दुकानदार ने दुर्व्यवहार किया व कीटनाशक दवाओं को बाहर फेंकने लगा था व जांच में असहयोग किया। इस मामले में दुकान सील किया गया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने दुकानदार संतोष कुमार पांडेय व संजय कुमार पांडेय के विरुद्ध सुरौली थाना में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। जांच के बाद दुकान को दुकानदार के भाई विनोद पांडेय के सिपुर्द किया गया। जिला कृषि अधिकारी मृत्युंजय कुमार सिंह भी मौजूद रहे। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि नमूनों को प्रयोगशाला में भेजा जाएगा।

# तेज आवाज में नहीं बजेगा डीजे म्यूजिक

## पिछले वर्ष दशहरा में हुए हंगामे को देखते हुए सीओ ने आयोजकों को दिया निर्देश

जागरण संवाददाता, सलेमपुर: पिछली बार दशहरा मेला में डीजे म्यूजिक की तेज आवाज से एक व्यक्ति की मृत्यु के बाद इस बार प्रशासन सतर्क हो गया है। इसके लिए पहले से ही सतर्कता बरतनी शुरू कर दी गई है। सीओ ने आयोजकों को कार्यालय में बुलाकर उनके साथ बैठक की और दिशा-निर्देशों के संबंध में जानकारी दी।

सीओ दीपक शुक्ला ने मोती महल रोड के मूर्ति आयोजक अरविंद जायसवाल व उनकी टीम को नियमों के बारे में जानकारी दी। बताया कि इस बार किसी भी जुलुस में बालाओं का नृत्य नहीं होगा। डीजे म्यूजिक तेज आवाज में नहीं बजेंगे। कोतवाली से लेकर गांधी चौक होते सीएचसी तक ग्रीन लाइन खींची जाएगी, ताकि मरीजों को ले जाने व ले आने में एंबुलेंस को कोई दिक्कत न हो।

दशहरा में उपनगर में करीब 50 से अधिक प्रतिमाएं स्थापित होती है। स्थिति है कि नौ दिन तक उपनगर में भगवती जागरण व बाहर से आए कलाकारों की तरफ से झांकी का आयोजन होता है।

इसके चलते रास्ता अवरुद्ध होने से दिक्कतें होती हैं। प्रतिमा विसर्जन के दिन सलेमपुर नगर में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ व विसर्जन में झांकी के साथ बालाओं की नृत्य व तेज आवाज की ध्वनि से स्थिति काफी भयावह हो जाती है। पिछले साल डीजे की आवाज से मईल थाना क्षेत्र के महलिया गांव के मदन गुप्ता की मृत्यु हृदय गति रुकने से हो गई है। इसको लेकर काफी हंगामा हुआ था। कई एंबुलेंस भीड़ में फंस गए थे।

**शांति और सौहार्द के बीच मनाएं त्योहार: आदित्य गौतम**

जासं, बरहज: थाना परिसर में शुक्रवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें लोगों से शांति और सौहार्द के बीच त्योहार मनाने की अपील की गई।

सीओ आदित्य गौतम ने कहा कि दुर्गा पूजा के पंडाल में यदि दो अधिक साउंड बजा तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि दुर्गा पंडाल समिति व रामलीला समिति द्वारा वालंटियर तैनात किए जाएंगे। उनका आधार कार्ड, मोबाइल नंबर व फोटो थाने में जमा किया जाएगा। इसके लिए उन्हें विशेष कार्ड भी जारी किया जाएगा। कुछ लोगों ने जर्जर विद्युत तारों को टाइट कराने की मांग की। सीओ ने जेई से कहकर उसे ठीक करा देने का आश्वासन दिया। प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह, गणेश कुमार निषाद, अर्जुन, टाइगर ,राकेश यादव,मोहन मिश्र, राहुल गोंड,एसवत यादव, अभिषेक विश्वकर्मा मौजूद रहे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई–निविदा सूचना संख्या

NER-BSB0SnT-OT-27-2024

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग. एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली ई–निविदा" आमंत्रित की जाती है :– क्रमांक-1 निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम: NER-BSB0SnT-OT-27-2024: कार्य

# चार पर मुकदमा दर्ज

**गौरीबाजार :** खरैटिया के अमरनाथ पुत्र अकलू ने आरोप लगाया है कि उनके खेत की पैमाइश के बाद लगे पत्थर को गांव के कुन्नू पुत्र चंददेव भभूति शर्मा, शिवदयाल तथा राजेंद्र ने उखाड़ कर फेंक दिया। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

# युवक की हत्या में दो भेजे गए जेल पुलिस को तीसरे की तलाश

जासं, खुखुंदू: क्षेत्र के मुंडेरा बाबू में बाइक मांगने के विवाद में युवक की हत्या मामले में दो आरोपितों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपितों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। उधर फरार चल रहे नामजद एक अन्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

मुंडेरा बुजुर्ग के रहने वाले अखिलेश मल्ल ने गांव के अनिल पांडेय से बाइक मांगी, लेकिन उसने बाइक नहीं दी। इसे लेकर बुधवार को दोनों के बीच विवाद हो गया। लोगों ने उस समय मामला शांत करा दिया। देर रात अखिलेश अपने दोस्त संगम के साथ चौराहे पर गया था।

लौटते समय संगम व अखिलेश पर अनिल पांडेय व अन्य लोगों ने हमला बोल दिया, जिससे संगम की मृत्यु हो गई।



गिरफ्तार हत्यारोपितों के साथ पुलिस टीम • सौ. पुलिस

साथ ही पुलिस ने पकंज पांडेय व अनिल पांडेय को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। तीसरे आरोपित की पुलिस तलाश में है। उधर दूसरे पक्ष की शिकायत पर अखिलेश को भी हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि दो हत्यारोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## शिक्षकों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी

जागरण संवाददाता, लारः स्वामी देवानंद पीजी कालेज मठलार में कनिष्ठ शिक्षक को प्राचार्य बनाने के विरोध में शिक्षकों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुक्रवार को भी जारी रहा। महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डा. देवेंद्र मिश्र ने कहा कि प्राचार्य प्रो. ब्रह्मानंद सिंह पर अनुचित व अनैतिक दबाव डालकर जबरदस्ती इस्तीफा लिया गया है, जिसके विरोध में महाविद्यालय शिक्षक संघ अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर हो गया है।

छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा नेता रामेश्वर सिंह ने प्रबंधक पर अन्याय करने का आरोप लगाया। डा. ललित ने कहा कि विरोध का गांधीवादी तरीका ही श्रेष्ठ है। हम सभी इसे ही अंगीकृत करते हुए समस्या का समाधान चाहते हैं, लेकिन शिक्षक की शालीनता को उसकी कमजोरी समझने की गलती किसी को भी नहीं करनी चाहिए। शिक्षक के हाथों में सृजन व संहार साथ-साथ पलते हैं। गणित विभाग के डा.सोनू पाल ने कहा कि महाविद्यालय प्रबंधन को नियमों व शासकीय नियमावली का सम्मान करना चाहिए। एसडी इंटर कालेज मठलार के शिक्षक प्रदीप राजौरिया ने सत्य के आचरण को आत्मसात करने की सीख दी। प्रधानाचार्य शत्रुघ्न तिवारी, प्रो.सुधीर राय, इतिहास विभाग के अध्यक्ष डा. हेमंत मिश्र, नागेंद्र कुशवाहा, डा. सागर मौर्या, डा. ब्रजेश कुमार, डा. सुशील कुमार, डा. विनय बरनवाल, डा. मुहम्मद नूर आलम अंसारी आदि मौजूद रहे।

## दो युवकों को पकड़कर ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

सोहनपुर: बनकटा थाना क्षेत्र के सोहनपुर में ग्रामीणों ने गुरुवार की रात दो युवकों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि हाल के दिनों में कस्बा से हुई चोरी की घटनाओं में इनके शामिल होने की आशंका है। पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि अभी तक चोरी के बारे में उसने कुछ भी बताया नहीं है। (जासं)

## लाइनमैन व उपभोक्ता के बीच बातचीत का आडियो प्रसारित

तरकुलवा: स्थानीय विद्युत उपकेंद्र पर तैनात एक लाइनमैन व उपभोक्ता के बीच बातचीत का आडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। इसकी शिकायत मिलने के बाद विभागीय अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है।

आडियो में एक उपभोक्ता लाइनमैन से फाल्ट ठीक करने के लिए कह रहा है, जिसके बाद लाइनमैन अपशब्द बोलने लगता है। जेई लवलेश सिंह ने बताया कि आडियो की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। (जासं)

## ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत

देवरिया: क्षेत्र के बहोरवा के रहने वाले ग्रामीण बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम दिव्या मित्तल से मुलाकात की। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के लिए दुकानदार का चयन होना है। जिसके चयन में मनमानी की जा रही है। ठीक से जांच कराकर चयन की प्रक्रिया पूरी की जाए।

# लार में संघ कार्यकर्ता से बदसलूकी में हेड कांस्टेबल सहित तीन लाइनहाजिर

## भाटपार रानी उपनिरीक्षक भी लाइनहाजिर, छह पुलिसकर्मियों का कार्यक्षेत्र बदला

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया/लार।** पुलिस द्वारा संघ कार्यकर्ता से बदसलूकी के आरोप मामले में एसपी ने थाने के हेड कांस्टेबल सहित दो पुलिसकर्मियों को बृहस्पतिवार की देर रात लाइन हाजिर कर दिया। वहीं भाटपार रानी थाने में तैनात एक उप निरीक्षक को भी लापरवाही के आरोप में लाइन हाजिर कर छह अन्य पुलिसकर्मियों का कार्यक्षेत्र बदल दिया गया है।

लार थाना क्षेत्र के भीखम छपरा के रामेश्वर तिवारी संघ के कार्यकर्ता हैं। चार दिन पहले पट्टीदार से डिलीवरी पाइप फटने को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों को पुलिस पूछताछ के लिए थाने लेकर पहुंची थी। बृहस्पतिवार को एक वीडियो रामेश्वर तिवारी का वायरल होने लगा। वायरल वीडियो की पुष्टि अमर उजाला नहीं करता है। वीडियो में वह कह रहे हैं कि थाने में पुलिस को हमने अपना परिचय दिया। इस दौरान दो मौजूद पुलिसकर्मी हमारी बेटी का बाल पकड़ कर खिंचने लगे। इसका विरोध किया तो प्रभारी निरीक्षक के ऑफिस में ले जाकर पिटाई करने लगे। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने धमकाते हुए कहा कि पिटाई की जानकारी किसी को देना मत, नहीं तो मुकदमा लिख दिया जाएगा। इतना ही नहीं यह भी कहा गया कि मेडिकल के दौरान डाक्टर से चोट मत बताना।

इसके बाद शांति भंग की कार्रवाई कर दी गई। लगाए गए आरोपों की जांच के लिए एसपी संकल्प शर्मा ने सलेमपुर सीओ दीपक शुक्ला को जांच कर रिपोर्ट देने के लिए निर्देश दिया। मामले में देर रात लार थाने में तैनात हेड कांस्टेबल उमेश चंद्र यादव, कांस्टेबल अंकित यादव, कांस्टेबल कुश कुमार गोंड को लाइन हाजिर कर दिया। कार्रवाई के बाद से महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। उधर, भाटपार रानी थाने में तैनात उपनिरीक्षक ज्ञान सिंह पटेल को लाइन हाजिर कर दिया।

पुलिस लाइन में रह रहे कांस्टेबल विनोद कुमार यादव को खुखुंदू, हेड कांस्टेबल शीतला प्रसाद को महुआडीह, हेड कांस्टेबल नरेंद्र कुमार यादव थाना कोतवाली, महिला कांस्टेबल स्मिता दुबे को सलेमपुर से मईल तैनात किया गया है। सलेमपुर सीओ कार्यालय में तैनात रहे कांस्टेबल सोनू यादव को अभियोजन कार्यालय, जबकि सलेमपुर कोतवाली में तैनात रहीं महिला कांस्टेबल अंजनी तिवारी को सुरौली थाने में भेजा गया है।

### उमेश का विवादों से रहा है नाता

लार थाने में तैनात रहे हेड कांस्टेबल उमेश चंद्र यादव का विवादों से नाता रहा है। पहले भी थाने में आने वाले फरियादियों ने उन पर अच्छा व्यवहार नहीं करने का आरोप लगाया था। इसके अलावा दो माह पहले सुबह आठ बजे के करीब आवश्यक कार्य से पहुंचे एक शिक्षक को हाफ पैंट में देख बिफर गए थे। इस दौरान दोनों में तीखी बहस हुई थी। इसकी शिकायत शिक्षक ने पुलिस के अधिकारियों से की थी। मामले को बढ़ता देख कुछ पुलिसकर्मियों के हस्तक्षेप से मामला शांत हो गया।

# महिला पर जानलेवा हमला, पांच आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा

जासं, सलेमपुरः महिला पर जानलेवा हमला करने व उनके पुत्र का ठेला पलटने व सामान फेंकने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोपितों को देर शाम हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ठोका चुरामन गांव की रहने वाली विमला देवी के पुत्र उपनगर के सोहनाग मोड़ के समीप ठेला पर सामान बेचते हैं। शुक्रवार को उसी गांव के रहने वाले कुछ लोग मौके पर पहुंचे। आरोप है कि ठेला से सामान फेंकने लगे। रोकने पर ठेला पलट दिया। इसकी जानकारी जब महिला विमला देवी को हुई तो वह आरोपितों के घर पूछने गईं। इसके बाद वह घर आकर दरवाजे पर आकर बैठ गईं। उसी समय आरोपितों ने दरवाजे पर जाकर महिला की लाठी-डंडा से जानलेवा हमला कर दिया।

महिलाके स्वजन की तहरीर पर पुलिस ने ठोकर चुरामन गांव के गौरव तिवारी उर्फ गुड्डू पुत्र रामजी, अजय तिवारी पुत्र रामध्यान, कृप पासवान पुत्र प्रेमचंद्र, कृष्ण पांडेय पुत्र जयप्रकाश, अनुज तिवारी पुत्र मनोज के विरुद्ध हत्या के प्रयास समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# चोरी के खुलासे के लिए एडीजी से लगाई गुहार

**देसही देवरिया।** अमवा गांव में बीते जुलाई माह में दो घरों में हुए चोरी के मामले का खुलासा नहीं होने पर पीड़ितों ने अपर पुलिस महानिदेशक से मिल कर खुलासे की मांग की है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि स्थानीय पुलिस कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है।

महुआडीह थानाक्षेत्र के घुड़ीपाकड़ गांव का अमवा टोला कुशीनगर के हाटा कोतवाली क्षेत्र में पड़ता है। अमवा में एक जुलाई की रात को चोर नशीले पदार्थ का स्प्रे कर रामनारायण त्रिपाठी और नीरज तिवारी के घर में दाखिल होकर नकदी सहित बीस लाख रुपये से अधिक की चोरी कर फरार हो गए थे। अगले दिन सुबह जब मामले की जानकारी हुई तो घर के लोग हतप्रभ रह गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली

पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की। लेकिन, अभी तक पुलिस को मामले में एक सुराग तक का भी पता नहीं लग सका। थक हार कर दोनों पीड़ितों ने अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर से मिलकर संयुक्त रूप से एक शिकायती पत्र सौंपकर मामले के खुलासे की मांग की। उनका आरोप है कि स्थानीय पुलिस वारदात के खुलासे को लेकर गंभीर नहीं है। संवाद

# महिला की पिटाई मामले में पांच पर केस दर्ज

**सलेमपुर।** नगर सके सोहनाग मोड़ के समीप कुछ लोगों ने एक महिला को लाठी डंडे से पिटाई कर दी। उसके साथ ही मनबढ़ों ने एक ठेले वाले का समान फेंक ठेला भी उलाट कर मौके पर घंटे भर उत्पात मचाया।

पहुंची पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर कोतवाली लेकर आ गई। वहीं गम्भीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी लाएं, जहां उसकी हालत नाजुक देख डॉक्टर जिला मेंडिकल कालेज रेफर कर दिया।

महिला की परिजन के तहरीर पर पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के ठोका चुरामन गांव निवासी गौरव तिवारी उर्फ गुड्डू, अजय तिवारी, कृप पासवान, कृष्ण पांडेय, अनुज तिवारी के खिलाफ बीएन एस की गंभीर धाराओं में केस दर्ज की है। संवाद

# दो को चोर समझ पुलिस को सौंपा

सोहनपुर । बनकटा थाना क्षेत्र के सोहनपुर ग्राम सभा में ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार की रात दो युवकों को विद्युत मोटर चोर जानकर उन्हें दौड़ा कर पकड़ लिया और पूछताछ के बाद शुक्रवार को पुलिस को सौंप दिया ।

चर्चा है कि दोनों ने सोहनपुर बाजार से कई साइकिलें पिटाई के भय से चुराना स्वीकार कर एक साइकिल स्थानीय बाजार के एक कबाड़ की दुकान से बताने पर बरामद कराया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि दो युवकों को पुलिस पकड़ कर लाई है। उनसे पूछताछ की जा रही है। संवाद

# टेम्पो चालकों को शहर में आने से रोका तो जाम कर दी सड़क



आटो चालको को रोककर समझाते टीएसआई। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**देवरिया।** शहर में देहात क्षेत्रों से आने वाले टेम्पो व ई-रिक्शा चालकों पर यातायात विभाग नकेल कसना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में कसया की तरफ से सुभाष चौक पर आ रहे एक टेम्पो चालक को यातायात पुलिस ने मालवीय रोड बाइपास पर रोक दिया। उसने कचहरी में मुकदमे के सिलसिले से जाने की बात कही।

इस पर भी नहीं जाने दिया तो उसने गुजर रहे अन्य टेम्पो व ई रिक्शा को रोकने की बात कही। कसया बाइपास के नीचे खड़े अन्य टेम्पो चालक आ गए। इसके बाद शहर के कसया रोड होकर देवरही मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते को जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने उन्हें समझा-बुझाया। इसी बीच टीएसआई भूपेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और चालकों से बात कही। कहा कि बाहरी टेम्पो व ई-रिक्शा का प्रवेश शहर में वंचित है। कसया की तरफ से आने वाले टेम्पो चालक रागिनी मोड़ पर अपनी सवारी उतारे व बैठाए। इसी बीच कोतवाल दिलीप सिंह भी मौके पर पहुंचे और चालकों से किसी प्रकार की दिक्कत होने पर सूचना देने की बात कही। टेम्पो चालकों का आरोप है कि इधर कोतवाल व टीएसआई के चले जाने के बाद रागिनी मोड़ पर मौजूद टैक्सी चालकों ने अन्यत्र सवारी बैठाने की बात कही है। टेम्पो चालकों ने टीएसआई से शहर के सुभाष चौक तक सवारी लेकर आने की अनुमति प्रदान करने की मांग की है।

# विसर्जन में नहीं बजेंगे अश्लील गाने

**रुद्रपुर।** कोतवाली परिसर में शुक्रवार को दशहरा और दुर्गा पूजा के त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने कहा कि त्योहार को लेकर आए शासन के गाइड लाइन का सबको पालन करना होगा। त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन संकल्पित है। दुर्गा पंडालों में कमेटी को सुरक्षा के इंतजाम करने होंगे।

तेज आवाज में डीजे नहीं बजेगा। डीजे पर अश्लील गाना नही बजना चाहिए। सड़क पर पंडाल नही लगेगा। किसी भी सूरत में आवागमन नही बाधित होना चाहिए। प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान शराब पीकर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

इस अवसर पर पूजा कमेटी के लोगो ने बिजली विभाग के लोगों को बसस्टैंड से लेकर खजुहा चौराहा और जमुनी चौराहा तक नंगा तार बदलकर केबिल का तार लगवाने की मांग की। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अनिल तिवारी,महेश वर्मा,रमेश गुप्ता,शिवहरि तिवारी,राजन चौधरी, ईओ नीतेश गौरव,कोतवाल आदि मौजद रहे।

# अधिनियम के अनुरूप कार्य करने के निर्देश

**देवरिया।** पुलिस लाइन देवरिया के प्रेक्षागृह में विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि ओम प्रकाश तिवारी डिप्टी लीगल एंड डिफेन्स काउसिंल देवरिया की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक का संचालन जय प्रकाश तिवारी, संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा किया गया। बैठक में थाना प्रभारी एएचटीयू राकेश सिंह के द्वारा एसजेपीयू के कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में अवगत कराया गया तथा किशोर न्याय अधिनियम के अनुरूप कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।

जय प्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा एजेंडावार समीक्षा बिन्दु पर चर्चा करते हुये जेजेएक्ट-2015, बाल-विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006, केन्द्रीय दत्तक ग्रहण अधिकरण 'कारा' के माध्यम से बच्चो को गोद दिये जाने की प्रकिया के बारे में जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा विकसित एक युद्ध नशे के विरूद्ध जन जागरूकता कार्यक्रम हेतु प्रेरित किया गया। संवाद

# किशोरी ने जना मृत बच्चा, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया/बरियारपुर।** क्षेत्र के एक अस्पताल में शुक्रवार को 17 साल की नाबालिग ने मृत बच्चे को जन्म दिया। नाबालिग के बच्चा पैदा करने की जानकारी पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

किशोरी के परिजनों के अनुसार, क्षेत्र का एक युवक दस माह पहले प्रेमजाल में फंसाकर किशोरी को भगा ले गया था। 10 दिन पहले पुलिस आरोपी युवक को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक नाबालिग का प्रेम प्रसंग मदनपुर थानाक्षेत्र के कोरिया गांव निवासी एक मन्नू बांसफोर (25) पुत्र शौखी से चल रहा था। बीते वर्ष नवंबर में युवक किशोरी को शादी करने का झांसा देकर भगा ले गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस अपहरण का केस दर्ज कर जांच कर रही थी। इसी

## पिछले साल नवंबर में शादी का झांसा देकर एक युवक पर भगा ले जाने का था आरोप

बीच एक माह पूर्व नाबालिग को थाना क्षेत्र के एक गांव से बरामद कर लिया। उस समय वह आठ माह की गर्भवती थी। उससे पूछताछ के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक की पहचान की। किशोरी ने बताया कि घर से फरारी के दौरान युवक ने कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। किशोरी के न्यायालय में दिए गए बयान के आधार पर पुलिस ने युवक पर पॉक्सो और दुष्कर्म की धाराएं बढ़ा दीं। दस दिन पूर्व आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया।

उधर, शुक्रवार को नाबालिग के पेट में दर्द होने पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां किशोरी ने एक मृत बच्चे को जन्म दिया।

# कीटनाशक दुकान से लिया सैंपल, जांच के लिए भेजा

## दुकान सील करने के बाद पुलिस की मौजूदगी में चाबी विक्रेता के भाई को सौंप दी

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया/पकड़ी बाजार।** जिले के रुद्रपुर विकास खंड में छापेमारी कर लौट रही पीपीओ से पकड़ी बाजार में छापेमारी के दौरान एक कीटनाशक दुकानदार ने बदसलूकी की थी।

इसके बाद दो पर मुकदमा दर्ज कराकर दुकान को सील करा दिया गया था। शुक्रवार को जिले से पहुंची टीम ने सील दुकान को खोलकर सात प्रकार के कीटनाशक के नमूने लिए। इसके बाद कीटनाशक, उर्वरक व बीज की सूची बनाकर पुनः दुकान को सील कर दिया। दुकान सील करने के बाद पुलिस की मौजूदगी में दुकान की चाभी विक्रेता के भाई को सौंप दी।

**टीम ने सील दुकान को खुलवाकर सात प्रकार के कीटनाशक के नमूने लिए**

20 सितंबर को जिला कृषि रक्षा अधिकारी इरम रुद्रपुर तहसील स्थित कीटनाशक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक जांच कर लौट रही थी।

जांच के दौरान पीपीओ इरम पकड़ी बाजार स्थित किसान कृषि सेवा केंद्र पहुंची और उपस्थित व्यक्ति से विक्रय किए जा रहे कीटनाशक के लिए आवश्यक कीटनाशक लाइसेंस एवं अन्य अभिलेखों की मांग की तो विक्रेता ने अभद्रता करते हुए बदसलूकी की। इसके विक्रेता तथा भीड़ का हिंसक बर्ताव देख कर पीपीओ ने तत्काल जिलाधिकारी कार्यालय एवं अन्य अधिकारियों को सूचित किया गया।

# बाइक लेकर भाग रहे चोर का चालान

**मदनपुर।** क्षेत्र के एक चौराहे पर बाइक लेकर भाग रहे चोर को ग्रामीणों ने दबोच लिया। जिसकी जमकर धुनाई भी कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस चोर को साथ थाने लाई थी। हालांकि पुलिस ने पकड़ाए चोर का शांतिभंग में चालान कर दिया। वहीं वाहन स्वामी द्वारा कार्रवाई न कराए जाने की बात सामने आ रही है।

बरांव चौराहे पर गुरुवार को दिन में करीब 11 बजे बाइक चुराकर भाग रहे एक शख्स को लोगों ने दबोच लिया। लोगों द्वारा जमकर खातिरदारी किए जाने की बात भी सामने आ रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस शख्स को भीड़ से छुड़ाकर थाने ले गई। जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। बताया जा रहा है कि बाइक स्वामी व किसान खेत में पानी चला रहे थे। मौका देखकर चोर बाइक लेकर भागने लगा। बाइक लेकर जाता देख गाड़ी मालिक पीछा करते हुए शोर मचाने लगे। जिसे लोगों ने चौराहे पर दबोच लिया। प्रभारी थाना निरीक्षक गोरखनाथ सरोज ने बताया कि बाइक स्वामी कार्रवाई नहीं चाह रहे थे। पकड़े गए शख्स का शांतिभंग में चालान कर दिया गया।

# चक्का जाम स्थगित कर एसडीएम को सौंपा पत्रक

## आक्रोश

बरहज, हिन्दुस्तान संवाद। जमीनों के मुआवजे को लेकर पूर्व विधायक के नेतृत्व में शुक्रवार को होने वाला चक्का जाम और धरना प्रदर्शन बारिश के कारण स्थगित हो गया। किसानों ने पूर्व विधायक स्वामीनाथ के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी अंगद यादव से मुलाकात किया और उन्हें पत्रक सौंप कर अपनी समस्याओ से रूबरू कराया।

गौरतलब है कि राम जानकी मार्ग निर्माण में ली गई किसानों की भूमि के प्रतिकर को लेकर पूर्व सपा विधायक स्वामी नाथ भाई ने एक सप्ताह पूर्व उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर किसानों के साथ तहसील के पास 27 सितम्बर को चक्का जाम व प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। लेकिन बारिश के कारण प्रदर्शन को रोक देना पड़ा। पी डब्लू डी द्वारा उपजिलाधारी के न्यायलय में कुछ दिन पूर्व पुरानी सड़क की भूमि पर अपना नामांतरण दर्ज कराने हेतु बाद दाखिल किया था परंतु एसडीएम के आदेश पर विभाग कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं करा पाया। इस मामले में उपजिलाधिकारी ने 30 सितम्बर फैसला सुनाने आश्वासन दिया है। उनके आश्वासन पर किसानों ने राहत की सांस ली। इस अवर पर संजय कुमार, अभिषेक कुशवाहा, प्रेमप्रकाश पांडेय,प्रभुनाथ कुशवाहा,धनई यादव, राजेश यादव,अभिनय सिंह, परमानंद यादव, सुरेश सोनकर, दिनेश सिंह, अरविंद जायसवाल,चंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

# बच्चों को शराब, गुटखा बेचा तो जाना पड़ेगा जेल

देवरिया, निज संवाददाता। विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) की बैठक शुक्रवार को पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में हुई। जिसमें बच्चों को शराब, गुटका और तम्बाकू बेचने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही दुकानों की बराबर मानिटरिंग किया जाए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के डिप्टी लीगल एंड डिफेन्स काउन्सिल के प्रतिनिधि ओम प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें थाना प्रभारी एएचटीयू राकेश सिंह के द्वारा एसजेपीयू के कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में जानकारी दिया। किशोर न्याय अधिनियम के अनुरूप कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। जय प्रकाश तिवारी ने कहा कि स्कूल कालेज, हास्टल के समीप शराब की दुकाने, लिकर, गुटका, तम्बाकू अन्य हानिकारक पदार्थो को बच्चों को बेचे जाने पर केस दर्ज किये जाने का प्राविधान है। बैठक में ब्रजेश नाथ तिवारी सदस्य किशोर न्याय बोर्ड के द्वारा विधि विरूद्ध बालको के बारे में जानकारी देते हुये कहा गया कि नियत समय पर तामिला कराया जाये तथा सोशल बैकग्राउण्ड रिपोर्ट समय से प्रस्तुत किया जाये। डा. संजय कुमार शर्मा उप मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा बच्चो के उम्र परीक्षण के बारे में जानकारी दिया गया। विवेकानन्द मिश्र के द्वारा बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत होने वाले बालकों एवं बाल कल्याण समिति के कार्यो के बारे में जानकारी दिया गया।

# दो हत्यारोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

खुखुन्दू। बाइक मांगने के विवाद को लेकर हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मामले में तीन नामजद व अज्ञात पर केस दर्ज हुआ था।

थाना क्षेत्र के मुंडेरा बुजुर्ग गांव में बुधवार की शाम बाइक मांगने की विवाद को लेकर अनिल पांडेय एवं गांव के अखिलेश सिंह के बीच विवाद हुआ था। विवाद में अखिलेश सिंह के साथ गए दोस्त संगम मल्ल की मारपीट के दौरान गंभीर रूप से घायल होने पर इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई थी। पुलिस ने संगम मल्ल के भाई श्याम बहादुर मल्ल की तहरीर पर तीन नामजद समेत कुछ अज्ञात पर केस दर्ज किया था। पुलिस ने शुक्रवार की सुबह आरोपी अनिल पांडेय उर्फ दीपू एवं पंकज पांडेय उर्फ आनंद पुत्रगण राम प्रकाश पांडेय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# महिला को पीटने और ठेला पलट तांडव मचाने वाले भेजे गए जेल

- पांचों मनबढ़ों पर हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस
- घायल महिला का मेडिकल कॉलेज में चल रहा इलाज

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। एक महिला की गुरुवार को नगर के सोहनाग मोड़ के समीप बेरहमी से पिटाई करते हुए कुछ लोगों ने एक ठेले का सारा सामान फेंक दिया गया। इस दौरान मनबढ़ों ने जमकर तांडव मचाया। मामले में पुलिस ने पांच के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओ में केस दर्ज करते हुए सभी को जेल भेज दिया। गंभीर रूप से घायल महिला का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के नगर स्थित सोहनाग मोड़ के समीप कुछ लोगों ने एक महिला की बेरहमी से लाठी डंडे से पिटाई कर दी। यही नही उन लोगों ने एक ठेले वाले का समान फेंक ठेला पलटते हुए करीब घंटे भर तांडव मचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस तांडव किये पांच लोगों को गिरफ्तार कर कोतवाली लेकर चली गई। वही गम्भीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी लाए, जहां उसकी हालत नाजुक देख डॉक्टर जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घायल महिला का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। घायल महिला के परिजनों के तहरीर पर पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के ठोका चुरामन गांव निवासी गौरव तिवारी उर्फ गुड्डू पुत्र रामजी, अजय तिवारी पुत्र रामध्यान, कृष पासवान पुत्र प्रेमचंद्र, कृष्ण पांडेय पुत्र जयप्रकाश, अनुज तिवारी पुत्र मनोज के खिलाफ बीएन एस की धारा हत्या के प्रयास 109, 115(2), 191(2) 333, 352, 351(3) के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार पांचों लोगों को जेल भेज दिया। कोतवाल टी जे सिंह ने बताया कि पांच लोग एक महिला को बेरहमी से मारे पीटे है। सभी ने शराब के नशे में नगर में काफी तांडव किया था। एक ठेले वाले का ठेला पलट दिया था। इन पांच अभियुक्तों के विरुद्ध केस दर्ज करने के बाद उन्हें गिरफ्तार के बाद जेल भेज दिया गया है।

KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-28-09-2024

# जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने किया स्वागत

जागरण संवाददाता, कुशीनगर: जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के प्रथम जनपद आगमन पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व प्रशासनिक अधिकारियों ने होटल पथिक निवास में माल्यार्पण कर व बुके देकर उनका स्वागत किया।

दो दिवसीय भ्रमण पर शुक्रवार को कुशीनगर आए मंत्री का जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, सांसद विजय कुमार दूबे, विधायक पीएन पाठक, डा. असीम राय, विवेकानंद पांडेय, सुरेंद्र कुशवाहा, विनय प्रकाश गोंड, मोहन वर्मा आदि ने स्वागत किया। डीएम विशाल भरद्वाज, एसपी संतोष मिश्र, सीडीओ गुंजन द्विवेदी, एडीएम वैभव मिश्रा सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया। गार्ड आफ आनर दिया गया।

एसडीएम पारितोष मिश्रा, तहसीलदार धर्मवीर सिंह, सीओ कुंदन सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद मिश्रा, दिवाकर मणि, नपा कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, निखिल उपाध्याय, संतोष सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, अनिल प्रताप राव, किरन सिंह, रुद्र प्रकाश सिंह, शुभम दीक्षित आदि ने उपस्थित रहे।

# साइबर ठग ने उड़ाए 24,511 रुपये, तहरीर

जासं, पटहेरवा : आनलाइन ऋण किश्त जमा कराने को लेकर एक साइबर ठग ने एक व्यक्ति से एक लिंक पर दो बार में 24,511 रुपये खाते से निकाल लिया। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पटहेरवा के पगरा पड़री निवासी दिलीप शर्मा ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि वह एक कंपनी से 75 हजार रुपये आनलाइन ऋण लिए थे। जिसका नियमित किस्त 7511 जमा कर रहा था। गुरुवार को उसके मोबाइल पर फोन आया कि वह कंपनी से बोल रहा है, उसके ऋण का सेटलमेंट किया जाएगा। उसने बताया कि 7511 रुपये किस्त व 17000 एक मुश्त जमा कर दें। उससे ऋण समाप्त हो जाएगा।

# दूसरे दिन भी एटीएस टीम ने जानकारी जुटाई

जासं, तमकुहीराजः नकली नोटों की खेप पकड़े जाने के बाद आतंक निरोधक दस्ता (एटीएस) ने दूसरे दिन शुक्रवार को भी तमकुहीराज पहुंची। पांच सदस्यीय टीम ने आरोपितों से जुड़ी जानकारी के लिए अलग-अलग लोगों से पूछताछ की तो उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि भी खंगाली। पुलिस के अधिकारियों से भी आवश्यक जानकारी लेने की बात कही जा रही है।

स्वतः संज्ञान लेकर जांच कर रही एटीएस गोरखपुर इकाई की टीम नकली नोटों की खेप पकड़े जाने के मामले से जुड़े साक्ष्यों के एकत्रित करने में लगी है। चर्चा है कि प्रभारी निरीक्षक से कुछ पूछताछ करने के बाद टीम ने तमकुहीराज कस्बे के कुछ दुकानदारों से भी जानकारी एकत्रित की। एटीएस इलाइची, लौंग, सुपारी आदि की तस्करी को सिलीगुड़ी व नेपाल से जोड़ कर देख रही है। नकली नोटों के साथ गिरफ्तार तस्करों के आतंकी कनेक्शन को ध्यान में रखकर भी मामले में आगे बढ़ रही है। टीम देर रात तक जांच-पड़ताल कर वापस लौट गई। शनिवार को जांच के लिए आने की बात कही जा रही है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले की एटीएस जांच कर रही है। इससे उनका आना-जाना लगा ही रहेगा। पुलिस कार्यालय जाने की कोई जानकारी मुझे नहीं है।

# साइबर अपराध से बचाव की दी गई जानकारी

जासं,पडरौना: साइबर जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को साइबर थाने की टीम ने नगर में छात्र-छात्राओं को विशेष जानकारी दी। क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप अजेय ने ने इंटरनेट बैंकिग, एटीएम, डेविड, क्रेडिट कार्ड, धोखाधड़ी से बचाव को लेकर सावधानियां बरतने को कहा गया। फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, वाटसएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राड, हनी ट्रेप होने के संबंध विस्तार से बताया। फोन काल के माध्यम से होने वाले फ्राड के संबंध में भी बताया गया। पालिसी, लाटरी का लालच, आनलाइन एप के माध्यम से सामान खरीदने व बेचने को लेकर सतर्क रहने को कहा गया।

# चोरी में दो को दो वर्ष की सश्रम कारावास



जागरण संवाददाता,पडरौनाः आपरेशन कन्विक्शन के तहत मानीटरिंग सेल ने प्रभावी पैरवी के माध्यम से शुक्रवार को जिले के दो थाना क्षेत्रों में हुई चोरी के मामले में दो चोरों को दो-दो वर्ष का सश्रम कारावास की सजा दिलाई है। आरोप सिद्ध होने पर विद्वान न्यायाधीश ने सजा के साथ एक अभियुक्त को चार हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में चल रहे इस मामले में नगर के सुभाष चौक पर बाइक चोरी करते रामकोला के उर्दहां मस्जिदिया टोला निवासी शमशाद अंसारी पकड़ा गया था। बचाव व अभियोजन पक्ष की दलीलों तथा साक्ष्यों के अवलोकन के बाद विद्वान न्यायाधीश ने दोषी करार देते हुए दो वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सजा दिलवाने में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह, विवेचक दारोगा देशराज सरोज, अमर सिंह व पैरोकार पुनीत बिंद का प्रयास सराहनीय रहा। इसी क्रम में फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या दो के न्यायालय में चल रहे चोरी के मामले में साक्ष्यों के आधार पर विद्वान न्यायाधीश ने दोषी करार देते हुए बिहार के गोपालगंज के राजापुर निवासी राजेश नट को दो वर्ष की सश्रम कारावास के साथ चार हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है। तमकुहीराज थाने में 2022 में चोरी का मुकदमा पंजीकृत हुआ था। अभियुक्त को सजा दिलाने में प्रभारी निरीक्षक तमकुहीराज अमित शर्मा, विवेचक दारोगा कपिल मुनि, पैरोकार लल्लन प्रसाद का सराहनीय योगदान रहा है।

# पदाधिकारियों को दें सम्मान, फोन उठाएं अधिकारी

- पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मान से नहीं किया जाएगा समझौता
- संगठन के दम पर ही भाजपा बनी सबसे बड़ी पार्टी



भाजपा कार्यालय में बैठक को संबोधित करते प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ● जागरण

जागरण संवाददाता, पडरौनाः समर्पित कार्यकर्ताओं की निष्ठा, सेवा, समर्पण और परिश्रम से भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन सकी है। कुशीनगर जनपद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कर्मस्थली है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि यहां के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सम्मान से समझौता नहीं होने दूंगा। अब पार्टी के पदाधिकारी फोन करेंगे तो अधिकारियों और थानाध्यक्षों को उठाना पड़ेगा। साथ ही पूरा सम्मान भी देना पड़ेगा।

यह बातें प्रदेश सरकार के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कही। वह शुक्रवार को प्रथम आगमन पर रवींद्रनगर स्थित भाजपा कार्यालय में परिचयात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता और सरकार में मंत्री होने के नाते मेरी कोशिश होगी कि केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाएं धरातल पर दिखें। सरकार की मंशा के अनुरूप पात्रों को योजनाओं का लाभ और कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान मिले। अगली बार आने पर पहले आप लोगों से मिलूंगा, उसके बाद प्रशासनिक बैठक में जाऊंगा। आपको ऐसा लगे कि कोई अधिकारी या कर्मचारी सरकार की मंशा के अनुरूप काम नहीं कर रहा है, जनहित के कार्यों में हीलाहवाली कर रहा है तो लिख कर दीजिएगा। संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई होगी। सदस्यता अभियान पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि कुशीनगर जनपद प्रदेश में पांचवें स्थान पर है। आप सभी का उत्साह बता रहा कि अपना जनपद प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करेगा। कहा कि भाजपा मूल्यों और विचारों की राजनीति करती है, कार्यकर्ता संस्कारित होते हैं। आप सभी विनम्रता के साथ जनता के बीच जाकर केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को बताकर सभी वर्ग के लोगों को पार्टी का प्राथमिक सदस्य बनाएं। सांसद विजय कुमार दूबे, विधान परिषद सदस्य डा. रतनपाल सिंह, विधायक विवेकानंद पांडेय, मनीष जायसवाल, पीएन पाठक, डा. असीम राय, सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, विनय प्रकाश गोंड, मोहन वर्मा ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने की व संचालन जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी ने किया।

पूर्व जिलाध्यक्ष व सदस्यता अभियान के जिला संयोजक लल्लन मिश्र ने आभार प्रकट किया। जिला पंचायत अध्यक्ष सावित्री जायसवाल, प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष नंदकिशोर मिश्र, जगदंबा सिंह, जेपी शाही, डा. प्रेमचंद मिश्र, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पांडेय, हरिशंकर राय, नगरपालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार

**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली पुलिस ने चोरी के सामानों के साथ शुक्रवार को एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जिले में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में कोतवाली पुलिस ने चोरी के मुकदमे में वांछित परवेज आलम पुत्र अफरोज निवासी शेखटोलिया जंगल बनवीरपुर पडरौना कोतवाली को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी किये 10 लीटर सरसो तेल, साइकिल एवं 16 सौ रुपये नगद बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी सिधुआ बाजार, एसआई दीपक सिंह, हे.कां. रामलाल, कां. हरीराम एवं विशाल सिंह शामिल रहे।

# हर पांचवें दिन पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़

■ **शैलेन्द्र मिश्र**

- **एसपी संतोष मिश्र के नेतृत्व में 56 दिन में हुईं 12 मुठभेड़**
- **घायल बदमाशों में सर्वाधिक 9 पशु तस्कर दो चोर व दो अपहर्ता**

**पडरौना, निज संवाददाता।** कुशीनगर जिले में हर पांचवें दिन पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो रही है। मौजूदा एसपी संतोष कुमार मिश्र के 56 दिन के कार्यकाल में अभी तक कुल 12 मुठभेड़ हो चुके हैं। इसमें 19 बदमाश पैर में गोली लगने पर घायल अवस्था में पकड़े गये जबकि एक बदमाश सुरक्षित पकड़ा गया। घायल बदमाशों में सर्वाधित नौ पशु तस्कर हैं जबकि अन्य में दो शातिर चोर एवं दो अपहर्ता शामिल हैं। इसके पूर्व एसपी धवल जायसवाल के 27 महीने के कार्यकाल में सर्वाधिक 115 मुठभेड़ का रिकॉर्ड है।

एसपी संतोष कुमार मिश्र ने जिले में बीते 31 जुलाई की देर रात को अपना कार्यभार ग्रहण किया था। अगले दिन यानी एक अगस्त को पुलिस अफसरों के साथ हुई परिचयात्मक बैठक में ही उन्होंने अपने सख्त तेवर का अहसास करा दिया।

इसके ठीक दो दिन बाद तीन अगस्त को हाटा कोतवाली क्षेत्र में उनके कार्यकाल का पहला मुठभेड़ हुआ, जिसमें दो पशु तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गये और एक तस्कर को सुरक्षित पकड़ लिया गया। मुठभेड़ का यह सिलसिला शुरू हुआ तो अभी भी लगातार चल ही रहा है। उनके 56 दिन के कार्यकाल में अभी तक पुलिस की बदमाशों के साथ कुल 12 मुठभेड़ हुए हैं। इसमें 19 बदमाश गोली लगने से घायल होने के बाद पकड़े गये जबकि एक अन्य बदमाश को सुरक्षित पकड़ लिया गया। घायल बदमाशों में सर्वाधित नौ पशु तस्कर हैं जबकि अन्य बदमाशों में दो शातिर चोर एवं दो अपर्हता शामिल हैं। ये वही अपहर्ता हैं जो रामकोला थाना क्षेत्र के गोबरही चौराहे से नर्तकियों का अपहरण कर रेप के आरोपियों में शामिल थे। मुठभेड़ में घायल पशु तस्करों में एक तस्कर जाली करेंसी मामले में भी 25 हजार का इनामी था। हर पांचवें दिन के अंतराल में हो रहे मुठभेड़ से विभिन्न अपराधों में शामिल बदमाश कांप उठे हैं। इसके पहले जिले में एसपी रहे धवल जायसवाल के 27 महीने के कार्यकाल में 115 मुठभेड़ का सर्वाधित रिकॉर्ड है, जिसमें 400 बदमाश पकड़े गये। इनमें 300 से अधिक बदमाश पैर में गोली लगने के बाद पकड़े गये थे। उनके कार्यकाल से ही जिले में सक्रिय बदमाशों में मुठभेड़ को लेकर हड़कंप मचा हुआ है।

# अलाउद्दीन भगोड़ा घोषित, इनाम घोषित करने की तैयारी

- डाक्टरों की डिग्री चुरा पैथोलाजी खुलवाने वाले गिरोह का है सरगना
- मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही फरार है जिले का जालसाज

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : डाक्टरों की डिग्री चुराकर फर्जी तरीके से पैथोलाजी खुलवाने वाले गिरोह के सरगना अलाउद्दीन को न्यायिक मजिस्ट्रेट ने शुक्रवार को भगोड़ा घोषित (गैर जमानती वारंट जारी) कर दिया। 17 मई, 2024 को गुलरिहा थाने में मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही कुशीनगर जिले का रहने वाला जालसाज फरार है। उसकी तलाश में विवेचक के साथ ही क्राइम ब्रांच की टीम छापेमारी कर रही है।

कुशीनगर जिले के तमकुहीराज में रहने वाला अलाउद्दीन 19 सितंबर को न्यायालय में समर्पण करने वाला था। इसकी जानकारी होने पर पुलिस ने घेराबंदी की तो वह कचहरी नहीं आया। सोमवार को उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसे वायरल फीवर है एक सप्ताह के भीतर न्यायालय में समर्पण कर देगा। एसएसपी के निर्देश पर गुलरिहा थाना पुलिस ने न्यायालय में गैर जमानती वारंट जारी करने के लिए अर्जी दी थी।

शुक्रवार को अर्जी पर सुनवाई करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अलाउद्दीन के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि जालसाज को न्यायालय ने भगौड़ा घोषित कर दिया है। उसके विरुद्ध इनाम घोषित कराने की तैयारी चल रही है।

### यह है मामला

फर्जी डिग्री मामले में अलाउद्दीन के साथ ही प्रयागराज के राम पांडेय के विरुद्ध गुलरिहा थाने में मुकदमा दर्ज है। दोनों आरोपितों की तलाश चल रही है। मेडिकल रोड स्थित जेमिनी अपार्टमेंट में रहने वाले डा. राहुल नायक की शिकायत पर गुलरिहा थाना पुलिस ने 17 मई को मुकदमा दर्ज किया था। वाराणसी व गाजीपुर के रहने वाले तीन आरोपितों को पुलिस ने इस मामले में जेल भेजा है। आरोपितों से पूछताछ व जांच में पता चला कि कुशीनगर जिले का रहने वाला अलाउद्दीन ही गिरोह का सरगना है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

### एटीएस की जांच में खुलेंगी रैकेट की कड़ियां,जाली नोट के मूल स्रोत का नहीं लगा सकी है पता

# आरोपियों की कॉल डिटेल से नेपाल कनेक्शन खंगालेगी एटीएस

**जाली नोट प्रकरण**

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** जाली नोट कांड में गिरफ्तार आरोपियों की मोबाइलों की कॉल डिटेल व बरामद सिम कार्ड की मदद से एटीएम (आतंक निरोधी दस्ता) की टीम नेपाल कनेक्शल खंगालेगी। गुरुवार के बाद शुक्रवार को दूसरे दिन तमकुही राज पहुंची एटीएम की टीम ने गिरफ्तार बदमाशों से बरामद सामानों की सूची देखने के बाद उनके मोबाइल नंबर, बरामद नेपाली सिम आदि के बारे में जानकारी हासिल की। पुलिस की जांच में अब तक सामने आयी कॉल डिटेल आदि की जानकारी हासिल की। इस आधार पर एटीएस जाली करेंसी के वास्तविक स्रोत का पता लगाएगी।

बड़ी मात्रा में जाली नोट के साथ पकड़े गए बदमाशों से काफी कोशिश के बाद भी स्थानीय पुलिस यह नहीं पता लगा पायी है कि आखिर इनके पास यह खेप आयी कहां से थी। इसके बाद डीजीपी के निर्देश पर मामले की जांच में एटीएस को लगाया गया है। गुरुवार को पहले दिन एटीएम की तीन सदस्यीय टीम ने तमकुही राज पहुंच कर मुकदमे से संबंधित तमाम रिकॉर्ड देखे थे। कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम से बात की थी। पकड़े गए बदमाशों की कुंडली आदि की जानकारी लेकर लौट गयी थी। शुक्रवार को फिर एटीएम की टीम तमकुहीराज पहुंची। प्रभारी निरीक्षक से वार्ता के बाद आरोपियों के मोबाइल नंबर व कॉल डिटेल आदि की पुलिस को अब तक मिली जानकारियां हासिल की।

माना जा रहा है कि कॉड डिटेल व आरोपियों के लैपटॉप से मिले डाटा के आधार पर एटीएम उनके नेपाल कनेक्शन का पता लगाएगी। पुलिस ने अब तक आरोपियों के बारे में जुटायी गयी सभी जानकारियां एटीएम से साझा कर दी हैं। पुलिस की जांच में अब तक नेपाल से मसालों की तस्करी में टैक्स चोरी, जाली नोटों का कानूनविरोधी धंधों मसलन विवादित जमीनों की खरीद फरोख्त व पशु तस्करी के धंधे में इस्तेमाल आदि सामने आयी हैं।

बीते 23 सितंबर को पुलिस ने तमकुही राज में छापेमारी सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मो रफी अहमद उर्फ बबलू खान पुत्र मो हनीफ निवासी तरया रोड थाना तमकुहीराज, सपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नौशाद खान पुत्र रियाजुल निवासी वार्ड नं 4 गांधी नगर तमकुहीराज, मो रफी अंसारी पुत्र अब्दुल करीम निवासी रकबा दुलमा पट्टी थाना सेवरही, औरंगजेब उर्फ लादेन पुत्र नूरमोहम्मद निवासी झड़वा थाना तरया सुजान, शेख जमालुद्दीन पुत्र स्व सरफुद्दीन निवासी वार्ड गांधीनगर थाना तमकुहीराज, नियाजुद्दीन उर्फ मुन्ना पुत्र सरफुद्दीन निवासी वार्ड नं 4 थाना तमकुहीराज, रेहान खान उर्फ सद्दाम पुत्र जामिल खान वार्ड नं 4 गुदरी मुहल्ला थाना तमकुहीराज, हासिम खान पुत्र हसन अली निवासी हरिहरपुर थाना तमकुहीराज, सेराज हशमति पुत्र सदीक अंसारी निवासी झड़वा थाना तरया सुजान व परवेज इलाही उर्फ कौसर अफरीदी निवासी वार्ड नं 4 थाना तमकुहीराज को गिरफ्तार किया था।

- गुरुवार के बाद शुक्रवार को भी तमकुही राज पहुंची एटीएस की टीम
- पुलिस के अलावा मामले में अलग से जांच में जुटी एटीएस की टीम

## सपा नेता कर रहे जाली नोट बांटने व बेचने का कृत्य



शलभ मणि,विधायक ।

राजापाकड़। देवरिया के सदर विधायक शलभमणि त्रिपाठी ने कहा कि कुशीनगर के तमकुहीराज में जाली नोट बांटने व बेचने जैसा देशद्रोही कृत्य सपा के राष्ट्रीय स्तर के नेता कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद सपा के लोग गांव गांव में अराजकता फैला रहे हैं। देवरिया विधायक शुक्रवार की सायं अपने पैतृक गांव दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत दुमही में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौटते समय बरवाराजापाकड़ के सीताराम चौराहे पर मीडिया से रुबरू थे। उन्होंने कहा कि कन्नौज में एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में सपा नेता नवाब सिंह यादव का नाम सामने आया। पीड़िता ने स्वयं वीडियो बनाकर साक्ष्य जुटाया। कार्यवाही हो रही है।

# सऊदी से 17 दिन बाद आया शव

**कुबेरस्थान।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बड़गांव टोला धर्मागर छपरा निवासी 45 वर्षीय व्यक्ति की सऊदी में हृदय गति रुकने से मौत होने के 17 दिन बाद जब शव गांव में पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिजन व पड़ोसी दहाड़े मार कर चिल्लाने लगे। क्षेत्र के ग्राम बड़गांव के धर्मागर छपरा टोला निवासी बिग्गू तिवारी 45 वर्ष पुत्र स्व. बांके तिवारी आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण दो माह पूर्व घर से सऊदी में नौकरी करने गया था।

# सिंडिकेट के सहयोगियों पर भी पुलिस की पैनी नजर

**फॉलोअप**

- असोम, बंगाल, बिहार एवं गुजरात तक फैला था बबलू के टैक्स चोरी का नेटवर्क
- जाली करेंसी मामले में पुलिस ने बढ़ाया जांच का दायरा, सिंडिकेट अन्य लोग भी रडार पर

तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद। जाली करेंसी कांड के मुख्य आरोपी रफी अहमद उर्फ बबलू के असोम, बंगाल, बिहार एवं गुजरात कनेक्शन की जांच भी स्थानीय पुलिस ने शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों की माने तो सेल्स टैक्स एवं जीएसटी चोरी कर रातों रात अमीर बने बबलू का टैक्स चोरी का नेटवर्क इन स्थानों तक फैला हुआ है। टैक्स चोरी से जाली करेंसी के सिंडिकेट के संपर्क में आए बबलू के सहयोगियों पर पुलिस की नजर है।

पुलिस रिकॉर्ड में तमकुहीराज कस्बा निवासी रफी अहमद उर्फ बबलू खान जाली करेंसी कांड का सरगना है। सेल टैक्स एवं जीएसटी चोरी कर करोड़ों की चल अचल संपत्ति बनाने वाला बबलू जाली करेंसी सिंडिकेट के संपर्क में कैसे व कब आया, जाली नोट कारोबार के तार कहां कहां जुड़े हैं, इस अवैध गतिविधि में कौन कौन लोग लिप्त हैं आदि बिंदुओं पर पुलिस की जांच का दायरा बढ़ गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रफी अहमद उर्फ बबलू खान वर्ष 2017 से जीएसटी चोरी व सेल टैक्स चोरी के धंधे में शामिल था। सिलीगुड़ी के दो कुख्यात ट्रांसपोर्टरों से रिश्ते को लेकर पुलिस ने अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है। रोजाना चार से पांच ट्रक छोटी इलायची की सप्लाई लेने वाला रफी अहमद उर्फ बबलू का नेटवर्क बीड़ी, तंबाकू, सुपारी, लवंग, चायपत्ती, काली मिर्च, जीरा व परचून सिंडिकेट में शामिल सेल टैक्स व जीएसटी चोरी का सिंडिकेट में फैला हुआ है। नेपाल एवं भूटान के व्यापारियों से लेकर सिलीगुड़ी, असोम, बंगाल, बिहार, राजस्थान एवं गुजरात के जीएसटी चोर सिंडिकेट में इसकी पैठ का पता चला है। गुजरात के एक व्यापारी से तंबाकू लेकर बंगाल एवं बिहार के दरभंगा भेजने वाले रफी अहमद उर्फ बबलू के गुजरात कनेक्शन को लेकर भी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस एक गोपनीय अभियान के तहत इससे जुड़े लोगों की कुंडलियां खंगाल रही है। सूत्रों की माने तो पुलिस की जांच पड़ताल में तमकुहीराज के दो युवकों के खाते से बड़े ट्रांजेक्शन के सुराग मिले हैं। दोनो युवक आरोपी रफी अहमद उर्फ बबलू के सभी लेनदेन की जानकारी रखते हैं। जांच में जुटी पुलिस की टीम इनके अलावे गिरफ्तार सभी आरोपियों की गतिविधियों, उनके आय के स्रोत, उनके मेली मददगार, उनके कार्यक्षेत्र आदि की बारीकी से जानकारी जुटा रही है। एटीएस के हस्तक्षेप के बाद सेल टैक्स एवं जीएसटी चोरी के सिंडीकेट एवं रफी अहमद उर्फ बबलू बबलू से जुड़े लोगो में हड़कंप की स्थिति है।

आरोपियों के कब्जे से 5 लाख 62 हजार के जाली नोट, जाली करेंसी से परिवर्तित की गयी भारतीय मुद्रा 1 लाख 10 हजार रुपये नगद, नेपाल राष्ट्र की 3 हजार रुपये मुद्रा नगद, 10 नाजायज तमंचे, 30 अदद जिंदा कारतूस, 12 फायरशुदा खोखा कारतूस, 4 सुतली देशी बम, अपराध में प्रयुक्त 13 मोबाइल फोन, 26 फर्जी सिम, 10 फर्जी आधार कार्ड, 10 एटीएम कार्ड व 8 लैपटॉप व अपराध में प्रयुक्त 2 लक्जरी चार पहिया वाहन बरामद किये गए थे।

# ऑनलाइन किस्त जमा करने के नाम पर 24 हजार की ठगी

पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद। ऑनलाइन किश्त जमा कराने की बात कर एक साइबर ठग ने एक व्यक्ति से एक लिंक पर खाते से दो बार में 24511 रुपये निकाल लिया। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पटहेरवा के गांव पगरा पड़री निवासी दिलीप शर्मा पुत्र अंबिका शर्मा ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि वह स्टास्फीन कंपनी से 75 हजार रुपये ऑनलाइन ऋण लिया था, जिसका नियमित किश्त ₹7511 रुपये जमा कर रहा था। गुरुवार को उसके मोबाइल पर फोन आया कि वह स्टास्फीन कंपनी से बोल रहा है। उसके ऋण का स्टास्फीन कंपनी द्वारा सेटलमेंट किया जायेगा। उस व्यक्ति ने कहा कि₹7511 रुपये किश्त व ₹17 हजार रुपये एक मुश्त जमा कर दे तो उसका ऋण समाप्त हो जायेगा। पीड़ित ने उस ठग द्वारा भेज गये लिंक पर₹7511 रुपये के अलावा 17 हजार रुपये भेज दिया। बाद में उस कंपनी से फोन आया कि आपके ऋण की किश्त अब तक जमा नहीं हुआ है। पीड़ित ने बताया कि वह ऋण का सेटलमेंट करा लिया है तो कंपनी के आपरेटर ने बताया कि तुम्हारे साथ किसी ने धोखाधड़ी कर लिया है। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को साइबर थाना भेज दिया है।

# पेड़ काटने पर वसूले एक लाख रुपये

**मथौली बाजार** । वन विभाग के हाटा रेंज की तरफ से मोतीचक ब्लॉक के सोनबरसा में बीते दिनों ग्राम पंचायत की भूमि के सागौन के दो पेड़ काटने के मामले में शुक्रवार को कार्रवाई की गई। आरोपियों से एक लाख रुपये जुर्माना वसूला गया।

बताया जा रहा है कि बीते दो सितंबर को ग्राम पंचायत सोनबरसा में सागौन के दो पेड़ काटकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से ले जाने की सूचना वन विभाग को मिली थी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर लकड़ी को सीज कर दिया।

साथ ही सोनबरसा निवासी आरोपी हरि सिंह पुत्र चंडी सिंह एवं सुधीर पुत्र सुरेंद्र के विरुद्ध अहिरौली बाजार थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। हाटा के रेंजर अमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार को दोनों आरोपियों से एक लाख रुपये जुर्माना वसूला गया। सागौन की लकड़ी राजकीय सम्पत्ति होने के कारण उसे जब्त कर लिया गया है।

पांच करोड़ पेनाल्टी, दो साल की मोहलत फिर भी हैंडओवर नहीं हुआ मेडिकल कॉलेज, कार्यदायी संस्था के जिम्मेदारों को किया तलब

# निर्माण कार्य की सुस्त गति पर बिफरे प्रभारी मंत्री

## निरीक्षण

पडरौना, निज संवाददाता। पांच करोड़ रुपये की पेनाल्टी और दो साल की मोहलत मिलने के बावजूद कार्यदायी संस्था मेडिकल कॉलेज का निर्माण पूरा नहीं करा पाई है। इस वजह से भवन हैंडओवर नहीं हो पा रहे हैं। जिले में पहली बार दौरे पर आए जिले के प्रभारी मंत्री ने मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के दौरान जब यह बात सुनी तो कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कार्यदायी संस्था के जिम्मेदारों को फाइल लेकर शनिवार को समीक्षा बैठक में पहुंचने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल के अन्य हिस्सों का निरीक्षण किया तथा मरीजों व तीमारदारों से चिकित्सकीय सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

जिले के प्रभारी मंत्री और राज्यमंत्री उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार की शाम को मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राचार्य डॉ. आरके शाही से निर्माण करा रही संस्था पीएसपी प्रोजेक्ट लिमिटेड से मेडिकल कॉलेज का निर्माण शुरू करने की तिथि तथा समय-समय पर मिले एक्सटेंशन की तिथि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। प्राचार्य ने बताया कि इस कॉलेज का निर्माण अप्रैल, 2021 में शुरू हुआ था। इसके पूर्ण होने की प्रथम तिथि अप्रैल, 2022 निर्धारित थी, लेकिन निर्माण कार्य पूर्ण न होने पर पेनाल्टी के साथ निर्धारित तिथि बढ़ाई गई। अभी तक दो बार में कुल 5 करोड़ रुपये की पेनाल्टी कार्यदायी संस्था पर लग चुकी है। यह निर्माण में देर होने के कारण लगी है। इस पर प्रभारी मंत्री ने मेडिकल कॉलेज से संबंधित फाइल शनिवार की समीक्षा बैठक में लेकर प्रस्तुत होने का संबंधित को निर्देश दिया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर जल्द हैंडओवर किए जाने का निर्देश दिया। प्रभारी मंत्री ने अस्पताल के वेटिंग एरिया में बैठे रोगियों एवं उनके परिजनों से मिलकर उनका हाल और सीट, बेड, दवाएं, डॉक्टर की उपस्थिति और अन्य चिकित्सकीय सुविधाओं के बारे में जाना।

मेडिकल कॉलेज में आयुष्मान कार्ड, चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टॉफ की उपलब्धता, अस्पताल में तैनातकार्मिकों की उपस्थिति आदि का जायजा लिया। उन्होंने टीएनटी कक्ष, एसएनसीयू, यूएसजी कक्ष, रेडियोलॉजी कक्ष, एमआरआई स्कैन, एक्स-रे कक्ष, ईसीजी कक्ष, कैजुअल्टी कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, माइनर ओटी, ओपीडी सेक्शन, जनरल सर्जरी आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था पीएसपी प्रोजेक्ट लिमिटेड के कर्मचारियों एवं अवर अभियंता से विद्युत कार्य, ड्रेनेज सिस्टम की सुविधा, टीचिंग स्टॉफ रूम, फायर व प्लंबिंग कार्य के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सांसद, सभी विधायक, सीडीओ, एडीएम, सीएमएस सहित अन्य लोग मौजूद थे।



शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज में मरीज से बात करते प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह।

### सुकरौली में भी प्रभारी मंत्री का हुआ जोरदार स्वागत

सुकरौली। जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का शुक्रवार को मुसलाधार बारिश के बीच जनपद की सीमा में प्रथम आगमन पर पर्यावरण प्रेमी व भाजपा नेता रविश सिंह की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुकरौली कस्बे में स्वागत किया। उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। इस दौरान भाजपा नेता राजेश गुप्ता, रविश, जटाशंकर यादव, सुरेश गुप्ता, रामप्रवेश कसौधन, सत्यनारायण गौड़, दुर्गेश बहादुर यादव, राममिलन यादव आदि मौजूद रहे।



शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय पर परिचयात्मक बैठक को संबोधित करते प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह व अन्य।

# कार्यकर्ताओं से तहजीब से बात करें अफसर

पडरौना, निज संवाददाता। अपने समर्पित कार्यकर्ताओं की निष्ठा, सेवा, समर्पण और परिश्रम से भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे लोकप्रिय और सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। कुशीनगर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रिय जिला है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि यहां के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं होने दूंगा। पार्टी के सभी कार्यकर्ता मेरे विभाग के मंत्री हैं। कल से पार्टी के पदाधिकारी जब फोन करेंगे, तब वहां के अधिकारी और थानाध्यक्ष, जी भाई साहब कहकर आपसे बात करेंगे।

ये बातें प्रदेश सरकार के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार और कुशीनगर के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहीं। वह शुक्रवार को रवींद्रनगर स्थित भाजपा के जिला कार्यालय में प्रथम आगमन पर परिचयात्मक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी का कार्यकर्ता और सरकार में मंत्री होने के कारण मेरी कोशिश होगी कि केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाएं समय से धरातल पर उतरें। सरकार की मंशा के अनुरूप सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिले तथा पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान मिले।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि मैं सबसे पहले कार्यकर्ताओं से मिलता हूं, फिर विचार परिवार के साथ बैठक करता हूं। तब प्रशासनिक बैठक में जाता हूं। अगली बार जब आऊंगा, तब सबसे पहले आप लोगों से मिलूंगा। आपको ऐसा लगे कि कोई प्रशासनिक अधिकारी या कर्मचारी सरकार की मंशा के अनुरूप काम नहीं कर रहा है, जनहित के कार्यों में हीलाहवाली कर रहा है तो लिख कर दीजिएगा, किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

बैठक को सांसद विजय कुमार दुबे, विधान परिषद सदस्य डॉ. रतनपाल सिंह, विधायक मनीष जायसवाल, पीएन पाठक, विवेकानंद पांडेय, डॉ. असीम राय, सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा, विनय प्रकाश गोंड और मोहन वर्मा ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय व आभार ज्ञापन पूर्व जिलाध्यक्ष व लल्लन मिश्र आदि मौजूद रहे।

### बारिश में भीगकर कार्यकर्ताओं से मिले प्रभारी मंत्री

पडरौना। प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह जनपद मुख्यालय पर आते समय बारिश में भीगकर इंतजार कर रहे कार्यकर्ताओं से मिले। कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया। कुशीनगर जिले का प्रभारी मंत्री बनाए जाने पर दिनेश प्रताप सिंह पहली बार दो दिवसीय दौरे पर आए। पडरौना ब्लॉक के प्रधान संघ के अध्यक्ष व भाजपा नेता मुकेश प्रताप सिंह ने अपने चौराहे धर्मपुर बुजुर्ग पर बारिश के बीच प्रभारी मंत्री का स्वागत किया।

### कुशीनगर में विधायक ने किया स्वागत

कसया। जिले के नवनियुक्त प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को भगवान बुद्ध की पावन धरा पर प्रथम आगमन पर कुशीनगर में विधायक पीएन पाठक ने सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। विधायक ने जिले के मानचित्र पर प्रकाश डाला। कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कार्ययोजना को भी प्रभारी मंत्री के समक्ष रखा। जिसपर प्रभारी मंत्री ने आश्वासन दिया कि सभी कार्ययोजना को देखकर पूरा किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मंत्री को फूल मालाओं से लाद दिया। मण्डल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, सन्तोष सिंह, जिला पंचायत सदस्य नितिश कुमार यादव संजीव कुमार दुबे विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह, अद्या पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह, बैरिस्टर भारती, संदीप जयसवाल कुन्दन दुबे, शुभम दिक्षित, राजकुमार यादव सुनील कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस को कोर्ट से मिला अलाउद्दीन के खिलाफ एनबीडब्ल्यू

# अलाउद्दीन को पुलिस ने घोषित कराया भगोड़ा

**फर्जी डिग्री प्रकरण**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। डॉक्टरों की फर्जी डिग्री मामले में फरार चल रहे अलाउद्दीन की गिरफ्तारी के लिए अब इनाम रखने की तैयारी शुरू हो गई है। इससे पहले शुक्रवार को सिविल कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित करते हुए उसके खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी कर दिया है। अलाउद्दीन पर गुलरिहा थाने में मई महीने में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया। तभी से वह फरार चल रहा है।

कुशीनगर जिले के तम्कुहीराज निवासी अलाउद्दीन 19 सितंबर को सरेंडर करने वाला था, इसकी सूचना पुलिस को पहले ही लग गई। इसके बाद उसे गिरफ्तार करने के लिए सिविल कोर्ट के चारों तरफ पुलिस और क्राइम ब्रांच टीम तैनात हो गई। भनक लगते ही अलाउद्दीन ने सरेंडर करने का इरादा बदल दिया था। सोमवार को उसने एक और प्रार्थना पत्र देकर वायरल फीवर होने का हवाला देते हुए कोर्ट से सात दिन के अंदर सरेंडर करने की मोहलत मांगी थी।

**19** सितंबर को सरेंडर करने वाला था कुशीनगर का अलाउद्दीन

**17** मई को अलाउद्दीन और राम पांडेय पर धोखाधड़ी का दर्ज कराया था केस

- फर्जी डिगी का मामले में गुलरिहा थाने से वांछित है अलाउद्दीन
- मई महीने में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया, चल रहा है फरार

### प्रयागराज, गाजीपुर व वाराणसी के भी हैं आरोपी

गुलरिहा थाने में डॉ. राहुल नायक की तहरीर पर 17 मई को कुशीनगर के अलाउद्दीन और प्रयागराज के राम पांडेय के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया था। इस केस में गुलरिहा पुलिस ने एक सितंबर को गाजीपुर के भुडकुड़ा थाना क्षेत्र के पदुमपुर मैगर राय निवासी बृजेश लाल, वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र के दीनापुर चिरईगांव निवासी ओमप्रकाश गौतम और वाराणसी के चौबेपुर इलाके के बराई निवासी दीपक विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

> फर्जी डिग्री में फरार चल रहे अलाउद्दीन पर कोर्ट से एनबीडब्ल्यू जारी कराया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगी हैं। बहुत जल्द इनाम घोषित किया जाएगा। – **अभिनव त्यागी**, एसपी सिटी

**प्रयागराज के राम का पता नहीं ढूंढ पाई पुलिस:** फर्जी डिग्री मामले में अलाउद्दीन के साथ ही प्रयागराज के राम पांडेय पर भी गुलरिहा थाने में केस दर्ज है। गुलरिहा थाने की एक पुलिस टीम प्रयागराज राम पांडेय को ढूंढने गई थी, लेकिन उसका पता नहीं लगा पाई। राम की तलाश के लिए पुलिस एक बार फिर प्रयागराज जाएगी। उसके घर का पता चलते ही राम पांडेय का भी पुलिस एनबीडब्ल्यू लेगी।

गुलरिहा के डॉ. राहुल नायक की डिग्री पर राम पांडेय प्रयागराज में डाग्यनोस्टिक सेंटर चला रहा था। एफआईआर लिखे जाने के बाद से ही वह फरार हो गया।

# फर्जी डिग्री प्रकरण : अलाउद्दीन भगोड़ा घोषित, पुलिस रखेगी इनाम

## पुलिस ने कोर्ट से लिया अलाउद्दीन के खिलाफ एनबीडब्ल्यू, गोरखपुर के गुलरिहा थाने से है वांछित

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर/कुशीनगर।** डॉक्टरों की डिग्री का फर्जी ढंग से इस्तेमाल करने के मामले में फरार चल रहे अलाउद्दीन को सिविल कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर दिया है।

कोर्ट ने उसके खिलाफ शुक्रवार को गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) भी जारी कर दिया। अलाउद्दीन पर गुलरिहा थाने में मई में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया था। तभी से वह फरार चल रहा है। पुलिस अब अलाउद्दीन पर इनाम रखने की तैयारी कर रही है।

कुशीनगर जिले के तमकुहीराज निवासी अलाउद्दीन 19 सितंबर को सरेंडर करने वाला था। इसकी सूचना पुलिस को पहले ही लग गई। इसके बाद उसे गिरफ्तार करने के लिए सिविल कोर्ट में पुलिस और



अलाउद्दीन। स्रोत- सोशल मीडिया

क्राइम ब्रांच टीम तैनात हो गई। इसकी भनक लगते ही अलाउद्दीन ने सरेंडर करने का इरादा बदल दिया। सोमवार को उसने एक और प्रार्थना पत्र देकर वायरल बुखार होने का हवाला देते हुए कोर्ट से सात दिन के अंदर सरेंडर करने की मोहलत मांगी थी।

**प्रयागराज के राम का पता नहीं ढूंढ पाई पुलिस :** फर्जी डिग्री मामले में अलाउद्दीन के साथ ही प्रयागराज के राम पांडेय पर भी गुलरिहा थाने में केस दर्ज है। गुलरिहा पुलिस की टीम प्रयागराज राम पांडेय को ढूंढने गई थी, लेकिन उसका पता नहीं लगा पाई। बताया जा रहा है पुलिस फिर प्रयागराज जाएगी।

उसके घर का पता चलते ही पुलिस एनबीडब्ल्यू के लिए कोर्ट में अर्जी देगी। गुलरिहा के डॉ. राहुल नायक की डिग्री पर राम पांडेय प्रयागराज में डॉयग्नोस्टिक सेंटर चला रहा था। एफआईआर लिखे जाने के बाद से ही वह फरार हो गया।

### गुलरिहा थाने में 17 मई को दर्ज हुआ केस

**गुलरिहा** थाने में डॉ. राहुल नायक की तहरीर पर 17 मई को कुशीनगर के अलाउद्दीन और प्रयागराज के राम पांडेय के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया गया था। इस केस में गुलरिहा पुलिस ने एक सितंबर को गाजीपुर के भुडकुड़ा क्षेत्र के पदुमपुर मैगर राय निवासी बृजेश लाल, वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र के दीनापुर चिरईगांव निवासी ओमप्रकाश गौतम और वाराणसी के चौबेपुर इलाके के बराई निवासी दीपक विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

*फर्जी डिग्री में फरार चल रहे अलाउद्दीन के मामले में कोर्ट ने एनबीडब्ल्यू जारी कर दिया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगी हैं। बहुत जल्द उस पर इनाम घोषित किया जाएगा।*

**- अभिनव त्यागी,** एसपी (सिटी)

# ऋण सेटलमेंट कराने के नाम पर 24 हजार ठगे

**उजारनाथ।** किस्त जमा कराने के नाम पर जालसाज ने दो बार में 24,500 रुपये खाते से उड़ा लिया। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित को पटहेरवा पुलिस ने साइबर थाना भेज दिया।

पटहेरवा थाना क्षेत्र के पगरा पड़री निवासी दिलीप शर्मा ने स्टास्फीन कंपनी से 75 हजार रुपये ऑनलाइन ऋण लिया था। इसकी किस्त 7,511 रुपये जमा कर रहे थे। बृहस्पतिवार को उनके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को स्टास्फीन कंपनी का वर्कर बताया।

उसने ऋण का कंपनी की ओर से सेटलमेंट करने की बात कही। जालसाज ने कहा कि 7,511 किस्त व 17,000 एकमुश्त जमा कर दें तो ऋण खत्म हो जाएगा। वह जालसाज के झांसे में आ गए और मोबाइल पर भेजे गए लिंक पर 24,500 रुपये दो बार में भेज दिया। बाद में कंपनी से किस्त जमा करने के लिए मैसेज आया। जब पीड़ित ने कंपनी के वर्करों को पूरी बात बताई। कंप्यूटर ऑपरेटर ने जांच कर बताया कि तुम्हारे साथ धोखाधड़ी हुई है। पीड़ित नतहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। संवाद

# पेड़ काटने पर एक लाख जुर्माना वसूला

**मंसाछापर।** वन विभाग के हाटा रेंजर ने मोतीचक ब्लाक के सोनबरसा ग्राम सभा में दो पेड़ सागौन काट कर ट्रैक्टर-ट्राली से लेकर जाते समय पकड़ लिया। अवैध तरीके से पेड़ की कटाई करने वालों से एक लाख जुर्माना वसूला। पिछले सप्ताह अहिरौली थाना के सहयोग से पकड़ी गयी ट्रेक्टर ट्राली पर दो पेड़ सागौन काट कर लादे गये थे, जिसे वन विभाग ने सीज किया था। वन विभाग ने हरि सिंह तथा सुधीर निवासी गांव सोनबरसा से जुर्माना वसूला गया। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

अदालत से

पडरौना। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सत्यपाल सिंह प्रेमी के न्यायालय ने दुष्कर्म के आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से युवक ने 24 दिसंबर 2023 को दुष्कर्म किया।

किसी से बताने पर उसे और उसकी मां को जान से मार देने की धमकी दी थी। पांच माह बाद किशोरी की तबीयत बिगड़ी तो परिजन डॉक्टर के पास ले गए। जांच में पता चला कि किशोरी पांच माह की गर्भवती है। घर वालों के पूछने पर किशोरी ने पूरी कहानी बताई। किशोरी के चाचा ने थाने में आरोपी दूधनाथ के खिलाफ केस दर्ज कराया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। आरोपी ने अधिवक्ता के माध्यम से शुक्रवार को जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया। कोर्ट ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी। संवाद

# लादेन जैसी दाढ़ी, मुख्तार जैसी मूंछ... जमने लगी धाक तो बढ़ती गई पूछ

## जाली नोट प्रकरण : गिरफ्तार औरंगजेब ने बिहार, असम और नेपाल तक जोड़ रखे थे कनेक्शन

संवाद न्यूज एजेंसी

कुशीनगर। जाली नोट मामले में गिरफ्तार औरंगजेब खान कुख्यात आतंकी ओसामा बिन लादेन जैसी बड़ी दाढ़ी और माफिया मुख्तार अंसारी जैसी घुमावदार मूंछ रखता है। बताया जा रहा है कि लादेन जैसे आतंकी और मुख्तार जैसे अपराधी का वह मुरीद है। उसने बिहार, असम से लेकर नेपाल तक अवैध धंधेबाजों से कनेक्शन जोड़ लिए थे। पुलिस की अब तक की जांच में औरंगजेब के भी देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के संकेत मिले हैं।


मुख्तार जैसी मूंछ के अंदाज में औरंगजेब । स्रोत - सोशल मीडिया


पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू के साथ औरंगजेब खान। स्रोत - सोशल मीडिया


मुख्तार अंसारी के साथ औरंगजेब खान उर्फ लादेन। स्रोत - सोशल मीडिया

औरंगजेब खान ने अपना उपनाम भी लादेन रखा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस के खुलासे में भी इसका जिक्र हुआ। सूत्रों के मुताबिक औरंगजेब ओसामा बिन लादेन को आइकन मानते हुए ऐसी गतिविधियों में शामिल हुआ। मुख्तार अंसारी के साथ औरंगजेब के फोटो भी वायरल हुए हैं। इसके बाद मुख्तार जैसी मूंछ और लादेन जैसी दाढ़ी रखने वाले औरंगजेब के खिलाफ जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है।

इसके पहले उसके नेपाल कनेक्शन मिले थे, क्योंकि उसने सोशल मीडिया पर विशेष मिशन के तहत नेपाल प्रवास का जिक्र किया था। औरंगजेब की फेसबुक वॉल पर बिहार के चर्चित माफिया रहे शहाबुद्दीन, मुख्तार और अतीक अहमद की मौत की पर पोस्ट भी है। औरंगजेब इन अपराधियों को केवल आइकन मानता था या उनके ग्रुप से भी उसके कनेक्शन थे, पुलिस इसकी भी जांच कर रही है।

### फर्जी डिग्री पर नौकरी का दर्ज हो चुका है केस

**तरयासुजान** थानाक्षेत्र के झड़वा के रहने वाले औरंगजेब उर्फ लादेन पर जाली नोट प्रकरण से पहले भी कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज थे। फर्जी प्रमाणपत्र पर उसने पंचायत मित्र की नौकरी हासिल की थी। जांच में मामला खुलने पर जेल भेजा गया था। वर्ष 2007 से राजनीति में सक्रिय हुआ। जब भी मौका मिलता करीबियों को भी फंसाने से नहीं चूकता। 2014-15 में तरया सुजान थाने में तैनात एक दरोगा के संपर्क में आया। दरोगा की जरूरतें पूरी करने लगा। थाने पर उसकी बैठकी जमने लगी। संबंध इतने प्रगाढ़ हुए कि दरोगा ने अपने परिचित परिवार में औरंगजेब की शादी करा दी। दरोगा जिले में जहां भी तैनात रहा, वहां औरंगजेब का आना-जाना रहता था। अन्य पुलिसकर्मियों से भी उसके संबंध बनते गए। इसके बाद वह थानों में पहुंचने वाले मामलों में बिचौलिए की भूमिका निभाने लगा। कूटरचित दस्तावेज बनाने में माहिर औरंगजेब फर्जीवाड़ा करके कई जमीन की खरीद-फरोख्त करा चुका है।

# जाली नोट के साथ पकड़ा जा चुका है बीडीसी सदस्य का पति

**कसया।** जाली नोट के धंधे में संलिप्त बीडीसी सदस्य का पति मुकेश राजभर बिहार प्रांत के मोतिहारी जिले में गिरफ्तार हो चुका है। गांव वालों में चर्चा है कि कहीं इसी गैंग से मुकेश भी तो नहीं जुड़ा है?

कसया थाना क्षेत्र के गांव मैनपुर के टोला डेलीहवा निवासी आर्केस्ट्रा संचालक मुकेश राजभर की पत्नी गांव की बीडीसी सदस्य है। मुकेश और संतकबीर नगर जिले का जमील अख्तर बिहार के मोतिहारी में जाली नोटों के साथ करीब छह माह पूर्व गिरफ्तार हुए थे। मुकेश को गांव के लोग उसे आर्केस्ट्रा संचालक और गायक के रूप में जानते थे। संवाद

# सम्मान समारोह के नाम पर दौरा... अंदरखाने करता था डील

## विभिन्न प्रदेशों में सम्मान समारोह में शिरकत की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करता था रफी

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** रफी खान उर्फ बबलू सुबह गुजरात में किसी सम्मान समारोह में शामिल होता था तो शाम को कुशीनगर के किसी सामाजिक कार्यक्रम में पहुंच जाता था। सूत्रों के मुताबिक सम्मान समारोह की आड़ में वह बड़े शहरों में नकली नोट, मसालों जैसे धंधे की डीलिंग करता था। इसके साथ ही सम्मान समारोह की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर वह अपने सामाजिक व राजनीतिक रसूख का प्रदर्शन भी करता रहता था।

14 सितंबर को वह गुजरात के एक सम्मान समारोह में गया था। वहां ट्रांसपोर्ट कंपनी के सम्मेलन में उसे सम्मानित किया गया था। वह बिहार तक कोयले के कारोबार के लिए जाता था तो दक्षिणी क्षेत्र का दौरा कर धंधे को गति देता था। सोशल मीडिया के जरिये रफी के अलावा उसके साथियों ने भी बड़ी पहुंच वाले शख्स के तौर पर छवि बना रखी थी। सपा की लोहिया वाहिनी से जुड़ा रफी खान उर्फ बबलू हो, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ से जुड़ा नौशाद खान हो या औरंगजेब खान उर्फ लादेन। सोशल मीडिया पर इन सबके फॉलोअर्स की तादाद बहुत बड़ी है। फेसबुक पर रफी के 14 हजार तो नौशाद और औरंगजेब को 10-10 हजार फॉलोअर हैं।



नगर पंचायत चुनाव में सपा उम्मीदवार रहे नियामतुल्लाह के साथ एक कार्यक्रम में रफी खान बबलू। स्रोत - सोशल मीडिया



उंझा में सम्मान प्राप्त करता रफी। उसकी फेसबुक पोस्ट के अनुसार कुछ ट्रांसपोर्ट कारोबारी भी आए थे। स्रोत- सोशल मीडिया





निशुल्क विधिक सहायता केंद्र का पोस्टर। स्रोत - सोशल मीडिया



असम के चाय बागान में रफी खान बबलू। स्रोत - सोशल मीडिया

### बॉर्डर पर पकड़े गए थे... दब गया था मामला

रफी खान उर्फ बबलू, औरंगजेब खान सहित अन्य आरोपियों ने अवैध धंधे से संपत्ति बनाई है। राजनीतिक रसूख के दम पर किसी भी बैरियर या चेकपोस्ट पर रोके जाने पर छूट जाते थे। कुछ दिन पहले सोनौली बॉर्डर पर भी इनके पकड़े जाने की बात सामने आ रही है। सूत्रों के मुताबिक तब अपने रसूख के दम पर ये छूट गए थे और मामला दब गया था।

## संपत्ति का ब्योरा जुटा रही पुलिस, गैंगस्टर की होगी कार्रवाई

**तमकुहीराज।** जाली नोटों के धंधेबाजों पर पुलिस गैंगस्टर की कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। आरोपियों का डोजियर तैयार किया जा रहा है।

पुलिस कार्रवाई को गोपनीय रख रही है ताकि प्रभावी कार्रवाई में कोई अड़चन न आए, हालांकि आरोपियों के घर पहुंची रही पुलिस को कोई पुरुष सदस्य नहीं मिल रहा है।

### करीबियों की आवाजाही, आवास पर अंधेरा

तरया रोड स्थित खान कांप्लेक्स में रफी खान बबलू का परिवार रहता है। रफी खान बबलू जितने दिन घर रहता वहां रौनक रहती थी। जश्न के मौके की तलाश रहती थी। सूत्र बताते है परिवार के लोगों सहित रिश्तेदारो, करीबियों, गुर्गों तक के खास दिनों का उत्सव खान कांप्लेक्स में मनाया जाता रहा है। लग्जरी गाड़ियों व करीबियों का जमावड़ा लगा रहता था। रफी के जेल जाते ही माहौल बदल गया है। परिवार और पार्टी से जुड़े करीबी लोग ही आ-जा रहे हैं। अन्यथा मुख्य दरवाजा बंद ही रह रहा है। घर की लाइटें रात में भी नहीं जल रही हैं।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू से पूछताछ के लिए अभी तक पुलिस की नोटिस नहीं पहुंचा है। संवाद

# सपा के राष्ट्रीय स्तर के नेता कर रहे जाली नोट बांटने व बेचने का कृत्य : शलभ

गुरवलिया बाजार/कुशीनगर। देवरिया सदर विधायक शलभमणि त्रिपाठी ने कहा कि तमकुहीराज में जाली नोट बांटने व बेचने जैसा देशद्रोही कृत्य सपा के राष्ट्रीय स्तर के नेता कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद सपा के लोग गांव-गांव में अराजकता फैला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जब-जब सपा को ताकत या ऊर्जा मिली है तब तब उसने प्रदेश को अराजकता की आग में झोंकने का प्रयास किया है। वह शुक्रवार को अपने पैतृक गांव दुदही ब्लॉक के ग्राम पंचायत दुमही में एक निजी कार्यक्रम से लौटते समय

## तमकुहीराज के जाली नोट कांड पर जताई चिंता

बरवाराजापाकड़ के सीताराम चौराहे पर मीडिया से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि कन्नौज में एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में सपा नेता नवाब सिंह यादव का नाम सामने आया।

पीड़िता ने स्वयं वीडियो बनाकर साक्ष्य जुटाया। कार्यवाही हो रही है। अयोध्या में एक अनुसूचित के साथ दुष्कर्म के मामले में सपा नेता मोइन खान का नाम सामने आया वहां भी सरकार कड़ी कार्रवाई की गई। संवाद

# जाली नोट के स्रोत और आतंकी कनेक्शन खंगाल रही एटीएस

संवाद न्यूज एजेंसी

## दूसरे दिन भी एटीएस ने की जांच, एसपी कार्यालय से थाने तक खंगाले रिकॉर्ड

कुशीनगर। नेपाल की सीमा नजदीक होने के चलते कुशीनगर पुलिस के साथ जाली नोट प्रकरण में अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन आशंका में एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) की टीम ने तफ्तीश शुरू कर दी है।

बृहस्पतिवार को पूरे दिन जांच के बाद शुक्रवार की शाम तक जिले में एटीएस की टीम जमी रही और तमकुहीराज इलाके में जानकारी जुटाई। देर शाम सीडीआर और अन्य सबूत लेकर गई रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि एटीएस जाली नोट के स्रोत और उसके आतंकी कनेक्शन जांच रही है।

नकली नोट प्रकरण में जिले की पुलिस की जांच जारी है। माना जा रहा है कि एनआईए (राष्ट्रीय जांच अभिकरण) की टीम भी जल्द ही आ सकती है। बृहस्पतिवार को एटीएस ने इस मामले में जानकारी जुटाई। तमकुहीराज थाने से अपराधियों के रिकॉर्ड खंगाल कर साथ ले गई। टीम पकड़े गए आरोपियों के कनेक्शन भी खंगाल रही है।

बताया जा रहा है कि एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश खुद पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। डीजीपी को एक-एक जानकारी दी जा रही है। वहीं कुशीनगर पुलिस टीम अन्य जिलों की पुलिस के साथ सामंजस्य बनाकर मामले के पर्दाफाश में लगी हुई है।

बंगाल, बिहार और नेपाल तक फैले कनेक्शन के चलते पुलिस पड़ोसी प्रांत के साथ सामंजस्य बनाकर तो चल ही रही है जांच के लिए कुशीनगर पुलिस अनुमति लेकर नेपाल भी जाएगी।

# महिला को पीटने वाले तीन लोगों पर केस

**कसया।** नगरपालिका परिषद के मणिपुरम वार्ड निवासी रहने वाली देवी पत्नी केश्वर प्रसाद चौराखास थाना क्षेत्र के रहसू जुनाबी पट्टी गांव के अरविंद सिंह के घर काम करती थी। आरोप है कि वहां से वह दस हजार रुपये उधार ली थी। इसके एवज में 18 हजार रुपये दे चुकी थी। आरोपी और ब्याज मांग रहे थे। नहीं देने पर पिटाई की। पीड़ित महिला ने सीओ को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। महिला की तहरीर पर अरविंद समेत तीन लोगों पर केस दर्ज कर लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक चंद्र भूषण प्रजापति ने बताया है कि महिला के तहरीर केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-28-09-2024

# आपस में भिड़े सभासद, दोनों पक्षों ने थाने में दी तहरीर

जासं, महराजगंजः नगर पंचायत चौक के ठेकी चौराहे पर दो सभासदों में जमकर मारपीट होने का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों ने चौक थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इसका वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। दैनिक जागरण वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

नगर पंचायत चौक क्षेत्र के एक सभासद ने तहरीर में बताया कि वह नगर निकाय में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच की मांग कर रहे हैं, जिससे कुछ लोग खुन्नस खाए हुए हैं। 27 सितंबर को वह दोपहर बाद 3.15 बजे के करीब अपने घर पर बैठे थे इसी बीच सभासद अपने भाई और एक कर्मचारी के साथ आए और मारने पीटने लगे। घटना को देख स्वजन बचाने आए तो आरोपित सभासद और उसके साथियों ने परिवार के सदस्यों पर भी हमला बोल दिया। पत्नी के साथ अभद्रता की और पिता को भी पीटा। जबकि दूसरे पक्ष के सभासद ने तहरीर में बताया कि आरोपित सभासद द्वारा फेसबुक पर मेरे विरोध में उल्टा सीधा टिप्पणी की जाती है। इस संबंध में चाचा को पूरी बात बताई, तो उन्होंने आरोपित सभासद के पिता से वार्ता की। इसके बाद आरोपित सभासद के पिता ने उन्हें घर पर वार्ता के लिए बुलाया। जैसे ही वह लोग पहुंचे घर में खींचकर मारने पीटने लगे। सूचना पाकर स्वजन बचाने पहुंचे तो आरोपितों ने उन्हें भी मारा पीटा। थानाध्यक्ष शैलेन्द्र शुक्ला ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है, जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

# गैस सिलेंडर में लगी आग को पुलिसकर्मियों ने बुझाया

स◌ंपतिहा : गोरखपुर–सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पास चंडीथान चौराहे के समीप गुरुवार की रात ट्रक चालक द्वारा खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लग गई। घबराकर चालक ने गैस सिलेंडर को रोड पर जलता हुआ फेंक दिया और भाग निकला। जिससे सड़क पर भगदड़ मच गई। मौके पर पहुंचे संपतिहा चौकी प्रभारी विजय यादव व अन्य पुलिसकर्मियों ने सूझबूझ के साथ गैस सिलेंडर में लगी आग को बुझा दिया। (जासं)

# चीनी बरामदगी में राजस्व व पुलिस विभाग आमने-सामने

जासं, खनुआ : सोनौली कोतवाली क्षेत्र के खनुआ गांव में मंगलवार की देर शाम तस्करी की चीनी पकड़े जाने के मामले में राजस्व व पुलिस विभाग में मतभेद गहरा गया है। पुलिस विभाग के अनुसार 25 सितंबर को खनुआ गांव के पश्चिम बागीचा में खनुआ चौकी प्रभारी अभय कुमार उपाध्याय व एसएसबी के 66 वीं बटालियन के उप निरीक्षक अन्गुलेप्चा के नेतृत्व में 33 बोरी तस्करी की चीनी बरामद की गई। वहीं नायब नायब तहसीलदार सौरभ कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 40 बोरी चीनी बरामद कर गोदाम सील किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि 24 सितंबर को खनुआ गांव में चार कथित गोदामों पर प्रशासन ने ताला लगाया है और तस्करी के चीनी की बड़ी बरामदगी की है। वहीं, गांव में पहुंचे दोनों विभागों के दावों की मानें तो दो दिन में 73 बोरी तस्करी की चीनी बरामद की गई है। गोदाम भी सील हैं। ऐसे में आंकड़ों में अंतर को लेकर सवालों का बाजार गर्म है।। सोनौली थानाध्यक्ष अंकित सिंह ने बताया खनुआ से पुलिस व एसएसबी ने 33 बोरी ही तस्करी की चीनी बरामद किया है।

# महिला प्रधान से मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

जासं, घुघली: न्यायालय के आदेश पर घटना के चार माह बाद घुघली पुलिस ने थाना क्षेत्र के घुघली बुजुर्ग की महिला ग्राम प्रधान कुसुमावती देवी एवं उनके पुत्र कमलेश कुमार से गाली-गलौज और मारपीट करने के मामले में गांव के आठ व्यक्तियों के विरुद्ध एससीएसटी एक्ट एवं अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घटना बीते 18 मई की शाम छह बजे की है। पीड़ित घुघली बुजुर्ग की महिला ग्राम प्रधान कुसुमावती देवी घुघली कस्बे से बाजार कर घर वापस लौट रहीं थीं इसीबीच चुनावी रंजिश को लेकर रास्ते में गांव के ही दीनानाथ मद्धेशिया उन्हें अपशब्द कहने और धमकी देने लगे। मना करने पर मारने- पीटने लगे। थानाध्यक्ष रामचरन सरोज ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर सभी आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# तस्करी व अपराध पर रोकथाम के लिए जांच व निगरानी बढ़ाएं : एसपी

जासं, ठूठीबारी : आगामी त्योहार को लेकर पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने ठूठीबारी स्थित भारत-नेपाल सीमा का जायजा लेते हुए संबंधित सुरक्षा एजेंसियों को दिशा निर्देश दिया। स्थानीय कोतवाली, एसएसबी के जवानों के बीच सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। बार्डर भ्रमण के दौरान एसएसबी एवं पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से वार्ता कर तस्करी व अपराध के रोकथाम के लिए नियमित पैदल गश्त करने तथा संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक चैकिंग व वाहनों की प्रभावी चेकिंग पर जोर दिया। एसपी ने ठूठीबारी कोतवाली का औचक निरीक्षण भी किया गया।



ठूठीबारी सीमा का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ● जागरण

# बृजमनगंज पहुंचा नेपाली बालक

**बृजमनगंज।** बृजमनगंज कस्बे के कोल्हुई तिराहे पर शुक्रवार को एक आठ वर्षीय नेपाली बालक को देखा गया। वह भटककर यहां पहुंच गया था। कस्बे के निवासी फल की दुकान चलाने वाले हैदर अली ने बालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम चंदू पुत्र सद्दाम और मां का नाम शाकिर खातून पता हनुमानगढ़ चौराहा नेपाल निकट बढ़नी रेलवे स्टेशन बताया। यह सूचना फल विक्रेता हैदर ने फौरन बृजमनगंज पुलिस को दी।

# पंचायत के दौरान सभासदों में मारपीट

**चौक बाजार।** नगर पंचायत चौक में शुक्रवार को दो सभासदों के बीच पंचायत के दौरान मारपीट हो गई। घटना तब हुई जब सोशल मीडिया पर हुए वाद-विवाद के बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया था, जिसके चलते एक सभासद के घर पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत शुरू होते ही दोनों सभासदों में विवाद बढ़ गया और बात मारपीट तक पहुंच गई। दोनों पक्षों ने थाने में एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शुक्ल ने बताया कि मामला जानकारी में है। मामले की जांच की जा रही है।

# अभियान चला 34 आरोपियों को पकड़ा

**कार्रवाई**

**महराजगंज, निज संवाददाता।** एसपी सोमेंद्र मीना के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में महराजगंज जिले की पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। इस अभियान के तहत पुलिस ने धारा 170 बीएनएस के तहत 34 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान किया। इसके साथ ही, उन्हें भारी भरकम जमानत मुचलका से पाबंद भी किया गया, जिससे वे दोबारा अपराध करने से रोके जा सकें।

पुलिस कार्यालय के मीडिया सेल के अनुसार जनपदीय पुलिस ने 34 एक्ट के तहत आठ लोगों के खिलाफ धारा 110 जी में कार्रवाई की। इसके अतिरिक्त 25 अन्य आरोपियों के खिलाफ भी कानूनी कार्यवाही की गई। जिले भर में विभिन्न अपराधों में कुल 33 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिससे अपराधियों पर शिकंजा कसने में पुलिस को सफलता मिली है।

भिटौली पुलिस ने विशेष रूप से विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने के मामले में साजिद उर्फ डब्लू पुत्र अहमद, निवासी डेरवा के खिलाफ गुण्डा अधिनियम के तहत केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है। एसपी सोमेंद्र मीना ने बताया कि जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। इसके तहत जिले के सभी थानों को निर्देश जारी किए गए हैं कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ बिना किसी ढिलाई के कड़ी कार्रवाई की जाए।

इस अभियान के तहत सभी थानों की पुलिस निरंतर सक्रियता से काम कर रही है और अपराधियों पर शिकंजा कस रही है, जिससे जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे। एसपी ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा, जिससे जिले में कानून और व्यवस्था को मजबूती मिले।


हिन्दुस्तान
क्लासीफाइड

# मारपीट के मामले में एक पर मुकदमा दर्ज

**नौतनवा।** कस्बे के विष्णुपुरी निवासी पन्नालाल की शिकायत पर पुलिस ने मोहल्ले के ही एक व्यक्ति पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। शिकायतकर्ता पन्नालाल का आरोप है कि वह बीते 23 सितंबर की शाम करीब आठ बजे वह अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में मोहल्ले का ही रहने वाला सुरेश अचानक उसके ऊपर हमला कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी देने लगा। किसी तरह वह जान बचाकर वहां से भाग निकला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।



सोशल मीडिया पर तस्करी का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है।

# सोशल मीडिया पर तस्करी का वीडियो हो रहा वायरल

**खनुआ, हिन्दुस्तान संवाद।** भारत-नेपाल सीमा पर हो रही तस्करी का सोशल मीडिया पर एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो की चर्चा जोरों पर चल रही है। हालांकि इस वीडियो की सत्यता की हिन्दुस्तान पुष्टि नहीं करता।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में तिनाऊ नदी को पार करके तस्कर सिर पर बोरा लेकर नेपाल की तरफ जाते दिख रहे हैं। वीडियो में चीनी व चावल तस्करी का मामला उजागर हो रहा है। भारत-नेपाल सीमा का यह वीडियो तिनाऊ नदी का बताया जा रहा है। तिनाऊ नदी नेपाल के मकरी गांव से लेकर भारत के आराजी सरकार उर्फ बैरिहवा गांव तक भारत-नेपाल सीमा को दर्शाता है। कुछ लोगों का कहना है कि यह वीडियो सुंडी घाट के तिनाऊ नदी का है, जिसमें लोग चीनी की तस्करी करते नजर आ रहे हैं। सीओ नौतनवा जयप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि तस्करी रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।



एसपी सोमेन्द्र मीना ने शुक्रवार को ठूठीबारी के अंतरराष्ट्रीय चेकपोस्ट की जांच की।

# एसपी ने अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर के चेकपोस्ट का लिया जायजा

**ठूठीबारी, हिन्दुस्तान संवाद।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने शुक्रवार को भारत-नेपाल अन्तराष्ट्रीय बार्डर के थाना ठूठीबारी और चेक पोस्ट का आकस्मिक निरीक्षण किया। अपराध रोकथाम, शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण एवं विवेचना व सभी तरह की पेंडेंसी खत्म करने के लिए थानाध्यक्ष व पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्यौहार नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा, दीवाली, छठ आदि के मद्देनजर क्षेत्र के अपराधी /एचएस की प्रॉपर चैकिंग कर शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय बार्डर थाना क्षेत्र ठूठीबारी के विभिन्न चेक पोस्टों का निरीक्षण किया। बार्डर पर प्रभावी चेकिंग व निरंतर पेट्रोलिंग करते रहने के लिए स्थानीय पुलिस व एसएसबी को निर्देशित किया।

**एंटी रोमियो टीम को सक्रिय करने का दिया निर्देश:** थाना ठूठीबारी में निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर, जीडी कार्यालय, आवासीय बैरक, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे, आइजीआरएस, कार्यालय, बंदीगृह, भोजनालय आदि का बारीकी से अवलोकन किया। थाने पर अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों को चेक किया। एंटी रोमियो टीमों को सक्रिय रखने और प्रतिदिन पैदल गश्त प्रतिदिन के सम्बन्ध संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

## थाने के बाद बॉर्डर का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

थाने का हवालात चेक करते हुए साफ-सफाई की स्थिति आदि का अवलोकन किया। आगामी त्योहारों नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा, दीवाली, छठ आदि के दृष्टिगत बीट आरक्षी, मुख्य आरक्षी को अपने अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा भ्रमणशील रहने व आमजन के शिकायतों का विधि के अनुसार समय से निस्तारण करने के लिए हिदायत दिया। ठूठीबारी थाना के निरीक्षण के बाद एसपी भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय बार्डर के विभिन्न चेक पोस्टों का निरीक्षण किया। बार्डर पर प्रभावी चेकिंग व निरंतर पेट्रोलिंग करते रहने हेतु स्थानीय पुलिस व एसएसबी को निर्देशित किया।

# बारिश में पहुंचे फरियादी एसपी ने सुनीं समस्याएं

महराजगंज, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने शुक्रवार को बारिश के बावजूद पुलिस कार्यालय पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित क्षेत्र के थानेदारों को निर्देशित किया। उन्होंने थानेदारों से कहा कि वे स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का समाधान गुणदोष के आधार पर करें ताकि पीड़ितों को उचित न्याय मिल सके।

पुलिस अधीक्षक ने जन सुनवाई और महिला हेल्प डेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाने के निर्देश दिए। जिससे पीड़ितों और शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से थाना छोड़कर पुलिस कार्यालय न आना पड़े। इससे स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं का समाधान हो सकेगा और लोगों को समय और मेहनत की बचत होगी। एसपी सभी प्रभारी निरीक्षक और थानेदारों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायतें थाना स्तर पर हल की जा सकती हैं।

उन्होंने कहा कि थानों में शिकायतों का समाधान जल्द से जल्द हो, ताकि फरियादी को बार-बार थाने और पुलिस कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके अलावा, महिला हेल्प डेस्क की प्रभावशीलता पर विशेष जोर दिया गया, ताकि महिलाओं से संबंधित शिकायतों का समाधान संवेदनशीलता और त्वरितता के साथ किया जा सके।

# पति सहित ससुराल वालों पर केस दर्ज

**महराजगंज।** नगर पालिका परिषद महराजगंज क्षेत्र की महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह किराए के मकान में रहती है। 15 सितंबर को ससुर उसके कमरे में आए और गलत कार्य के लिए जबरदस्ती करने लगे। विरोध पर धमकी देते हुए चले गए। इसकी जानकारी जब पति को दी तो उसने मुझे पुस्तैनी घर पर बुलाया। जहां पति, ससुर, जेठ, ननद व सास ने पिटाई कर मोबाइल तोड़ दिया। पुलिस ने पति, ससुर, जेठ सास व ननद के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाल मनोज कुमार राय ने केस दर्ज होने की पुष्टि की। संवाद

# फेसबुक पर अपशब्द लिखने के आरोप में केस

**महराजगंज।** जनपद के साइबर थाने में एक व्यक्ति के खिलाफ फेसबुक पर अपशब्द लिखने के आरोप में अभय कुमार विश्वकर्मा निवासी नगर पालिका परिषद सिसवा शाहू जी नगर की शिकायत पर इम्तियाज अहमद निवासी सिसवा शास्त्री नगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। तहरीर में शिकायत कर्ता ने कहा है कि वह सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व सभासद व वर्तमान में क्षेत्र पंचायत संघ का अध्यक्ष हैं। उनके फेसबुक पेज पर आरोपी व्यक्ति धमकी व गाली लिखता रहता है। पूछा तो जान से मारने की धमकी देने लगा। संवाद

# बुआ की भी जमीन हड़प चुका है प्रधान पति

## पीड़ित ने कहीं नहीं की शिकायत, कार्यकाल में भी जमकर मनमानी करता था कुंवारी सती का ग्राम प्रधान पति

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** क्षेत्र के कुंवारीसती गांव में एक बेसहारा महिला का पहले आशियाना उजाड़ा, फिर पति की मौत में मिले अनुदान की रकम हड़पने वाला प्रधान पति का धोखाधड़ी से गहरा नाता है।

सूत्रों की माने तो प्रधान पति इसके पहले सगी बुआ सहित कई लोगों को धोखे में रखकर लाखों रुपये की जमीन हड़प ली है। इतना ही नहीं प्रधान पति का गांव में सत्ता होने के चलते सरकारी योजनाओं में भी जमकर मनमानी की जा रही है।

प्रधान पति के एक करीबी की माने तो प्रधान पति तीन भाइयों में सबसे बड़ा है। एक दशक पहले प्रधान पति भाइयों से अलग होकर परिवार के साथ रहने लगा।

उसकी बुआ दुर्गावती की शादी गांव के ही टोला पकड़ीहवा निवासी भोली के साथ हुई थी। भोली थोड़ा मानसिक रूप से कमजोर है। बुआ के ससुर की मौत के बाद पूरी संपत्ति भोली के नाम हो गई। इसी बीच फूफा भोली की संपत्ति पर प्रधान पति की नजर पड़ गई।



27 सितंबर को प्रकाशित खबर।

फिर प्रधान पति ने बुआ को झांसे में लेकर फूफा के लिए रिक्शा खरीदा। उसके बाद धोखे में रखकर पूरी संपत्ति को अपने नाम करा लिया। बताया जा रहा है की वर्तमान में प्रधान पति की बुआ दुर्गावती पति भोली के साथ नंदलाल वर्मा के जर्जर मकान में गुजर बसर कर रही हैं। इतना ही नहीं करीब चार वर्ष पहले प्रधान पति ने ढेकाचे निवासी शक्ति कपूर को झांसे से लेकर दुठीबारी सड़क के पास स्थित जमीन का बैनामा करीब सात लाख उधार के तौर पर करा लिया।

मामले में पीड़ित की ओर से शिकायत करने और काफी प्रयास के बाद किसी तरह लगभग एक लाख रुपये लौटाया। इतना ही जिस भूमि पर प्रधान पति ने मकान का निर्माण कराया है वह भूमि भी गांव के ही रहने वाले रामलक्षण की थी।

उनकी भी पूरी जमीन हड़प लिया। रामलक्षण मजबूर होकर नेपाल चले गए। आगे बताया की प्रधान पति का वर्तमान में गांव में सत्ता है। गांव में आने वाली सरकारी योजनाओं में भी प्रधान पति की ओर से जमकर मनमानी किया जा रहा है।

गांव में तमाम पात्र लाभार्थियों के होने के बावजूद भी प्रधान पति की ओर से अपात्र पटीदारों में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दे दिया गया।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-28-09-2024

# एसपी ने की क्राइम मीटिंग

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन कर अपराध गोष्ठी की गयी। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा सैनिक सम्मेलन के उपरान्त आगामी त्योहार व जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु त कार्यवाही के संबंध में अपराध गोष्ठी की गयी । गोष्ठी के दौरान दुर्गापूजा-दशहरा-लक्ष्मी पूजा, 3 वर्षीय तुलनात्मक अपराध भादवि-अधि-एससी एसटी-महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित अपराध, सम्पत्ति सम्बन्धी अपराध लूट , चोरी,झपट्टामारी (चेन स्नेचिंग) के पंजीकृत अभियोगोंमें लम्बित विवेचना-पार्ट पीआई अभियोगों की समीक्षा की गयी। साथ ही गिरफ्तारी हेतु शेष वांछित अभियुक्तों, शेष पुरस्कार घोषित अपराधियों आदि की समीक्षा की गयी तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती-पुलिस उपाधीक्षक स्थानीय अभिसूचना इकाई, समस्त क्षेत्राधिकारी- समस्त थाना प्रभारी-समस्त शाखा प्रभारी-टीएसआई-परिवहन-मुख्य अगिशमन अधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक बस्ती मौजूद रहे।



# नमाज पढ़ने पहुंचे लोगों को पुलिस ने लौटाया

**कप्तानगंज (एसएनबी)।** महाराजगंज कस्बे में बिगत दिनों मदरसे के पीछे मस्जिद निर्माण के कारण के हुए विवाद के चलते प्रशासन द्वारा बिना अनुमति निर्माण करने अथवा नमाज पढने पर लगाई गये प्रतिबंध के बावजूद शुक्रवार को कुछ लोग वहा पहुंच गये। सूचना पर हुए सतर्क हुआ प्रशासन लोगों को वहां से वापस भेजकर शांत व्यवस्था कायम किया। गौर तलब है कि शब्बीर के देख-रेख में महाराजगंज कस्बे में चल रहे मदरसे के पीछे मस्जिद का निर्माण करा जा रहा था। सूचना पर भारी संख्या में लोंगों ने पहुंचकर निर्माण करने से मना किया पुलिस प्रशासन ने सूझ-बूझ के साथ मामले को सुलझाते हुए उक्त स्थल पर नवनिर्माण और नमाज पढने पर प्रतिबंध लगा दिया था। प्रतिबंध के बावजूद शुक्रवार को तमाम लोग विवादित स्थल पर नमाज पढने पहुंचे तो कस्बे में तनाव हो गया। लोगों की भीड़ इकट्ठा होने लगी। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर वहां से हटा दिया। प्रशासन द्वारा मौके पर प्रयाप्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। थानाध्यक्ष कप्तानगंज ने कहा कि विवादित जमीन पर नमाज पढने पहुंचे लोगों को तत्काल हटा दिया गया। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

# अराजक तत्वों ने अम्बेडकर की मूर्ति तोड़ी, प्राथमिकी

**बस्ती (एसएनबी)।** अराजकतत्वों ने लालगंज थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव में बनेडा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा कोक्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव निवासी फूलचन्द्र पुत्र हंसू ने पुलिस कोबताया कि अहिरौली ग्राम सभी मे स्थापित डा. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को अज्ञात अराजक तत्वों द्वारा तोड दिया गया। इस मामले में फूलचन्द पुत्र स्व. हंशू (पार्क अध्यक्ष )ग्राम अहिरौली थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती की शिकायत परधारा 298 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। एक अन्य समाचार के अनुसार भैंसा पांडेय गांव में नाली के विवाद कोलेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। इस मामले में भैसा पांडेय गांव निवासी रामशरन पुत्र लालसा की शिकायत पर गनेश पुत्र रामभेज , रमेश पुत्र रामभेज , रामभेज पुत्र हरिराम साकिनान भैसा पाण्डेय थाना मुण्डेरवा के विरुद्ध धारा 115 (2), 352,352 (2) ,127 (2),आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# बाइक चलाने को लेकर हुआ विवाद

**बस्ती (एसएनबी)।** रात में सड़क पर बाइक चलाने की बात कोलेकर विवाद हो गया। विवाद कहासुनी के बाद गाली तक जा पहुंचा तोकुछ लोगों ने युवक की पिटाई कर दी। मामले में कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार केविरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम रैपुरा जंगल टोला दीनपुरनिवासी गोविन्द पुत्र लवकुश चौधरी ने पुलिस को बताया कि बीती रात में सड़क पर बाइक चलाने की बात को लेकर विपक्षीगण द्वारा वादी को अकेला पाकर गाली गुप्ता दी गयी तथा मना करने पर पुनः गाली गुप्ता देते हुए मारा पीटा गया तथा हल्ला गुहार करने पर कुछ लोग आकर बीच बचाव किये एवं प्रतिवादीगण द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। इस मामले में गोविन्द पुत्र लवकुश चौधरी निवासी रैपुरा जंगल (दीनपुर) थाना कोतवाली जनपद बस्ती , राजूपुत्र रामरतन, अमित पुत्र राजू , रिंकू पुत्र अज्ञात , सूरज पुत्र अज्ञात निवासीगण रैपुरा जंगल टोला दीनपुर थाना कोतवाली के विरुद्ध धारा (115)2,352, 351 (2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# ग्राम प्रधान व सेक्रेट्री पर केस

**बस्ती (एसएनबी)।** वित्तीय अनियमितता के मामलेमेंजिले की कलवारी थाना क्षेत्र के पकड़ी छब्बर गांव की ग्राम प्रधान , ग्राम प्रधान पति व ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत किया है। कार्यवाही न्यायालय के आदेश पर की गयी है। पकड़ी छब्बर बफासला 1 किमी पूरब मनरेगा गाईड लाईन के विरूद्ध अभियुक्तगण द्वारा मनरेगा योजना के तहत रूपया 1,20000 से असलम के बाग से शोहरत के बाग तक खड़न्जा मरम्मत कार्य दर्शाकर वित्तीय अनियमतिता कर सरकारी धन के गबन कर लिया गया। न्यायालय केआदेश पर कुंवर ब्रह्मदेव उपाध्याय पुत्र गंगा सरन उपाध्याय साकिन कन्थुई थाना सोनहा जिला बस्ती की शिकायत पर तत्कालीन ग्राम प्रधान अर्चना देवी साकिन पकडी छब्बर थाना कलवारी जनपद बस्ती, सरोज कुमार चौधरी ग्राम पतिनिधि व पति साकिन पकडी छब्बर थाना कलवारी जनपद बस्ती, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी पकड़ी छब्बर थाना कलवारी जनपद बस्ती, रोजगार सेवक पकड़ी छब्बर थाना कलवारी जनपद बस्ती, अवर अभियंता मनरेगा,वि क्षेत्र-बहादुरपुर थाना कलवारी जनपद बस्ती, खण्ड विकास अधिकारी बहादुरपुर के अधिकारीगण थाना कलवारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# त्योहार में खलल डालने वालों पर होगी कार्रवाई

## जिला शांति समिति की बैठक

**बस्ती (एसएनबी)।** आगामी दुर्गा पूजा, दशहरा त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने सभी लोगों से मिलजुल कर भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की परम्परा को कायम रखने के लिए अपील किया। चेतावनी भी दिया कि त्योहार में खलल डालनेवालों को जेल भेजा जाएगा।

उन्होंने सभी नागरिकों को त्यौहार की बधाई देते हुए सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की भी अपील किया। उन्होंने स्वच्छता के संबंध में कहा कि साफ-सफाई हम सब की जिम्मेदारी है। बिजली की निर्बाध आपूर्ति, ढीले तारों को टाइट तथा लोकल फाल्ट तत्काल ठीक करने के लिए उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया है। प्रतिमा विसर्जन के लिए ले जाने वाले रास्तों का सुदृढ़ीकरण व समतलीकरण के लिए उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने



जिला शान्ति समिति की बैठक करते डीएम रवीश गुप्ता।

कहा कि प्रतिमा विसर्जन के लिए पिछले वर्षों की भांति सभी घाट पर आवश्यक व्यवस्था की जाएगी। पुलिस अधीक्षक कृष्ण गोपाल चौधरी ने निर्देश दिया कि सभी दुर्गा पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंडाल में सुरक्षा के लिए वालिंटियर रात में भी तैनात किए जाएं। उन्होंने अपील किया कि अफवाहोंपर ध्यान न दें तथा किसी प्रकार की सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि शासन से निर्देश प्राप्त हुआ है कि पांडाल तथा डीजे मानक के अनुसार ही संचालित किया जाए। रात्रि 10 बजे तक ही डीजे बजाया जाय।

एडीएम प्रतिपाल चौहान ने कहा कि पांडाल व विसर्जन मार्ग का समय से सत्यापन करा लिया जाय। सभी थानाध्यक्ष थानों पर संभ्रांत नागरिको के साथ बैठक कर लें और बैठक में उप जिलाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। बैठक के दौरान समस्याएं सामने आती है, तो उसका समय से निराकरण करे। बैठक का संचालन करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि मानकविहीन आवाज पाई जाती है तो डीजे संचालक के साथ-साथ दुर्गा मूर्ति आयोजन समिति के विरुद्ध भी एफआईआर कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि दुर्गा प्रतिमा स्थापना सुरक्षित स्थान पर करें ताकि ट्रैफिक बाधित न हो, आरती एवं पूजन के दौरान मुकम्मल सुरक्षा रखें ताकि आग लगने का खतरा न हो। इसके लिए प्रत्येक पंडाल में पानी एवं बालू की पर्याप्त व्यवस्था रखें।

सड़क पर गड्ढा न करें। बैठक में सीडीओ जयदेव सीएस, सीएमओ डा. आरएस दूबे, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहिद अहमद, उप जिलाधिकारी शत्रुघ्न पाठक, आशुतोष तिवारी, अधिशासी अभियंता विद्युत मनोज कुमार, डीपीआरओ रतन कुमार, समस्त क्षेत्राधिकारी पुलिस, थाना अध्यक्ष तथा समिति के सदस्य-नागरिक गण उपस्थित रहे।

# नकदी व सामान लेकर घर से किशोरी फरार

**बस्ती (एसएनबी)।** घर से पढ़ने केलिए स्कूल आने की बात कहकर अपने साथ घरका नकदी व कुछ सामान लेकर निकली दो किशोरियांफरार हो गयी। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। कोतवाली पुलिस को दिये तहरीर में परसाटूड़ी निवासी किशोरियों के परिजनों ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री अपनी सहेली उम्र करीब 16 वर्षके साथ घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी, वादी की पुत्री अपनी मां का मोबाइल व एक जोडी कपड़ा व 120 रुपया व आधार कार्ड तथा सहेली अपने साथ अपनी मम्मी की चैन 10-11 हजार रुपया दो सेट कपड़ा व आधार कार्ड लेकर घर से निकली थी। परन्तु स्कूल न पहुचने तथा वादी को शक होने कि कोई उन्हे बहला फुसलाकर लेकर चला गया। इस मामले में किशोरियों के परिजनों की तहरीर परधारा 137 (2), बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एक अन्य समाचार के अनुसार लालगंज थाना क्षेत्र के माधोपुर की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को बताया कि थाना क्षेत्र के गोनार गांव निवासी विक्रम यादव द्वारा महिला को शादी का झांसा देकर तीन वर्षो तक शारीरिक संबंध बनाया। बीते 14 सितम्बर को पीड़िता ने आरोपी के घर जाने पर शादी करने से मना किया गया और गालियां देते हुए मारपीट कर भगा दिया गया। इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर विक्रम यादव पुत्र लालमन यादव निवासी गोनार थाना लालगंज के विरुद्ध धारा 64 (2),318 (2),115 (2),352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्जकिया गया है।

# एएसपी ने थाना नगर का किया निरीक्षण



**बस्ती (एसएनबी)।** बीती रात्रि को अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती ओम प्रकाश सिंह द्वारा थाना नगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय,मेस,मालखाना, कार्यालय ,बैरक, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क व परिसर की साफ-सफाई एवं अभिलेखों के उचित रख-रखाव हेतु संबंधित को आवश्यकता दिशा-निर्देश दिया गया तथा लंबित विवेचनाओं को पूर्ण कर अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु समीक्षा की गयी ।

# 23 दिन से पहरा दे रहे ग्रामीण

**हर्रैया (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के समौडी और मरवट गांव में बिगत 1 सितंबर को हुई तीन चोरियों का पर्दाफाश न होने से दहशत जदा ग्रामीण विगत 23 दिनों से अलग-अलग टोली बनाकर रात भर गांव में गस्त कर रहे है। उक्त चोरी के बाद क्षेत्र के अन्य गांव भी चोरी की घटनायें होने के कारण ग्रामवासी रात में सो नहीं पा रहे हैं। गांव वालों का कहना है कि 1 सितंबर को दोनों गांव में चोरी होने बाद रात में लोग अपने-अपने घरो में सतर्कता बर्तना शुरू किया लेकिन उसके बाद बगल के गांव में भी चोरी हो गई तथा क्षेत्र मे अन्य चोरियों की भी घटना होने लगी। परिणाम स्वारूप समौडी गांव के लोगों ने बैठक कर अलग-अलग टीम बनाकर 4 सितंबर की रात से गस्त देना शुरू कर दिया। घटना के 26 दिन बाद भी चोरी का पर्दाफाश न होने से ग्रामवासी भयभीत हैं। गांव के राम सुमति मिश्र, राधा मोहन मिश्र, पटवारी मिश्र, गुड्डू मिश्र, रवीश मिश्र, विजय मिश्र, वेद प्रकाश मिश्र ,सचिन मिश्र, गोपाल, शिवा, प्रशान्त सहित गांव के अन्य लोग टीम बनाकर लाठी-डंडा और टार्च लेकर गांव और गांव के बाहर आने-जाने वाली रास्तां पर रातभर गस्त कर रहे हैं। गांव वालो का कहना है कि दूर-दराज के जिलो तथा अन्य प्रदेशों से दिन में फेरी लगाकर सामान बेचने वाले आते हैं। उनमें कुछ संदिग्ध दिखाई देते हैं। गांव वालों ने आसंका व्यक्त किया है कि ऐसे लोग दिन में सामान बेचने के बहाने रेकी करते है । हो सकता है रात में उन्हीं में से कुछ लोग चोरी जैसी अन्य घटनाओं को अन्जाम देते हो। गांव वासियों ने ऐसे संदिग्धों का बारीकी से जांच करने तथा चोरी की घटना का पर्दाफाश करने की मांग की है।



# नवीन सब्जी मंडी अवैध कब्जे की शिकार

**बस्ती (एसएनबी)।** स्थानीय गांधीनगर में साहू मार्केट के सामने व हड़िया चौराहा स्थित नवीन सब्जी व फल मंडी परिसर में अतिक्रमण नहीं हट पा रहा है। जबकि अतिक्रमण हटाने के लिए शहर मेंस्थानीय प्रशासन व मंडी निदेशक ने महीने भर पहले ही दिशा-निर्देश जारी किया था। इसके पीछे राजनीतिक दबाव और प्रशासनिक उपेक्षा बताई जा रही है। नगरपालिका परिषद अन्तर्गत गांधीनगर में पक्के बाजार मे अतिक्रमण हाबी है। बस्ती-गोरखपुर फोरलेन स्थित शहर के हड़िया चौराहा स्थित नवीन फल व सब्जी मंडी में लंबे समय से अतिक्रमण बना हुआ है। यहां दुकानदारों को सिर्फ दुकानें आवंटित की गई हैं। जबकि हर दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे पक्के चबूतरों का निर्माण व टिन शेड लगा रखा है और बैरिकेडिंग कर मुख्य मार्गो को अवरुद्ध कर रखा है। नतीजा यह होता है कि यहां पहुंचने वाली खरीदारों की भीड़ से भीषण जाम की स्थिति बन जाती है। सबसे बुरी स्थिति फल मंडी में हो चुकी है। यहां वाहन तो क्या पैदल भी निकल पाना मुश्किल हो जाता है। दो साल पहले मंडी समिति प्रशासन ने यहां अतिक्रमण हटवाया था लेकिन धीरे-धीरे फिर वही स्थिति बन चुकी है। इधर मंडी समिति के निदेशक ने सभी मंडी सचिवों की मीटिंग कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया और कब्जेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। अतिक्रमण हटवाने के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। इसके लिए अभियान जल्द चलाया जाएगा और अतिक्रमणमुक्त कराया जाएगा।





पुलिस लाइन सभागार में हुई क्राइम मीटिंग को संबोधित करते एसपी। • हिन्दुस्त

# अपराधियों पर लगाम लगाने के दिए निर्देश

बस्ती। पुलिस लाइन सभागार कक्ष में एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने सैनिक सम्मेलन में भाग लिया। इसके बाद उन्होंने आगामी त्योहार व जनपद में सुदृढ कानून व्यवस्था, अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने को लेकर अपरा गोष्ठी की। क्राइम मीटिंग में दुर्गा पूजा, दशहरा, लक्ष्मी पूजा, तीन वर्षीय तुलनात्मक अपराध, सम्पत्ति सम्बन्धी अपराध, लूट, नकबजनी, चोरी, झपट्टामारी आदि की समीक्षा की।

# दो माह से सड़क निर्माण के लिए मांग रहे सुरक्षा

बस्ती। सदर ब्लॉक के दौलतपुर ग्रामसभा के अमहरी गांव में दबंगों के आगे जिम्मेदार नत मस्तक हो गए हैं। यहां सरकारी बंजर भूमि में सड़क निर्माण प्रस्तावित है। एक बार निर्माण कार्य शुरू हुआ तो दबंगों ने रोकवा दिया। इसके बाद जिम्मेदारों ने सुरक्षा की मांग की, लेकिन पुलिस बल नहीं मिलने से निर्माण कार्य ठप है। ग्रामीणों ने पीएम और सीएम और आईजीआरएस पोर्टल पर तमाम शिकायतें की ।

# आंबेडकर प्रतिमा तोड़ने का केस दर्ज

बस्ती। मुंडेरवा थानाक्षेत्र के अहिरौली गांव में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा तोड़ने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। यह मुकदमा आंबेडकर पार्क अध्यक्ष फूलचंद निवासी अहिरौली की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया है। मामले की विवेचना एसएसआई कन्हैया यादव करेंगे।

# युवती से छेड़खानी, पुलिस ने दर्ज किया केस

बस्ती। पैकोलिया पुलिस ने घर में घुसकर युवती के साथ छेड़खानी का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी भोजन के बाद बगल के कमरे सो रही थी। गांव का एक लड़का मो. शमीम घर में घुसकर छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर भाग गया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।

# पुरस्कार पाने को आवेदन करें श्रेष्ठ उद्यमी

बस्ती। जिले में अच्छा उत्पादन व बिक्री करने वाले उद्यमियों को मंडल व प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी पीएन सिंह ने बताया कि इसके लिये उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड आवेदन आमंत्रित किया है। उन्होने बताया कि वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक जिले में अच्छा उत्पादन कर बिक्री करने वाले तीन उद्यमियों को मंडल स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

# मामूली बात पर किशोरी की पिटाई, मुकदमा दर्ज

बस्ती। सोनहा पुलिस को दी तहरीर में मालती देवी निवासी कुर्थिया थाना सोनहा ने बताया कि उसकी पुत्री अर्चना (14) एक बोरे पर बैठी थी। इसी बोरे को पिंटू ने मांगा। देने से मना करने पर पिंटू और उसकी मां निरहा ने अर्चना की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने मां-बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं त्योहार

बस्ती। दुर्गा पूजा, दशहरा त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए डीएम रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक कलक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

डीएम ने सभी लोगों से मिलजुल कर भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की परंपरा को कायम रखने की अपील की। डीएम ने स्वच्छता के संबंध में कहा कि साफ-सफाई हम सब की जिम्मेदारी है। बिजली की निर्बाध आपूर्ति, ढीले तारों को टाइट तथा लोकल फाल्ट तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए। प्रतिमा विसर्जन के लिए जाने वाले रास्तों का सुदृढीकरण व समतलीकरण के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है। एसपी ने सभी दुर्गा पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया। एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान ने कहा कि पंडाल व विसर्जन मार्ग का समय से सत्यापन करा लिया जाय। बैठक का संचालन एएसपी ओमप्रकाश सिंह ने किया।

# एसआईटी करेगी मोहित अपहरण हत्याकांड की जांच

**हि फॉलोअप**

- अपहरण व हत्याकांड में अब तक 16 आरोपियों कीहो चुकी है गिरफ्तारी
- पुलिस व एसआइटी की ओर से संभावित ठिकाने पर जा रही है छापेमारी

बस्ती। चर्चित मोहित अपहरण एवं हत्याकांड की जांच अब एसआईटी को सौंप दी गई है। पुलिस द्वारा जल्द ही विवेचना पूरी कर चार्जशीट अदालत को सौप दी जाएगी। यहां बताते चलें कि मोहित यादव अपहरण व हत्याकांड में अब तक 16 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

गिरफ्तार आरोपित जेल में निरुद्ध हैं, लेकिन पुलिस की कोशिश के बाद भी अभी तक तीन अभियुक्त फरार चल रहे हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए पूर्व में गठित पुलिस टीम व एसआइटी की ओर से उनके संभावित ठिकाने छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने इसकी विवेचना कोतवाली पुलिस से हटा कर एसआइटी के निरीक्षक संजय कुमार व उनकी टीम को सौंपी है।

यहां बताते चले की मूलरूप से लालगंज थानाक्षेत्र के सुकरौली गांव का रहने वाला मोहित यादव बस्ती शहर के पिकौरा दत्तू राय मोहल्ले में किराए का मकान लेकर रहता था। 12 जुलाई 24 की दोपहर में दो बाइक से पहुंचे। आरोपियों ने उसका अपहरण कर हत्या कर दी थी। पुलिस मृतक मोहित यादव का शव अभी तक बरामद नहीं कर सकी है। फरार तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौती बन गई है।




एपीएन पीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव की बहाली के लिए धरना देते छात्रनेता।

# छात्रसंघ चुनाव बहाली को लेकर धरने पर बैठे छात्र

- छात्रसंघ चुनाव कराने को लेकर दो दिन से जारी है छात्रों का धरना
- चुनाव कराए जाने की घोषणा तक धरने पर बैठने का लिया निर्णय

बस्ती, निज संवाददाता। अंबिका प्रताप नारायण (एपीएन) पीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर छात्रों का धरना दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर छात्रों ने गुरुवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था।

धरने का नेतृत्व कर रहे छात्र नेता प्रशान्त वर्मा, अर्पित पाठक के साथ धरने पर बैठे छात्रों ने एकजुटता दिखाते हुए जल्द चुनाव कराने की मांग की। इससे पूर्व छात्र नेताओं का प्रतिनिधि मंडल डीएम से मिलकर छात्रसंघ चुनाव की बहाली की मांग किए। डीएम ने कहा कि छात्रसंघों पर रोक शासन स्तर से लगी है। इस संदर्भ में नया अपडेट या शासनादेश आने पर अवगत कराया जाएगा। दूसरी ओर छात्र नेताओं का कहना है कि वे वर्षों से छात्रसंघ चुनाव बहाल करने की मांग कर रहे हैं लेकिन शासन प्रशासन के स्तर से अनसुना किया जा रहा है। छात्रसंघ पर छात्रों का अधिकार है और कालेज प्रशासन की ओर से लगाई गई रोक उनके अधिकारों पर कुठाराघात है। छात्र नेताओं ने कहा हम अपने अधिकारों के लिये निर्णायक संघर्ष करेंगे। धरने में प्रमुख रूप से दूधनाथ पटेल, उमाशंकर त्रिपाठी, रवि चौधरी, महेन्द्र कुमार, उमेश कुमार, सुनील चौधरी आदि तमाम छात्र मौजूद रहे।

# मदरसे में नमाज पढ़ने गए लोगों को पुलिस ने लौटाया

कप्तानगंज, निज संवाददाता। महराजगंज चौकी के तेहियाडीह कस्बे में चल रहे धर्मस्थल विवाद में चार दिन बाद भी पुलिस का सख्त पहरा है। एसडीएम हरैया की ओर से पुलिस की रिपोर्ट पर 145 की कार्रवाई चल रही है। हालांकि धर्मस्थल से सटे अपंजीकृत मदरसे पर शुक्रवार को नमाज लोग पढ़ने पहुंचे तो कस्बे में लोग आक्रोशित हो गए। हालात की गंभीरता को भांपकर पुलिस ने नमाज पढ़ने पहुंचे लोगों को वापस कर दिया। इस बाबत एसओ ने बताया कि अगले आदेश तक विवादित स्थल पर कोई नहीं जाएगा।

गौरतलब है कि कप्तानगंज थानाक्षेत्र के महाराजगंज तेलियाडीह कस्बे में मकान की आड़ में धर्मस्थल बनाने की सूचना पर कस्बे के लोग भड़क गए थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। रात में ही कलवारी एसओ प्रदीप कुमार तिवारी और प्रशासन की टीम विवादित जमीन पर हो रहे धर्मस्थल का निर्माण रोकवा दिया था। दूसरे दिन एसडीएम ने भी विवादित जमीन को लेकर 145 की रिपोर्ट तलब की थी। बताया जाता है धर्मस्थल निर्माण से सटे अपंजीकृत मदरसे पर लोग नमाज अदा करने जाते थे। पूर्व की तरह शुक्रवार को लोग वहां नमाज के लिए जुटने लगे, जिसकी सूचना कस्बे में फैल गई। दूसरा पक्ष भी जुटने लगा। हालांकि विवादित स्थल पर मौजूद पुलिस नमाज पढ़ने गए लोगों को वापस कर दिया। चौकी इंचार्ज महाराजगंज वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। एसडीएम हरैया विनोद पांडेय ने बताया की विवादित भूमि पर 145 की कार्रवाई चल रही है। पुलिस तैनात है, किसी को भी उक्त जमीन पर जाने का निर्देश नहीं है।

नगर थाने की दो टीमों सहित स्वाट और एसओजी को मिला जिम्मा

# भाजपा नेता की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित

हि फॉलोअप

**बस्ती, निज संवाददाता।** अयोध्या विवादित ढांचा ढहाने पर में भूमिका निभाने वाली लक्ष्मण सेना के अध्यक्ष रहे स्व. रमेश सिंह के बेटे शक्ति सिंह की हत्यारोपियों को पकड़ने के लिए सीओ के नेतृत्व में चार टीमों का गठन किया गया है। गिरफ्तारी के लिए थाना नगर की दो टीमें, स्वाट और एसओजी को लगाया गया है। पूरे प्रकरण का पर्यवेक्षण सीओ कलवारी कर रहे हैं।

नगर पुलिस ने शक्ति सिंह का अपहरण कर हत्या व शव छिपाने के मामले में पूर्व विधायक राना कृष्णकिंकर सिंह के पुत्र राना नागेश प्रताप सिंह, रवि सिंह निवासी रानीपुर बेलाड़ी थाना नगर, शैलेष सिंह व मनोज शुक्ला व कुछ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज है। पुलिस के अनुसार हत्यारोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। सीओ कलवारी प्रदीप कुमार तिवारी ने बताया कि भाजपा नेता के गिरफ्तारी को लेकर चार टीमें गठित हैं, जो संभावित जगहों पर दबिश दे रही हैं।

**शक्ति सिंह पर दर्ज हैं सात मुकदमें** : रानीपुर निवासी शक्ति सिंह पर नगर थाने में सात मुकदमें दर्ज हैं। वह नगर थाने का हिस्ट्रीशीटर था। पहला मुकदमा 2016 में दुष्कर्म का दर्ज हुआ। शक्ति सिंह के भाई विक्रम प्रताप सिंह की मानें तो दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला राना कृष्ण किंकर सिंह के यहां नौकरानी का काम करती थी। प्रायोजित तरीके से मेरे भाई को पहली बार फंसाया गया और उसे अपराध की दलदल में खींच लिया गया। स्थानीय स्तर पर जमानत तक नहीं हुई। मामला चलता रहा और हाईकोर्ट में गया। हाईकोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में शक्ति को बरी कर दिया। इस दौरान उसके जीवन के करीब साढ़े चार साल जेल में गुजर गए। बाद में एक हादसे के मामले को लेकर शक्ति सिंह पर हत्या के प्रयास का दो केस दर्ज हुआ। इसी मामले में एक मुकदमा पुलिस तथा दूसरा मुकदमा वाहन स्वामी ने धारा 307 आईपीसी का दर्ज कराया था। इसके बाद उसके खिलाफ गुंडा एक्ट लगा दिया गया। विक्रम प्रताप सिंह की मानें तो एक बार पहले राना कृष्ण किंकर सिंह के मुंशी से शक्ति सिंह का विवाद हो गया। इस विवाद में शक्ति सिंह को कुछ लोगों ने उठा लिया था। करीब दो दिन तक वह लापता था। पुलिस वालों ने दबाव बनाया तो उसे थाने को सौंप दिया गया था। इसके चलते शक्ति पर बाइक चोरी का केस दर्ज करा दिया गया था। बाद में उसके खिलाफ एनडीपीएस का भी केस दर्ज हुआ था। छह मुकदमें होने के चलते पुलिस ने उसकी हिस्ट्रीशीट खोल दी।

## मूड़घाट से लेकर दुबौलिया तक खंगाला जा रहा रिकॉर्ड

रानीपुर निवासी शक्ति सिंह के साथ ले जाने, पिटाई करने और दुबौलिया थानाक्षेत्र स्थित सरयू नदी किनारे शव फेंकने को लेकर बताए गए घटनाक्रम पर पुलिस की नजर है। बताए गए घटनाक्रम के अनुसार मृतक और आरोपियों के मोबाइल नंबरों के चालू रहने के दौरान की लोकेशन, मोबाइल नंबरों के बंद होने की सूचना, मूड़घाट से दुबौलिया तक जाने वाले संभावित रास्तों पर सीसीटीवी फुटेज को खंगालने के लिए पुलिस की एक टीम काम कर रही है। पुलिस का प्रयास है कि आरोपियों के गिरफ्तारी के साथ ही बताए गए घटनाक्रम का मेल कराया जाए, जिससे मजबूत साक्ष्य जुटाया जा सके।

# बस्ती के पूर्व विधायक के बेटे संग 4 पर हत्या कर शव छिपाने का केस

## कार्रवाई

- बस्ती के दुबौलिया थाना क्षेत्र में सरयू नदी के किनारे बोरे में मिली थी लाश
- भाजपा नेता राना नागेश प्रताप सिंह की तलाश में जुटी पुलिस, चार टीमें गठित



शक्ति सिंह (फाइल फोटो)

बस्ती, निज संवाददाता। युवक का अपहरण कर हत्या करने और शव छिपाने के आरोप में पूर्व विधायक राना कृष्ण किंकर सिंह के बेटे और भाजपा नेता राना नागेश प्रताप सिंह सहित चार के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। भाजपा नेता की गिरफ्तारी को लेकर सीओ के नेतृत्व में चार टीमें गठित की गई हैं। अयोध्या में विवादित ढांचा ढहाने के मामले में आरोपी रहे लक्ष्मण सेना के अध्यक्ष के पुत्र का शव बरामद होने के बाद मृतक के छोटे भाई ने इस बाबत तहरीर दी थी। हत्या के पीछे पांच दशक पुरानी रंजिश बताई जा रही है।

दुबौलिया के गौरा-सैफाबाद तटबंध पर सरयू नदी किनारे गुरुवार को एक युवक का शव बोरे में मिला था। उसके सिर पर गम्भीर चोट के निशान थे। देर शाम शव की पहचान नगर थाने के रानीपुर निवासी शक्ति सिंह (32) पुत्र रमेश सिंह के रूप में हुई। नगर पुलिस ने गुरुवार को ही शक्ति के गुमशुदगी का केस दर्ज किया था। शव मिलने पर शक्ति सिंह के भाई विक्रम प्रताप सिंह ने नगर पुलिस को तहरीर दी। इसमें विक्रम प्रताप सिंह ने बताया है कि गांव के राना नागेश सिंह के परिवार से दुश्मनी है। 24 सितंबर की शाम छह बजे एक दाह-संस्कार में उनके बड़े भाई शक्ति सिंह मूड़घाट पर मिले। बोले कि वे राना नागेश सिंह, रवि सिंह, शैलेश सिंह और मनोज शुक्ला के साथ आए हैं। आरोप लगाया कि ये लोग उनके भाई को साथ ले गए। 25 सितंबर को कुछ लोगों ने बताया कि चारों उसके भाई की पिटाई कर रहे थे। 26 सितम्बर को दुबौलिया क्षेत्र में शव बरामद हो गया।

➤संबंधित खबर P05

# ई-रिक्शा का दायां गेट होगा बंद, नहीं मानने पर होंगे सीज

- शहर में अगले सप्ताह से लागू किया जाएगा ट्रैफिक नियम
- दायां गेट खुले रहने से शहर में आए दिन होती हैं दुर्घटनाएं

जागरण संवाददाता, बस्तीः शहर में चलने वाले ई-रिक्शा की मनमानी पर रोक लगाने की कवायद यातायात विभाग ने शुरू कर दिया है। सड़क पर कहीं भी खड़ा कर गलत साइड दाएं गेट से सवारी उतारने के कारण आए दिन हो रही दुर्घटनाएं पर अंकुश लगाने के लिए ई-रिक्शा के दाएं साइड का दरवाजा बंद होगा। सीओ ट्रैफिक की उपस्थित में ई-रिक्शा संगठन की बैठक में यह निर्णय हुआ है। निर्णय को पालन कराने की पहल जल्द ही शुरू की जाएगी। अगले सप्ताह से नियम न मानने वाले ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए जरूरी हुआ तो ट्रैफिक पुलिस इनके वाहन सीज भी करेगी। सभी चालकों व उनके मालिकों से दायीं ओर के गेट और खिड़कियों पर पत्ती या रस्सी लगवाकर बंद करवाने और अब केवल बायीं ओर से ही यात्री बैठाने व उतारने की सलाह दी गई है। इस नियम का अनुपालन नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी।

### दाएं दरवाजे से सवारी उतारने-वैठाने पर होती है दुर्घटना

ई-रिक्शा में दाएं साइड दरवाजे से सवारी को उतरने या सवार होने के दौरान यात्री अक्सर पीछे से आने वाले वाहन की चपेट में आकर घायल हो जाता है। शहर में इस तरह की दुर्घटना की संख्या में इजाफा हुआ है।



ई-रिक्शा चालकों के लिए रूट निर्धारण कलर कोडिंग के बाद अब दायीं ओर के दरवाजे हर वक्त बंद रखने के निर्देश सभी चालकों को दे दिया गया। इस नियम के अनुपालन के लिए टीएसआइ को निर्देशित कर दिया गया है। नियम न मानने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर उनके वाहन सीज किया जाएगा।

सत्येन्द्र भूषण तिवारी, सीओ ट्रैफिक, बस्ती

# पूर्व बीडीओ, पूर्व प्रधान समेत छह पर गबन का मुकदमा

बस्तीः कलवारी थाना क्षेत्र के पकड़ी छब्बर गांव में मनरेगा गाइडलाइन के विपरीत काम करा कर 1.20 लाख रुपये हड़प लेने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अदालत के आदेश पर पूर्व ग्राम प्रधान अर्चना देवी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरोज कुमार चौधरी, रोजगार सेवक व जेई मनरेगा व बहादुरपुर ब्लाक के तत्कालीन बीडीओ पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हड़प लिए छात्रवृत्ति के रुपये

बस्तीः कलवारी थाना क्षेत्र के बैडारी मुस्तहकम गांव में संचालित सीएससी संचालक ने स्कूली छात्रा के खाते में आए छात्रवृत्ति के 44 हजार रुपये हड़प लिए। पुलिस ने छात्रा की तहरीर पर सीएससी संचालक दिवाकर पुत्र बदरी निवासी ग्राम छितही, थाना महुली, जिला संतकबीर नगर के विरुद्ध जालसाजी कर रुपये हड़प लेने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# विवादित स्थल पर नमाज पढ़ने की कोशिश

## तैनात पुलिस कर्मियों ने किया वापस, बिना अनुमति महराजगंज कस्बे में धार्मिक स्थल निर्माण का मामला

जागरण संवाददाता, महराजगंज, बस्तीः महराजगंज कस्बे में विवादित स्थल पर शुक्रवार को नमाज पढ़ने जा रहे लोगों को पुलिस ने लौटा दिया। तकरीबन 25 की संख्या में लोग नमाज पढ़ने के लिए आए थे। कस्बा स्थित रिटायर्ड कानूनगो शब्बीर अहमद के रिहायशी मकान में गौसिया आहले सुन्नत फैजानुर रसूल नाम से मदरसा संचालित होता है।

बता दें 23 सितंबर की रात इस मकान के पीछे के हिस्से में गुपचुप तरीके से मस्जिद बनाए जाने का आरोप लगाते हुए कस्बावासियों ने जमकर हंगामा किया था। मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी हर्रैया विनोद कुमार पांडेय ने दोनों पक्षों को जांच पूरी होने तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दे रखा है।

शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। शुक्रवार की दोपहर लगभग पौने एक बजे कुछ लोग इस मकान पर पहुंचे और नमाज पढ़ने के लिए भीतर जाने का प्रयास करने लगे। मौजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हें प्रशासनिक अनुमति न होने का हवाला देते हुए वापस कर दिया। मौके पर चौकी प्रभारी धीरेंद्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

- तहसील प्रशासन ने धार्मिक स्थल के निर्माण पर लगा रखी है रोक
- विवादित स्थल पर नमाज पढ़ने गए लोगों को पुलिस ने लौटाया

शुक्रवार को कुछ लोग विवादित स्थल पर जाकर नमाज पढ़ने की कोशिश कर रहे थे। उन्हें बिना प्रशासन की अनुमति के नमाज पढ़ने से पुलिस रोक दिया है। मौके पर शांति-व्यवस्था कायम है।

प्रदीप कुमार त्रिपाठी, सीओ कलवारी, बस्ती



महराजगंज कस्बे के विवादित स्थल पर नमाज पढ़ने के लिए जाते लोग• जागरण

# तीन दुकानों को चोरों ने बनाया निशाना

जागरण संवाददाता, बभनान: गौर थाना क्षेत्र के जोगिया चौराहे पर चोरों ने तीन दुकानों के शटर का ताला काटकर नकदी उड़ाने का मामला सामने आया है। गुरुवार की रात चोरों ने गौर थाना क्षेत्र के जोगिया चौराहे पर स्थित तीन दुकानों का ताला काटकर चोरी कर ली। निसार अहमद ने बताया कि उनके काउंटर में एक लाख रुपये नकदी थी। वह सामान लाने के लिए रुपये एकत्र किए थे। वहीं अब्दुल अजीज ने बताया कि उनके काउंटर से लगभग तीन हजार रुपये चोरी हुआ है। इसके अलावा बेलवाराजा गांव निवासी राजन विश्वकर्मा ने बताया कि उसकी मोटर पार्ट्स की दुकान है। कैश काउंटर में रखे दो हजार रुपये चोरी हुए हैं। ग्राम प्रधान लक्ष्मण यादव ने बताया कि चोरों ने तीन दुकानों के पांच ताले काटे हैं। तालों को काटने के लिए चोरों ने कटर का प्रयोग किया है। पीड़ितों ने घटना की सूचना गौर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ितों के बयान दर्ज किए। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक गौर रामकुमार राजभर ने बताया कि मामले की जानकारी है। छानबीन की जा रही है।

# वर्षा से सड़कें जलमग्न, जनजीवन प्रभावित

जागरण संवाददाता, बस्तीः दो दिन से लगातार वर्षा से जगह-जगह जलभराव हो गया है। कई सरकारी कार्यालयों में पानी भर गया है। आवासीय कालोनियों के निचले तल में पानी घुस गया है। इसके साथ ही प्रमुख मार्गों पर भारी जलभराव होने से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

वर्षा होते शहर में जलभराव होना सामान्य बात बन गई है, लेकिन लगातार वर्षा ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। नगर पालिका क्षेत्र में कोई ऐसा मोहल्ला नहीं है, जहां की सड़कें पानी में डूबी न हो। आवास विकास कालोनी के मुख्य मार्ग पर घुटनों भर पानी भर जाने से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। स्कूल व कोचिंग गए बच्चों को घर पहुंचने में कठिनाई हुई। कई घरों में पानी घुस जाने से शाम का भोजन नहीं पक पाया।

मालवीय मार्ग पर बैरिहवां में सड़क किनारे अधिकांश घरों में पानी घुस गया है। रौता चौराहे से आगे बढ़ते ही मोड़ पर तालाब जैसा दृश्य दिखाई दे रहा है। चमन वाटिका के पास टूटी सड़क पर पानी इस पार से उस पार हो रहा है। पानी भरने से यह नहीं तय हो पा रहा है कि गड्ढा किधर है, जिससे बच कर निकल सकें, जिसके कारण कई बाइक सवार गिर गए।



संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय के सामने भरा पानी • जागरण



महराजगंज कस्बे के सर्विस रोड पर हुआ जलभराव • जागरण

कोतवाली, अग्निशमन विभाग के परिसर में पानी ही पानी लग गया है। उद्योग आफिस, मुरलीजोत की सड़क पर लबालब पानी भर गया है। गांवगोड़िया मार्ग पर तालाब बन गया है। मंगल बाजार, करूआ बाबा, नरहरिया, रानी का पोखरा सहित कई मोहल्लों में पानी भरने से लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के सामने पानी भर गया है। बाटा गली के सामने, धर्मशाला रोड पर पानी भरने से कई दुकानों के अंदर पानी चला गया है।

**सर्विसलेन पर भरा पानी :** गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने सर्विस लेन भी पानी से भर गया। मूड़घाट, बड़ेवन, हड़िया, गोटवा, महराजगंज, हर्रैया सर्विसलेन पर पानी भर गया है, जिसमें हिचकोले खाते वाहन किसी तरह निकल पा रहे हैं। यदि कोई वाहन तेज निकल रहा तो उसे उठे छींटे अगल-बगल के दुकानों में भी पड़ रहे हैं।

# शांति व सद्भावपूर्ण माहौल में मनाए त्योहार : डीएम

जागरण संवाददाता, बस्ती: त्योहारों को देखते हुए शुक्रवार को जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्गा पूजा व दशहरा का त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। सभी लोग मिलजुल कर भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की परंपरा को कायम रखें। स्वच्छता के संबंध में कहा कि साफ-सफाई हम सब की जिम्मेदारी है। बिजली की निर्बाध आपूर्ति, ढीले तारों को टाइट करने व लोकल फाल्ट को तत्काल ठीक करने के लिए उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया। प्रतिमा विसर्जन के लिए ले जाने वाले रास्तों को ठीक कराकर उनका समतलीकरण करने के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि प्रतिमा विसर्जन के लिए पिछले वर्षों की भांति सभी घाट पर आवश्यक व्यवस्था की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक कृष्णगोपाल चौधरी ने निर्देश दिया कि सभी दुर्गा पूजा

## जिला शांति समिति की बैठक

पंडालों में सीसी कैमरे लगाए जाएं। कहा कि प्रत्येक पंडाल में सुरक्षा के लिए रात में वालंटियर तैनात किए जाएं। उन्होंने अनुरोध किया है कि अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि शासन से निर्देश प्राप्त हुआ है कि पंडाल तथा डीजे मानक के अनुसार ही संचालित किया जाए। रात 10 बजे तक ही डीजे बजाया जाए। एडीएम प्रतिपाल चौहान ने कहा कि पंडाल व विसर्जन मार्ग का समय से सत्यापन करा लिया जाए। सभी थानाध्यक्ष थानों पर संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक कर लें। बैठक में उप जिलाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। बैठक के दौरान जो समस्याएं सामने आती है तो उसका समय से निराकरण करें।

अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि मानकविहीन आवाज पाई जाती है तो डीजे संचालक के साथ-साथ आयोजन समिति के विरुद्ध भी मुकदमा कराया जाएगा।

## 1.20 लाख के गबन में प्रधान सहित छह नामजद

**बस्ती।** कलवारी पुलिस ने थानाक्षेत्र के पकड़ी छब्बर गांव में मनरेगा की गाइड लाइन के विरुद्ध 1.20 लाख रुपये का गबन करने के एक मामले में ग्राम प्रधान समेत छह आरोपियों पर केस दर्ज कराया है। इस संबंध में सोनहा थानाक्षेत्र के कंथुई निवासी कुंवर ब्रम्हदेव उपाध्याय ने न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया था। जिसमें कहा गया था कि पकड़ी छब्बर गांव में मनरेगा गाइड लाइन के विरूद्ध आरोपियों ने असलम के बाग से शोहरत के बाग तक खड़न्जा मरम्मत कार्य दर्शाकर 1.20 लाख रुपये की वित्तीय अनियमतिता कर सरकारी धन के गबन किया। संवाद

## मारपीट के मामले में चार पर केस दर्ज

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने रैपुरा जंगल टोला दीनपुर में सड़क पर बाइक चलाने की बात को लेकर मारपीट के मामले में चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है। वहां के गोविंद ने तहरीर दी है कि उसको अकेला पाकर गाली देने लगे। मना करने पर मारने पीटने लगे। पुलिस ने राजू, अमित, रिंकू और सूरज को नामजद किया है। संवाद

## पति पर दर्ज कराया केस

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने जमीन बेचने से मना करने पर पत्नी को मारने-पीटने दूसरी शादी करने के मामले में केस दर्ज किया है। इस संबंध में पीड़िता ने अपने पति महेंद्र के खिलाफ तहरीर दी। आरोप लगाया कि अपने पति को सम्पत्ति बेचने से मना करने पर उसने 24 सितंबर को दूसरी शादी कर लिया। जमीन बेचने से मना करने पर जान से मारने धमकी देने लगा। संवाद

## मारपीट में चार पर केस

बस्ती। सोनहा पुलिस ने क्षेत्र के धवाय टोला गांव में रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है। धवाय टोला कहराडीह निवासी राम नरायन साहू ने तहरीर दी। जिसमें नीरज, लक्ष्मी, विमला व सुनील की पत्नी पर अपनी पत्नी को मारने-पीटने के आरोप में केस दर्ज कराया। संवाद

# तीसरे दिन भी पकड़ में नहीं आया फरार नवरंग, बजरंग दल भड़का

संवाद न्यूज एजेंसी

**बनकटी।** लालगंज थाने में पुलिस को चकमा देकर भागे आरोपी को तीसरे दिन शुक्रवार को भी पुलिस पकड़ नहीं पाई। एसओजी सहित तीन टीमें उसकी खोज में लगी हैं। इससे खफा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आंदोलन की चेतावनी है।

शहर के रोडवेज निवासी नवरंग उर्फ भोलू गुप्ता पर 15 अगस्त को लालगंज क्षेत्र की किशोरी को भगा ले जाने का केस दर्ज किया गया था। परिवार वालों के सहयोग से पुलिस ने 40 दिन बाद किशोरी को ढूंढ निकाला और कोर्ट में बयान कराने के बाद परिवार को सौंप दिया।

### हेड मुहर्रिर को निलंबित कर अन्य पुलिसकर्मियों की चल रही है जांच

23 सितंबर की रात आरोपी नवरंग को भी पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार, 24 सितंबर की रात आरोपी ने बेचैनी और उल्टी होने की बात कही।

तबीयत ज्यादा न बिगड़ जाए, इस डर से पुलिसकर्मियों ने उसे लॉकअप से बाहर निकाल कर खुले में बैठा दिया। इसी बीच वह पुलिस को चकमा देकर भाग गया।

पुलिस अभिरक्षा से आरोपी के भागने की किशोर के परिजनों को हुई तो बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ थाने पर पहुंच गए। पुलिस कर्मियों पर आरोपी की फरारी में मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे। रात दो बजे धरना देने के बाद बृहस्पतिवार को थाने के हेड मुहर्रिर सत्येंद्र यादव को निलंबित कर दिया गया। अन्य पुलिस कर्मियों की भूमिका की जांच चल रही है।

बजरंगदल के कार्यकर्ताओं की मांग है कि एसओ को भी निलंबित किया जाए और आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाए।

# भाजपा नेता समेत चार पर केस

## शक्ति हत्याकांड : पूर्व विधायक का बेटा नागेश सिंह है मुख्य आरोपी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** नगर थानाक्षेत्र के रानीपुर बेलाड़ी निवासी शक्ति सिंह की हत्या के मामले में गांव के ही रहने वाले कप्तानगंज विधासभा क्षेत्र के भाजपा नेता राना नागेश प्रताप सिंह समेत चार अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। शक्ति के भाई विक्रम का आरोप है कि पूर्व विधायक राना कृष्ण किंकर सिंह के बेटे नागेश ने पुरानी रंजिश में अपहरण कर हत्या की है। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगाई गईं हैं।

रानीपुर बेलाड़ी गांव के ऋषिकेश सिंह के निधन के बाद 24 सितंबर को अंतिम संस्कार में शामिल होने



राना नागेश



शक्ति फाइल फोटो

### 24 से था लापता, बृहस्पतिवार को सरयू में मिली थी लाश

गांव के लोग कोतवाली क्षेत्र के मूड़घाट पर गए थे। विक्रम प्रताप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि गांव के नागेश प्रताप सिंह, रवि सिंह, शैलेश सिंह, मनोज शुक्ल और अन्य लोग उसके भाई शक्ति सिंह (32) को साथ ले गए थे। इसके बाद शक्ति घर नहीं लौटा। बृहस्पतिवार की सुबह दुबौलिया क्षेत्र में गौरा-सैफाबाद बांध के किनारे तिवारीपुर गांव के सामने बने ठोकर के पास बोरे में एक शव मिला।

जानकारी के बाद विक्रम पहुंचा तो पता चला कि शव उसके भाई शक्ति का था। पुलिस के मुताबिक शक्ति के परिजनों ने नगर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें बताया था कि गांव के नागेश प्रताप सिंह, रवि सिंह, मनोज शुक्ल व शैलेंश सिंह समेत कुछ अन्य लोग उसके भाई को साथ ले गए थे। विक्रम की तहरीर पर बृहस्पतिवार देर रात नगर थाने में भाजपा नेता नागेश प्रताप सिंह समेत चार नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ अपहरण कर हत्या का केस दर्ज किया गया। >> हरे हुए बाबा की हत्या के जख्म : पेज 3

# प्रतिमा खंडित करने के आरोप में केस दर्ज

बस्ती। मुंडेरवा पुलिस ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा खंडित करने के मामले में अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज किया है। अहिरौली निवासी फूलचंद ने तहरीर देकर बताया कि गांव में स्थापित डॉ. आंबेडकर की प्रमिता को अराजक तत्वों बुधवार की रात को खंडित कर दिया। सुबह प्रतिमा खंडित देखकर लोगों में आक्रोश फैल गया था। पुलिस ने नई प्रतिमा लगवाने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया था। संवाद

# नमाज पढ़ने पहुंचे लोगों को पुलिस ने लौटाया

**महराजगंज (बस्ती)।** कस्बे के विवादित जमीन पर शुक्रवार को काफी लोग जुमे की नमाज अदा करने पहुंचे। वहां तैनात पुलिस कर्मियों ने उन्हें वापस लौटा दिया। दोपहर 12:40 बजे विवादित स्थल के पास नमाज पढ़ने के लिए लोग पहुंचे। यह भनक कस्बे के लोगों को लग गई। इसके बाद भीड़ की जुटान होने लगी। मौके की नजाकत को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सबको वहां से हटा दिया। दिन भर इसकी चर्चा कस्बे में होती रही। पुलिस प्रशासन भी दिनभर चौकन्ना रहा और मौके पर पुलिसकर्मियों की संख्या भी बढ़ा दी गई। चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि नमाज पढ़ने के लिए आए लोगों को समझा-बुझाकर वापस भेज दिया गया। अब कोई समस्या नहीं है। संवाद

# शक्ति के कत्ल से हरे हो गए बाबा की हत्या के जख्म

## फिर भड़की सियासी आग : 80 के दशक में हुई शक्ति के बाबा की हत्या में पूर्व विधायक पर लगे थे आरोप, शक्ति के पिता ने खत्म कर दी थी पुरानी रंजिश

संवाद न्यूज एजेंसी



पोस्टमार्टम हाउस पर खड़े शक्ति सिंह के परिजन। संवाद



रानीपुर में शक्ति सिंह का पुश्तैनी मकान। संवाद



रानीपुर के युवक की हत्या, बोरे मे मिला शव... भाजपा नेता पर शक

27 सितंबर को प्रकाशित खबर।

**बस्ती।** शक्ति सिंह हत्याकांड से जिले में सनसनी फैल गई है। वारदात में पूर्व विधायक राना कृष्ण किंकर सिंह के बेटे भाजपा नेता नागेश सिंह का नाम आने के बाद इसके सियासी आग एक बार फिर भड़कती नजर आ रही है।



शक्ति। फाइल फोटो

शक्ति के भाई विक्रम ने कहा है कि उनके बाबा कृष्ण प्रताप सिंह की हत्या पूर्व विधायक के परिवार ने कराई थी। उसी रंजिश में अब शक्ति का भी अपहरण कर कत्ल किया है।

80 के दशक में कृष्ण प्रताप सिंह उर्फ पहलवान सिंह की हत्या हुई थी। इसमें उनके पटीदार पूर्व विधायक और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राना कृष्ण किंकर सिंह पर आरोप लगे थे। उस समय शक्ति के पिता रमेश सिंह की उम्र करीब 13 साल थी।

दोनों परिवारों के बीच लंबे समय तक शह मात का खेल चलता रहा। बाद में रमेश सिंह के बजरंग दल में सक्रिय होने के बाद केस में सुलह हो गई थी। शक्ति सिंह और नागेश प्रताप के परिवार की कटुता भी काफी हद तक दूर हो चुकी थी।

क्षेत्र के लोग बताते हैं कि बाद में शक्ति के पिता रमेश सिंह राना परिवार से काफी घुलमिल गए थे। शक्ति भी नागेश के साथ अक्सर देखे जाते थे। घटना के अन्य पहलुओं पर भी दबी जुबान लोग बात कर रहे हैं, हालांकि कोई खुलकर बोलने को तैयार नहीं है।

पोस्टमार्टम हाउस पर शक्ति के भाई विक्रम ने बताया कि रसूख के बल पर यह वारदात की गई है। आरोप लगाया कि सबके सामने से शक्ति को अगवा कर नागेश अपने घर ले गए और पीट-पीटकर हत्या कर दी। बताया कि शक्ति दो साल से बहन के घर रहता था।

कभी कभार ही गांव आता था। पटीदार के निधन की जानकारी पर वह गांव में पहुंचा था। कहा कि, जरा भी आशंका होती तो मुड़घाट पर उसे छोड़कर नहीं आते।

**अन्य पहलुओं पर भी पुलिस कर रही जांच :** इस हत्याकांड में नामजद आरोपियों की तलाश में पुलिस की तीन टीमें भले ही लगी हुई हैं लेकिन अंदरखाने दूसरे पहलुओं पर भी छानबीन चल रही है। शक्ति सिंह के बैकग्राउंड से लेकर उसकी पूरी गतिविधियों को खंगाला जा रहा है।

पता चला है कि उसके खिलाफ दुष्कर्म आदि के केस पहले से दर्ज थे। उन घटनाओं को भी पुलिस खंगाल रही है।

**दुबौलिया क्षेत्र में रास्ते को लेकर चर्चा :** दुबौलिया थानाक्षेत्र के सरयू नदी के तटबंध पर जिस जगह शव मिला है, वह काफी सुनसान है। हालांकि सैफाबाद तटबंध पर सड़क ठीक होने से किसी भी वाहन का वहां पहुंचना मुश्किल नहीं है।

मगर क्षेत्र में चर्चा है कि हत्यारोपी किसी शॉर्टकट रास्ते से आए होंगे। आशंका जताई जा रही है कि शव कलवारी-बस्ती मार्ग के बजाय किसी और मार्ग से ले जाया गया होगा ताकि रास्ते में अकसड़ा का टोल न पड़े।

### कान से सिर के बीच 17 वार किए गए

शक्ति को मौत के घाट उतारने के लिए हत्यारोपियों ने 17 वार किए। किसी भारी चीज से सिर के बीच प्रहार किया गया है। कान के पास धारदार हथियार से वार किया गया है। पोस्टमार्टम में सिर के दाहिनी तरफ छह चोट पाई गई। एक चोट छह वर्ग सेंटीमीटर और बाकी दो-तीन सेंटीमीटर की है। सिर के बीच भारी चोट के निशान हैं। इन चोटों के कारण ब्रेन की हड्डी टूट गई और यही मौत का कारण बनी। रिपोर्ट के मुताबिक हत्या के समय शक्ति का पेट एकदम खाली था।

### दूसरी तहरीर पर दर्ज हुआ केस

24 सितंबर से लापता शक्ति सिंह की गुमशुदगी की सूचना नगर थाने में 26 सितंबर को शाम 4:48 बजे दर्ज की गई थी। इसके सात घंटे बाद 11 बजकर 45 मिनट पर हत्या की तहरीर दी गई।

### यह है घटनाक्रम

दुबौलिया थाना क्षेत्र के गौरा-सैफाबाद तटबंध पर गौरा तिवारीपुर गांव के सामने बने ठोकर के पास बृहस्पतिवार को ग्रामीणों ने खून के धब्बे देखे। आशंका पर 10 मीटर दूर नदी के तट पर झांकने लगे तो पानी में दो बोरे में भरा हुआ कुछ दिखाई पड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस ने बोरे खुलवाए तो शव मिला। सिर से कमर तक का हिस्सा प्लास्टिक के बोरे में था, जबकि नीचे का हिस्सा जूट के बोरे में बंधा था। शरीर पर सिर्फ काले रंग का अंडरवियर था। दाहिने हाथ में शर्ट का टुकड़ा फंसा हुआ था। तटबंध के ठोकर पर लगे बोल्डर पर खून के काफी निशान मिले। देर शाम पता चला कि वह शव नगर थानाक्षेत्र के बेलाड़ी रानीपुर निवासी शक्ति सिंह का है।

### 24 की रात ही हो गई थी हत्या

शव की स्थिति देखकर अनुमान लगाया गया है कि 24 सितंबर की रात ही हत्या कर दी गई थी। तटबंध पर मिले खून के निशान से लगा कि हत्या करके कुछ ही देर बाद दो बोरे में शव भरकर सरयू में फेंकने के लिए लाया गया था। पोस्टमार्टम में ब्रेन गला हुआ पाया गया, जो अमूमन मौत के तीन दिन बाद होता है।

### गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने झोंकी ताकत

पुलिस ने इस हत्याकांड में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। जिले के अलावा गैर जनपद के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। आरोपियों के सगे-संबंधियों पर भी नजर रखी जा रही है। राजनीतिक परिवार से होने की वजह से माना जा रहा है कि आरोपी ज्यादा समय तक चकमा नहीं दे पाएंगे।

# नहीं दिखा जंगली जानवर... ग्रामीणों में भय कायम

## गांवों में लगातार दे रहे पहरा लोग, बारिश रुकते ही शुरू हुआ सर्च अभियान



जंगली जानवर ने फिर किया हमला बाल-बाल बचा ग्रामीण, दहशत

घर के बाहर सो रहे बर्दिया कुंवर के ग्रामीण पर हमला

27 सितंबर को प्रकाशित खबर।



बर्दिया कुंवर में जंगली जानवर को खोजती वन विभाग की टीम। स्रोत विभाग

संवाद न्यूज एजेंसी

**दुबौलिया।** क्षेत्र में आतंक का पर्याय बना चुका जंगली जानवर 36 घंटे से नहीं दिखा है। आखिरी बार बुधवार की रात को दिखा था। इसके बावजूद ग्रामीणों में भय बरकरार है।

जंगली जानवर के अब तक पकड़ में न आने की वजह से लोग सहमे हुए हैं। आशंका है कि कहीं अचानक फिर किसी झाड़ी से निकल कर हमला न कर दे। ऐसे में गांव के लोग लगातार पहरा दे रहे हैं। वन विभाग की टीम जंगली जानवर को खोजबीन में जुटी हुई है।

हालांकि, शुक्रवार को बारिश के कारण सर्च अभियान में बाधा आई। देर शाम को बारिश रुकने के बाद वन विभाग ने सर्च अभियान चलाया, लेकिन टीम को जंगली जानवर नहीं मिला।

रानीपुर लाद, बर्दिया कुंवर, चपरा,पटपरवा, अखनपुर आदि गांव में लोग झुंड बनाकर निकल रहे हैं। जंगली जानवर का खौफ अब भी लोगों में कम नहीं हुआ है।

आसपास गांव के स्कूल के बच्चे भी झुंड में आ जा रहे हैं। सर्च अभियान का नेतृत्व कर रहे वन दरोगा अभिषेक यादव ने बताया कि पिछले 36 घंटे से इन गांवों में जंगली जानवर की आमद नहीं सुनाई पड़ी है। तलाशी अभियान जारी है।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-28-09-2024

# पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर सत्याग्रह दो को

**देशभर के कर्मचारियों और शिक्षकों द्वारा हर जनपद मुख्यालयों पर गांधी प्रतिमा के सामने करेंगे सत्याग्रह**

सिद्धार्थनगर : इंडियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाइज फेडरेशन (इप्सेफ) के आह्वान पर दो अक्टूबर को देशभर के कर्मचारियों एवं शिक्षकों द्वारा सभी जनपद मुख्यालयों पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह किया जाएगा।

यह जानकारी शुक्रवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष वाईके द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकरन गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष वाईपी यादव व जिलामंत्री शिवाकांत पाण्डेय द्वारा संयुक्त रूप से जारी विज्ञप्ति में दिया गया। विज्ञप्ति में बताया गया है कि दो अक्टूबर को सत्याग्रह की शुरुआत महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगा। संगठन के मांगों में पुरानी पेंशन की बहाली, राष्ट्रीय वेतन आयोग का गठन, आउटसोर्सिंग, संविदा, वर्कचार्ज केंद्र व राज्य द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं में कार्यरत का भविष्य सुरक्षित करने की नीति बनाने, पब्लिक सर्विस के क्षेत्र में स्थायी प्रकृति के कार्यो के ठेकीदारी, अस्थायीकरण, आउटसोर्सिंग आदि पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने आदि शामिल है। जनपद के सभी कर्मचारियों एवं शिक्षकों से दो अक्टूबर को अपराह्न तीन से चार बजे के मध्य माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज परिसर में स्थित महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष उपस्थित होकर सत्याग्रह में सम्मिलित होने की अपील किया है। सत्याग्रह के बाद प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा जाएगा।(विज्ञप्ति)।

# लॉक होती कार, खुला होता शीशा तो नहीं जाती बच्चे की जान

## बोले मोटर मैकेनिक और सर्विस एडवाइजर-चार पहिया वाहन लॉक करने के साथ ही शीशा हल्का डाउन कर दें

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। अगर आपके पास चार पहिया वाहन है तो यह आपके लिए जरूरी खबर है। अगर गाड़ी घर या कहीं लेकर जा रहे हैं तो उसे खड़ी करके जाते वक्त लॉक जरूर करें। इसके साथ ही चारों तरफ शीशे को हल्का खोल दें। यही



खुर्शीद। फाइल फोटो

कार्य खराब पड़े वाहनों को खड़े करते समय भी करें। यह बहुत आवश्यक है। ऐसी मोटर मैकेनिक और सर्विस एडवाइजर सलाह दे रहे हैं। क्योंकि आपकी एक छोटी से चूक से किसी बच्चे की जान जा सकती है। जैसा मोहाना थाना क्षेत्र के सहजनवां गांव में हुआ है।

**मोहाना क्षेत्र में 24 सितंबर को कार में दम घुटने से हो गई थी मासूम की मौत**

आगे किसी खुर्शीद की जान न जाए, इसके लिए यह सतर्कता बेहद जरूरी है। वहीं, मौत के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। हालांकि इस मामले में परिवार की ओर कोई किसी के खिलाफ कोई शिकायती पत्र नहीं दिया गया है।

यह है घटनाक्रमः बर्डपुर। मोहाना थाना क्षेत्र के सहजनवां गांव के पास एक मैरिज हाल के बगल में खराब पड़ी कार में 24 सितंबर को को पांच वर्षीय खुर्शीद की मौत दम घुटने से हो गई है। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने की वजह से खुर्शीद की मौत होना पाया गया है। वहीं, मौत के बाद परिवार के लोगों का रो- रोकर बुरा हाल है। मृतक के पिता शमशुल्लाह ने बताया कि तीन बच्चों में दूसरे नंबर का खुर्शीद सबसे नटखट था। एक साल पहले ही वह बर्डपुर आए थे, उससे पहले यूसुफपुर में रहते थे। बर्डपुर में ससुराल के नजदीक रहना और अच्छी देखभाल करने के लिए आए थे, लेकिन क्या पता था कि मेरा लड़का ही छिन जाएगा। वहीं, मां फरीदा ने बताया कि खुर्शीद 3.30 बजे यूसुफपुर से पढ़कर आया था। खाना खाने के बाद खेलने गया। वह मांस खाने की जिद कर रहा था, जिसके कारण मैं मांस लेने के लिए यूसुफपुर चली गई। घर आई तो पता चला कि खुर्शीद किसी गाड़ी में पड़ा था।

नाना हैदर अली ने बताया कि खुर्शीद खेलने के लिए हमारे घर भी आया था हमारे नाती से कचरी नमकीन खाने को लेकर झगड़ा भी किया। वह अकेले खाने के लिए खेलने चला गया।

*कोई भी चार पहिया वाहन रखते हैं, तो उसको लेकर कई प्रकार से एहतियात बरतने की जरूरत है। गैराज में वाहन खड़ी करते हैं तो ऐसी जगह हो किसी आपात स्थिति में जहां से तत्काल निकाली जा सके। खड़ी करते समय वाहन को लॉक करना न भूलें, अगर लॉक नहीं करते हैं, तो चार तरफ शीशा कम से कम दो इंच डाउन कर दें, जिससे अगर कोई बच्चा अंदर बैठ भी जाए और लॉक कर ले तो उसे दिक्कत न हो। इस प्रकार से खराब वाहन के साथ करें। अगर घर पर है तो लॉक कर दें और ढककर रखें।*

–महेंद्र कुमार, कार मैकेनिक

*कार कहीं भी खड़ी करें तो लॉक करना न भूलें। इससे दो फायदे होंगे पहले तो आपका सामान सुरक्षित रहेगा। दूसरे वाहन को कोई नुकसान नहीं पहुंच जा सकता है। इसके साथ ही प्रयास करें कि शीशी डाउन कर दें। कई बार लोग गाड़ी को खड़ी करके चले जाते हैं, उसमें बच्चे भी साथ ही रहते हैं। अगर बच्चों को छोड़कर जा रहे हैं। कार का शीशी डाउन करना न भूलें। ऐसा करने से बच्चे अंदर बंद नहीं होंगे। अगर कोई बच्चा अंदर से लॉक कर लिया तो अंदर गैस बनने से घुटन होती है, जिससे जान चली जाती है।*

-शैलेश श्रीवास्तव, सर्विस एडवाइजर, कार कंपनी



मां फरीदा।



शमशुल्लाह।

# एंटी रोमियो टीम ने की कई जगह जांच

जासं, सिद्धार्थनगर : एंटी रोमियो टीम ने शुक्रवार को विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। चिल्हिया थाना क्षेत्र के कन्दवा बाजार, महादेवा, परसिया, गौरा बाजार में स्थित स्कूल और कालेजों के बाहर जांच की गयी। संदिग्ध मिले लोगों से पूछताछ कर उन्हें भविष्य में यहां दिखाई देने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। जांच टीम मे प्रभारी एंटी रोमियो टीम मीरा चौहान, श्री प्रकाश चौरसिया शामिल रहे।

# जुमे की नमाज पर सतर्क रही पुलिस

जासं, सिद्धार्थनगर : जुमे की नमाज को लेकर विभिन्न थानों की पुलिस शुक्रवार को सतर्क रही। मंदिर और मस्जिदों के आसपास चेकिंग अभियान चलाया। संवेदनशील स्थलों की जांच की। लोगों से कहा कि न तो अफवाह फैलाएं न ही इस पर ध्यान दें। सदर, बांसी, समय माता कठेला, खेसरहा समेत अन्य थाना क्षेत्रों में पुलिस सक्रिय रही।

# घटनाओं के पर्दाफाश में मददगार बने सीसी कैमरे

जागरण संवाददाता, जोगिया : आपराधिक घटनाओं को रोकने में सीसी कैमरा पुलिस के लिए मददगार साबित हो रहा है। जोगिया कस्बे व क्षेत्र में लगे कैमरों की देखरेख व्यापारी व क्षेत्रवासी करते रहते हैं। सीसीटीवी कैमरा से न केवल आपराधिक घटनाओं में कमी आई है, बल्कि घटना होने के बाद पर्दाफाश करने में ये कैमरे पुलिस के लिए मददगार साबित हो रहे हैं। ऐसे ही कुछ मामले हैं, जो सीसी कैमरे ने अपराधियों तक पुलिस को पहुंचाया। प्रभारी निरीक्षक, मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि सीसीटीवी के चलते घटनाओं का तेजी से पर्दाफाश हो रहा है। पुलिस ने जन सहयोग से काफी सीसीटीवी कैमरे लगवा दिये हैं। इसके अलावा पुलिस खुद भी सक्रिय रहती है। इसके चलते चोरी की घटनाएं कम हुई हैं।



जोगिया कस्बे में नादेपार मोड़ के सामने जायसवाल किराना स्टोर के बाहर लगा सीसीटीवी • जागरण

**84** कैमरे लगे हुए हैं जोगिया चौराहे

**8** मामलों का तीन माह में हो चुका है पर्दाफाश

**40** प्रतिशत चोरियां कैमरों के चलते घटीं

**केस-एक** रुधौली थाना क्षेत्र के पड़री गांव में आठ अगस्त को घर के सामने खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली सहित उस पर लदा सौ क्विंटल गेहूं चोरी हो गया। पुलिस ने सीसी फुटेज की मदद से जोगिया क्षेत्र के पकड़ी मार्ग पर सिरसिया हनुमान मंदिर के सामने चोरी हुई ट्राली लावारिस बरामद की। बाद में सामान व चोर भी पकड़े गए।

**केस-दो** ग्राम पंचायत टड़िया के टोला मरवटिया में 15 अगस्त की रात भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित ग्राहक सेवा केंद्र में दो लाख रुपये की नकदी चोरी हुई। तहरीर के बाद पुलिस ने केंद्र पर लगे सीसी कैमरे को खंगाला और फिर उसी के सहारे चोर तक पहुंचने में सफल रही। जबकि चोर घटना को अंजाम देते समय कैमरे पर कपड़ा डाल दिया था।

**केस - तीन** 22 सितंबर को ब्लाक संसाधन केंद्र जोगिया में खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने आई प्राथमिक विद्यालय की बच्ची गायब हो गई थी। प्रधानाध्यापक ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने बीआरसी में लगे सीसी कैमरे की फुटेज से बच्ची के गायब होने का सुराग मिला और फिर उसे खोजने में पुलिस कामयाब रही। बाद में बच्ची स्वजन को सुपुर्द कर दी गई।

# चोरी के सोलर पैनल के साथ आरोपित गिरफ्तार

जासं, सिद्धार्थनगर : थाना समय माता कठेला पुलिस ने शुक्रवार को चोरी के एक सोलर पैनल के साथ एक आरोपित को बिंदुआरी चौराहे से गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम विजय कुमार पुत्र चंद्रिका प्रसाद निवासी गुरौवाजोत थाना समय माता कठेला है। थाना प्रभारी रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि बलुआरी गांव में जल जीवन मिशन के तहत पानी आपूर्ति के लिए लगे पानी की टंकी स्थापित की गयी है। इसमें बिजली की आपूर्ति के लिए सोलर प्लांट लगाया गया है। बदमाश बुधवार की रात को पैनल खोल रहा था। इसी दौरान इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने हल्ला मचाया। इस दौरान वह पहले से खोले गए एक पैनल को लेकर मौके से फरार हो गया। तभी से इसकी तलाश की जा रही थी।

# चोरी के मामले में बदमाश को तीन वर्ष की सजा

जासं, सिद्धार्थनगर: इटवा थाना क्षेत्र में हुए चोरी के दो अलग- अलग मामले में शुक्रवार को एडीजे प्रथम मोहम्मद रफी की कोर्ट ने एक व्यक्ति को दोषी करार दिया। कोर्ट ने बदमाश को दोनों मामलों में तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आठ हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। सजा पाए अभियुक्त का नाम मोहम्मद मुस्तफा उर्फ शाहरुख निवासी तिलगड़िया खुर्द थाना डुमरियागंज है।

# महिला लेखपाल से अभद्रता मुकदमा दर्ज

पकड़ी : थाना क्षेत्र उस्का बाजार अंतर्गत ग्राम सभा कुड़िया में बुधवार को विभागीय कार्य करने पहुंची महिला लेखपाल के साथ एक व्यक्ति पर अभद्रता का आरोप लगा है। जिसमें उस्का थाने की पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। महिला लेखपाल प्रीतिलता पांडेय ने उस्का थाने पर तहरीर देकर बताया कि अपने कार्यक्षेत्र कुड़िया गांव में एग्रीस्टेक का कार्य करने शाम चार बजे गई थीं। उसी गांव के निवासी गुड्डू पुत्र रामदास अचानक से मुझे रोकते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। नक्शा और खसरा मांगने लगा। मना करने पर हेलमेट से मुझे पीटने के लिए कहने लगा। कहा कि यहां काम नहीं करने दूंगा।

# शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं त्योहार

भवानीगंज/बिस्कोहर। भवानीगंज थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर शुक्रवार शाम को थाना में पीस कमेटी की बैठक की गई। थानाध्यक्ष रामदेव ने प्रधान व क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था को शांतिपूर्ण बनाये रखने के लिए लोगों से संवाद स्थापित करने पर जोर दिया। कहा कि शांति बनाए रखने की लोगों से अपील करें।

वहीं, बिस्कोहर में दुर्गा पूजा समारोह व विसर्जन को लेकर को लेकर चेयरमैन अजय गुप्ता ने नगर के कर्मचारियों के साथ बैठक की। इसमें साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा समारोह को लेकर नगर पंचायत के सभी कर्मचारी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहे। जहां लाइट आदि की समस्या हो उसे भी समय भीतर सुधार कर लिया जाए।

# चोरी का सोलर पैनल बरामद, एक गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** कठेला समय माता थाने की पुलिस ने शुक्रवार को एक शातिर को दबोच लिया। उसके कब्जे से चोरी का सोलर पैनल बरामद किया है। उसकी पहचान विजय कुमार निवासी गुरौवाजोत थाना कठेला समय माता के रूप में की गई। पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह जानकारी एसओ रोहित कुमार उपाध्याय ने दी है। संवाद

# मनचलों को दी चेतावनी

**सिद्धार्थनगर।** एंटी रोमियो स्क्वायड ने शुक्रवार को मनचलों एवं रोमियो के विरुद्ध अभियान चलाया। थाना चिल्हिया में कंदवा बाजार, महादेवा, परसिया, गौरा बाजार व स्कूल-कॉलेज/ कोचिंग सेंटर के पास तथा थाना क्षेत्र के आसपास के मुख्य सड़कों, चौराहों पर चेकिंग की गई तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही। टीम प्रभारी मीरा चौहान ने कहा कि अगर बिना कार्य के विद्यालय के आसपास मिले तो कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# माहौल बिगाड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

**सिद्धार्थनगर।** थानाध्यक्ष भवानीगंज रामदेव की अगुवाई में शुक्रवार को दुर्गा पूजा, दशहरा, लक्ष्मी पूजा, दीपावली के दृष्टिगत गोष्ठी की गई। इसमें लोगों से सौहार्द पूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की गई। थानाध्यक्ष रामदेव ने ग्राम प्रधानों, बीडीसी, संभ्रांत आमजन तथा धर्म गुरुओं, व्यापार मंडल के सदस्यों की उपस्थिति में आगामी त्योहार दुर्गा पूजा, दशरहा, लक्ष्मी पूजा को सकुशल व सौहार्दपूर्ण मनाने की अपील की। सभी को उच्च अधिकारी व शासन व न्यायालय से प्राप्त गाइडलाइन के संबंध में बताया गया तथा सभी से त्योहारों को सकुशल सम्पन्न करने के लिए अपील की। संवाद

# चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार

**तुलसियापुर।** कठेला समय माता पुलिस ने दो दिन पहले निर्माणाधीन पानी की टंकी के चोरी पैनल सोलर बरामद करते हुए चोर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि दो दिन पहले थानाक्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी से सोलर पैनल चोरी हो गया था। पुलिस ने शुक्रवार को बंदुवारी चौराहे से विजय कुमार निवासी गुरौवाजोत थाना कठेला समय माता को सोलर पैनल के साथ गिरफ्तार किया। संवाद

# शांति व सौहार्द के साथ मनाएं त्योहारः एसओ

भवानीगंज (एसएनबी)। भवानीगंज थाने में आगामी त्योहार नवरात्रि दशहरा पर्व को



लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रतिमा स्थापित करने वाले लोग भी उपस्थित रहे। बैठक में थानाध्यक्ष रामदेव ने सभी से त्योहार को शांति और सौहार्द से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार शांति और सौहार्द के साथ खुशनुमा माहौल में मनाएं, किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।उन्होंने कहा कि परंपरागत मार्ग से ही प्रतिमा विसर्जन करें। कहीं भी रास्ते में अगर बिजली के तार लटक रहे हों तो उसका विशेष ख्याल रखें जिससे त्योहार में खलल न पड़े। इस दौरान उपस्थित लोगों को शासन द्वारा जारी गाइड लाइन से अवगत कराया गया। बैठक में थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान सहित सम्भ्रांत व्यक्त उपस्थित रहे।

# चोरी के सोलर पैनल सहित एक गिरफ्तार

**इटवा(एसएनबी)** ।थाना कठेला समय माता की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के बन्दूवारी चौराहे से चोरी के सोलर पैनल के साथ ग्राम गुरुवा जोत निवासी विजय कुमार पुत्र चंद्रिका प्रसाद को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

थानाध्यक्ष कठेला समय माता रोहित उपाध्याय ने दिया है।उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने निर्देश पर थाना क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है।जिसके क्रम में पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीत मुअसं 121ध्2024 धारा 305 ,317 (2) बीएनएस से सम्बन्धित ग्राम गुरौवा जोत निवासीअभियुक्त विजय कुमार पुत्र चंद्रिका प्रसाद निवासी को मुखबिर की सूचना पर पुलिस की टीम द्वारा क्षेत्र के बन्दूवारी गिरफ्तार कर लिया गया है । इसके पास से एक ऐड सोलर पैनल बरामद हुआ है। आवश्यक विधिक कार्यवाही पुर्ण कर इसे न्यायालय भेज दिया गया है ।

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-28-09-2024

# गुमशुदा बुजुर्ग को पुलिस ने स्वजन को सौंपा

जासं, बखिरा : बखिरा पुलिस ने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से एक गुमशुदा बुजुर्ग को सकुशल बरामद किया। बाद में स्वजन को बुलाकर बुजुर्ग को सौंप दिया। बखिरा के चौकी प्रभारी विनोद कुमार यादव ने बताया कि गोरखपुर जनपद के खजनी थाना क्षेत्र के सिसई गांव के दयानंद सिंह ने पुलिस को बताया कि बखिरा थाना क्षेत्र के धनखिरिया गांव के उनके बुजुर्ग फूफा 23 सितंबर की रात करीब 12 बजे बिना बताए कहीं चले गए। इस सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बुजुर्ग की तलाश में जुट गयी। 26 सितंबर को बस्ती जनपद के दुबौलिया थाना क्षेत्र में बुजुर्ग का लोकेशन मिला। पुलिस मौके पर पहुंचकर बुजुर्ग को बरामद कर लिया।

# गार्द कमांडरों को एसपी ने दिया निर्देश



संतकबीरनगर (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक शुक्रवार परेड के उपरांत बीट बुक को चेक किया। इसके साथ ही सुरक्षा के संबंध में गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने साप्ताहिक शुक्रवार परेड के उपरांत पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिाया। उन्होंने जनपद जनपद के बीट आरक्षियों की बीट बुक को चेक करते हुए पायी गयी कमियों को तत्समय दूर करने हेतु संब्रंधित बीट आरक्षियों को निर्देशित किया।

# ब्लाक प्रमुख व सदस्यों पर केस

**ब्लाक प्रमुख सेमरियावां व सदस्यों द्वारा झूठा शपथ पत्र दाखिल करने का मामला**

संतकबीरनगर (एसएनबी)। ब्लाक प्रमुख सेमरियावां सहित 50 से अधिक सदस्यों पर झूठे शपथ पत्र दाखिल किए जाने का मामला सामने आया है। उक्त मामले में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश कुमार द्वारा ब्लाक प्रमुख सेमरियावां के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में जांच कर प्रभारी निरीक्षक दुधारा को आख्या उपलब्ध कराते हुए आपराधिक कृत्य करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

डीएम ने बताया कि प्रकरण की जांचोपरांत प्रस्तुत रिपोर्ट में अवगत कराया गया है कि ब्लाक प्रमुख सेमरियावां के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में हाजरा खातून, संगीता देवी, मनीष कुमार तथा वदरून्निशा द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर से दिनांक 27.07.2024 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मय कुल 91 शपथ पत्र डाक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। उसके बाद 30.07.2024 व 05.08.2024 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अविश्वास प्रस्ताव पर फर्जी हस्ताक्षर-निशानी अंगूठा बनाए जाने/लगाए जाने तथा तत्संबंधी कुल 75 शपथ पत्र प्रस्तुत किए गए। रिपोर्ट में उल्लेखित किया गया है कि विकास खण्ड सेमरियावां में कुल 121 क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं तो संभव नहीं था कि 166 शपथ पत्र दिया जा सके।

इसके संबंध में जांच की गयी तो पाया गया कि 50 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के शपथ पत्र दोनों पक्षों हाजरा खातून आदि व मजहरुन्निशा द्वारा दिया गया है। जांच के क्रम में सभी 50 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को अपना बयान अंकित कराए जाने हेतु बुलाया गया जिसमें 48 क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा अपने बयान दर्ज कराए गये। सभी के बयान प्रश्नोत्तरी के रूप में दर्ज किए गये। 48 क्षेत्र पंचायत सदस्यों में से 39 क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा हाजरा खातून के पक्ष में अपना बयान दिया गया है। चार क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव से संबंधित शपथ पत्र पर किए गये हस्ताक्षर को फर्जी, तीन क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अविश्वास के पक्ष में प्रस्तुत शपथ पत्र पर अपना हस्ताक्षर होना नहीं बताया है। एक क्षेत्र पंचायत सदस्य ने अविश्वास के पक्ष में शपथ पत्र पर किए गये हस्ताक्षर को सही बताया तथा दूसरे वाले पर बिना बताए हस्ताक्षर कराया जाना बताया। एक क्षेत्र पंचायत सदस्य ने दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तुत किए गये शपथ पत्र पर अपना हस्ताक्षर करना बताया। इससे स्पष्ट है कि हाजरा खातून आदि व मजहरुन्निशा द्वारा तथा 50 क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा प्रतिरूपण कर बेईमानी पूर्ण तरीके से छल-धोखा देकर शपथ पत्र तैयार किया गया तथा एक शपथ पत्र से भिन्न दूसरे शपथ-पत्र में इतर-मिथ्या कथन किया गया है जो अपराधजनित है।

जिलाधिकारी ने बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा भी पर्याप्त साक्ष्य न मिलने व कोर्ट को गुमराह करने पर याचिका खारिज करते हुए ₹50 हजार का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि प्र. जिला पंचायत राज अधिकारी ने प्रकरण की जांच के उपरांत प्रभारी निरीक्षक दुधारा को प्रस्तुत रिपोर्ट के माध्यम से अनुरोध किया है कि इस प्रकार के घोर आपराधिक कृत्य करने वाले उपरोक्त के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करें।

## डीएम व एसपी ने देखी ट्रैफिक व्यवस्था

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह



तंवर एवं पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने संयुक्त रूप से खलीलाबाद बाईपास का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था व अन्य का जायजा लिया। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त एवं बेहतर तरीके से खड़े वाहनों को नियमानुसार क्रमवार खड़े किए जाने और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु यातायात प्रभारी को निर्देश दिया। इसके साथ ही आम जनमानस की सुविधा हेतु बाईपास पर टैक्सी स्टैंड हेतु निकट स्थान पर जमीन चिह्नित कर अधीनस्थ राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। डीएम ने कहा कि खलीलाबाद शहर को स्मार्ट सिटी बनाया जा रहा है। इसके दृष्टिगत कार्य भी तेजी के साथ चल रहा है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान इसकी प्रगति भी देखी गई है।

# नवजात की मौत के मामले में डॉक्टर दंपति समेत चार पर केस

**मेंहदावल (एसएनबी)।** मेंहदावल नगर पंचायत के बीएमसीटी मार्ग पर एक निजी अस्पताल में बच्चे का शव को अपने पास रखने के मामले में पोस्मार्टम रिपोर्ट आने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर मेंहदावल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने अस्पताल के संचालक दंपति डॉक्टर लोकेश त्रिपाठी व डा. अर्चना त्रिपाठी व दो कर्मचारियों समेत चार के विरुद्ध विभिन्न धाराओं मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मेंहदावल नगर पंचायत के टेंडुआ गांव निवासी आशीष मिश्रा ने बीते 23 सितंबर को मेंहदावल थानाध्यक्ष को दी गई तहरीर में लिखा था कि उनकी पत्नी की तबियत खराब होने पर बीएमसीटी मार्ग पर स्थित दिव्या हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर में एडमिट कराया था।

हॉस्पिटल के कर्मचारियों की लापरवाही से नवजात बच्चे की मौत हो गई। यह खबर मीडिया की सुर्खियों बनने के बाद मामले का जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने संज्ञान लिया था। सीएमओ को पूरे मामले की जांच के लिए निर्देशित करते हुए रिपोर्ट मांगी थी। जिस पर बीते गुरुवार को तहसीलदार मेंहदावल आनंद ओझा की निगरानी में शव पंडितपुरवा घाट से निकाला गया था और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने दिव्य देव नर्सिंग होम के संचालक दंपति डाक्टर लोकेश त्रिपाठी व डाक्टर अर्चना त्रिपाठी व दो कर्मचारियों के विरुद्ध दो धारा 106 (1) व 352 बीएनएसएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। **चार लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया है केस : थानाध्यक्ष :** इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह ने बताया कि दो धाराओं में चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले की गहनता के साथ जांच शुरू कर दी गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार रिपोर्ट लगाई जाएगी। साथ ही उक्त के संबंध में उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराया जाएगा।

# सैनिक बंधु की समस्या निस्तारण को बैंक प्रबंधकों संग होगी बैठक


कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सैनिक बंधु की बैठक को संबोधित करते सीडीओ।

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** जिला सैनिक बंधु कल्याण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिसमें जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने उपस्थित अन्य समस्त अधिकारी/पूर्व सैनिकों का स्वागत करते हुए पिछली सैनिक बन्धु की बैठक की समीक्षा की। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी (पू. कर्नल) बीके शुक्ला ने जनपद के शहीद सिपाही सत्यवान सिंह, वीर चक्र (मरणोपरांत) की मूर्ति स्थापना के बारे में, शहीद द्वार, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय एवं विश्राम गृह के प्रोग्रेस, शहीद स्थल के घ्ण्ठ्ठघ्ड्ड-क्ष्क्ष एनसीसी बटालियन की स्थापना, ईसीएचएस-इम्पैनल्ड अस्पताल तथा स्वतंत्रता एवं गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए पूर्व सैनिकों हेतु बजट पर चर्चा की।

उन्होंने बताया कि भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को पेंशन में आ रही समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक प्रस्तावित की गई। पेंशन से संबंधित पीसीडीए प्रयागराज टीम के निमंत्रण पर चर्चा किया गया। साथ ही साथ जो 01 जुलाई 2024 से लागू है के बारे में चर्चा की गई। इसी कम में यूपीसिडको को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द भवन हस्तगत करना सुनिश्चित करें। उद्घाटन के समय भूतपूर्व सैनिकों/वीर नारियों की रैली की जायेगी। अंत में पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर चर्चा की गई और उसका निस्तारण जल्द से जल्द होने का आश्वासन दिया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी ने पूर्व सैनिकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आश्वासन दिया कि आप लोगों के लिए किसी भी प्रकार की समस्या एवं वेलफेयर से संबंधित जो भी समस्याएं हैं का तत्काल नियमानुसार कार्रवाई कर निस्तारण कराया जाएगा। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ, उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, लीड बैंक अधिकारी पवन कुमार सिन्हा, अधिशासी अभियंता (विद्युत) राजेश कुमार, पंचायती राज विभाग से प्रदीप त्रिपाठी, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित संबंधित अधिकारीगण एवं भूतपूर्व सैनिक रमाकांत, कल्याण संयोजक तथा जनपद के भूतपूर्व सैनिक एवं सैनिक आश्रित-वीर नारियां उपस्थित रहीं।

# थानाध्यक्ष का पैदल थाने पहुंचकर चार्ज लेना बना चर्चा का केन्द्र

धनघटा (एसएनबी)। महुली थाने में तैनात रहे प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र का अचानक नाटकीय ढंग से हुए स्थानान्तरण के बाद महुली थाने के थानाध्यक्ष बनाए गए हरेश तिवारी गुरूवार की शाम फिल्मी स्टाइल में टैम्पू में बैठकर महुली थाना गेट पहुंचे। गेट पर टैम्पू से उतरकर पैदल ही थाना कार्यालय में पंहुचे। नए थानाध्यक्ष के पहुंचने की जानकारी होते ही सभी पुलिसकर्मी एलर्ट मोड़ में आ गए। वहीं मौके पर मौजूद फरियादी व अन्य लोग नवागत थानाध्यक्ष के पैदल पहुंचने से भौचक नजर आए। नए थानाध्यक्ष की यह कार्य गुजारी गुरूवार ही नहीं शुक्रवार को भी चर्चा का केन्द्र रहा। हुआ यह कि नवागत थानाध्यक्ष के पास अपना वाहन न होने के कारण निवर्तमान प्रभारी निरीक्षक ने उनके लिए थाने का सरकारी वाहन भेजा था लेकिन टेलीफोन वार्ता में पता चला कि थानाध्यक्ष टैम्पू गाड़ी से आ रहे हैं। ऐसे में सरकारी वाहन मैनसिर से वापस बुला लिया गया। उसके बाद नए थानाध्यक्ष पैदल ही थाने पर पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। उस वक्त पूरे महुली क्षेत्र में बारिश हो रही थी और बारिश से बचने के लिए जहां लोग जगह-जगह छिप कर बैठे रहे वहीं नए थानाध्यक्ष फिल्मी स्टाइल में थाने पहुंचकर चार्ज लेने की चर्चा लोग करते रहे। उनके इस तरह के सादगी भरे व्यवहार से जहां फरियादियों को उचित न्याय मिलने की उम्मीद जगी तो वहीं तमाम पुलिसकर्मी इस तरह साधारण रूप से पहुंचने पर आश्चर्यचकित रह गए।

# सैनिकों की समस्या जल्द निस्तारित हो

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। सीडीओ जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु कल्याण समिति की बैठक कलक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को आयोजित हुई। इस दौरान सैनिकों की समस्याओं को लेकर चर्चा करते हुए सीडीओ ने जिम्मेदार अधिकारियों को त्वरित गति से निस्तारण किए जाने का आदेश दिया।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने जनपद के शहीद सिपाही सत्यवान सिंह, वीर चक (मरणोपरान्त) की मूर्ति के बारे में, शहीद द्वार, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय एवं विश्राम गृह के प्रोग्रेस, शहीद स्थल के फेज दो, एनसीसी बटालियन की स्थापना, ईसीएचएस, इम्पैनल्ड अस्पताल तथा स्वतंत्रता एवं गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए पूर्व सैनिकों हेतु बजट पर चर्चा की गई। इसी क्रम में भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को पेन्शन में आ



कलक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला सैनिक बंधु कल्याण समिति की बैठक करते मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी। • हिन्दुस्तान

रही समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में समस्त बैंकों के शाखा प्रबन्धक के साथ एक बैठक प्रस्तावित किया गया। पेंशन से सम्बन्धित पीसीडीए प्रयागराज रपर्श टीम के निमंत्रण पर चर्चा किया गया। साथ ही साथ एक जुलाई 2024 से लागू ओआरओपी-तृतीय के बारे में चर्चा की गई। इसी क्रम में यूपीसिडको को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द भवन हैंडओवर कराना सुनिश्चित करें। अन्त में पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर चर्चा किया गया और उसका निस्तारण जल्द से जल्द होने का आश्वासन दिया गया है। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान, जिला सैनिक कल्याण बीके शुक्ला, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ, उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, बीएसए अमित कुमार सिंह आदि रहे।

# बर्तन चुराने वालों को पकड़कर पुलिस को सौंपा

जासं, महुली : हरिहरपुर के कारोबारी ने बर्तन चुराने वाले को शुक्रवार को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। तहरीर में हरिहरपुर निवासी वेद प्रकाश ने उल्लेख किया है कि वह बर्तन व्यवसायी हैं। वह चहारदीवारी के अंदर पुराने स्टील व एल्युमूनियम बर्तन को रखते हैं। 10 से 15 वर्ष के छह बच्चे कबाड़ बिनने के नाम पर उनके यहां से हर दिन एक से दो किलो बर्तन चहारदीवारी से चूरा लेते हैं। ये हरिहरपुर स्थित दुकानों में कम कीमत पर बेच देते हैं।

# समन्वय बना कर अपराधियों को दिलाएं सजा

संतकबीरनगर। डीएम महेंद्र सिंह तंवर और एसपी सत्यजीत गुप्ता ने अभियोजन अधिकारियों व शासकीय अधिवक्ताओं के साथ शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में बैठक की। इसमें अभियोजन पक्ष एवं पुलिस को आपस में समन्वय कर मामलों के यथाशीघ्र निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने लंबित अभियोगों, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एससीएसटी एक्ट, महिला संबंधी अपराधों आदि के दृष्टिगत अभियोजन पक्ष द्वारा की गई कार्यवाहियों पर विस्तार से चर्चा की।

# जनसहयोग से छह सीसीटीवी कैमरे लगवाए

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत शुक्रवार को जनसहयोग से 06 सीसीटीवी कैमरा लगवाया। पुलिस ने कैमरे लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। एसओ अनिल कुमार ने लोगों से अपील किया कि वे अपने-अपने घरों, कॉलोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाए। कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें। जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सकें।

# विड़हरघाट पर दिन-रात सज रही है कच्ची शराब की मण्डी, पुलिस बेखबर

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र में सरयू नदी के विड़हरघाट पर दिन-रात कच्ची शराब की मण्डी सज रही है। हालत यह है कि विड़हरघाट में प्रमुख मार्ग पर स्थित सभी जलपान की दुकानों पर महिलाओं एवं बच्चों द्वारा कच्ची शराब की बिक्री खुलेआम की जा रही है। उक्त जलपान की दुकानों पर देर रात तक शराबी शराब के नशे में धुत होकर हुड़दंग मचाते रहते हैं। विड़हरघाट में खुलेआम कच्ची शराब की बिक्री दिन-रात हो रही है। शराबी नशे में धुत होकर देर रात तक हुड़दंग मचा रहे हैं लेकिन चन्द कदम की दूरी पर स्थित विड़हरघाट पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी इस काले कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय पूरी तरह से बेखबर बने हुए हैं। विदित हो कि सरयू नदी के विड़हरघाट की पवित्रता को देखते हुए जिला मुख्यालय समेत जिले के उत्तरांचल सहित गोरखपुर और बस्ती जिले के सीमावर्ती इलाके के लोग शव का दाह-संस्कार करने के लिए रोज भारी संख्या में विड़हरघाट पहुंचते हैं। रोज कई दर्जन शव का दाह-संस्कार विड़हरघाट पर होता है। इतना ही नहीं प्रत्येक रविवार को भी हजारों-हजार की संख्या में सरयू नदी के पवित्र जल में नहाने के लिए श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके अलावा विड़हरघाट पर निर्मित मंदिरों एवं धर्मशाले पर सैकड़ों की संख्या में लोग नियमित निवास करते हैं जिसके कारण विड़हरघाट पर दिन रात हमेशा चहल-पहल बनी रहती है। इसी चहल-पहल का फायदा मुख्य मार्ग पर जलपान की दुकान करने वाले दुकानदार उठा रहे हैं। जलपान की दुकान के नाम पर दुकान का संचालन करने वाले दुकानदारों द्वारा जलपान के सामानों की आड़ में खुलेआम कच्ची शराब की बिक्री की जा रही है। ऐसा भी नहीं है कि जलपान की दुकानों पर की जा रही कच्ची शराब के बिक्री की जानकारी विड़हरघाट पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों को नहीं है। काले कारोबार के बारे में जानने के बावजूद पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी बेखबर बने हुए हैं। कच्ची कारोबार को लेकर पुलिसकर्मियों के मौन बने रहे के पीछे स्थानीय लोगों का कहना है कि कच्ची की बिक्री करने वाले कारोबारियों के बल पर ही पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों का जेब खर्च चलता है इसीलिए पुलिसकर्मी कच्ची कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करने में हीलाहवाली करती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जलपान की दुकान करने वाले दुकानदार खाद्य सामग्रियों की बिक्री कर उतनी आमदनी नहीं कर पाते हैं जितनी आमदनी उनको कच्ची शराब की बिक्री करने से होती है। ग्रामीणों ने बताया कि कच्ची शराब की बिक्री से होने वाली आमदनी का मोटा हिस्सा स्थानीय पुलिस की जेब में जाता है इसीलिए आंखों से देखने के बाद भी पुलिस कच्ची कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करना चाहती है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि विड़हरघाट अब धार्मिक स्थल के तौर पर विकसित हो चुका है ऐसी दशा में वहां कच्ची शराब जैसे अनैतिक कार्य पर प्रतिबंध लगाने की जिम्मेदारी पुलिस की है। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक धनघटा ने बताया कि विड़हरघाट पर पूर्व में सख्ती के चलते कच्ची शराब की बिक्री पूरी तरह बन्द हो गई थी लेकिन इस बीच दुबारा से कच्ची की बिक्री शुरू हो जाने की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि जल्द ही जानकारी कर छापेमारी की जाएगी और कच्ची कारोबार को बंद कराकर कारोबारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

> विड़हरघाट पर सड़क के किनारे स्थित सभी जलपान की दुकानों पर होती है कच्ची शराब की बिक्री, देर रात तक जलपान की दुकानों पर हुड़दंग मचाते रहते हैं शराबी

# कबाड़ बीनने वाले बच्चों पर दुकानदार ने दी तहरीर

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। महुली थाना क्षेत्र के नगर पंचायत हरिहरपुर वार्ड नंबर नौ के रहने वाले बर्तन व्यवसायी ने नगर पंचयात हरिहरपुर पुलिस चौकी को तहरीर दिया है। आरोप है कि आधा दर्जन किशोर उनकी दुकान बाहर रखे कबाड़ को उठा ले जा रहे हैं। बच्चों के साथ उनके परिजन और कबाड़ का सामना खरीदने वालों की भूमिका संदिग्ध है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

नगर पंचायत हरिहरपुर वार्ड नंबर 9 निवासी बर्तन कारोबारी वेद प्रकाश ने हरिहरपुर पुलिस चौकी को दी गई तहरीर में बताया कि वह एक बर्तन दुकानदार है। खरीदे गए पुराने स्टील और एल्युमिनियम बर्तन उनके एक बाउंड्री वॉल में रखा जाता है। आधा दर्जन कबाड़ बीनने वाले बच्चे जिनकी उम्र लगभग 10 वर्ष से 15 वर्ष तक है, दो साल से कबाड़ बीनने के नाम पर रोज एक से किलो दो किलो सामान चुरा लेते हैं। उस सामान को नगर पंचायत हरिहरपुर के कई दुकानदारो को कम पैसे में बेच देते हैं। वहीं उक्त दुकानदार बच्चों के परिजनों की मिलीभगत से काम करते हैं।

# हत्या के प्रयास के मामले में जेल में हूं साहब, जमानत करा दें!

- जिला कारागार में आयोजित हुआ बंदी समस्या-समाधान दिवस
- लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ के समक्ष बंदियों ने सुनाई समस्या

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिला जज अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह के पहल पर शुक्रवार को लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव सदस्यों के साथ जिला कारागार में पहुंचे। उन्होंने बंदी समस्या-समाधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बंदियों के समस्या से रूबरू होकर उसके निदान के प्रति उन्हें आश्वस्त किया। इस दौरान एक बंदी ने कहा कि मुझे हत्या के प्रयास के झूठे मुकदमे में जेल भेज दिया गया है, मेरी जमानत करा दीजिए।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार माह के प्रत्येक चौथे शुक्रवार को जिला कारागार में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के द्वारा बंदी समस्या-समाधान दिवस का आयोजन होता है। लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अधिवक्ताओं के द्वारा जिला कारागार में निरुद्ध कैदियों से मिलकर उनकी समस्या को जानकर उनके समाधान के लिए बेहतर प्रयास किया जाता है। शुक्रवार को लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव अपने सहयोगियों के साथ जिला कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर कैदियों से मुलाकात की। उन्होंने प्रत्येक कैदियों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनके मुकदमों में की जा रही पैरवी के बारे में पूछताछ की। उनके समस्या के त्वरित समाधान के लिए आश्वस्त किया। कोतवाली खलीलाबाद के बरदहिया बाजार निवासी मो. वकील ने कहा कि वह बीते फरवरी से हत्या के प्रयास के झूठे मुकदमें में कारागार में निरुद्ध हैं। उन्हें अपने मुकद्मे के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। इस दौरान डिप्टी जेलर कमलनयन सिंह, गीता रानी, हरिकेश कुमार, जेल पैरालीगल वालंटियर पंकज समेत अन्य सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।

डीपीआरओ की तहरीर पर दुधारा पुलिस ने दर्ज किया गंभीर धाराओं में मुकदमा

# ब्लॉक प्रमुख सहित 55 पर केस

## अविश्वास प्रस्ताव

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। सेमरियावां ब्लाक की प्रमुख मजहरुन्निशा व अविश्वास प्रस्ताव के लिए आवेदन देने वाली क्षेत्र पंचायत सदस्य हाजरा खातून सहित 55 क्षेत्र पंचायत सदस्यों पर गुरुवार की देर रात गम्भीर धाराओं में केस दर्ज हो गया। यह केस अविश्वास के लिए लगाए गए शपथ पत्र को गुमराह कर बनाए जानें और एक ही मामले में दो शपथ पत्र में अलग-अलग बयान देने के कारण किया गया। जांच में 50 क्षेत्र पंचायत सदस्य के साथ ही प्रमुख, प्रमुख का विरोध करने वाली सदस्य व अविश्वास प्रस्ताव के पत्र पर दस्तखत करने वाले तीन अन्य सदस्य दोषी पाए गए हैं। मुकदमे की मुख्य अभियुक्त हाजरा खातून पूर्व प्रमुख महमूद खान की पत्नी हैं और पूर्व विधान सभा प्रत्याशी मशहूर आलम चौधरी की बहू हैं।

प्रभारी डीपीआरओ ने राजेश कुमार अपने तहरीर में लिखा है कि ब्लाक प्रमुख सेमरियावां के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के लिए हाजरा खातून, संगीता देवी, मनीष कुमार तथा बदरुन्निशा ने संयुक्त हस्ताक्षर से 27 जुलाई 2024 को प्रार्थना पत्र डाक के जरिए प्रस्तुत किया। प्रार्थना पत्र में कुल 91 सदस्यों के शपथ पत्र दिए गए। इसके साथ ही ब्लाक प्रमुख मजहरुन्निशा ने 30 जुलाई व पांच अगस्त 2024 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अविश्वास प्रस्ताव पर फर्जी हस्ताक्षर, निशानी अंगूठा बनाए जानें का आरोप लगाया। इसके संबंध में 75 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के शपथ पत्र प्रस्तुत किए गए। सेमरियावां में कुल 121 क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं लेकिन दोनों पक्षों से 166 शपथ पत्र दिए गए। जब इसकी जांच की गई तो 50 क्षेत्र पंचायतों के शपथ पत्र ऐसे मिले जिन्होंने दोनों पक्ष से अलग-अलग शपथ पत्र दिया था।

- मुकदमे में पूर्व विधान सभा प्रत्याशी मशहूर आलम चौधरी की बहू हैं मुख्य अभियुक्त
- कूटरचित तरीके से नोटरी शपथ पत्र देने का मामला, प्रशासन की जांच में
- दो-दो शपथ पत्र देने की हुई थी पुष्टि

### इन धाराओं में दर्ज हुआ केस

दुधारा पुलिस ने सभी 55 आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 319(2), 318(2), 318(4), 338, 336(2), 336(3), 340(2) के तहत केस दर्ज किया है।

डीएम ने इसकी जांच सीडीओ जयकेश त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित कमेटी को सौंपा। जांच में सभी 50 क्षेत्र पंचायत सदस्य को अपना बयान अंकित कराए जाने के लिए बुलाया गया। इसमें 48 क्षेत्र पंचायत सदस्य सीडीओ कार्यालय में उपस्थित कर अपना बयान दर्ज कराया। सभी के बयान प्रश्नोत्तरी के रूप में दर्ज किए गए। 48 क्षेत्र पंचायत सदस्यों में से 39 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने हाजरा खातून के पक्ष में अपना बयान दिया। चार क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव से सम्बन्धित शपथ पत्र पर किए गए हस्ताक्षर को फर्जी बताया। तीन क्षेत्र पंचायत सदस्य ने अविश्वास के पक्ष में प्रस्तुत शपथ पत्र पर अपना हस्ताक्षर न होना बताया।

### इनके विरुद्ध दर्ज हुआ केस

दुधारा पुलिस ने मुख्य अभियुक्त हाजरा खातून पत्नी महमूद आलम के साथ ही ब्लाक प्रमुख मजहरुन्निशा, संगीता देवी, मनीष कुमार, बदरुन्निशा, रीता, रोहित कुमार, शनि देवल, अमृतलाल, पंचराम, राहुल कुमार, सकीना खातून, रंगीलाल, साधना, अजय प्रकाश, धर्मात्मा प्रसाद, शान्ति देवी, मिथलेश, फखरुल इस्लाम, धर्मेन्द्र कुमार, मोहम्मद सलीम, सुभावती, गुलाम हुसेन, नौशाद अली, जितेन्द्र कुमार, इबारत हुसेन, मीरा, प्रभावती, बबीता, रुकसाना खातून, बदरुन्निशा, इज़हार अहमद, नजरुल अहमद, नीतू, बबिता, रविन्द्र कुमार, पवनारी देवी, साधना, फिरोज अहमद, अलीमुन्निशा, पंकज कुमार, बदरे आलम, इम्तियाज अहमद, बहादुर प्रसाद, आतिफा खातून, एबाद अहमद, राधिका देवी, मीना देवी, मोहम्मद महबूब, रमेश प्रसाद, खुशनुमा खातून, शमा अदनान, अर्चना, रामदास, रामकुमार का नाम शामिल है।

"हाजरा खातून व कुछ अन्य सदस्यों के द्वारा डाक के जरिए अविश्वास के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। उसके बाद ब्लाक प्रमुख सेमरियावां ने 75 सदस्यों के साथ यह शपथ पत्र दिया कि वे उनके साथ हैं। सेमरियावां में कुल 121 सदस्य हैं, लेकिन शपथ पत्र 166 प्राप्त हुए। इसके बाद शपथ पत्रों की जांच हुई तो 50 ऐसे मिले जिन्होंने दोनों तरफ से शपथ पत्र दिया था। हालांकि टेक्निकल कारण से अविश्वास प्रस्ताव का प्रार्थना पत्र निरस्त हो गया था। इसके बाद हाजरा खातून ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए 50 हजार का जुर्माना लगाया। शपथ पत्रों की जांच और सदस्यों के बयान में यह साबित हुआ कि कूटरचित तरीके से शपथ पत्र दिए गए हैं। इस कारण मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसके अलावा सेमरियावां के विकास कार्य को लेकर जल्द ही पहल करते हुए आगे बढ़ाया जाएगा।

महेन्द्र सिंह तंवर, डीएम, संतकबीरनगर

# बेटे की तलाश में भटक रहे परिजन

धनघटा। धनघटा थाना क्षेत्र के मुठही कला निवासी एक गूंगा बहरा युवक घर से एक व्यक्ति की ट्राली पर बैठकर निकाला लेकिन वह शाम तक घर नहीं आया। परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। थाने पर तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करवाई है। थाने पर दी गई तहरीर में सुमित्रा देवी पत्नी राजकरन ने लिखा है कि उनका 19 वर्षीय पुत्र निखिल 26 सितंबर को सुबह 10 बजे घर से निकला और पता नहीं चला।

# नवजात की मौत के मामले में डॉक्टर दंपति समेत 4 पर केस

- इलाज में लापरवाही से नवजात की मौत होने का लगा है आरोप
- मेंहदावल कस्बा स्थित दिव्य देव हास्पिटल का है मामला

मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद। मेंहदावल कस्बा स्थित दिव्य देव हास्पिटल में प्रसूता के नवजात बच्चे की मौत के मामले में शुक्रवार को मेंहदावल पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर शुक्रवार को डॉक्टर दंपति समेत चार लोगों पर चिकित्सीय लापरवाही से बच्चे की मौत होने व गाली-गलौज करने का मुकदमा दर्ज किया है।

कस्बे के टेंडुआ मोहल्ला निवासी आशीष मिश्र ने बीते 23 सितंबर को मेंहदावल पुलिस को दिव्य देव हास्पिटल के चिकित्सक की लापरवाही से पत्नी के प्रसव के दौरान नवजात की मौत होने का आरोप लगाया था। मामले में सीएमओ रामानुज कन्नौजिया ने पहले विभागीय जांच कराई। जिसमें चिकित्सक से स्पष्टीकरण मांगते हुए पीड़ित का बयान लिया गया। इसके बाद गुरुवार को उन्होंने नवजात के शव का पोस्टमार्टम कराने का पत्र जारी किया। जिस पर मेंहदावल पुलिस ने तहसीलदार आनंद कुमार ओझा व परिजन की मौजूदगी में गुरुवार को मुहिया पुल के पास से दफनाए गए शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शुक्रवार को मामले में चार आरोपितों पर केस दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह ने बताया कि मृतक नवजात बच्चे के पिता की तहरीर पर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. लोकेश त्रिपाठी उनकी पत्नी अर्चना त्रिपाठी, जावेद और कार्तिक के खिलाफ इलाज में लापरवाही और गाली-गलौज करने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# रंजिश में युवक को पीटा, केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर कठार में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने युवक की पिटाई कर दी। पीड़ित इंद्रजीत पुत्र राधेश्याम का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर 25 सितंबर की रात दस बजे गांव के विशाल, दीपक, प्रमोद, धीरज, नीरज ने एकजुट होकर उसके लाठी, डंडे एवं पंच से उसे अचानक मारने–पीटने लगे। उसके शोर मचाने पर गांव के कुछ लोग पहुंच कर बीच–बचाव किए। उसके बाद लोग जान्माल की धमकी देते हुए चले गए। कोतवाल सतीश सिंह ने बताया कि पांचों आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# एसपी ने पुलिसकर्मियों की बीट बुक जांची

**संतकबीरनगर**। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। बाद में बीट बुक को चेक किया और संबंधित पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया। एसपी ने पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक किया। जिले के समस्त थानों व पुलिस चौकियों पर परेड कराई। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवाई।

# एमवी एक्ट में 128 वाहनों का चालान

**संतकबीरनगर**। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 128 वाहनों का चालान किया।

# राहत सामग्री न मिलने से लोगों ने किया हंगामा

धनघटा। धनघटा तहसील क्षेत्र के नेतवापुर चौराहे पर शुक्रवार शाम को आगापुर गुलरिहा के ग्रामीणों ने बाढ़ राहत सामग्री न मिलने से आक्रोशित होकर सड़क को जाम कर दिया। लगभग आधे घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझा कर जाम खुलवाया।

गत दिनों आई सरयू नदी की बाढ़ से प्रभावित गांव आगापुर गुलरिहा के ग्रामीण शुक्रवार की शाम नेतवापुर चौराहे पर पहुंचे। प्रशासन का विरोध करते हुए सड़क जाम कर दिया।



मेंहदावल बाईपास पर टैक्सी स्टैंड के लिए चिन्हित हुई जमीन का शुक्रवार को निरीक्षण करते डीएम व एसपी। ● हिंदुस्तान

# टैक्सी स्टैंड के लिए चिह्नित जमीन डीएम ने देखी, निर्देश

- मेंहदावल बाईपास पर चिह्नित हुई है जमीन
- टैक्सी स्टैंड के साथ ही बनेगा वेंडिंग जोन

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। शहर के मेंहदावल बाईपास पर सरकारी और पोखरे की जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए डीएम महेन्द्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। जमीन की भौगोलिक स्थिति देखते हुए जिम्मेदारों को सख्त निर्देश दिए। जमीन पर अवैध कब्जे को हटाने के साथ ही जल्द से जल्द भूमि की पटाई और उसे व्यवस्थित करने का काम शुरू किया जाएगा। एक माह के भीतर सुसज्जित टैक्सी स्टैंड और वेंडिंग जोन तैयार हो जाएगा।

मेंहदावल बाईपास पर पोखरे और सरकारी जमीन पर दर्जनों लोगों ने अवैध रूप से कब्जा जमाया है। कुछ लोगों का दावा है कि उनकी जमीन एनएच में गई है, जिसका उन्हें मुआवजा नहीं मिला है। इस कारण उन्होंने बची जमीन पर अपना कब्जा किया है। वहीं तमाम लोग ऐसे भी हैं जिन्होंने अपने रकबा से अधिक पर कब्जा जमाया है। सभी को प्रशासन ने चिन्हित कर लिया है। नोटिस भी निर्गत कर दी गई है। करीब आधा दर्जन कब्जेदारों पर प्रशासन का डंडा पहले ही चल चुका है। जो बचे हैं उनके विरुद्ध जल्द ही चलने वाला है। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने बाईपास पर पहुंचकर वहां की पूरी भौगोलिक स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिया कि सरकारी जमीन पर जिन्होंने अवैध कब्जा किया है, उन्हें तत्काल हटा दिया जाए। जो दुकाने और ढाबे खुले हैं उनके लिए निर्धारित वेंडिंग जोन में जगह दी जाएगी। डीएम ने कहा कि पोखरे की जमीन पर पोखरे का सुन्दरीकरण किया जाएगा।

# बीट बुक चेक कर सही रखने के निर्देश

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार का सप्ताहिक परेड के बाद पुलिस लाइंस के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में कमांडरों से जानकारी ली। एसपी ने जनपद के बीट आरक्षियों की बीट बुक को चेक करते हुए पायी गयी कमियों को तत्काल दूर करने का आदेश दिया। एसपी के निर्देश पर जनपद के समस्त थानों व पुलिस चौकियों पर शुक्रवार की परेड़ कराई गई। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवाई। संवाद

# पशु चरागाह की भूमि से कब्जा हटाने की मांग

धनघटा। क्षेत्र के चकिया में स्थित पशु चारागाह की भूमि पर गांव के तमाम लोग अवैध रूप से कब्जा कर लिए हैं। जिससे जिस उद्देश्य के लिए जमीन छोड़ी गई थी वह उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है।

चारागाह की जमीन अतिक्रमण मुक्त कराए जाने के लिए कई बार प्रार्थना पत्र दिया जा चुका लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है। चकिया गांव निवासी प्रिंस सिंह ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि करीब 14 बीघा जमीन चारागाह के रूप में छोड़ी गई थी। उस जमीन के अगल-बगल निवास करने वाले या काश्तकार लोग कब्जा कर लिए हैं। जिससे चारागाह की जमीन सिमट कर रह गई है प्रिंस का कहना है जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग को लेकर कई बार प्रार्थनापत्र दिया गया लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है।

जिससे अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। एसडीएम रमेश चंद्र ने कहा कि चारागाह की जमीन पर यदि अतिक्रमण किया गया है तो उसे हटाया जाएगा। संवाद

# राहत सामग्री न मिलने से नाराज बाढ़ पीड़ितों ने जाम की सड़क

## एक घंटे बाधित रहा उमरिया बाजार-बिड़हर घाट मार्ग, तहसीलदार के आश्वासन पर माने

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। राहत सामग्री न मिलने से नाराज चपरा पूर्वी गांव के खालेपुरवा निवासी बाढ़ पीड़ित शुक्रवार की शाम उमरिया बाजार-बिड़हर घाट मार्ग नेतवापुर चौराहे पर जाम कर दिए। करीब एक घंटे जाम के कारण आवागमन ठप रहा। जानकारी होने पर तहसीलदार और थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे। लोगों को समझा बुझाकर सड़क खाली करवाए। उसके बाद आवागमन बहाल हो सका।

खालेपुरवा निवासी नीरज चौहान, सवरु सिंह, अशोक चौहान, जनार्दन, सुभावती, गुड्डू, धन बहादुर, अन्नू आदि का कहना था कि सरयू नदी की बाढ़ से पूरे गांव के लोगों की फसल नष्ट हो गई। लोगों के दरवाजे तक बाढ़ का पानी भरा था, लेकिन जब बाढ़ राहत सामग्री वितरण की गई तो गांव के कुछ लोगों को राहत सामग्री देकर वितरण बंद कर दिया गया, जिससे अधिकतर लोग बाढ़ रहा सामग्री पानी से वंचित रह गए हैं। गांववालों का कहना था कि राहत सामग्री सभी को नहीं दी गई तो आंदोलन किया जाएगा।

गांव के लोगों ने हल्का लेखपाल पर सूची बनाने में मनमानी का आरोप लगाए और उसे हटाए जाने की मांग की। मौके पर पहुंचे तहसीलदार योगेंद्र पांडेय ने बाढ़ पीड़ितों को समझाते हुए कहा कि जितने लोगों की सूची बनाई गई थी और जो लोग प्रभावित थे।

उन्हें बाढ़ राहत सामग्री नियमानुसार दे दी गई है। अगर सूची बनाने में गड़बड़ी की गई है तो दूसरे लेखपाल से जांच कराई जाएगी। अगर कोई पात्र राहत पाने से वंचित रह गया है तो उसे सामग्री जरूर दी जाएगी। आश्वासन पर लोगों ने रास्ता खाली कर दिया।



नेतवापुर चौराहे पर उमरिया बाजार- बिड़हर घाट मार्ग जाम करते खाले पुरवा गांव के लोग। स्रोत- ग्रामीण



रास्ता जाम कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास करती पुलिस। स्रोत- ग्रामीण

# हत्या के प्रयास के मामले में जेल में हूं साहब..जमानत करा दीजिए



जिला कारागार में कैदियो से जानकारी लेते लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ । स्रोत - जिला जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जिला जज अनिल कुमार वर्मा के निर्देश पर शुक्रवार को लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव जिला कारागार पहुंचे। इस दौरान एक बंदी ने कहा कि उन्हें हत्या के प्रयास के झूठे मुकदमे में जेल भेज दिया गया है, मेरी जमानत करा दीजिए।

लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव सहयोगियों के साथ जिला कारागार के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर कैदियों से मुलाकात की।

प्रत्येक कैदियों से मिलकर उनके मुकदमों में की जा रही पैरवी के बारे में पूछताछ कर उनकी समस्या के त्वरित समाधान के लिए आश्वस्त किया। कोतवाली खलीलाबाद के बरदहिया बाजार निवासी एक कैदी ने कहा कि वह बीते फरवरी से हत्या के

## जिला कारागार में बंदी समस्या समाधान दिवस का आयोजन

प्रयास के झूठे मुकदमे में कारागार में निरुद्ध है। उसे मुकदमे के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। वहीं गड़सरपार गांव निवासी कैदी ने कहा कि उसकी जमानत याचिका यहां से खारिज हो चुकी है।

हाईकोर्ट में जमानत दाखिल न हो पाने के कारण जमानत नहीं हो पा रही है। चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव ने डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल संजीव कुमार पांडेय, असिस्टेंट मो. दानिश व प्रज्ञा श्रीवास्तव को बंदियों के समस्या को नोट कराते हुए उनके समस्याओं के शीघ्र निस्तारण कराए जाने के आश्वस्त किया है।

इस दौरान डिप्टी जेलर नयन कमल सिंह, गीता रानी, हरिकेश कुमार, जेल पैरालीगल वालंटियर पंकज आदि मौजूद रहे।

# मेंहदावल बाईपास से हटेगा अतिक्रमण

**संतकबीरनगर।** मेंहदावल बाईपास पर वाहन स्टैंड बनाने की योजना पर अमल शुरू हो गया है। शुक्रवार को डीएम महेंद्र सिंह तंवर और एसपी सत्यजीत गुप्त ने चिह्नित जमीन को देखा। यहां पर स्टैंड बनाने के साथ ही अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया। साथ ही पटरी दुकानदारों को भी व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

शहर में जाम की समस्या को दूर करने के लिए प्रशासन लगातार सक्रिय है। इसी के तहत मेंहदावल बाईपास के पास पालिका की खाली पड़ी जमीन पर वाहन स्टैंड बनाने का प्रस्ताव तैयार किया है।

शनिवार को डीएम महेंद्र सिंह तंवर, एसपी सत्यजीत गुप्ता और सदर एसडीएम शैलेंद्र दूबे जमीन देखने पहुंचे। डीएम ने निर्देश दिया कि आसपास के अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटवा दिए जाएं, ताकि वाहन स्टैंड के निर्माण का कार्य कराया जा सके। संवाद

# कबाड़ बीनने वाले बच्चों के खिलाफ व्यापारी ने दी तहरीर

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा।** महुली थाना क्षेत्र के नगर पंचायत हरिहरपुर के वार्ड नंबर नौ निवासी एक वर्तन व्यापारी ने चौकी प्रभारी हरिहरपुर को प्रार्थना पत्र देकर 10 से 15 वर्ष के कबाड़ बीनने वाले पांच से छह बच्चों पर चोरी का आरोप लगाया है।

आरोप यह भी है कि इस चोरी के मामले में बच्चों के साथ उनके परिजन और कबाड़ का सामना खरीदने वाले दुकानदार भी शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

नगर पंचायत हरिहरपुर वार्ड नंबर नौ निवासी एक बर्तन व्यापारी वेद प्रकाश ने तहरीर में कहा कि उनका पुराने, स्टील के बर्तन और एल्युमिनियम बर्तन उनके एक बाउंड्री वॉल में रखा जाता है। जिसको पांच से छह छोटे-छोटे बच्चे जिनकी उम्र लगभग 10 वर्ष से 15 वर्ष तक है।

दो साल से कबाड़ बिनने के नाम पर रोज एक से किलो दो किलो चुरा लेते हैं। नगर पंचायत हरिहरपुर के कई दुकानदार को कम पैसे में बेच देते हैं। वही दुकानदार लोगों और उनके घर वालों के मिली भगत से काम करते हैं।

बृहस्पतिवार की सुबह पांच बजे वहीं बच्चे घूम रहे थे। बच्चों को दौड़ा कर पकड़ा और 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस टीम को बुलाया। इंस्पेक्टर हरेश तिवारी ने बताया कि मामले जांच की जा रही हैं। जांच के उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी के मामले में डेढ़ माह बाद केस

संतकबीरनगर। शहर के गोला बाजार से 15 अगस्त को पिकअप से रुपये चोरी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। बस्ती जनपद के कोतवाली क्षेत्र स्थित इंदिरानगर निवासी अभिषेक गुप्ता ने बताया कि फर्म से संबंधित सामान डिलिवरी के लिए अशोक पाल निवासी करनपुर थाना मुंडेरवा जनपद बस्ती ने पिकअप से फर्म के सामान की डिलिवरी के लिए 15 अगस्त को वह गाड़ी लेकर खजनी गोरखपुर गए हुए थे। सामान डिलिवरी के बाद उनके 82 हजार 900 रुपये नकद प्राप्त हुआ था। गोला बाजार में गाड़ी को खड़ा सामान देने लगे। उसी दौरान गाड़ी के बैग में रखा रुपये चोरी हो गया। संवाद

## मारपीट के मामले में पांच पर केस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद क्षेत्र के मोहम्मदपुर कठार गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया। पुलिस ने इस मामले में पांच के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। मोहम्मदपुर कठार गांव निवासी इंद्रजीत ने शिकायत में बताया कि 25 सितंबर को रात दस बजे गांव के विपक्षी विशाल, दीपक, प्रमोद, धीरज व नीरज गाली देते हुए मारने-पीटने लगे। शोर मचाने पर गांव कुछ लोगों ने बीच-बचाव किया। आरोपी जानमाल की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। संवाद

## 128 वाहन चालकों से भरवाया जुर्माना

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 128 वाहन चालकों से जुर्माना वसूला। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच की। इस दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में वाहन चालकों से 1 लाख 44 हजार रुपये जुर्माना भरवाया। संवाद

## सिंगाड़ा उखाड़ने के विवाद में मारपीट

संतकबीरनगर। धर्मसिंहवा क्षेत्र के केचुआखोर गांव में सिंगाड़ा उखाड़ने के विवाद में मारपीट का मामला सामने आया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। चंद्रपाल ने बताया कि 24 सितंबर को शाम चार बजे गांव के मनोज कुमार ने रैदा ताल से सिंगाड़ा उखाड़ने की बात को लेकर गाली देते हुए मारे-पीटे और जानमाल की धमकी दी। मारपीट से सिर में चोट आई। इसके बाद वह सीएचसी मेंहदावल पर अपना उपचार कराए। पुलिस ने मामले में प्रार्थना पत्र मिलने पर आरोपी पर केस दर्ज किया है। संवाद

## नाली विवाद में महिला की पिटाई, केस दर्ज

धनघटा। महुली क्षेत्र के ग्राम बेलहरा में शुक्रवार को नाली में पानी बहने के विवाद को लेकर एक महिला की कुछ लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस ने गांव की ही दो लोगों के विरुद्ध मारपीट, गाली गलौज और जान से करने का केस दर्ज किया है। मालूम हो कि महुली क्षेत्र के ग्राम बेलहरा निवासी फूला देवी पत्नी विश्राम निषाद के घर के बगल से पुरानी नाली जा रही थी। विरोध करने पर महिला को कुछ लोगों ने मारपीट घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही रामकरन पुत्र रामदेव, रामानुज पुत्र रामकरन के विरुद्ध केस दर्ज किया है। संवाद

# बीमा के एक लाख रुपये अदा करे एलआईसी

अदालत से

संवाद न्यूज एजेंसी

## उपभोक्ता फोरम ने बीमा निगम के खिलाफ सुनाया फैसला

संतकबीरनगर। जिला उपभोक्ता आयोग ने पीड़ित के प्रार्थनापत्र पर भारतीय जीवन बीमा को एक लाख रुपये अदा करने का आदेश दिया है। साथ ही 20 हजार रुपये क्षतिपूर्ति और मुकदमा खर्च दस हजार रुपये अदा करने का फैसला सुनाया है।

धनघटा क्षेत्र के जेखौती निवासी हरिवंश राय ने उपभोक्ता आयोग में परिवाद दाखिल किया और कहा कि उसकी पत्नी मालती राय ने भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कार्यालय खलीलाबाद में एक लाख रुपये का बीमा कराया था। पत्नी मालती राय की मृत्यु 19 सितंबर 2017 को हो गई। उसने उक्त रुपये प्राप्त करने के लिए बीमा कम्पनी से याचना किया जिसे कंपनी ने निरस्त कर दिया। मजबूर होकर उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया।

उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह और महिला सदस्य संतोष ने सुनवाई के बाद बीमा कंपनी को निर्देशित किया कि वह परिवादी की पत्नी का बीमा धन एक लाख रुपये परिवादी की पत्नी की मृत्यु के दिन 19 सितंबर 2017 से अंतिम भुगतान की तिथि तक दस प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से साठ दिन के अंदर परिवादी को भुगतान करे। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

संतकबीरनगर। अपर सत्र और विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले जाने दुष्कर्म करने और एससी-एसटी एक्ट के मामले में आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र सुनवाई के बाद निरस्त कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित ने 16 फरवरी को प्रार्थनापत्र दिया कि 16 वर्षीय नाबालिग बहन 11 फरवरी को सुबह सात बजे तामेश्वरनाथ में पूजा करने गई थी। वहां पर पहले से मौजूद ग्राम भरतकुण्ड थाना पुरा कलंदर अयोध्या का आरोपी युवक बहन को शादी का झांसा देकर ले गया। संवाद

# दहेज हत्या के आरोपी सास-ससुर बरी

**संतकबीरनगर।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय देवेन्द्र नाथ गोस्वामी की कोर्ट ने दहेज हत्यारोपी सास-ससुर को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। सास ससुर पर आरोप था कि दहेज में सोने की चेन और भैंस न मिलने के कारण बहु मीरा की गला दबाकर हत्या की है।

ग्राम सेमरी डाडी थाना धनघटा के शंभू नाथ पांडेय ने 13 जून 2005 को थाने में तहरीर दिया कि बेटी मीरा पांडेय की शादी तीन साल पहले ग्राम केकरहा थाना धनघटा निवासी दिनेश पांडेय के बेटे अरविंद पांडेय उर्फ गुड्डू पांडेय के साथ की थी। शादी में नकदी और ढेर सारा सामान दिया था, लेकिन ससुराल वाले बेटी मीरा को प्रताड़ित करते हुए दहेज में चेन और भैंस की मांग की। न देने पर मीरा को प्रताड़ित करने की बात कही।

13 जून की सुबह जब मीरा से मिलने गया तो बेटी के ससुर दिनेश पांडेय, पति अरविंद पांडेय, देवर रत्नेश, सास उर्मिला, ननद विनीता ने मिलकर मीरा की गला दबाकर हत्या कर दिए। अपर सत्र न्यायधीश एफटीसी द्वितीय देवेंद्र नाथ गोस्वामी की कोर्ट ने बहस सुनने के बाद ससुर दिनेश पांडेय, सास उर्मिला को संदेह का लाभ पाते हुए बरी कर दिया। संवाद

# तीन साल से विकास कार्य ठप... केस के बाद प्रस्तावित बैठक पर भी संकट

## सेमरियावां में मौजूदा प्रमुख और पूर्व प्रमुख की खींचतान से ब्लॉक के विकास की नहीं बन सकी कार्ययोजना

पुनीत कुमार मिश्रा

संतकबीरनगर। मौजूदा प्रमुख और पूर्व प्रमुख की आपसी खींचतान के कारण तीन साल से सेमरियावां ब्लॉक के विकास की कार्ययोजना नहीं बन पाई। ऐसे में जनपद के सबसे बड़े ब्लॉक का विकास ठप पड़ा है।

अब अविश्वास प्रस्ताव के विरोध और समर्थन में दिए गए शपथ पत्र के फर्जीवाड़े में मौजूदा प्रमुख और पूर्व प्रमुख की पत्नी समेत 55 सदस्यों पर केस दर्ज होने के बाद हड़कंप मचा हुआ है। ऐसे में आगामी 30 सितंबर को प्रस्तावित बैठक पर भी संकट के बादल नजर आने लगे हैं।

**113** ग्राम और 121 क्षेत्र पंचायत हैं सेमरियावां ब्लॉक में


बैठक से पहले हंगामा, सदस्यों को उठा ले जाने का आरोप

12 सितंबर को प्रकाशित खबर।


47 बीडीसी सदस्य ब्लॉक प्रमुख के साथ भी... खिलाफ भी!

18 अगस्त को प्रकाशित खबर।

### इन क्षेत्र पंचायत सदस्यों पर दर्ज हुआ केस

हाजरा खातून, संगीता देवी, मनीष कुमार, बदरून्निशा, मजहरून्निशा, रीता, रोहित कुमार, सनी देवल, अमृत लाल, पंचराम, राहुल कुमार, शकीना खातून, रंगीलाल, साधना, अजय प्रकाश, धर्मात्मा प्रसाद, शांति देवी, मिथिलेश, फखरूल इस्लाम, धर्मेंद्र कुमार, मोहम्मद सलीम, सुभावती, गुलाम हुसेन, नौसाद अली, जितेंद्र कुमार, इबारत हुसैन, मीरा, प्रभावती, बबिता, रूकसाना खातून, बदरून्निशा, इजहार अहमद, नुजरूल हसन, नीतू, बबिता, रविंद्र कुमार, पौनारी देवी, साधना, फिरोज अहमद, अलीमुन्निशा, पंकज कुमार, बदरे आलम, इम्तियाज अहमद, बहादुर प्रसाद, आतिफा खातून, एबाद अहमद, राधिका देवी, मीना देवी, मोहम्मद महमूद, रमेश प्रसाद, खुशनुमा खातून, शमा अदनान, अर्चना, रामदास, राम कुमार शामिल हैं।

अविश्वास प्रस्ताव को लेकर हाजरा खातून ने 91 बीडीसी का शपथ पत्र दिया था। इसके बाद प्रमुख मजरून्निशा ने अपने पक्ष में 75 सदस्यों का शपथ पत्र दिया था। ब्लॉक में 121 बीडीसी ही हैं जबकि दोनों पक्ष को मिलाकर कुल 166 शपथ पत्र मिले थे। जांच में 50 सदस्यों के शपथ पत्र कूटरचित पाए गए। इसी के आधार पर केस दर्ज कराया गया है। - महेंद्र सिंह तंवर, डीएम

सेमरियावां ब्लॉक में 113 ग्राम पंचायतें और 121 क्षेत्र पंचायतें हैं। ब्लॉक क्षेत्र के दो लाख 42 हजार मतदाताओं ने 20 जुलाई 2021 को बीडीसी और ग्राम प्रधान का चुनाव किया। प्रमुख, क्षेत्र पंचायत सदस्यों और प्रधानों के शपथ ग्रहण के बाद से अब तक क्षेत्र पंचायत की बैठक नहीं हो सकी। नतीजा यह रहा कि तीन साल से विकास के लिए एक भी कार्ययोजना नहीं बन पाई।

प्रमुख के शपथ ग्रहण के बाद 14 अक्तूबर 2022 और 14 फरवरी 2023 को भी क्षेत्र पंचायत की बैठक बुलाई गई थी। दोनों बार कोरम के अभाव में बैठक पूरी नहीं हो सकी। इसके बाद कई बार कवायद हुई लेकिन विभिन्न वजहों से बैठक टलती रही।

बीते 28 अगस्त को एक बार फिर क्षेत्र पंचायत की बैठक बुलाई गई थी। पुलिस भर्ती परीक्षा की वजह से प्रमुख की संस्तुति पर 11 सितंबर की तिथि तय हुई लेकिन हंगामे और विवाद के बाद कोरम के अभाव में यह बैठक भी स्थगित करनी पड़ी। अब 30 सितंबर को प्रस्तावित बैठक पर भी ग्रहण लगता दिख रहा है।

**वित्तीय वर्ष में एक बैठक जरूरी**

जानकारों का कहना है कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में विकास कार्यों को लेकर क्षेत्र पंचायत की कम से कम एक बैठक होनी चाहिए। अगर कोरम पूरा नहीं होता है तो बैठक स्थगित कर दी जाती है। इसके बाद अगली बैठक में कोरम की जरूरत नहीं होती है। सेमरियावां ब्लॉक में तीन साल में एक भी बैठक नहीं हो सकी है।

**11 सितंबर को कोरम के अभाव में स्थगित करनी पड़ी थी बैठक :** 11 सितंबर को क्षेत्र पंचायत की बैठक बुलाई गई थी। बैठक से पहले ब्लॉक कार्यालय के बाहर काफी हंगामा हुआ था। इसमें ब्लॉक प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को जबरन उठा ले जाने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए थे।

पुलिस ने किसी तरह विवाद शांत कराया था। इस मामले में 50 से अधिक लोगों को पाबंद किया गया था। नियम के मुताबिक एक तिहाई सदस्यों के उपस्थित न होने के कारण कोरम के अभाव में बैठक स्थगित करनी पड़ी थी।

# चिकित्सक दंपती समेत चार पर केस

## निजी हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान नवजात की मौत का मामला

मेंहदावल। नगर के कांटी वार्ड के टेडुवा मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने एक निजी अस्पताल के महिला चिकित्सक, उनके पति और अस्पताल के दो कर्मियों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। नवजात के पिता ने चिकित्सक पर लापरवाही और बच्चों की मौत का आरोप लगाया है।

उच्चाधिकारियों के आदेश पर बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद देर रात पुलिस ने केस दर्ज किया। मेंहदावल नगर के बीएम सिटी मार्ग स्थित सियर में दिव्या देव अस्पताल एंड मैटरनिटी केंद्र संचालित होता है। आशीष मिश्रा पुत्र मोहरत मिश्रा ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि पत्नी मंजुला गर्भवती थी जिनका दो माह से दिव्या देव अस्पताल में इलाज चल रहा था। 21 सितंबर को रात करीब 11 बजे पत्नी को हल्का दर्द व रक्तस्राव होने लगा। जिस पर अस्पताल पहुंच कर डॉक्टर अर्चना त्रिपाठी और उनके पति डॉ लोकेश त्रिपाठी को बताया।

दोनों अस्पताल कर्मी जावेद को इंजेक्शन लगाने के लिए घर भेजे। इंजेक्शन लगने के एक घंटे बाद दर्द और रक्तस्राव तेज होने लगा। वह पत्नी को लेकर उक्त अस्पताल पर पहुंचे और एडमिट कराया। दोनों डॉक्टर मरीज को देखने तक नहीं आए। जिस कारण करीब देर रात तीन बजे पत्नी के पेट से बच्चा मरा पैदा हुआ।

# आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में केस

संतकबीरनगर। मेंहदावल थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में केस दर्ज किया है। पंचम निवासी ग्राम बढ़या ठाठर टोला खैरहवा ने कोर्ट को दिए प्रत्यावेदन में बताया कि पुत्र श्यामू का विवाह सात दिसंबर 2022 को करिश्मा पुत्री सुरेश निवासी अव्वल केवटलिया के साथ हुआ था। शादी के बाद वह गौने के रास्ते विंदा होकर उनके घर पर आई और कुछ दिन रहने के बाद वापस मायके चली गई। इसके बाद वह दुबारा वापस नहीं आई। 11 जून को बेटा अपनी पत्नी को लेने ससुराल गया। ससुराली बहू को नहीं भेजे, उल्टे बेटे को मारे-पीटे और शादी में खर्च हुए सात लाख रुपये वापस करने की बात कही। इसके बाद बेटा मानसिक तौर से परेशान हो गया और उनके उकसावे में घर पर आकर फांसी लगा ली। इलाज के दौरान बेटे की मौत हो गई। एसओ रामकृपाल सिंह ने बताया कि मामले में कोर्ट के आदेश पर आरोपी इंद्रावती, नीरज व करिश्मा पर केस दर्ज किया है। संवाद

# सेमरियावां ब्लॉक प्रमुख व पूर्व प्रमुख की पत्नी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

## संतकबीरनगर: अविश्वास प्रस्ताव में फर्जी दस्तखत का मामला

संतकबीरनगर। सेमरियावां ब्लॉक की मौजूदा प्रमुख मजहरुन्निशा और पूर्व प्रमुख की पत्नी हाजरा खातून समेत 55 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के खिलाफ डीपीआरओ ने केस दर्ज कराया है। ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव मामले में दोनों पक्षों की तरफ से फर्जी दस्तखत कराए जाने की पुष्टि के बाद यह कार्रवाई की गई है।

दुधारा पुलिस को दी तहरीर में प्रभारी डीपीआरओ राजेश कुमार ने बताया है कि 27 जुलाई को सेमरियावां ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया था। पूर्व प्रमुख की पत्नी और क्षेत्र पंचायत सदस्य हाजरा खातून ने संगीता देवी, मनीष कुमार और बदरुन्निशा के साथ मिलकर यह प्रस्ताव दिया था। समर्थन में 91 सदस्यों के दस्तखत वाला शपथ पत्र भी दिया गया था। इसके बाद मौजूदा ब्लॉक प्रमुख मजहरुन्निशा ने 30 अगस्त और पांच सितंबर को 75 सदस्यों के समर्थन का दावा पेश करते हुए शपथ पत्र दिया। मजहरुन्निशा का आरोप था कि हाजरा खातून और अन्य ने सदस्यों के फर्जी दस्तखत कर अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में शपथ पत्र दिया है। ब्लॉक में कुल 121 सदस्य ही हैं जबकि दोनों के दावे में सदस्यों की संख्या 166 हो गई थी। जांच में पता चला कि 50 सदस्यों के शपथ पत्र दोनों पक्ष से लगाए गए थे। इनमें 32 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में बयान दिया। 16 ने विरोध दर्ज कराया। दो सदस्य बयान दर्ज कराने नहीं पहुंचे। >> संबंधित भीतर


मजहरुन्निशा

**दुधारा थाने में कुल 55 लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा**

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-28-09-2024

# गला काटकर युवक की हत्या करने में उम्रकैद

गोण्डा, विधि संवाददाता। अपर जिला जज नम्रता अग्रवाल ने हत्यारोपी को उम्रकैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

जिला शासकीय अधिवक्ता अभिनव चतुर्वेदी के अनुसार थाना कोतवाली नगर अंतर्गत मोहल्ला साहबगंज निवासी इम्तियाज अहमद पुत्र याकूब ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि मई 2017 में शाम सवा सात बजे रोजा खोलने के बाद वादी के बड़े भाई नियाज उर्फ पप्पू तरावीह के नमाज लिए निकले थे लेकिन वापस नहीं आये। थोड़ी देर बाद सूचना मिली कि उसके भाई की लाश दुर्गा मंदिर के पीछे पड़ी है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना के दौरान हनुमानगढ़ निवासी रविंद्र उर्फ रोहित का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस सुना तथा साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के पश्चात आरोपी को हत्या का दोषी करार देते हुए उम्रकैद व पच्चीस हजार अर्थदंड की सजा सुनाई।

# दबंगों ने चाचा और भतीजे की पिटाई की

परसपुर। थाना क्षेत्र के रूदौली में रास्ते में रोड़ा बने पेड़ की टहनी को काटने का हुक्म चलाने पर लाठी डंडे से लैस दबंगों ने गंगा राम सिंह व भतीजे अनूप सिंह को पीट दिया। पीड़ित का आरोप है रास्ते में लगे बबूल के पेड़ की झुकी टहनी से लोगों को आने जाने में परेशानी होती थी।

जब वह उसे काटने को कहा तो उसने दोनों पर अपशब्द कहते हुए हमला बोल दिया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की ओर से गांव के इंदर सिंह सहित चार आरोपियों के विरुद्ध थाने में धमकी सहित मारपीट का मुकदमा दर्ज हुआ है।

# जानलेवा हमले के दोषी को तीन साल की कैद की सजा

गोंडा, विधि संवाददाता। अपर जिला जज राजेश कुमार ने जानलेवा हमले के जुर्म में आरोपी को तीन वर्ष की कैद व 56 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर दोषी को अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अनीता साहू के अनुसार थाना करनैलगंज अंतर्गत ग्राम सोनहरा बुधई पुरवा निवासी राम चंदर पुत्र गंगाराम ने थाना कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम भटपुरवा देवा पसिया निवासी ब्रह्मा दीक्षित पुत्र राजवंशी दीक्षित के विरुद्ध नवंबर 2007 में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके मुताबिक वादी का लड़का ठेलिया चलाता था। उसकी ठेलिया पर आरोपी सामान लदाकर ले गया और किराया मांगने पर मार-पीट कर मरणासन्न कर दिया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस व दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के बाद आरोपित अभियुक्त को जानलेवा हमला करने का दोषी करार दिया। अदालत ने आरोपी को तीन वर्ष की कैद व 56 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

# युवती को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

करनैलगंज। युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को जरवल रोड से गिरफ्तार किया है।

बीते 17 अगस्त को कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र की एक महिला द्वारा पुलिस को तहरीर दी गयी कि एक व्यक्ति युवक उनकी पुत्री को बहला-फुसला कर भगा ले गया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि विवचेना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्त मोहम्मद शहीम निवासी चौधरी मोहल्ला थाना दरियाबाद बाराबंकी को जरवल रोड तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

# आदेश रहे बेअसर, शराब की दुकानों छलकाए जा रहे जाम




गुरुवार की शाम को मोतीगंज में मुख्य मार्ग के किनारे संचालित दुकान के सामने खुले में इस तरह से लोग पैग लगाते दिखे। यही हालात शहर में संचालित दुकानों के हैं • राजन पांडेय

संसू, जागरण • झंझरी (गोंडा) : डीएम ने भले ही खुले में शराब पीने पर पाबंदी लगाई है। कार्रवाई का आदेश दिया है, लेकिन इसका असर नहीं दिख रहा है। खुले में शराब पी जाती है। जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

मोतीगंज कस्बे में देशी शराब की दुकान है। यहां शराब खरीदने के बाद खुले में ही उसका सेवन किया जाता है। आबकारी व पुलिस विभाग के जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यही हाल दर्जीकुआं चौराहे से 200 मीटर दूर मनकापुर मार्ग पर भी खुले में शराब पी जाती है। विश्वनागा गांव के पास संचालित दुकान के सामने भी खुले में शराब पी जाती है। कई बार नशे की हालात में राहगीर से मारपीट की जाती है। सबसे अधिक समस्या बच्चों व महिलाओं को होती है। मोतीगंज कस्बे में शाम को महिलाएं, बालिकाएं व बच्चे बाहर निकलते हैं। शराब के नशे में उनसे अभद्रता किए जाने की बात सामने आ चुकी है। पुलिस व आबकारी विभाग से शिकायत की जाती है, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी प्रगल्भ लवानिया ने कहा कि आबकारी निरीक्षकों को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

# आरोपित गिरफ्तार

कर्नलगंज : कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि अपहरण के आरोपित मोहम्मद शहीम निवासी चौधरी मुहल्ला थाना दरियाबाद बाराबंकी व खरथरी बाबापुरवा निवासी अकबर अली को गिरफ्तार किया है। (संसू)

# चोरी की बाइक बरामद

खरगूपुर : प्रभारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि चोरी की बाइक बरामद की गई है। ग्राम कंचनपुर नहर पटरी के पास आरोपित राजा बाबू वर्मा निवासी मलारी कोतवाली देहात को गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

# युवक की गला काटकर हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

संसू, जागरण • गोंडा : करीब सात साल पूर्व शहर के बीचों बीच युवक की गला काटकर हत्या करने के मामले में न्यायालय ने दोषित को सजा सुनाई है। एफटीसी नवीन/अपर सत्र न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने ग्राम सिरसा कुइया थाना कसया जिला कुशीनगर निवासी रविन्द्र उर्फ रोहित को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषित को 25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अभिनव चतुर्वेदी ने बताया कि कोतवाली नगर के मुहल्ला मुहल्ला साहबगंज निवासी नियाज़ अहमद 28 मई 2017 की शाम रमजान महीने में तराबी की नमाज पढ़ने घर से निकला था। बहराइच रोड स्थित आनंद समोसा के पास आरोपित ने उसकी गला काटकर हत्या कर दी थी।

दहेज हत्या के दोषी पति को दस वर्ष का कारावास : एफटीसी प्रथम/ अपर सत्र न्यायाधीश सूर्य प्रकाश सिंह ने ग्राम अमौठी थाना उमरी बेगम गंज निवासी शनि सिंह को दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दहेज की मांग और उत्पीड़न में दोषित को 25 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। थाना नवाबगंज के ग्राम अशोकपुर निवासी उग्रसेन सिंह ने अपनी पुत्री शिवांगी सिंह का विवाह दोषित के साथ जून 2021 में किया था। विवाह के बाद दोषित व उसके स्वजन दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करते रहते थे। 19 जून 2022 की भोर में विवाहिता के मौत की सूचना मायके वालों को मिली थी।

## हमले के प्रयास के दोषी को जेल

गोंडा : तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार तृतीय ने ग्राम भटपुरवा देवापसिया थाना कटरा बाजार निवासी ब्रह्मा दीक्षित को तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषित को 56 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय ने अर्थदंड की अदायगी पर पचास फीसद राशि घटना में घायल युवक को देने का आदेश दिया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अनीता साहू ने बताया कि कोतवाली कर्नलगंज के ग्राम सोन्हरा निवासी परागदीन, आठ नवंबर 2007 को दोषित का नमक व अन्य सामान लेकर निकला था। देर रात तक जब परागदीन वापस घर नहीं लौटा तो स्वजन ने खोजबीन शुरू की। हुजूरपुर मार्ग पर ग्राम मनिकापुर के पास परागदीन गंभीर घायल अवस्था में सड़क किनारे मिला था। चिकित्सक ने बाद गंभीर अवस्था में मेडिकल कालेज के लिए रेफर किया था। अगले दिन नौ नवंबर 2007 को पीड़ित के पिता रामचंदर ने दोषित के विरुद्ध थाना कटरा बाजार में मुकदमा कराया था।

# पति समेत चार पर केस

संसू, जागरण • उमरी बेगमगंज: पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का केस किया गया है। अमदही की नेहा सिंह ने कहा कि बहराइच के पट्टी पुरवार मछियांवा बाजार निवासी पति, जेठ अरविंद सिंह, ननद सुमन सिंह व किरन सिंह दहेज में ढाई लाख रुपये नकद व जेवर की मांग पूरी न होने पर मारपीट करते हैं। आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा किया गया है।

# स्कूल गई एलकेजी की छात्रा लापता, केस दर्ज

संसू, जागरण • छपिया (गोंडा) : घर से स्कूल गई एलकेजी की छात्रा का पता नहीं चल रहा है। स्वजन काफी परेशान हैं। स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है।

मोकलपुर की रहने वाली महिला ने बताया कि उनकी ननद आदर्श बाल विद्या मंदिर बढ़ौली में एलकेजी में पढ़ती थी। गुरुवार को वह घर से स्कूल पढ़ने गई थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी है। छात्रा के भाई ने बताया कि एक छात्र ने बताया कि कोई महिला मुंह में गमछा बांधकर आई और उसकी बहन को लेकर चली गई। स्वजन ने विद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। कहा कि उनकी मां का छह वर्ष पूर्व व पिता का चार माह पहले निधन हो गया है। वह और उनकी पत्नी ही बहन की देखरेख करते हैं। बड़े भाई रोजी रोटी के लिए मुंबई में रहते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य रंजीत मिश्र ने बताया कि विद्यालय की तरफ से भी खोजबीन की जा रही है। चौकी प्रभारी सुरेश यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

# चार निरीक्षक और 29 उप निरीक्षकों के पुलिस अधीक्षक ने बदले कार्यक्षेत्र

संसू,जागरण • गोंडा: पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने चार निरीक्षक व 29 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। निरीक्षक रमाशंकर राय को अपराध शाखा से अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक कटराबाजार बनाया गया है। इसी तरह से दूसरे निरीक्षक व उप निरीक्षकों को भी अलग-अलग दायित्व सौंपा गया है।

पुलिस लाइन से निरीक्षक विजय कुमार पांडेय को प्रभारी एसजेपीयू, शमसेर बहादुर सिंह को प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ, हेमंत कुमार को प्रभारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन बनाया गया है। उप निरीक्षक अरविंद कुमार को मछली बाजार से शाहपुर चौकी प्रभारी, सावन कुमार सिंह को कोतवाली देहात से पसका, पवन कुमार को पसका से थाना कटराबाजार, रमेश कुमार को तरबगंज से चचरी, सोम प्रताप सिंह को खोड़ारे से कस्बा चौकी कर्नलगंज, शिव कुमार यादव परसपुर से कोल्हमपुर, अरविंद कुमार सिंह को हलधरमऊ से वरिष्ठ उपनिरीक्षक कटराबाजार, बृजेश कुमार को सद्भावना चौकी से हलधरमऊ, मनीष कुमार को कहोबा से सद्भावना चौकी, संजीव चौहान से उमरी बेगमगंज से माधवपुर, राम आशीष मौर्य को पुलिस लाइन से मछलीबाजार, वीरेंद्र कुमार शुक्ल को कहोबा चौकी प्रभारी बनाया गया है। उप निरीक्षक शिव कुमार गिरी कटराबाजार से उमरी बेगमगंज, जय हिंद को धानेपुर से पुलिस लाइन भेजा गया है। पुलिस लाइन से प्रियंका सिंह को महिला थाना, आनंद उपाध्याय कोतवाली देहात, बलिकरण गौतम न्यायालय सुरक्षा, भूपेंद्र कुमार मिश्र को न्यायालय सम्मन सेल, ओम प्रकाश यादव व मीनहाज सिद्दीकी को मोतीगंज, शिवनाथ को मनकापुर, संजय कुमार राय कटराबाजार, चंद्रदीप मिश्र व छविलाल यादव को खरगूपुर, चून्नू अहमद छपिया, कमलेश कुमार यादव धानेपुर, वीर बहादुर यादव, कपिल देव गिरी व चंद्रशेखर यादव को थाना खोड़ारे भेजा गया है।

## पुलिस अधीक्षक ने किया फेरबदल, नवीन तैनाती स्थल पर प्रभार ग्रहण करने का निर्देश

# किशोरियों के अपहरण के दो आरोपी दबोचे

गोंडा। करनैलगंज पुलिस ने दो किशोरियों के अपहरण के आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि एक किशोरी के अपहरण के आरोपी बाराबंकी के दरियाबाद थाना क्षेत्र के चौधरी मोहल्ला निवासी मोहम्मद शमीम को बहराइच के जरवल तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। वह 17 अगस्त को करनैलगंज क्षेत्र की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी को अगवा कर ले गया था। दूसरे मामले में क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को 18 सितंबर को क्षेत्र के खरथरी बाबापुरवा निवासी अकबर अली अगवा कर ले गया था। अकबर अली को करनैलगंज रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

# चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

रुपईडीह (गोंडा)। एक माह पूर्व चोरी हुई बाइक को खरगूपुर पुलिस ने बरामद करके एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम बराराय से मुकेश कुमार सैनी की बाइक 17 अगस्त को चोर उनके घर से उठा ले गए थे। अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पिपरा बाजार चौकी प्रभारी मृत्युंजय सिंह, सिपाही रविशंकर खराब तथा रोहित कुमार ने थाना क्षेत्र के कंचनपुर नहर पटरी पास एक व्यक्ति को पकड़ा। उसने अपना नाम राजा बाबू वर्मा निवासी ग्राम मोताजोत मलारी सालपुर थाना कोतवाली देहात बताया। उसके पास से चोरी की बाइक बरामद की गई है। (संवाद)

# छात्रा को ले गई बड़ी बहन, अपहरण का केस

गोंडा। छपिया के मोकलपुर की रहने वाली एलकेजी की छात्रा का शुक्रवार दोपहर स्कूल से अपहरण हो गया। छात्रा के भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जांच में पता चला कि छात्रा को सीतापुर में रहने वाली बड़ी बहन अपने साथ ले गई है। गांव निवासी आठ वर्षीय बालिका के भाई ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें बताया कि उसकी छोटी बहन क्षेत्र के बड़ौलीपुर में संचालित स्कूल में एलकेजी की छात्रा है। वह शुक्रवार सुबह स्कूल गई थी। जहां भोजनावकाश के समय एक युवती स्कूल पहुंची और उसकी बहन को अगवा कर ले गई। छपिया के थानाध्यक्ष कृष्णगोपाल राय ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच में पता चला कि बालिका की बड़ी बहन की सीतापुर में शादी हुई है। वह शुक्रवार को बालिका से मिलने स्कूल आई थी और उसे साथ लेकर सीतापुर चली गई है। (संवाद)

# चार निरीक्षक व 33 उपनिरीक्षकों का तबादला

## एसपी ने देर रात जारी किया तैनाती में फेरबदल का आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। एसपी विनीत जायसवाल ने चार निरीक्षक और 11 चौकी प्रभारियों समेत 33 दरोगाओं की तैनाती में फेरबदल किया है। एसपी ने पुलिस लाइन से निरीक्षक विजय कुमार पांडेय को प्रभारी एसजेपीयू, निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह को प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ, निरीक्षक हेमंत कुमार को महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन का प्रभारी बनाया है। जबकि अपराध शाखा के निरीक्षक रमाशंकर राय को कटरा बाजार थाने का अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

मछली बाजार चौकी प्रभारी अरविंद कुमार को चौकी प्रभारी शाहपुर, पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक रामआशीष मौर्य को चौकी प्रभारी मछली बाजार, कोतवाली देहात के उपनिरीक्षक सावन कुमार सिंह को पसका चौकी, पसका चौकी प्रभारी रहे पवन कुमार सिंह को थाना कटरा बाजार भेजा गया है। उपनिरीक्षक रमेश कुमार को थाना तरबगंज से चचरी चौकी, सोम प्रताप सिंह को थाना खोड़ारे से चौकी प्रभारी कस्बा करनैलगंज, शिव कुमार यादव को चौकी प्रभारी कोल्हमपुर, चौकी प्रभारी हलधरमऊ रहे अरविंद कुमार सिंह एसएसआई कटरा बाजार, सद्भावना चौकी प्रभारी रहे बृजेश कुमार को चौकी प्रभारी हलधरमऊ, चौकी प्रभारी कहोबा मनीष कुमार को चौकी प्रभारी सद्भावना, पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार शुक्ल को चौकी प्रभारी कहोबा, उमरीबेगमगंज थाने से संजीव चौहान को चौकी प्रभारी माधवपुर बनाया गया है।

उपनिरीक्षक शिव कुमार गिरी को थाना कटरा बाजार से उमरी बेगमगंज, धानेपुर से जयहिंद को लाइन हाजिर किया गया है। पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक आनंद उपाध्याय को कोतवाली देहात, प्रियंका सिंह को महिला थाना, बलिकरन गौतम को न्यायालय सुरक्षा, भूपेंद्र कुमार सिंह को सम्मन सेल, ओमप्रकाश यादव को थाना मोतीगंज, मीनहज सिद्दकी को मोतीगंज, शिवनाथ को मनकापुर, संजय कुमार राय को कटरा बाजार, चंद्रदीप मिश्र और छविलाल यादव को खरगूपुर, चुन्नू अहमद को छपिया, वीरबहादुर यादव, कपिलदेव गिरी और चंद्रशेखर यादव को खोड़ारे व कमलेश कुमार यादव को थाना धानेपुर में तैनाती दी गई है।

### दो चीफ फार्मासिस्टों का तबादला

गोंडा। सीएमओ से व्यक्तिगत अनुरोध के बाद दो चीफ फार्मासिस्टों का पारस्परिक तबादला कर दिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरबगंज में तैनात चीफ फार्मासिस्ट जगन्नाथ का स्थानांतरण सीएचसी काजीदेवर पर कर दिया गया। वहीं काजीदेवर में तैनात चीफ फार्मासिस्ट एसबी पांडेय का तबादला तरबगंज सीएचसी के लिए कर दिया गया है। सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा ने बताया कि दोनों कर्मियों की सहमति पर पारस्परिक तबादला किया गया है। (संवाद)

# हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

## जानलेवा हमले में भी मिला दोषी, 25 हजार रुपये लगाया जुर्माना

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। धारदार हथियार से गला काटकर हत्या और जानलेवा हमले में दोषी को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उसपर 25 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

**अदालत से**

अभियोजन पक्ष के अनुसार कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला साहबगंज के रहने वाले इम्तियाज अहमद ने कोतवाली में केस दर्ज करवाया था। कहा था कि 28 मई 2017 की शाम रोजा इफ्तार के बाद उसके बड़े भाई नियाज अहमद तरावी पढ़ने के लिए निकले थे। तभी सूचना मिली कि आनंद होटल दुर्गा मंदिर के पास किसी ने धारदार हथियार से उनका गला रेतकर फेंक दिया है। कुछ दूरी पर सागर टेंट के सामने बहराइच जिले के नानपारा कोतवाली क्षेत्र के बंजारन टोला का रहने वाला अरमान भी घायलावस्था में पड़ा मिला था। उस पर भी धारदार हथियार से हमला हुआ था। विवेचना में अपराध का पुख्ता सबूत मिलने पर पुलिस ने आरोपी रविंद्र उर्फ रोहित निवासी सिरसा कुइयां (बदर करइया) थाना कसया जिला कुशीनगर हालपता हनुमानगढ़ी वार्ड 39 सुरेसिया जिला हनुमानगढ़ राजस्थान के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

विचारण के दौरान अपराध का संदेह से परे साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी करार दिया।

### गैर इरादतन जानलेवा हमले के दोषी को जेल

गोंडा। अपशब्द कहकर मारपीट व गैर इरादतन जानलेवा हमले के दोषी को अदालत ने सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार करनैलगंज के ग्राम बुधईपुरवा मौजा सोनहरा के रामचंदर ने कटरा बाजार थाने में केस दर्ज कराया। इसमें कहा कि आठ नवंबर 2007 को कटरा बाजार के ग्राम भटपुरवा देवापसिया निवासी ब्रह्मा दीक्षित उनके पुत्र परागदीन से ठेलिया पर सामान लदवाकर ले गया था। परागदीन घर नहीं लौटा तो तलाश की गई। तब वह मनिकापुर के पास सड़क पर पड़ा मिला। उसके शरीर पर गंभीर चोटें हैं। परागदीन ने बताया कि किराया मांगने पर ब्रह्मा दीक्षित ने उसे अपशब्द कहे और पीटकर घायल कर दिया। विवेचना में अपराध के पुख्ता साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी करार दिया। शुक्रवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-तृतीय राजेश कुमार ने ब्रह्मा दीक्षित को तीन साल के कारावास व 56 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माने की आधी धनराशि पीड़ित परागदीन को दी जाएगी। (संवाद)

# महिला ने ससुर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**खरगूपुर (गोंडा)।** महिला ने अपने ससुर पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत कर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। घटना स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की है। महिला ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी नौ वर्ष पूर्व क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। चार वर्ष पूर्व एक लड़का व एक लड़की का जन्म हुआ था। लेकिन कुछ दिन बाद दोनों बच्चों की मौत हो गई। उसके बाद से ससुरालीजन प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि 30 अगस्त 2023 को वह घर में अकेली थी। तभी ससुर ने दुष्कर्म किया। विरोध पर धमकाया कि यदि किसी से बताया तो जलाकर मार देंगे। यह बात जब उसने पति से बताई तो उसने भी पीटा और धमकी दी। (संवाद)

## ■ किशोरी के अपहरण में चार पर केस

**गोंडा।** कटरा बाजार थाने में क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के अपहरण का केस दर्ज किया गया है। पीड़ित पिता ने दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा कि 21 सितंबर को दोपहर में वह पत्नी के साथ कहीं गए थे। तभी कैसरगंज निवासी मोहित सिंह अपनी मां-बहन और पिता के सहयोग से उनकी नाबालिग बेटी को अगवा कर ले गया। कटरा बाजार एसएचओ संजय गुप्ता ने बताया कि आरोपी मोहित सिंह, ललई सिंह, ननकई व रोली सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

## ■ पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**उमरीबेगमगंज (गोंडा)।** उमरीबेगमगंज थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत अमदही की नेहा सिंह ने पति समेत चार ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। नेहा ने बताया कि उनकी शादी वर्ष 2023 में राजन सिंह निवासी पट्टी पुरवार मछियांवा बाजार बहराइच से हुई थी। पति राजन, जेठ अरविंद, ननद सुमन व किरन ढाई लाख रुपये और जेवर की मांग को लेकर पीटते हैं। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि पति समेत चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। (संवाद)

# चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा।** खरगूपुर कोतवाल कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र के कंचनपुर नहर पटरी के पास से देहात कोतवाली क्षेत्र के मोताजोत मलारी सालपुर निवासी राजाबाबू वर्मा को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया है। क्षेत्र के बराराय मल्लापुर निवासी मुकेश कुमार सैनी के घर में 17 अगस्त की रात घुसे चोर घरेलू सामान व बाइक चुरा ले गए थे। (संवाद)

# दहेज हत्या के दोषी पति को 10 साल की सजा

गोंडा। दहेज हत्या के दोषी पति को न्यायालय ने सजा सुनाई है। साक्ष्य के अभाव में सास, ससुर व देवर को अदालत ने बरी कर दिया।

**अदालत से**

वादी उग्रसेन सिंह ने उमरीवेगमगंज थाने में दर्ज कराए केस में कहा कि उन्होंने बेटी शिवांगी का विवाह ग्राम अमौठी निवासी शनि सिंह से किया था। पति शनि, सास शांति देवी उर्फ नीलम, ससुर वंशराज व देवर सुनील, सुमित व योगेश दहेज कम लाने का ताना देकर शिवांगी को प्रताड़ित करने लगे। 19 जून 2022 को सुबह वंशराज ने फोन पर बताया कि शिवांगी अब इस दुनिया में नहीं है। पुलिस ने शनि, शांति, वंशराज सिंह व योगेश सिंह के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

ट्रायल के दौरान कोर्ट ने शनि को दोषसिद्ध किया और साक्ष्य के अभाव में शांति, वंशराज व योगेश को दोषमुक्त कर दिया। शुक्रवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम सूर्यप्रकाश सिंह ने शनि को 10 साल के सश्रम कारावास और 25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-28-09-2024

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

## विशेष न्यायाधीश ने सुनाया फैसला, 13 हजार रुपये अर्थदंड लगाया

संवाद न्यूज एजेंसी

अदालत से

बलरामपुर। विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दीप नारायन तिवारी ने नाबालिग से दुष्कर्म करने का दोषी करार देते हुए एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषी को 13 हजार रुपये अर्थदंड भी अदा करने का आदेश दिया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को ढाई वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

कोतवाली देहात थाने के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 16 अक्टूबर 2017 को मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि एक युवक उसकी नाबालिग बेटी को 13 अक्टूबर 2017 को लेकर चला गया। पुलिस ने रिपोर्ट लिखकर विवेचना शुरू की। पीड़िता की बरामदगी के बाद उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया और न्यायालय में बयान दर्ज हुआ। पीड़िता के बयान के आधार पर विवेचक ने दुष्कर्म की धारा की बढ़ोतरी करते हुए आरोपपत्र न्यायालय में पेश किया।

सत्र परीक्षण के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने आठ गवाहों को न्यायालय में पेश किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद न्यायाधीश ने आरोपी वीर बहादुर सिंह को नाबालिग से दुष्कर्म और अगवा करने का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अर्थदंड में से 10 हजार रुपये पीड़िता को प्रतिकर के रूप में देने का आदेश न्यायाधीश ने दिया है।

---

तैयारी | तुलसीपुर से अयोध्या, कानपुर, बहराइच व उतरौला के लिए चलेंगी बसें

# नवरात्र में तुलसीपुर से चलेंगी स्पेशल बसें, बनेगा अस्थायी बस अड्डा

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। शारदीय नवरात्र में शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर में राजकीय मेले का आयोजन होगा। मेले में विभिन्न राज्यों के साथ ही नेपाल राष्ट्र से भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए परिवहन विभाग एक माह तक तुलसीपुर से स्पेशल बस का संचालन करेगा। इसके लिए तुलसीपुर में अस्थायी बस अड्डा बनाया जाएगा।

शारदीय नवरात्र तीन अक्टूबर से शुरू हो रहा है। नवरात्र में मां पाटेश्वरी के दर्शन के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु तुलसीपुर आते हैं। श्रद्धालुओं को तुलसीपुर तक आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए परिवहन निगम विशेष तैयारी कर रहा है।

इसके तहत तीन अक्टूबर से एक माह तक बलरामपुर डिपो की 50 बसों को तुलसीपुर से संचालित करने के लिए बलरामपुर चौराहे पर एक अस्थायी बस अड्डा भी बनाया जाएगा। बस अड्डे पर बसों की समय सारिणी व किराये का बैनर भी लगाया जाएगा। यहां पर तीन शिफ्ट में दो-दो कर्मचारियों की तैनाती होगी। इसके साथ ही मंदिर परिसर में भी परिवहन निगम का एक स्टॉल लगाया जाएगा। यहां पर तैनात कर्मचारी श्रद्धालुओं को बसों के बारे में जानकारी देंगे।

**तुलसीपुर से यहां के लिए चलेगी बसें :** बलरामपुर बस स्टेशन की वरिष्ठ प्रभारी तरन्नुम ने बताया कि देवीपाटन मेले को देखते हुए तुलसीपुर से ही बसों का संचालन किया जाएगा। तुलसीपुर से अयोध्या, बहराइच, गोंडा, कानपुर, बढ़नी, कोपलाबास, इटवा चौराहा, उतरौला व लखनऊ के लिए सीधे बसों का संचालन किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में असुविधा न हो।

## स्वच्छता का संदेश देंगे दुर्गा पूजा पंडाल

बलरामपुर। शहर के दुर्गा पूजा पंडाल इस बार लोगों को स्वच्छता का संदेश देंगे। इसके लिए नगर पालिका परिषद ने पूजा पंडालों पर डस्टबिन बांटने का निर्णय लिया है। पालिकाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने बताया कि शहर के लोगों को स्वच्छता अपनाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बताया कि इस बार नगर में जहां-जहां दुर्गा प्रतिमा पंडाल लगाए जाएंगे, वहां पर नगर पालिका परिषद एक-एक डस्टबिन रखवाएगी, ताकि पंडाल में आने वाले श्रद्धालु डस्टबिन में ही कूड़ा-करकट डालें। इससे पहले नगर पालिका की एक टीम सभी दुर्गा पंडालों पर जाकर वहां प्रकाश, साफ-सफाई व सड़क की स्थिति की रिपोर्ट तैयार करके देगी, ताकि समय से समस्या का समाधान कराया जा सके। इधर स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम के अंतर्गत ईओ लालचंद मौर्या व सफाई प्रभारी अरविंद सिंह ने प्राथमिक विद्यालय अचलापुर पहुंचकर विद्यालय के प्रांगण की साफ-सफाई की। (संवाद)

# पांच निरीक्षक समेत दस का तबादला

बलरामपुर। एसपी विकास कुमार ने कोतवाली देहात में तैनात अतिरिक्त निरीक्षक देवनंदन उपाध्याय को प्रभारी जनशिकायत एवं डीसीआरबी में तैनात किया है। सतेंद्र बहादुर सिंह को एसओजी प्रभारी, राम प्रकाश यादव को मीडिया सेल के साथ ही साइबर थाने का प्रभारी, सर्वेंद्र नाथ को प्रभारी न्यायालय सुरक्षा, ओम प्रकाश चौहान को प्रभारी मॉनीटरिंग सेल बनाया गया है। इसके अतिरिक्त उप निरीक्षक अरुण कुमार पाटिल को वरिष्ठ उपनिरीक्षक कोतवाली देहात, बाबूराम वर्मा को प्रभारी सम्मन सेल, शनि कुमार निषाद को प्रभारी एएचटीयू, राम वृक्ष को पेशकार एएसपी उत्तरी व अमर सिंह को ललिया थाने में तैनात किया गया है। (संवाद)

# न्यायालय के आदेश पर एक गिरफ्तार

बलरामपुर। मारपीट व धमकी देने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पचपेड़वा पुलिस ने जुड़ी कुइयां गांव के हरिराम को गिरफ्तार किया है। एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि संबंधित को न्यायालय में पेश किए जाने की कार्रवाई चल रही है। (संवाद)

# मादक पदार्थ रखने में एक को सजा

बलरामपुर। वर्ष 2018 में मादक पदार्थ रखने के आरोप में कोतवाली देहात के ज्योनार गांव निवासी राम किशोर को पकड़ा गया था। इस मामले की सुनवाई एफटीसी द्वितीय के न्यायालय पर हो रही थी। शुक्रवार को न्यायालय ने प्रकरण की सुनवाई के बाद राम किशोर को दो वर्ष सात माह का कठोर कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड की सुनाई है। (संवाद)

# दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास

बलरामपुर। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट दीप नरायन तिवारी ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी को 13 हजार रुपए अर्थदंड भी अदा करना होगा।

शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पवन शुक्ल ने बताया कि 16 अक्टूबर 2017 को कोतवाली देहात क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी। आरोप लगाया कि रात में करीब तीन बजे उसकी 13 वर्षीय पुत्री जो कक्षा आठ में पढ़ती थी उसे ग्राम मदारा निवासी वीर बहादुर सिंह भगा ले गया। तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा। पुलिस ने दो फरवरी 2018 को न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायालय ने वीर बहादुर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

निर्देश | पुलिस, नगर पालिका व जिले की जनता सामंजस्य बनाकर शांति से नवरात्र मनाने की अपील

# नवरात्र से पहले समस्याएं दूर करें: एसडीएम



कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक में लोगों को संबोधित करती समिति अध्यक्ष व अन्य

बलरामपुर संवाददाता। पुलिस, नगर पालिका व जिले की जनता आपसी सामंजस्य बनाकर शांतिपूर्वक नवरात्रि का पर्व मनाएं। कहीं किसी प्रकार की दिक्कत आती है तो तुरंत सूचित करें। समय रहते समस्या का समाधान कराया जाएगा। नगर पालिका नगर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें। यह बातें एसडीएम संजीव कुमार यादव ने कही। नवरात्रि को लेकर थाना कोतवाली नगर में पीस कमेटी बैठक का आयोजन किया गया।

सदर एसडीम संजीव कुमार यादव ने कहा कि बिजली विभाग जहां भी केबल व बिजली पोल जर्जर हों उसे जल्द से जल्द दुरुस्त करा लें। अगर ट्रांसफार्मर खराब है तो उसे समयान्तर्गत बदलवा दें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर पालिका नगर में टूटी नाली क्रॉस व जर्जर सड़कों को समय रहते दुरुस्त कराएं। नगर में साफ-सफाई के साथ दोनों बेला में सड़क के किनारे चूने का छिड़काव जरूर कराएं। सीओ बृजनंदन राय ने कहा कि पुलिस प्रत्येक मूर्ति पंडाल पर सुबह शाम आयोजनकर्ता से मिलकर वार्ता करें। कोई समस्या होने पर तत्काल सूचित करें। समस्या का समाधान कराया जाएगा। अपराधिक प्रवृत्ति के लोग त्योहार के दौरान कोई गड़बड़ी न करें। ऐसा करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन सीसीटीवी व ड्रोन कैमरे से नजर रखेगी। अगर कोई अपराधिक व्यक्ति गड़बड़ी करता है तो उसे बक्शा नहीं जाएगा। समित महामंत्री अविनाश मिश्रा ने कहा कि नवरात्रि पर साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए। विसर्जन जुलूस के दौरान मुख्य मार्गों पर लगे विद्युत तारों को ऊंचा करा दिया जाए जिससे जुलूस के दौरान प्रतिमाओं को ले जाने में कोई दिक्कत न हो। इस अवसर पर जय मां दुर्गा महोत्सव केंद्रीय समिति अध्यक्ष कुसुम चौहान, चेयरमैन प्रतिनिधि डीप सिंह बैस, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि शाबान अली मौजूद रहे।

# जिला जज ने कारागार का किया निरीक्षण

### जाना बंदियों का हाल, महिला बंदियों के बच्चों का खास तौर पर ध्यान रखने का दिया निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। जिला जज अनिल कुमार झा ने पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के साथ शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। जिला जज ने बंदियों का कुशल क्षेम जानने के बाद कारागार में चाक चौबंद व्यवस्था की सराहना भी की। महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को चॉकलेट देकर उनका विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक व न्यायिक अधिकारियों के साथ जिला जज ने सबसे पहले कारागार की अस्पताल बैरक का निरीक्षण किया। वहां भर्ती बंदियों की कुशलता जानने के बाद वह भोजनालय पहुंचे।

वहां साफ-सफाई व भोजन की गुणवत्ता सही पाए जाने पर कर्मियों की सराहना की। पुरुष बैरक का निरीक्षण करते हुए जिला जज ने बंदियों से मुकदमे और समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जमानत होने के बाद जमानतदार न मिलने से रिहा न हो पाने वाले बंदियों के संबंध में भी जानकारी ली।

महिला बैरक का निरीक्षण करते हुए महिला बंदियों का हाल जाना और मुकदमे के बारे में जानकारी प्राप्त की। महिला बंदियों के बच्चों को चॉकलेट वितरित की। जेल अधीक्षक राम कुबेर सिंह को निर्देश दिया कि बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के समय जिला जज के साथ प्रशिक्षणरत न्यायिक अधिकारी सिद्धांत सोलंकी, प्रज्ञा पांडेय, आस्था सिंह, नीतू आनंद एवं रेनू गौतम भी मौजूद थीं।

# वारंटी को दबोचा

बलरामपुर : पचपेड़वा थाना की पुलिस ने वारंटी आरोपित की गिरफ्तारी की है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि जूड़ीकुइया गांव निवासी हरिराम को गिरफ्तार किया गया है। उसके विरुद्ध मारपीट के मामले में न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। (जासं)

# ट्रैक्टर-ट्राली से मंदिर नहीं जा पाएंगे दर्शनार्थी

वलरामपुर : तीन अक्टूबर से नवरात्र शुरू हो रहा है। शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर आने वाले दर्शनार्थियों को किसी तरह की असुविधा न हो इसकी तैयारी प्रशासन ने शुरू कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार ने बताया कि सभी थानों में प्रधानों, ग्राम प्रहरियों, दुर्गा पूजा समितियों के साथ बैठक कर नवरात्र को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। ट्रैक्टर-ट्राली से शक्तिपीठ देवी पाटन समेत अन्य मंदिरों में दर्शन के लिए जाने पर पूरी तरह रोक रहेगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए यह निर्णय लिया गया है। (संसू)

# जिला न्यायाधीश ने कारागार में निरुद्ध बंदियों का जाना हाल



जिला कारागार में निरीक्षण करते जिला जज अनिल कुमार झा व एसपी विकास कुमार ( दाएं से पहले व दूसरे) ● सौ. जेल प्रशासन

जासं ● बलरामपुरः जिला जज अनिल कुमार झा ने एसपी विकास कुमार के साथ शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। जिला जज ने कारागार में निरुद्ध बंदियों का कुशलक्षेम जानने के बाद व्यवस्था का जायजा लिया। महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को चाकलेट देकर उनका विशेष ध्यान देने का निर्देश जेल अधीक्षक को दिया।

जिला जज ने एसपी व न्यायिक अधिकारियों के साथ सबसे पहले कारागार के अस्पताल बैरक का निरीक्षण किया। वहां भर्ती बंदियों का हालचाल पूछने के बाद भोजनालय पहुंचे। वहां साफ-सफाई व भोजन की गुणवत्ता सही मिलने पर कर्मियों की सराहना की। जेल अधीक्षक राम कुबेर सिंह प्रशिक्षणरत न्यायिक अधिकारी सिद्धांत सोलंकी, प्रज्ञा पांडेय, आस्था सिंह, नीतू आनंद एवं रेनू गौतम मौजूद रहीं।

# दोषी को 31 माह की सजा

बलरामपुर : अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय ने नशीला पदार्थ रखने के मामले में अभियुक्त राम किशोर निवासी ग्राम ज्योनार को दो वर्ष सात माह के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद विवेचक उपनिरीक्षक त्रिभुवन प्रसाद ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र प्रताप पांडेय व मानीटरिंग सेल प्रभारी सर्वेंद्र नाथ की प्रभावी पैरवी से अभियुक्त को सजा दिलाने में सफलता मिली है। (जासं)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-28-09-2024

# दबंगों पर कार्रवाई न करने का आरोप, 29 को धरना

जासं • बहराइच : नानपारा कोतवाली क्षेत्र के बंजरिया गांव निवासी सुमित्रा ने डीएम, एसपी समेत अन्य अधिकारियों को पत्र भेजकर दबंगों पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है।

पीड़िता ने कार्रवाई न होने पर आगामी 29 सितंबर को धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। पीड़िता ने प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके घर में घुसकर दबंगों ने मारा पीटा। इतना ही नहीं विरोध करने छप्पर को उजाड़ दिया। इसके अलावा छोटे-छोटे बच्चों को भी पिटाई की। पीड़िता ने जिले के आलाधिकारियों समेत मुख्यमंत्री को भी पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। दबंगों पर कार्रवाई न होने पर पीड़िता कार्यालयों के चक्कर लगा रही है।

# नहीं बरामद हुए दोनों बालिकाओं के शव

संसू, जागरण • विछिया(वहराइच): घाघरा नदी में नहाते समय डूबी दो बालिकाओं का शव 48 घंटे बीत जाने के बाद भी नहीं बरामद हो सका। पुलिस व प्रशासन के साथ चार टीमें रेसक्यू कर रही है। परिवारजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

- घाघरा नदी में दो दिन पहले डूब गई थीं दो बालिकाएं
- पुलिस व प्रशासन के साथ चार टीम कर रही रेस्क्यू

सुजौली थाना क्षेत्र के लक्खाबाग गांव निवासी 16 वर्षीय सीमा व 14 वर्षीय लाली बुधवार को अपनी मां व गांव की अन्य महिलाओं के साथ ज्यूतिया पर्व के मौके पर घाघरा नदी में स्नान करने गई थी। इस दौरान नहाते समय दोनों बालिकाएं नदी के तेज बहाव में डूब गईं। शुक्रवार को 48 घंटे बीत जाने के बाद भी बालिकाओं का कुछ भी पता नही लग सका। मिहींपुरवा सीओ हीरालाल कनौजिया ने बताया कि बालिकाओं की तलाश लगातार जारी है।

## घायल छात्र की इलाज के दौरान मौत

नानपारा(वहराइच) : घायल छात्र की इलाज के दौरान मौत हो गई। टोल प्लाजा स्थित विद्यालय के कक्षा एक का छात्र गुरुवार की सुबह नल पर पानी पीने गया था, तभी बंदर ने छात्र पर ईंट गिरा दी थी, जिससे बालक गम्भीर रूप से घायल हो गया था। छात्र का इलाज लखनऊ चिकित्सा विश्वविद्यालय में हो रहा था। शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान छात्र की मौत हो गई। परिवारजन शव को गांव लाए और पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह ने बताया कि परिवारजन की सूचना पर पंचनामा भर शव को पीएम के लिए भेजा गया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। (संसू)

# एक ही रात में तेंदुए और भेड़िए ने किए हमले

तेंदुए के हमले में बालिका समेत दो घायल, भेड़िए ने मासूम समेत दो को बनाया निशाना दूर जाकर बच्ची को छोड़ा

संसू, जागरण • विछिया (वहराइच): कतर्नियाघाट वन क्षेत्र के निकट बसे गांवों में तेंदुए के हमले में बालिका समेत दो लोग घायल हो गए। बालिका को राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है जबकि युवक की हालत खतरे से बाहर है। इन घटनाओं से लोगों में दहशत है।

सुजौली रेंज अंतर्गत अयोध्यापुरवा गांव में वसीम के घर बीती रात तेंदुआ घुस गया और घर में सो रही 13 वर्षीय बालिका साईबा पर हमला कर दिया। बालिका के चीखने पर परिवारजन की नींद खुली, जिसके बाद सभी बच्ची को बचाने के लिए हांका लगाते हुए दौड़ पड़े। इस दौरान तेंदुआ बालिका को घायल करके गन्ने के खेत में घुस गया। ग्रामीण पूरी रात हांका लगाते रहे। इस बीच परिवारजन घायल बालिका को सीएचसी ले गए, जहां से उसे सीएचसी मोतीपुर के लिए रेफर किया गया। सीएचसी में भी उसका इलाज संभव नहीं हुआ तो चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कालेज बहराइच के लिए रेफर कर दिया।

क्षेत्रीय वनाधिकारी ने ली घटना की जानकारीः धर्मापुर रेंज के हरखापुर में खेत में काम कर रहे 39 वर्षीय वर्षीय मधुसूदन पर तेंदुए ने हमला कर दिया। उसने शोर मचाते हुए तेंदुए से लगभग पांच मिनट संघर्ष कर अपनी जान बचाई। उसका सीएचसी मोतीपुर में इलाज कराया गया। क्षेत्रीय वनाधिकारी रत्नेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। घायल का इलाज कराने के साथ पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। इस बीच परिजन से भी उन्होंने पूछताछ की।



तेंदुए के हमले घायल साईबा • जागरण



तेंदुए के हमले में घायल मधुसूदन के परिवारजन को आर्थिक सहायता राशि चेक देते वन अधिकारी • सौ. वन विभाग

- बालिका के चीखने पर परिवारजन की नींद खुली, मेडिकल कालेज में भर्ती
- खेत में युवक पर किया हमला मिली पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता

❝ तेंदुए के हमले की दो घटनाएं सामने आई हैं। मौके पर वन कर्मियों को भेज कर जानकारी ली गई है। घायलों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। लोगों सतर्क रहने को कहा गया है।

- बी.शिवशंकर, प्रभागीय वनाधिकारी

## 12 दिन बाद भेड़िए ने किया हमला, फिर बढ़ी दहशत

संसू, जागरण • महसी (वहराइच): 12 दिन बाद शुक्रवार की रात हरदी थाना के दो अलग-अलग स्थानों पर भेड़िया ने एक बार फिर हमला बोला। उसके हमले में मासूम समेत दो लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायलों को मेडिकल कालेज रेफर किया।

वनाधिकारियों ने मौके पर पहुंच जानकारी ली। भेड़िए के हमले के बाद एक बार फिर दहशत बढ़ गई है। उसके हमले में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 41 लोग घायल हुए हैं। हालांकि डीएफओ ने भेड़िया के हमले से इन्कार किया। उन्होंने सियार या कुत्ते की ओर से हमले की आशंका जताई है।

हरदी थाना के लोधनपुरवा में तीरथ की पांच वर्षीय बेटी ममता अपनी बड़ी बहन फूला के साथ छप्पर के नीचे लेटी थी। पिता तीरथ थोड़ी दूर लेटे थे। देर रात दो बजे भेड़िया दबे पांव पहुंचा और मासूम ममता को जबड़े में दबोचकर भाग निकला। बच्ची के चीखने पर परिवारजन ने शोर मचाया। लोगों ने भेड़िए का पीछा किया। घायल ममता के चाचा रतन ने बताया कि घेराबंदी के बाद घर से 50 मीटर दूर भेड़िया ने बच्ची को छोड़ा।

इसके बाद भेड़िया ने चार किमी दूर घुमनी गांव में एक घंटे बाद धावा बोला। यहां अपने मां के साथ ननिहाल आए रमवापुर निवासी रमेश के छह माह के बेटे आरुष पर हमला कर घायल कर दिया। परिवारजन घायलों को उपचार के लिए सीएचसी महसी ले गए।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। इससे पहले 16 सितंबर को सिसैया चूरामणि निवासी रामकिशन की बकरी को लोगों के सामने से भेड़िया उठा ले गया था।

बीते 12 दिनों में भेड़िया ने मानव पर के हमले नहीं किए थे। इससे ग्रामीणों को कुछ राहत मिली थी। नए हमलों को लेकर ग्रामीण एक बार फिर दहशत में आ गए हैं। सीएचसी अधीक्षक डा. आशीष वर्मा ने बताया कि किसी जानवर का हमला प्रतीत होता है। प्रभागीय वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि मौके पर मिले नाखून के निशान भेड़िए के नहीं है। उन्होंने सियार या कुत्ते के हमला करने की आंशका जताई है।





भेड़िए के हमले में घायल ममता और आरुष • जागरण



महसी के घुमनी में बालक पर हमले के बाद परिजन से घटना की जानकारी लेते एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह व बीडीओ हेमंत कुमार यादव • जागरण

❝ भेड़िए को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। एक भेड़िया पकड़ा जाना शेष है। वन टीमें कांबिंग कर रही है। उसे जल्द पकड़ लिया जाएगा।

- अजीत प्रताप सिंह, डीएफओ वहराइच

जिले की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# मारपीट और तोड़फोड़ का वीडियो प्रसारित

संसू, जागरण • गजाधरपुर(बहराइच) : परसेंडी मील चौराहे पर दिनदहाड़े मारपीट और तोड़फोड़ की घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित है। यह वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है।

परसेंडी के कोरिनपुरवा निवासी संतोष कुमार ने डीआईजी को आनलाइन प्रार्थनापत्र देकर अपनी आपबीती सुनाई है। प्रार्थी के अनुसार घटना के समय वह अपनी दुकान पर मौजूद था। तभी विपक्षी महफूज अपनी पत्नी साबरून, पुत्री अफसाना व फरीद संग अचानक पुरानी रंजिश को लेकर हमलावर हो गए। उन्होंने प्रार्थी को जान से मारने की धमकी दी और उसकी दुकान पर तोड़फोड़ शुरू कर दी। हमलावरों ने उसकी जान लेने की कोशिश की, लेकिन वह किसी तरह मौके से भाग निकला। इस हमले में उसकी पत्नी पन्नीदेवी, भतीजी रेखा व भाई की पत्नी गौरा देवी गंभीर रूप से चोटिल हो गए हैं। हमलावर लगभग 20 हजार रुपये भी गल्ले से उठा ले गए। थानाध्यक्ष अभिनव प्रताप सिंह ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# 68 की हुई गिरफ्तारी

बहराइच : प्रभारी पुलिस अधीक्षक डा .पवित्र मोहन त्रिपाठी के निर्देश पर पुलिस ने अभियान चलाकर 68 आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। 15 वारंटों का निस्तारण किया गया। इसमें थाना दरगाह शरीफ से दो, पयागपुर चार, रिसिया दो, रानीपुर सात, जरवल रोड एक, फखरपुर एक, हुजूरपुर चार, नानपारा 18, मटेरा तीन, नवाबगंज दो, रुपईडीहा चार, मोतीपुर दो, मुर्तिहा एक, हरदी एक, रामगांव आठ, खैरीघाट आठ लोग शामिल हैं। (जासं)

# शांति समिति की बैठक

बिछिया : सुजौली थाने में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई। तहसीलदार अंबिका चौधरी ने नवरात्र, दुर्गापूजा में शांति बनाए रखने को लेकर अपील की। सीओ हीरालाल कनौजिया, थानाध्यक्ष हरीश सिंह ने पंचायत प्रतिनिधियों को गांवों में शांति बनाए रखने के लिए सहयोग की बात कही। एसआई शैलेंद्र कुमार सोनकर, शंकर सिंह, अरविंद यादव, मार्कंडेय मिश्र, विपिन यादव, प्रधान प्रीतम निषाद आदि रहे। (संसू)

अजीत प्रताप सिंह, डीएफओ बहराइच

# सात माह में तेंदुए के हमले में 19 लोग हुए घायल

मनोज तिवारी

**मिहींपुरवा (बहराइच)।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में लगातार हो रहे तेंदुए के हमलों से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। वन विभाग के पास हमलों को रोकने के लिए कोई ठोस उपाय नहीं है। जिससे ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति काफी रोष है। बीते सात माह पर नजर डाले तो तेंदुआ के हमले में 19 लोग घायल हो चुके है।

कतर्नियाघाट के जंगल से निकलकर आए दिन तेंदुए गांवों में पंहुचकर ग्रामीणों पर हमलाकर घायल कर देते हैं। जिसकी कीमत ग्रामीणों को शरीर का कोई अंग व जान गंवा कर चुकानी पडती है। तेंदुआ के हमलों से ग्रामीणों को काफी धन हानि भी होती है और सूचना देने पर वन विभाग की ओर से आंशिक सहायता देकर खानापूर्ति की जाती है। वन्य जीव प्रभाग के किनारे बसे गांवों में लगातार तीन दिनों तक मोतीपुर रेंज के आसपास सिंचाई विभाग कॉलोनी की चारदिवारी व मोतीपुर थाने में रात को तेंदुआ घूमता दिखाई दिया। इसके बाद बृहस्पतिवार की शाम को तेंदुआ जंगल से आबादी क्षेत्र में धर्मापुर वन रेंज के हरखापुर गांव में एक किसान पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया व रात में ही सुजौली वन रेंज के अयोध्यापुरवा गांव में बालिका को घायल किया है।

## बीते दिनों हुए तेंदुए के हमले

- 6 फरवरी 2024 को मुर्तिहा वन रेंज के ग्राम सेमरी घटही के मजरा गिरधरपुरवा में सगे भाई-बहन अंजलि आठ वर्ष व अर्जुन सात वर्ष पर तेंदुए ने हमला कर घायल किया था।
- 14 फरवरी 2024 को सुजौली वन रेंज के ग्राम सुजौली के मजरा अयोध्यापुरवा में अयान चार वर्ष।
- 15 फरवरी 2024 को धर्मापुर वन रेंज के ग्राम धर्मापुर जलिहा में सलमान तीन वर्ष
- 6 मार्च 2024 को सुजौली वन रेंज के ग्राम रमपुरवा के मजरा बनकटी निवासी रंजना 10 वर्ष पर तेंदुए ने हमला कर घायल किया था।
- 7 मार्च 2024 को कतर्नियाघाट वन रेंज के ग्राम चहलवा के सिरसियनपुरवा निवासी संकटा उम्र 55 वर्ष।
- 2 मई 2024 को कतर्नियाघाट वन रेंज के ग्राम चहलवा के मजरा घोसियाना निवासी दो किसान अजीज व वारिस।
- 3 मई 2024 को मुर्तिहा वन रेंज के ग्राम सेमरी घटही निवासी दयाशंकर 38 वर्ष।
- 12 मई 2024 को धर्मापुर वन रेंज के ग्राम धर्मापुर के जलिहा में दो सगी बहनों सना 3 वर्ष, शमा 5 वर्ष।
- 9 जून 2024 को कतर्नियाघाट वन रेंज के ग्राम सिरसियनपुरवा निवासी माधुरी उम्र 30 वर्ष पर तेंदुए ने हमला कर घायल किया था।
- 11 जून 2024 को निशानगाड़ा वन रेंज के ग्राम कारीकोट के मजरा हजारीपुरवा निवासी मिश्रीलाल उम्र 54 वर्ष।
- 15 जून 2024 को निशानगाडा वन रेंज के ग्राम रमपुरवा कुटिया निवासी सुखराज उम्र 11 वर्ष।
- 16 जून 2024 को निशानगाड़ा वन रेंज ग्राम कारीकोट के मजरा आजमगढपुरवा निवासी बेंचू 52 वर्ष।
- 2 जुलाई 2024 को मोतीपुर वन रेंज के ग्राम चन्दनपुर निवासी घूरे 45 वर्ष।
- 3 जुलाई 2024 को सुजौली वन रेंज के ग्राम रमपुरवा बनकटी निवासी जस करण सिंह 5 वर्ष पर तेंदुए ने हमला कर घायल किया था।
- 26 सितंबर 2024 को धर्मापुर वन रेंज के ग्राम हरखापुर मे खेत में लौकी तोड रहे किसान मधसूदन पर हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।
- 26 सितंबर 2024 को सुजौली वन रेंज के अयोध्यापुरवा गांव में घर में सो रही बालिका सायबा 14।

## ायल हुए बालक की मौत

ी क्षेत्र के भवनियापुर में संचालित अवध र शादाब पर बंदर ने ईंट गिरा दी थी। गंभीर लखनऊ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गई है।

### कोतवाली नानपारा के अवध बिहारी इंटर कॉलेज की घटना

निवासी कॉलेज स्पतिवार ल पर पानी पीने गया था तभी छात्र पर बंदर प से घायल हो गया था। विद्यालय प्रशासन हां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने । वहां से छात्र को लखनऊ रेफर कर दिया : मौत हो गई है। वहीं परिजनों ने इस घटना : और न्याय दिलाने की मांग की है।(संवाद)

# पुलिस व अभियोजन की पैरवी से मिला न्याय

वीरेंद्र श्रीवास्तव

### चार हत्याओं से दहल उठा था जिला नौ दिन में पुलिस ने कोर्ट में दायर किया था आरोपपत्र

बहराइच। जिले के फखरपुर थाना में सितंबर माह 2021 के दूसरे सप्ताह में लगातार दो दिनों में एक महिला व तीन बच्चों की हत्या की घटना के बाद जिला दहल गया था। घटना के बाद थाने की पुलिस ने अज्ञात हत्यारों के मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। इसके बाद पुलिस ने महज एक सप्ताह में घटना का खुलासा करते हुए एक नाबालिग समेत तीन अभियुक्तों को नामजद कर जेल भेज दिया था।

शुक्रवार को मुकदमे प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय की कोर्ट ने अभियुक्तों को फांसी की सजा सुनाते हुए महज तीन साल ही में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया है। दोषियों को सजा मिलने के बाद जिले में इस चर्चित हत्याकांड याद एक बार फिर ताजा हो गई है। थाना फखरपुर क्षेत्र के गजाधरपुर गांव स्थित बसंतापुर संपर्क पर गन्ने के खेत में 11 सितंबर 2021 को आठ वर्ष के बच्चे और 10 वर्ष की बालिका की गला रेतकर शव को किसी अज्ञात ने फेंक दिया था।

थाने की पुलिस कुछ समझ पाती कि घटना के दूसरे दिन 12 सितंबर को बहराइच-लखनऊ हाईवे से करीब 150 मीटर की दूरी ग्राम माधवपुर में स्थित एक धान के खेत में चार वर्षीय बालिका और 35 वर्षीय महिला का सिरकटा शव बरामद हुआ था।

घटना के खुलासे को लेकर तत्कालीन एसपी सुजाता सिंह ने सीओ कैसरगंज कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में चार टीमों को गठित कर स्वयं निगरानी की थी। पुलिस टीम पर घटना के खुलासा को लेकर काफी दबाव था। पुलिस टीम ने एक सप्ताह में ही घटना का खुलासा करते हुए 35 वर्षीय मृतक महिला मैरीकाश कत्रायन व उसका सात वर्षीय बेटा जोसेफ, चार वर्षीय बच्ची सौंदर्या और 11 वर्षीय बालिका रजाती की शिनाख्त करते हुए सभी को मुबंई मुंब्रादेवी आर्केष्ट दिवाळाष्ट का निवासी बताते हुए घटना में सलमान, दानिश व ननकू को मुंबई से गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### इलेट्रॉनिक साक्ष्यों से फांसी के फंदे पर पहुंचे दोषी

इस घटना के विवेचक रहे तत्कालीन सीओ कैसरगंज कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि वारदात के बाद उन्होंने पुलिस की टीम के साथ जब जांच शुरू की, तो आरोपियों के खिलाफ कई अहम साक्ष्य मिले थे। पुलिस को उनके मोबाइल फोन के लोकेशन, एक दूसरे से बात करने के कॉल डिटेल, महिला व बच्चों को जिस होटल में ले जाया गया था उसकी सीसीटीवी फुटेज समेत कई सबूत मिले थे।

### ऐसे चली कार्रवाई

पुलिस ने घटना में 11 व 12 सितंबर को मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना अधिकारी ने जांच पूरी कर वारदात के महज नौ दिन में ही आरोप पत्र 21 सितंबर 2021 को कोर्ट पर पेश किया था। कोर्ट ने आरोपपत्र विरचित करने की कार्रवाई दो दिसंबर से प्रारंभ की थी। कोर्ट पर 10 जनवरी 2022 से लेकर एक जुलाई 2024 तक साक्ष्यों को प्रस्तुत किया गया था। नौ जुलाई 2024 को अभियुक्तों के बयान लेने के बाद दो सितंबर को कोर्ट पर अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस पूरी हुई थी। कोर्ट ने बहस पूरी करने के बाद दो सितंबर को निर्णय सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने 24 सितंबर को अभियुक्तों को दोषसिद्ध करार करते हुए 27 सितंबर को अपना फैसला सुनाया।

# 14 दिन बाद भेड़िये का फिर हमला, दो मासूम घायल

## दोनों की हालत गंभीर, मेडिकल कॉलेज में चल रहा इलाज, भेड़िये का हमला नहीं मान रहा वन विभाग, डीएफओ बोले किसी जंगली जानवर का हमला

संवाद न्यूज एजेंसी

महसी(बहराइच)। बीते 14 दिन से शांत भेड़िया एक बार फिर हमलावर हो गया है। बृहस्पतिवार की रात महसी तहसील क्षेत्र के हरदी थाना क्षेत्र के दो गांवों में भेड़िये के हमले में दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को रात में ही परिजन सीएचसी ले गए जहां से हालत गंभीर होने पर उनको मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। इन घटनाओं के सामने आने के बाद मौके पर वन विभाग की टीम ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है।

हरदी थाना क्षेत्र के रमवापुर खुर्द गांव निवासी आयुष (6) पुत्र रमेश अपनी मां फूलमती के साथ तीन दिन पहले ननिहाल घुमनी गांव आया था। ग्रामीणों ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात फूलमती अपने बेटे आयुष के साथ सोई हुई थी। तभी अचानक एक जंगली जानवर आया और बच्चे को अपनी तरफ खींचने लगा। इतने में फूलमती की आंख खुल गई और वह बच्चे को अपनी तरफ खींचने लगी और जोर-जोर से चिल्लाने लगी। आसपास के लोगों के जगने से जानवर बच्चे को छोड़ भाग गया।

ग्रामीणों ने बताया कि हमलावर जानवर भेड़िया था। इस हमले में छह माह का आयुष गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरी तरफ इसी थाना क्षेत्र के ग्राम नकहा निवासी ममता (5) पुत्री तीरथ बहन के साथ सो रही थी। रात तीन बजे के आसपास भेंड़िये ने बालिका पर हमला कर दिया। शोर मचाने और परिजनों के जागने पर भेड़िया बालिका को छोड़कर भाग गया। घटना के बाद दोनों बच्चों को उनके परिवार के लोगों ने सीएचसी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### मां की गोद में बैठे पांच साल के मासूम को किया घायल

### महसी तहसील क्षेत्र के घुमनी और नकहा गांव का मामला

### पांच भेड़िये पकड़े जा चुके

वन विभाग की गई कार्रवाई में अब तक पांच भेड़िये पकड़े भी जा चुके हैं। जिनमें से दो भेड़िया गोरखपुर व दो लखनऊ चिड़ियाघर में है जबकि एक भेड़िये की मौत हो गई थी। वहां इस गिरोह का एक भेड़िया और सक्रिय बताया जा रहा है। चर्चा है कि जो भेड़िया बचा है वह लंगड़ा है। एक दिन पूर्व यह भेड़िया वन विभाग के ड्रोन कैमरे में भी कैद हो चुका है। वन विभाग के अनुसार अभी एक भेड़िया पकड़ा जाना बाकी है, लेकिन क्षेत्रीय ग्रामीणों की माने तो महसी क्षेत्र में भेड़ियों की तादात एक से कहीं अधिक है।

■ **दो माह से तराई में भेड़िये की दहशत**

बीते दो माह से सरयू नदी की कछार में स्थित लगभग 50 गांवों में भेड़ियों का आतंक कायम है। भेड़िये के हमले में अब तक आठ बच्चों व दो महिलाओं समेत 10 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं अब तक 54 लोग घायल हो चुके हैं।



महसी तहसील क्षेत्र में भेड़िया के हमले के बाद मौके पर जांच करते डीएफओ। -संवाद



महसी में भेड़िये के हमले में घायल ममता। -संवाद



महसी में भेड़िये के हमले में घायल आयुष। -संवाद

### फिर सताने लगा डर

महसी तहसील क्षेत्र में बीते दो सप्ताह से भेड़िये का कोई हमला न होने से लोग धीरे-धीरे सामान्य जीवन जीने लगे थे, लेकिन दो मासूमों पर जान लेवा हमला होने के बाद एक बार फिर लोगों को भेड़िये का डर सताने लगा है। वन क्षेत्राधिकारी महसी मोहम्मद साकिब ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचा गया। मौके पर जो पगचिह्न मिले हैं वह बहुत स्पष्ट नहीं थे, उनके आधार पर जंगली जानवर की पुष्टि नहीं हो पाई है कि हमला करने वाला भेड़िया था या कोई अन्य जानवर।

संबंधित खबर का वीडियो देखने के लिए स्कैन करें क्यूआर कोड

### बिजली सप्लाई न होना भी एक कारण

पूरे महसी क्षेत्र में बिजली सप्लाई पूरी तरह से ध्वस्त है। बृहस्पतिवार की रात से चल रही तेज हवाओं के कारण रात 12 बजे से ही बिजली सप्लाई बाधित चल रही है। इसके कारण भेड़िये प्रभावित 50 गांवों में भी विद्युत सप्लाई नहीं हो पाई और भेड़िये को हमला करने का मौका मिल गया। महसी क्षेत्र के लगभग 200 गांवों में दो लाख की आबादी बीती रात से बिजली सप्लाई को तरस रही है।

## तेंदुए ने बालिका पर किया हमला, गंभीर

संवाद न्यूज एजेंसी

मोतीपुर/मिहींपुरवा(बहराइच)। कतर्नियाघाट वन क्षेत्र के सुजौली रेंज के अयोध्या पुरवा गांव निवासी वसीम के घर बृहस्पतिवार की देर रात तेंदुआ घुस गया। इस दौरान उसकी बेटी साइबा(13) पर हमला कर दिया। बालिका के चीखने पर परिजनों की नींद खुली। जिसके बाद सभी बच्ची को बचाने के लिए हाका लगाते हुए दौड़ पड़े। इस दौरान तेंदुआ बालिका को घायल करके गन्ने के खेत में घुस गया। परिजन घायल बालिका को सीएचसी ले गए जहां से उसे सीएचसी मोतीपुर फिर वहां से उसे मेडिकल बहराइच भेजा गया। इसके बाद उसकी हालत गंभीर होने के चलते उसको लखनऊ रेफर कर दिया गया है।



अयोध्या गांव में तेंदुए के हमले में घायल साइबा। -स्रोत: ग्रामीण

### सुजौली क्षेत्र के अयोध्यापुरवा गांव का मामला

### किसान पर हुआ था हमला

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के धर्मापुर वन रेंज के ग्राम हरखापुर में बृहस्पतिवार की रात खेत में लौकी तोड़ रहे किसान मधसूदन पर भी तेंदुए ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। किसान का इस समय मेडिकल कॉलेज बहराइच में इलाज चल रहा है।

संबंधित खबर का वीडियो देखने के लिए स्कैन करें क्यूआर कोड

डीएफओ कतर्नियाघाट बी शिवशंकर ने बताया कि बीती रात तेंदुए के हमले में एक बालिका व एक किसान घायल हुए हैं। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया है। प्रभावित इलाकों में टीम लगातार कांबिग करते हुए ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की रही है।

### बोले डीएफओ, भेड़िया के हमले की नहीं हुई पुष्टि

" महसी तहसील क्षेत्र में बृहस्पतिवार की रात जंगली जानवर के हमले में दो बच्चे घायल हुए है। यह जानवर कौन है इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। हमलावर जानवर भेड़िया नहीं है। सियार या फिर कुत्ते का हमला लग रहा है। वन विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्र में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है।

अजीत प्रताप सिंह, डीएफओ बहराइच

# गैर इरादतन हत्या में दोषी को नौ वर्ष दो माह का कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

**विशेष न्यायाधीश एफटीसी प्रथम ने सुनाई सजा**

**बहराइच।** थाना हुजूरपुर पाटुपुरवा गांव निवासी अभियुक्त को विशेष न्यायाधीश एफटीसी प्रथम ने शुक्रवार को गैर इरादतन हत्या के आरोप में नौ वर्ष दो माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को पांच हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है।

अदालत से

थाना हुजूरपुर की पुलिस ने थाना क्षेत्र के पाटुपुरवा गांव निवासी चोगी उर्फ हसीब ने 22 अगस्त 2015 को अपने ससुर को हंसिया व लाठी-डंडों से मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद थाने की पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में विशेष न्यायाधीश एफटीसी प्रथम आनंद शुक्ला की कोर्ट पर मुकदमा चल रहा था। शुक्रवार को कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अभियुक्त को घटना में दोषी मानते हुए नौ वर्ष दो माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को पांच हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है। अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। (संवाद)

## शराब ले जाने के आरोपी को देना होगा आठ सौ रुपये जुर्माना

**श्रावस्ती।** इकौना पुलिस ने सात वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम अकोलवा निवासी कमलेश को दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले की सुनवाई शुक्रवार को एसीजेएम एफटीसी देवर्षि देव कुमार के न्यायालय में हुई। एसीजेएम ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे जेल में बिताई गई अवधि की कैद व 800 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। (संवाद)

## 58 वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बहराइच। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विभिन्न धाराओं में 58 व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। सभी नामजद आरोपी कई दिनों से फरार चल रहे थे। इस पर कोर्ट ने सभी के खिलाफ वारंट जारी किया था। शुक्रवार को पुलिस ने सभी नामजद 58 वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। (संवाद)



# दुकानों व घरों से पांच लाख रुपये की चोरी

**रामगांव (बहराइच)।** थाना क्षेत्र के तुलसीपुर में बृहस्पतिवार की देर रात दो घरों व दो दुकानों से चोर कागजात, जेवर व लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। सुबह होने पर लोगों को जानकारी हुई। पीड़ितों ने थाने में तहरीर दी है।

## पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

रामगांव थाना क्षेत्र के तुलसीपुर तिराहे पर चोर जाकिर अली के दुकान का ताला काटकर एक लैपटॉप व 13 मोबाइल फोन सहित अन्य दस्तावेजों को चुरा ले गए। इसी के बगल संजय के परचून की दुकान में घुसकर 40 हजार का सामान चुराने में सफल रहे। इसके बाद गांव निवासी श्यामलाल के घर में चोर घुस गए और कमरे में रखी 12 हजार रुपये, सोने-चांदी के आभूषण सहित कुछ दस्तावेज चोरी कर ले गए। इसके बाद चोरों ने कंधई लाल के घर में धावा बोला। यहां से भी चोर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। इस बारे में एसओ आलोक सिंह ने बताया कि चोरी की तहरीर मिली है। मौके पर जाकर जांच की जा रही है। (संवाद)

का आयोजन किया जाएगा।

# क्रेन चालक ने ग्रामीणों को किया कुचलने का प्रयास

शिवपुर (बहराइच)। कोतवाली नानपारा क्षेत्र के कोटवा गांव में स्थित श्लोक आचार्य के घर के पास रिसिया थाना क्षेत्र के समसा तरहर गांव निवासी पन्नेलाल क्रेन लेकर कहीं जा रहा था। रास्ते में एक गोवंश की उसके वाहन से कुचलकर मौत हो गई। भाग रहे चालक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इस दौरान उसने ग्रामीणों से मारपीट कर उन पर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया। ग्रामीणों की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया। (संवाद)

हिन्दु

# नेपाली कस्टम चोरी का सामान बरामद

रुपईडीहा। पड़ोसी नेपालगंज उप महानगर पालिका वार्ड नं 4 गणेशपुर स्थित लावारिस हालत में रखा भारी मात्रा में कपड़ा बरामद हुआ है। बांके पुलिस के डीएसपी व पुलिस प्रवक्ता नारायन डांगी ने बताया कि भारतीय क्षेत्र से नेपालगंज नेपाली कस्टम की चोरी कर लाया गया काटन सूट, लेडीज साड़ी, ऊलेन कुर्ते, मखमल व शाल गुरुवार की शाम को बरामद हुए।

हिन्दुस्तान

# सात घंटे में तेंदुए के दो हमले, घायल किशोरी रेफर

## किशोरी के गले में दांत लगने की वजह से हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज लखनऊ भेजा




- खेत में काम कर रहे किसान व रात में किशोरी पर किया हमला
- कतर्नियाघाट के धर्मापुर व सुजौली क्षेत्र में हुए तेंदुए के हमले

**02** रेंजों में तेंदुए ने लोगों पर किया हमला करके घायल कर दिया

**07** घंटों के अंदर ही खूंखार तेंदुए ने दो लोगों को घायल किया

**01:30** बजे रात में तेंदुए ने किया हमला

बहराइच, संवाददाता। कतर्नियां सेंचुरी क्षेत्र के दो रेंज क्षेत्रों में सात घंटे के अंदर तेंदुए के दो हमले हुए हैं। एक गुरुवार की देर शाम खेत में काम कर रहे किसान व दूसरा हमला आधी रात को घर के बाहर सो रही किशोरी पर तेंदुए ने किया है। दोनों को सीएचसी ले जाया गया। किशोरी के गले में दांत लगने की वजह से हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज लखनऊ भेज दिया गया है। मौके पर वन कर्मियों की टीम कांबिंग कर रही है। दूसरे की हालत सामान्य बताई जा रही है।

सुजौली रेंज से लगे ग्राम अयोध्यापुरवा की रहने वाली 13 वर्षीय साहिबा पुत्री वसीम खान गुरुवार की रात घर के बाहर अकेली सो रही थी। रात करीब साढ़े बारह बजे गन्ने से निकलकर तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर परिजनों को नींद टूटी। बाहर निकलने पर तेंदुए को देखकर हांका लगाने लगे। गांव के लोग भी लाठी-डंडा लेकर पहुंच गए। जिससे तेंदुए साहिबा को छोड़कर गन्ने के खेत में भाग गया। गले में दांत घुसने से रक्तस्राव अधिक हो रहा था। उसे सीएचसी मिहींपुरवा ले गए, जहां से जिला अस्पताल भेज दिया गया।

वहां भी गले से रक्तस्राव न रुकने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। इससे पहले धर्मापुर रेंज से लगे हरखापुर निवासी 40 वर्षीय मधुसूदन गुरुवार को शाम अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान छिपे तेंदुए ने उन पर भी हमला कर दिया।



तेंदुए के हमले में घायल किसान का इलाज करते डॉक्टर व फौरी सहायता देते वन विभाग के अफसर।

### घायलों को दी गई आर्थिक मदद

रेंजर रत्नेश कुमार ने बताया कि घायल किशोरी को बेहतर चिकित्सकीय उपचार मुहैय्या कराने के लिए स्टॉफ की देखरेख में लखनऊ भेजा गया है। हमले में घायल मधुसूदन को 5000 रुपये आर्थिक मदद भी मुहैय्या कराई गई है। किशोरी के परिजनों को भी राहत दी जा रही है।

> हमले में किशोरी व किसान दोनों खतरे से बाहर हैं। बेहतर उपचार के लिए किशोरी को लखनऊ स्टॉफ संग भेजा गया है। पिंजड़ा लगाने के निर्देश दे दिए गए हैं। कांबिंग के लिए टीम लगा दी गई है।
>
> – बी शिव शंकर, डीएफओ, कतर्नियाघाट

खेत में मौजूद परिजनों की वजह से वह भी शिकार बनते बच गए। उन्हें भी सीएचसी ले जाया गया। उनकी हालत में सुधार हो रहा है। सात घंटे के अंदर दो रेंजों में हुए हमले को लेकर ग्रामीणों में दहशत है। रेंजर ने बताया कि दोनों जगह टीम तेंदुए के मूवमेंट पर नजर रख रही है। ग्रामीणों को भी अकेले खेत व बाहर न सोने को सजग किया जा रहा है।

**मूवमेंट को लेकर लगाए जाए रहे पिंजरे :** डीएफओ ने बताया कि धर्मापुर रेंज के हरखापुर व सुजौली के अयोध्यापुरवा के पास तेंदुए का मूवमेंट बना हुआ है। ताजे पगचिह्न भी दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों को अकेले खेतों में न जाने की हिदायत संग तेंदुए को पकड़ने के लिए दो जगहों पर पिंजरे लगाने के निर्देश दे दिए गए हैं।

**घायलों को दी गई आर्थिक मदद :** रेंजर रत्नेश कुमार ने बताया कि घायल किशोरी को बेहतर चिकित्सकीय उपचार मुहैय्या कराने के लिए स्टॉफ की देखरेख में लखनऊ भेजा गया है। हमले में घायल मधुसूदन को 5000 रुपये आर्थिक मदद भी मुहैय्या कराई गई है। किशोरी के परिजनों को भी राहत दी जा रही है।



तेंदुए के हमले में घायल किशोरी।



जिला अस्पताल में इलाज के बाद भेड़िए के हमले में घायल ममता।

### तीन दिनों से चहलकदमी कर रहा है भेड़िया

सिसैय्या चूड़ामणि गांव निवासी विधायक सुरेश्वर सिंह के भाई योगेश्वर सिंह योगी ने बताया कि गुरुवार की रात भेड़िया हमारे घर के पास लगे टॉवर के समीप दिखा था, ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को सतर्क भी किया गया। उन्होंने कहा कि तीन दिनों से भेड़िया सिसैय्या, कोलैला, घुमनी, नकहा सहित आसपास के गांवों में घूम रहा है।

# दो मासूमों पर भेड़िए ने किया हमला, घायल

महसी, संवाददाता। महसी में भेड़ियों का आतंक पिछले दस दिनों में शांत हो गया था। 15 सितंबर को पिपरी मोहन गांव निवासी 13 वर्षीय बालक पर हमले के बाद कोई घटना नहीं हुई थी, लेकिन शुक्रवार की रात दो अलग-अलग गांवों में भेड़िए ने दो मासूमों पर हमला कर घायल कर दिया। हमले की सूचना पर तत्काल पहुंची वन विभाग की टीमें इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। एसडीएम महसी अखिलेश कुमार सिंह बीडीओ हेमंत कुमार यादव ने मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली। फिलहाल वन विभाग ने भेड़िए के हमले से इनकार किया है।

हरदी थाने के बंभौरी के नकहा गांव निवासी तीरथ राम की पांच वर्षीय मासूम बेटी ममता अपनी बहन के साथ घर में लेटी थी। घर का दरवाजा खुला था। रात करीब एक बजे दबे पांव आए भेड़िया मासूम की गर्दन जबड़े में दबाकर खींच ले गया। साथ में सोई बड़ी बहन ने शोर मचाया, जिस पर अन्य परिजन व और ग्रामीण दौड़े तो भेड़िया भाग निकला। मासूम ममता के गले में गहरे घाव हैं। उसके बाद भेड़िए ने यहां से एक किलोमीटर दूर नथुआ पुर के घुमनी गांव में धावा बोला। वहां गांव निवासी अवध राम वर्मा के यहां श्राद्ध के न्योते में आई रमवापुर गांव निवासी उनकी बेटी फूलमती अपने छह माह के दुधमुंहे बच्चे को गोद में लिए दूध पिला रही थी।

देर रात तकरीबन 01:30 बजे भेड़िए ने उसकी गोद से बच्चे को छीनने के लिए एक बार खींचा तो वह अंधेरे में कुछ नहीं समझ पाई तभी दुबारा फिर बच्चे की गर्दन पकड़ ली और खींचने लगा और मां अपनी ओर खींचने लगी।

### आगे पहुंचे ग्रामीण तो मासूम को छोड़ भागा भेड़िया

महसी। बंभौरी के नकहा गांव निवासी ग्रामीणों के अनुसार रात में एक बजे भेड़िया तीरथ राम की बेटी पर हमला किया तो सब ने शोर मचाया। जिस पर ग्रामीण गांव में चारों तरफ से निकल पड़े। तीरथ राम के घर से कुछ दूर डीही तक भेड़िया बेटी को मुंह में दबाए लेकर जा रहा था, तभी आगे से ग्रामीण पहुंच गए। यह देख ग्रामीणों ने दौड़ाया तो भेड़िया मासूम को छोड़कर भाग निकला। मुंह में दबने से मासूम घायल हो गई, लेकिन जान बाल- बाल बच गई।

### डीएफओ ने भेड़िए के हमले से नकारा

महसी। दोनों मासूमों पर हुए हमलों के संबंध में डीएफओ बहराइच अजीत प्रताप सिंह ने भेड़िए के हमले की बात को सिरे से नकार दिया। डीएफओ ने कहा कि 26/27 सितंबर की रात भेड़िए की ओर से कोई हमला करने की घटना नहीं हुई है। जो दोनों घटनाएं सामने आई हैं, वो भेड़िए की नहीं किसी अन्य जानवर कुत्ता या सियार की हो सकती हैं। घटना की जांच की जा रही है, लेकिन ये घटनाएं भेड़िए की नहीं हो सकतीं।

# दो किशोरियों का तीसरे दिन भी सुराग नहीं

मिहींपुरवा (बहराइच)। मिहींपुरवा तहसील के ग्राम बड़खड़िया के मौरहवा में सरयू नदी में बुधवार को डूबी दो किशोरियों का शुक्रवार को तीसरे दिन भी पता नहीं लग सका है। थाना प्रभारी सुजौली हरीश सिंह ने बताया कि दोनों की तलाश का प्रयास किया जा रहा है, पानी का बहाव तेज होने के कारण अब तक उनका पता नहीं लग पाया है। (संवाद)

हिन्दुस्ता

# अभियान में 68 वारंटी बंदी

बहराइच। पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र के निर्देश पर सभी थानों की पुलिस ने दो वांछित, 68 वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई। प्रभारी पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी के निर्देशन में गुरुवार को वांछित व वारण्टी आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

हिन्दुस्ता

# चौथे दिन भी शव की नहीं हुई पहचान

बहराइच। दरगाह थाने के शहर स्थित स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर मंगलवार शाम एक वृद्ध का शव पड़ा मिला था। जिसकी आयु 60 वर्ष रही होगी। जीआरपी थानाध्यक्ष विनोद यादव ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो सकी है।

हिन्दु

# शराब के साथ तस्कर धरा गया

बहराइच । मोतीपुर एसएचओ राकेश कुमार पांडेय ने बोटनपुरवा के पास दबिश दी गई। एक प्लास्टिक बोरी में नेपाली 17 पौव्वा शराब बरामद की। गिरफ्तार तस्कर की पहचान जोगनिया गांव निवासी मग्घे के लाल के रूप में हुई। उस पर केस दर्ज कर जेल भेजा है।

हिन्दुस्

# युवक को सांप ने डसा उसने डिब्बे में बंद किया

बहराइच, संवाददाता।ननिहाल में आए युवक को शुक्रवार भोर सोते समय जहरीले सर्प ने डस लिया। सर्प दंश के शिकार युवक ने नींद खुलते ही सर्प को पकड़ा, उसे डिब्बे में कैद किया। परिजनों ने उसे हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रामगांव थाने के टेढ़िया गांव निवासी 26 वर्षीय भोलू पुत्र बराती बुधवार को ननिहाल हरदी थाने के बालकरामपुरवा में आया था। शुक्रवार भोर में वह सो रहा था। तभी उसे करैत सांप ने हाथ में डस लिया, भोलू की तुरंत नींद खुली।

उसने सर्प को पकड़कर एक डिब्बे में कैद कर ननिहाल के लोगों को जानकारी दी। ननिहाल वालों ने झाड़ फूंक को ओझा बुलाया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

हिन्दुस्

# एएसपी ने की समीक्षा कहा-चोरियां रोकिए

- चोरी के घटनों पर अंकुश के निर्देश
- शेष अभियोगों का शीघ्र अनावरण करें

बहराइच। एएसपी सिटी रामानन्द कुशवाहा ने देहात कोतवाली में विवेचकों का अर्दली रूम कर विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने लम्बित विवेचनाओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधीनस्थों को निर्देशित किया। शेष अभियोगों का शीघ्र अनावरण करते हुए बरामदगी, गिरफ्तारी करने के साथ, थाना क्षेत्र में हो रही वाहन चोरी की घटनाओं पर पूर्ण अंकुश लगाने की हिदायत दी।

यातायात नियमों का पालन कराए जाने के दृष्टिगत चार पहिया, दो पहिया वाहनों में बिना नम्बर प्लेट, बिना हेलमेट, तीन सवारी, हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट, लाल नीली बत्ती व प्रेसर हॉर्न आदि का चालान करने निर्देशित किया गया। साथ ही बैंकों की नियमित रूप से चेकिंग करते हुए अपेक्षित कार्यवाई किए जाने को निर्देशित किया गया।

हिन्दुस्त

# युवक को लगा करंट, हालत बिगड़ी

बहराइच। गोंडा जिले के परसपुर थाने के पियूली गांव निवासी 35 वर्षीय फुरकान उर्फ अताउल्ला अपनी रिश्तेदारी में हुजूरपुर थाने के हमीरपुर गांव में आया था। गुरुवार रात वह बिजली के बोर्ड में पंखे का प्लग लगा रहा था। तार शार्ट होने से उसको करंट का झटका लगा। रिश्तेदारों ने बिजली आपूर्ति काट दी। हालत बिगड़ने पर रिश्तेदारों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मंदिर की जमीन पर अवैध निर्माण का आरोप

बहराइच। दरगाह थाने के मोहल्ला गुलामअलीपुरा में मंदिर की जमीन पर अवैध निर्माण कराने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता आशीष मिश्र ने डीएम को दिए गए पत्र में कहा है कि तहसील के अधिकारियों से मिली भगत कर निर्माण कराने का प्रयास हो रहा है।

# शांति समिति की बैठक

बहराइच। सीमावर्ती सुजौली थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसमें ग्राम सुजौली, चफरिया, चहलवा, बड़खड़िया, जंगल गुलरिया, आम्बा, बिछिया, कारीकोट समेत कई गांव के लोग मौजूद रहे। बैठक में आगामी त्यौहार नवरात्रि, दुर्गापूजा में शांति व सुरक्षा को लेकर चर्चा हुई। क्षेत्राधिकारी हीरालाल कनौजिया, तहसीलदार अम्बिका चौधरी व थानाध्यक्ष हरीश सिंह ने ग्राम प्रधानों व कमेटी के पदाधिकारियों से शांति और सुरक्षा कायम रखने के निर्देश दिया।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-27-09-2024

# शस्त्र अधिनियम में दोषी पर लगा जुर्माना

श्रावस्ती। कोतवाली भिनगा की पुलिस ने वर्ष 2001 में थाना क्षेत्र के लोनियनपुरवा निवासी अमेरिका पुत्र राम अचल उर्फ अचल को चाकू के साथ गिरफ्तार किया था। जिसके विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया था।शुक्रवार को न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई अवधि के कारावास की सजा सुनाई।

# आबकारी एक्ट के दोषी पर लगा 800 जुर्माना

श्रावस्ती। इकौना पुलिस ने वर्ष 2017 में ग्राम अभकोलवा थाना इकौना निवासी कमलेश पुत्र रक्षाराम को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा था। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। इसके बाद मामले की सुनवाई शुरू हुई। विचारण के दौरान न्यायालय ने आरोपित को दोषी करार देते हुए जेल में विताई अवधि के कारावास की सजा सुनाई। 800 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# पुलिस ने 87 वाहनों का चालान काटा

श्रावस्ती। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की ओर से विभिन्न स्थानों पर बैरियर व चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग की गई। जिसके तहत विभिन्न चेक पोस्टों पर वाहनों की चेकिंग के दौरान 87 वाहनों का मोटर अधिनियम में ई-चालान कर एक लाख 56 हजार 1[illegible] का जुर्माना लगाया गया।

# डीएम और एसपी ने परखी सुरक्षा

श्रावस्ती। सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने को डीएम व एसपी ने पुलिस बल के साथ देर रात में क्षेत्र में पैदल गश्त किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

डीएम अजय कुमार द्विवेदी व एसपी घनश्याम चौरसिया ने आगामी त्योहार दुर्गा पूजा को लेकर गुरुवार देर रात में कोतवाली क्षेत्र भिनगा के कस्बा भिनगा में भारी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने भिनगा ईदगाह तिराहे से लेकर पुरानी बाजार व पावर हाउस मार्ग का भ्रमण किया। लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। डीएम ने लोगों से संवाद स्थापित कर कहा कि शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखें।

# शराब ले जाने के आरोपी को देना होगा आठ सौ रुपये जुर्माना

**श्रावस्ती।** इकौना पुलिस ने सात वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम अकोलवा निवासी कमलेश को दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले की सुनवाई शुक्रवार को एसीजेएम एफटीसी देवर्षि देव कुमार के न्यायालय में हुई। एसीजेएम ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे जेल में बिताई गई अवधि की कैद व 800 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। (संवाद)

## चाकू के साथ गिरफ्तार, 1500 जुर्माना

**श्रावस्ती।** कोतवाली भिनगा क्षेत्र के ग्राम लालपुर महरी के मजरा लोनियनपुरवा निवासी अमेरिका को 23 वर्ष पूर्व कोतवाली पुलिस ने चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले का विचारण सिविल जज जूनियर डिवीजन गौरव द्विवेदी के न्यायालय में हुआ। शुक्रवार को सिविल जज ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे जेल में बिताई अवधि की कैद व 1,500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। (संवाद)

# एनसीसी कैडेट्स ने सीखा आपदाओं से लड़ने का गुर

सिरसिया( श्रावस्ती) : बनवारी देवी अशोक कुमार स्मारक महाविद्यालय घोघवा कला सिरसिया में एनसीसी शिविर चल रहा है। शुक्रवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से एनडीआरएफ टीम व आपदा विशेषज्ञ ने शिविर में पहुंच कैडेट्स को विभिन्न आपदाओं से लड़ने का तरीका बताया। कर्नल अरविंद सिंह पटवाल ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स को आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित होना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर वह स्वयं की व अपने समाज की रक्षा कर सकें। कैंप में 510 एनसीसी कैडेट्स व प्रशिक्षक मौजूद रहे।( संसू)